नवराज

नवराज

१०
३०

नवराज नवराज

४०

साइमी

।। श्रीः ।।

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

१०५

महाकविकालिदासविरचितं

कुमारसम्भवम्

मल्लिनाथकृतसञ्जीविनीव्याख्यासमलङ्कृतम्

सान्वय-'प्रकाश'-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः—

श्री पं० प्रद्युम्नपाण्डेयः

CHAUKHAMBHA VISVABHARATI
Chowk (Opposite Chitra Cinema)
VARANASI-221001
(INDIA)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

१९७७

प्रकाशक :—
चौखम्बा विद्याभवन
पो० बा० ६९ (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे),
चौक, वाराणसी–२२१००१

सर्वाधिकार सुरक्षित

तृतीय संस्करण १९७७

मूल्य १५–००

अन्य प्राप्तिस्थान—
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन, पो० बा० १२९,
वाराणसी–२२१००१

मुद्रक :—
श्रीजी मुद्रणालय
वाराणसी

THE

VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA

105

KUMĀRSAMBHAVA

OF

MAHĀKAVI KĀLIDĀS

WITH THE COMMENTARY OF MALLINĀTH

&

The Prakasha Hindi Commentary

By

Sri Pradyumna Pandey

THE

CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

VARANASI

प्रस्तावना

पं० कान्तानाथ शास्त्री तेलंग, एम० ए०
प्राध्यापक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

कालिदास संस्कृत साहित्य के सबसे बड़े कवि हैं। इनके काव्य और नाटक सर्वत्र बड़े आदर से पढ़े जाते हैं। ये संसार के प्रसिद्ध कवियों में एक माने जाते हैं। पाश्चात्य विद्वानो ने भी इनके अभिज्ञान शाकुन्तल नाटक की प्रशंसा मुक्तकंठ से की है। परन्तु खेद की बात है कि इनका आविर्भाव किस समय हुआ इसका ठीक-ठीक पता अब तक नहीं लग सका है। इनके काल के विषय में विद्वानों में बहुत से मतभेद हैं। भिन्न-भिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न कल्पनायें की हैं। जो कल्पनायें अब तक की गई हैं उनमें से कुछ मुख्य कल्पनायें नीचे दी जाती हैं।

कालिदास का काल

पहली कल्पना

ईस्वी सन् की छठीं शताब्दी में महाराज यशोधर्मन् ने हूणवंश के राजा मिहिरकुल को हराया था। डाक्टर हार्नली का मत है कि ये महाराज यशोधर्मन् ही कालिदास के विक्रमादित्य थे। इस कल्पना में दो दोष हैं। पहिला दोष तो यह कि महाराज यशोधर्मन् ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि नहीं ली थी। दूसरा दोष यह कि कालिदास के विक्रमादित्य हूणारि नहीं शकारि थे।

दूसरी कल्पना

फरग्यूसन साहब का कथन है कि ईसा के अनन्तर-छठीं शताब्दी में उज्जयिनी में विक्रमादित्य नाम के राजा थे। उन्होंने शकों को पराजित करके अपनी विजय को चिरस्मरणीय बनाने के लिये 'विक्रम-संवत्' नाम का एक संवत् चलाया था। उसकी गणना उन्होंने स्थापनकाल से ६०० वर्ष पूर्व अर्थात् ५७ ई० पू० से की थी। फरग्यूसन की इस कल्पना का आश्रय लेकर प्रो० मैक्सम्यूलर ने कालिदासके समय के विषय में अपनी कल्पना खड़ी की। उनका कहना है कि ये ही विक्रम कालिदास के विक्रम हैं। अतः कालिदास का समय ६०० ई० अ० मानना चाहिये। इस कल्पना में दो बड़े दोष हैं। पहिला तो यह कि भारतवर्ष के इतिहास में ६०० ई० अ० विक्रम नाम का कोई राजा नहीं हुआ। दूसरा यह कि यदि उस समय किसी विक्रम ने विक्रम-संवत् की स्थापना की तो उसकी गणना ६०० वर्ष पूर्व से क्यों की। सच्ची बात तो यह है कि ई० षष्ठ शतक के बहुत पूर्व ही विक्रम

संवत् भारत में मालव-संवत् के नाम से प्रचलित था। उसकी स्थापना ई० अ० षष्ठ शतक में नहीं की गई। उसकी स्थापना ई० पू० प्रथम शतक में विक्रम नाम के मालवगण के नेता ने की थी, यह बात वत्सभट्टि के मण्डसोर शिलालेख से प्रतीत होती है।

तीसरी कल्पना

कुछ विद्वानों का कहना है कि कालिदास के ग्रन्थों से प्रतीत होता है कि वे ग्रीकज्योतिष से भली-भाँति परिचित थे। उन्होंने अपने ग्रन्थों में 'जामित्र' आदि शब्दों का प्रयोग किया है। ग्रीक-ज्योतिष का प्रचार भारत में आर्यभट्ट ने किया था। आर्यभट्ट का समय ई० अ० पञ्चम शतक का अन्तिम भाग है। अतः कालिदास का समय ई० अ० षष्ठ शतक मानना चाहिये। इसका उत्तर डॉ० मैकडोनेल्ड ने दिया है। इनका कहना है कि ग्रीक-ज्योतिष का प्रचार भारत में पहले-पहल आर्यभट्ट ने नहीं किया। उनके पहिले भी भारतीय ग्रीक-ज्योतिष के सिद्धान्तों से परिचित थे। इसका प्रमाण रोमकसिद्धांत नाम का ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ आर्यभट्ट से प्राचीन है।

चौथी कल्पना

मल्लिनाथ ने कालिदास के मेघदूत के चौदहवें पद्य के दो अर्थ किये हैं। उनके मत में उस पद्य में प्रयुक्त 'दिङ्नाग' और 'निचुल' शब्द क्रम से बौद्ध दार्शनिक दिङ्नाग और कालिदासके सतोर्थ्य महाकवि निचुल का परामर्श करते हैं। मल्लिनाथ की इस उक्ति के आधार पर कुछ विद्वानों का कहना है कि कालिदास ई० अ० षष्ठ शतक में थे। क्योंकि कालिदास के समकालिक दिङ्नाग वसुबंधु के शिष्य थे। वसुबंधु का काल ई० अ० षष्ठ शतक है। इस कल्पना का मुख्य दोष यह है कि इसमें बसुबंधु का काल ई० अ० षष्ठ शतक माना गया है। वस्तुतः वसुबंधु ई० अ० ४०० में थे। उनके ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद ई० अ० चतुर्थ शतक के चतुर्थ पाद तथा पञ्चम शतक के प्रथम पाद में हुआ था।

पाँचवीं कल्पना

श्री के० बी० पाठक का मत है कि कालिदास का आविर्भाव उस समय हुआ जिस समय हूण जाति आक्शस नदी (आमूदरिया) के तट पर बस गई थी। इस मत के समर्थन के लिये रघुवंश के चतुर्थ सर्ग से दो श्लोक उद्धृत करते हैं—

विनीताध्वश्रमास्तस्य वंक्षुतीरविचेष्टनैः,
दुधुवुर्वाजिनः स्कन्धाँल्लग्नकुङ्कुमकेसरान् ॥
तत्र हूणावरोधानां भर्तृषु व्यक्तिविक्रमम्।
कपोलपाटलादेशि बभूव रघुचेष्टितम् ॥

ऐतिहासिकों का मत है कि हूण जाति पञ्चम शतक के आरंभ में ही आक्सास नदी के तट पर बस चुकी थी। पञ्चम शतक के मध्य में उसका स्कन्दगुप्त विक्रमादित्य से युद्ध हुआ। अतः कालिदास का समय ई० अ० पञ्चम शतक मानना चाहिये। डा० मैकडोनेल्ड भी पञ्चम शतक की कल्पना का समर्थन करते हैं। इस कल्पना का पहिला दोष यह है कि ऊपर उद्धृत दोनों श्लोकों में से पहिले में 'वंक्षु' के स्थान पर अधिकांश पुस्तकों में 'सिन्धु' पाठ मिलता है। यदि यह पाठ ठीक मान लिया जाय तो यह मानना पड़ेगा कि कालिदास उस समय हुए थे जब हूण सिन्धु नदी के तट पर बस गये थे। यह काल ई० अ० ६०० पड़ेगा क्योंकि यशोधर्मन् से पराजित होकर मिहिरकुल ने ई० अ० छठीं शताब्दी में काश्मीर में हूणराज स्थापित किया था। यदि 'वंक्षु' पाठ ही ठीक माना जाय तो यह कठिनाई होती है कि आमूदरिया के तट पर केसर की उत्पत्ति माननी पड़ती है। भूगोलशास्त्र में यह बात प्रसिद्ध नहीं है। केसर की उत्पत्ति सिन्धुतट पर ही प्रसिद्ध है।

छठीं कल्पना

डाक्टर कीथ का मत है कि कालिदास की प्राकृत अश्वघोष और भास के प्राकृत से अर्वाचीन है। कालिदास ग्रीक-ज्योतिष के पारिभाषिक शब्दों से भी भलीभाँति परिचित मालूम होते हैं। उनके ग्रन्थों से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उनके समय में देश समृद्ध और सुशासित था। देश में ब्राह्मण (वैदिक) धर्म का बोलबाला था। इन कारणों से उन्हें गुप्तकाल से प्राचीन नहीं माना जा सकता। उन्होंने अपने ग्रन्थों में अश्वमेघ-यज्ञ का वर्णन किया है। वह इस बात को सूचित करता है कि कालिदास गुप्तवंश के किसी बड़े सम्राट के आश्रय में थे। ये सम्राट चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य द्वितीय ही रहे होंगे। इन्हीं के पुत्र कुमारगुप्त थे। कालिदास के कुमारसंभव में इनके जन्म की घटना की छाया मिलती है। अतः कालिदास का समय ई० अ० चतुर्थ शतक मानना चाहिये। यह कल्पना भी विद्वानों को सर्वात्मना स्वीकार नहीं है। यह कल्पना केवल इतना ही सिद्ध करती है कि कालिदास गुप्तकाल में थे। इस कल्पना में कालिदास को चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का समकालिक सिद्ध करने के लिये जो प्रमाण दिये गए हैं वे पर्याप्त नहीं। उन प्रमाणों के आधार पर तो कालिदास को गुप्तकाल के किसी भी बड़े सम्राट् का समकालिक माना जा सकता है। इस वंश में स्कन्दगुप्त भी बड़े पराक्रमी हुए थे तथा उन्होंने भी विक्रमादित्य की उपाधि धारण की थी। इसके अतिरिक्त, जो विद्वान् यह मानते हैं कि समुद्रगुप्त का प्रयागस्तम्भ-लेख उनकी मृत्यु के बाद चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के समय में लिखा गया था, उनके सामने यह भी प्रश्न उठता है कि यदि

विक्रमादित्य के दरबार में कालिदास थे तो प्रयाग-स्तम्भ की प्रशस्ति उनसे न लिखवाकर द्वितीय श्रेणी के कवि हरिसेन से क्यों लिखवाई गई।

सातवीं कल्पना

कुछ भारतीय विद्वानों का मत है कि ई० पू० प्रथम शतक में उज्जयिनी में विक्रमादित्य नाम का राजा राज्य करता था। वह बड़ा प्रतापी था। उसने शकों को परास्त किया था। वह बड़ा उदार और विद्वानों का आदर करने वाला था। हाल की गाथा सप्तशती और जैन ग्रन्थों से इस बात की पुष्टि होती है। संभव है कि कालिदास के विक्रमादित्य ये ही रहे हों। इस कल्पना के अनुसार कालिदास का काल ई० पू० प्रथम शतक होता है। पाश्चात्य पण्डित इस कल्पना को नहीं मानते। वे कालिदास को गुप्तकाल में ही किसी न किसी राजा का समकालिक मानने के पक्षपाती हैं। उनका कहना है कि कालिदास की प्राकृत, ग्रीक-ज्योतिष का ज्ञान, भाषा तथा उनके द्वारा उपस्थित किया गया समाज का चित्र उनके गुप्तकाल में होने का समर्थन करते हैं।

आठवीं कल्पना

कालिदास के विषय में निश्चित रूप से इतना ही कहा जा सकता है कि कालिदास ने अपने मालविकाग्निमित्र नाम के नाटक में अग्निमित्र को नायक बनाया है। अग्निमित्र पुष्यमित्र शुंग का लड़का था। पुष्यमित्र का समय ई० पू० द्वितीय शतक माना जाता है। यही कालिदास के समय की उपरितन सीमा है। बाणभट्ट ने कादम्बरी की प्रस्तावना में कालिदास का नाम लिया है। बाणभट्ट का समय ई० अ० सप्तम शतक का पूर्वार्ध माना जाता है। यह कालिदास के समय की नीचे की सीमा है। इन्हीं दोनों सीमाओं के बीच (अर्थात् ई० पू० द्वितीय शतक और ई० अ० सप्तम शतक के बीच) में किसी समय कालिदास रहे होंगे।

कालिदास का जीवनवृत्त

जिस प्रकार कालिदास के काल का ठीक-ठीक पता नहीं चलता, उसी प्रकार उनका जीवनवृत्त भी अन्धकार में ही है। इस विषय में अनेक किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं। कुछ लोग इन्हें कश्मीर का निवासी मानते हैं तो कुछ लोग विदर्भ का। कुछ लोग इन्हे बंगाल का निवासी बताते हैं तो कुछ लोग उज्जयिनी का।

भारतीय प्राचीन पण्डितों में कालिदास के जीवनवृत्त के विषय में एक बड़ी रोचक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि कालिदास विवाह के पहिले वज्रमूर्ख थे। एक बार कुछ पण्डित इन्हें पकड़ कर एक राजा की सभा में ले गये। पण्डितों ने राजा के पास इनकी विद्वत्ता की बड़ी प्रशंसा की। राजा ने प्रसन्न होकर इनके

साथ अपनी लड़की का विवाह कर दिया। वह लड़की बड़ी विदुषी थी। विवाह के बाद जब उसे मालूम हुआ कि उसका पति मूर्ख है तो उसने इन्हें घर से बाहर निकाल दिया। कालिदास बड़े दुखी हुए। वे वहाँ से सीधे भगवती काली के मन्दिर में गए। उन्होंने भगवती के चरणों पर अपनी जीभ काटकर रख दी। कहा जाता है कि इस पर भगवती बड़ी प्रसन्न हुई। भगवती के प्रसाद से कालिदास सब शास्त्रों के पण्डित और कवि हो गए। इसके बाद वे फिर अपने घर लौटे। इनके आगमन का समाचार सुनकर इनकी पत्नी (राजकुमारी) बाहर आई। उसने संस्कृत में इनसे पूछा—'अस्ति कश्चित् वाग्विशेषः ?' कहा जाता है कि कालिदास ने उसके इस वाक्य के तीन शब्दों को लेकर तीन काव्य बना डाले। 'अस्ति' से ('अस्त्युत्तरस्यां दिशि') कुमारसंभव 'कश्चित्' से ('कश्चित्‌-कान्ता') मेघदूत तथा 'वाग्' से ('वागर्थाविव') रघुवंश महाकाव्य रचा।

कालिदास के ग्रन्थ

दूसरी किंवदन्ती इस विषय में यह है कि कालिदास सिलोन के राजा कुमारदास के मित्र थे। एक बार अपने मित्र से मिलने सिलोन गए वहाँ इनको दरबार की एक वेश्या ने मार डाला।

कालिदास ने कौन-कौन ग्रन्थ रचे और उनका क्रम क्या है इस विषय में भी यद्यपि विद्वानों का मतभेद है, तथापि सामान्यतः दो महाकाव्य— रघुवंश और कुमारसंभव, एक खण्डकाव्य—मेघदूत और तीन नाटक— अभिज्ञानशाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय और मालविकाग्निमित्र, कालिदास के रचे हुए माने जाते हैं। इनके अतिरिक्त ऋतुसंहार और श्रुतबोध भी कालिदास की रचनायें हैं।

कालिदास की कविता की कुछ विशेषताएँ

कालिदास श्रृङ्गाररस के सबसे बड़े कवि माने जाते हैं। इनकी रचनाएँ श्रृङ्गाररस से ओतप्रोत हैं। श्रृङ्गाररस से उतरकर हास्य और करुणरस के चित्र भी इनकी कविता में पाये जाते हैं। इनका वीर आदि अन्य रसों का वर्णन उतना सुन्दर नहीं है। श्रृङ्गाररस के दो भेद होते हैं— संभोगश्रृङ्गार और विप्रलंभश्रृङ्गार। कालिदास दोनों प्रकार के श्रृङ्गाररस से सिद्ध कवि हैं। इनके तीनों नाटक द्विविध श्रृङ्गार के उत्तम उदाहरणों से भरे पड़े हैं। मेघदूत काव्य विप्रलंभ श्रृङ्गार का बेजोड़ उदाहरण है। कुमारसंभव के आठवें सर्ग में शंकर-पार्वती के संभोगश्रृगार का वर्णन किया गया है। इन्हें श्रृङ्गाररस इतना प्रिय है कि ये मृत्यु जैसी भयंकर घटना का वर्णन भी श्रृङ्गार की छाया में करते हैं। रामचन्द्रजी के बाण से जब ताड़का मारी गई उस समय का वर्णन करते हुए आप कहते हैं—

राममन्मथशरेण ताडिता दुःसहेन हृदये निशाचरी ।
गन्धवद्रुधिरचन्दनोक्षिता जीवितेशवसतिं जगाम सा ॥

कुमारसंभव के चतुर्थ सर्ग में रतिविलाप तथा रघुवंश के अष्टम सर्ग में अजविलाप करुणरस के मर्मस्पर्शी उदाहरण हैं। कालिदास का हास्यरस सभ्य और ऊँचे दर्जे का है। इनकी हास्यरस की कविता पढ़कर पाठक केवल मुस्करा देते हैं। इनकी कविता ठहाके की हँसी नहीं लाती। कुमारसंभव के पञ्चम सर्ग में पार्वती के आश्रम में आये हुए ब्रह्मचारी द्वारा शंकर जी की निंदा के पद्य इसके उदाहरण हैं—

इयञ्च तेऽन्या पुरतो विडम्बना यदूढया वारणराजहार्यया ।
विलोक्य वृद्धोक्षमधिष्ठितं त्वया महाजनः स्मेरमुखो भविष्यति ॥

कालिदास के नाटकों में विदूषकों के पात्र भी हास्यरस के उदाहरण हैं।

अलंकार मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं—शब्दालंकार और अर्थालंकार। कालिदास के काव्यों में शब्दालंकार की अपेक्षा अर्थालंकार अधिक पाये जाते हैं। कालिदास अपनी उपमा के लिये बहुत प्रसिद्ध हैं। भारतीय पण्डितों में कहावत है 'उपमा कालिदासस्य'। इनकी उपमा स्पष्ट, पूर्ण और मनोहर होती है। इनकी दृष्टि बड़ी सूक्ष्म है। इन्होंने प्रकृति तथा मनुष्य के जीवन का सूक्ष्म अध्ययन किया है। इनका शास्त्रों का ज्ञान भी बड़ा विस्तृत है। ये प्रकृति, मनुष्य के जीवन तथा शास्त्रों से उपमा देते हैं। इनकी उत्प्रेक्षा और अर्थान्तरन्यास भी बड़े सुन्दर होते हैं। इनकी कल्पना की उड़ान बड़ी मधुर और ऊँची होती है। इन्दुमती-स्वयंवर के प्रकरण में आप कहते हैं कि इन्दुमती की जयमाल गले में पड़ने पर अज को ऐसा अनुभव हुआ मानों इन्दुमती ने अपना बाहुपाश उनके गले में डाल दिया हो। कालिदास के काव्यों में शब्दालंकार भी मिलते हैं। यत्र तत्र अनुप्रास के उत्तम उदाहरण मिलते हैं। रघुवंश के नवें और अठारहवें सर्ग में कवि ने यमकालंकार की कला दिखाई है। कालिदास की कविता में श्लेष का प्रयोग बहुत कम ही है।

कालिदास अपने प्रकृतिप्रेम के लिये प्रसिद्ध हैं। ये प्रकृति के कोमल रूप के उपासक हैं। भवभूति की तरह इन्हें प्रकृति के उग्ररूप से प्रेम नहीं है। ये प्रायः रम्य तथा शान्त तपोवन, नदीतट, उपवन, प्रासाद, भ्रमर, मृग तथा कोकिल आदि पदार्थों का वर्णन करते हैं। इन्हें विंध्याचल की अपेक्षा हिमालय से अधिक प्रेम है। इन्होंने कुमारसम्भव के प्रथम सर्ग में हिमालय का सुन्दर वर्णन किया है। इनके अन्य काव्य और नाटकों से भी इनका हिमाचल प्रेम प्रकट होता है। ऋतुओं में इन्हें ग्रीष्म और वसन्त अधिक प्रिय प्रतीत होते हैं। ये दक्षिण की अपेक्षा उत्तर भारत से अधिक परिचित हैं।

कालिदास को मनुष्य के मनोविज्ञान का प्रगाढ़ ज्ञान है। ये खूब जानते हैं कि किस अवस्था में मनुष्य की चित्तवृत्ति कैसी होती है और वह क्या करता है। ये केवल पुरुषों के मनोभावों से ही नहीं, स्त्रिओं के मनोभावों से भी अच्छी तरह परिचित हैं। इसी सम्बन्ध में इनकी दूसरी विशेषता यह है कि ये मनोभावों को व्यंजना-शक्ति द्वारा प्रकट करते हैं। मनोभावों को व्यक्त करने के लिये ये अभिधा का प्रयोग नहीं करते। इससे इनकी कविता में अधिक चमत्कार आ गया है। भाव-व्यंजना के अतिरिक्त इनकी कविता में वस्तु-व्यंजना और अलंकार-व्यंजना के भी सुन्दर उदाहरण मिलते हैं। कुमारसंभव के षष्ठ सर्ग में अंगिरा ऋषि हिमालय के पास आते हैं ओर उससे कहते हैं कि अपनी लड़की का विवाह शंकर जी से कर दो। उस समय पार्वती का वर्णन करते हुए कालिदास कहते हैं—

एवंवादिनि देवर्षौ पार्श्वे पितुरधोमुखी।
लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती॥

इज पद्य से लज्जा का भाव व्यक्त होता है। कवि ने लज्जा शब्द का प्रयोग नहीं किया है। लज्जा का उदय होने पर पार्वतो ने जो कार्य किया, उसी का वर्णन किया हैं। इसी प्रकरण में आगे कवि कहते हैं—

शैलः सम्पूर्णकामोऽपि मेनामुखमुदैक्षत।

देवर्षि अंगिरा के मुख से पार्वती की मँगनी सुनकर हिमालय की कामना पूर्ण हो गई। फिर भी उन्होंने अपनी पत्नी मेना के मुख पर एक दृष्टि डाली। यहाँ कवि ने हिमाचल के दृष्टि डालने के व्यापार का वर्णन करके यह व्यक्त किया है कि उन्होंने अपनी पत्नी से पूछा कि विवाह के संबन्ध में तुम्हारी क्या राय है।

कालिदास जिस प्रकार मनोभावों का सुन्दर वर्णन करते हैं उसी प्रकार बाह्य जगत का भी। इनकी दृष्टि बड़ी सूक्ष्म है। ये वर्ण्य पदार्थ की सूक्ष्म से सूक्ष्म विशेषता को भी देख लेते हैं। वर्ण्य पदार्थ की विशेषताओं में कौन मुख्य और कौन गौण है, इसका विवेचन करने में इनकी बुद्धि बड़ी निपुण है। ये वर्ण्य पदार्थ की मुख्य-मुख्य विशेषताओं को चुनकर उन्हीं का वर्णन करते हैं। ये किसी पदार्थ का वर्णन करते समय क्रमसम्बन्धी औचित्य का ध्यान रखते हैं। जो बात पहले आनी चाहिये वह पहले ही आती है और जो बात अनन्तर आनी चाहिये वह अनन्तर ही आती है। कुमारसम्भव के पञ्चम सर्ग में पार्वती के सिर से नीचे बहने वाली वर्षा की बूंदों का वर्णन करते हुए ये कहते हैं—

स्थिताः क्षणं पक्ष्मसु ताडिताधराः पयोधरोत्सेधनिपातचूर्णिताः।
वलीषु तस्याः स्खलिताः प्रपेदिरे चिरेण नाभिं प्रथमोदबिन्दवः॥

भिन्न-भिन्न अङ्गों से टकराते हुए पानी की बूंदों के प्रवाह का कैसा स्वाभाविक वर्णन है। इस वर्णन की एक यह भी विशेषता है कि इसमें भिन्न-भिन्न अंगों पर गिरने पर पानी की बूंदों की अवस्था में जो परिवर्तन हुआ वह भी दिखलाया गया है। अभिज्ञानशाकुन्तल के प्रथम अंक में तपोवन के पास की भूमि का वर्णन कराते हुए कालिदास ने राजा से कहलाया है—

नीवाराः शुककोटरार्भकमुखभ्रष्टास्तरूणामधः
प्रस्निग्धाः क्वचिदिङ्गुदीफलभिदः सूच्यन्त एवोपलाः।
विश्वासोपगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगा-
स्तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखानिस्यन्दरेखाङ्किताः॥

तपोवन के परिसर का कैसा सजीव चित्र है। जिस स्थान का वर्णन किया गया है, वहाँ के मुख्य-मुख्य पदार्थों का चुनाव और उनका क्रम ध्यान देने योग्य है।

संस्कृत के आचार्यों ने रीति तीन प्रकार की मानी है—गौडी, पाञ्चाली और वैदर्भी। गौडी रीति में बड़े-बड़े समास होते हैं। पाञ्चाली रीति में छोटे-छोटे समास होते हैं। वैदर्भी में समास प्रायः नहीं के बराबर होते हैं। काव्य के गुण तीन होते हैं—ओज, माधुर्य और प्रसाद। यद्यपि गुणों का प्रत्यक्ष सम्बन्ध रसों से है तथापि गौण रूप से इनका सम्बन्ध पदसंघटना से भी माना जा सकता है। कर्णकटु शब्दों का प्रयोग और दीर्घ समास ओज गुण को अभिव्यञ्जित करते हैं। सुनने में मीठे लगनेवाले शब्दों का प्रयोग और छोटे-छोटे समास माधुर्य को व्यक्त करते हैं। जहाँ प्रायः समास न हों और काव्य पढ़ते ही झट अर्थ समझ में आ जाय वहाँ प्रसाद गुण माना जाता है। गौडी रीति में ओज, पाञ्चाली में माधुर्य और वैदर्भी में प्रसाद गुण होता है। कालिदास वैदर्भी रीति के कवि हैं। इनकी कविता में प्रसाद गुण होता है। इनकी कविता का अर्थ झट समझ में आ जाता है। इनका भाषा पर पूर्ण अधिकार है। इनकी भाषा व्याकरण से परिष्कृत होती है। इनके वाक्यों में प्रायः एक स्पष्ट क्रियापद होता है। इनके शब्द चुने हुए होते हैं। ये किसी भी बात को घुमा फिरा कर कहने की अपेक्षा सीधे कह देना अधिक पसन्द करते हैं। ये थोड़े शब्दों में अधिक अर्थ व्यक्त करते हैं। ये 'तु', हि, च, वा' का केवल पादपूर्त्यर्थ प्रयोग नहीं करते। ये जहाँ उनका प्रयोग करते हैं वहाँ वे सार्थक होते हैं।

कालिदास का छन्दःशास्त्र का ज्ञान भी प्रगाढ़ है। इन्होंने प्रायः सभी मुख्य-मुख्य छन्दों का प्रयोग अपने काव्यों में किया है। ये एक सर्ग में एक ही छन्द का प्रयोग करते हैं। सर्ग के अन्त में छन्द बदल देते हैं। इन्होंने मेघदूत तो केवल मन्दाक्रान्ता में ही लिखा है।

कालिदास वैदिक धर्म के अनुयायी हैं। इनका वर्णाश्रमव्यवस्था में अटल विश्वास है। ये धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—चार पुरुषार्थों को मानते हैं। मोक्ष परम पुरुषार्थ है। धर्मादि त्रिवर्ग में धर्म सबसे बड़ा है। धर्माविरोधी अर्थ और काम का सेवन इन्हें इष्ट है। ये संसार को त्याग और तपस्या की शिक्षा देते हैं। इनकी दृष्टि में नगरों के जीवन की अपेक्षा तपोवन का जीवन श्रेष्ठ है। ये शिवजी के उपासक हैं। इन्होंने अपने मंगलाचरणों में शिवजी का ध्यान किया है। ये व्यक्ति की अपेक्षा समाज को अधिक महत्त्व देते हैं। ये प्रत्येक व्यक्ति को अपने सारे कार्य लोकहित को ध्यान में रखकर करने की सलाह देते हैं। ये परमात्मा से जहां तहां विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। इस सम्बन्ध में इनके नाटकों के भरतवाक्य ध्यान देने योग्य हैं। ये आशावादी हैं, निराशावादी नहीं। यद्यपि ये मरण को प्रकृति और जीवन को विकृति मानते हैं, तथापि छोटा सा जीवन जो मनुष्य को मिलता है वह इनके मत में उसका एक बड़ा भारी लाभ है।

काव्य के भेद

काव्य दो प्रकार के होते हैं–दृश्य और श्रव्य। पुनः दृश्य काव्य दो प्रकार के होते हैं— रूपक और उपरूपक। रूपक दस प्रकार के माने गये हैं-नाटक, प्रकरण, भाण, प्रहसन, डिम, व्यायोग, समवकार, वीथि, अङ्क और ईहामृग। उपरूपक अठारह प्रकार के होते हैं–नाटिका, त्रोटक, गोष्ठी, सट्टक, नाट्यरासक, प्रस्थानक, उल्लाप्य, काव्य, प्रेङ्खण, रासक, संलापक, श्रीगदित, शिल्पक, विलासिका, दुर्मल्लिका, प्रकरणी, हल्लीश और भाणिका। श्रव्य काव्य तीन प्रकार के होते हैं— पद्यकाव्य, गद्यकाव्य और गद्यपद्यमय काव्य। महाकाव्य, खण्डकाव्य, कुलक, कलापक, संदानितक, युग्मक और मुक्तक—ये पद्य-काव्य के भेद हैं। कथा और आख्यायिका—ये गद्य-काव्य के भेद हैं। गद्यपद्यात्मक काव्य को चम्पू कहते हैं।

महाकाव्य के लक्षण

महाकाव्य सर्गों में विभक्त होता है। इसमें आठ से अधिक सर्ग होते हैं। इसका नेता कोई महापुरुष होता है। वह प्रायः किसी उच्च वंश का क्षत्रिय होता है वह स्वभाव से धीरोदात्त पुरुष होता है। कभी कभी एक ही वंश के अनेक पुरुष नायक होते हैं। शृङ्गार, वीर और शान्त में से कोई एक रस मुख्य होता है। मुख्य रस के अङ्गों के रूप में अन्य रसों का भी प्रयोग होता है। महाकाव्यों में नाटकों की पांचों सन्धियां होती हैं। कथावस्तु प्रायः इतिहासों से ली जाती है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, चारों पुरुषार्थों का अथवा इनमें से एक का वर्णन लक्ष्य होता है। आरम्भ में मङ्गल किया जाता है। वह नमस्कारात्मक, आशीर्वादात्मक अथवा वस्तुनिर्देशात्मक होता है। मङ्गल के बाद कभी-कभी दुष्टों की निन्दा और

शिष्टों का गुणानुवाद किया जाता है। एक सर्ग एक ही छन्द में लिखा जाता है। सर्ग के अन्त में छन्द बदल दिया जाता है। कभी-कभी एक ही सर्ग में अनेक छन्दों का भी प्रयोग किया जाता है। इनमें प्रभात, सूर्य, चन्द्र, निशा, सायंकाल दिवस, मध्याह्न, मृगया, पर्वत, ऋतु, वन, मिलन, वियोग, मुनि, स्वर्ग, नगर, आकाश, युद्ध, आक्रमण, विवाह, राजसभा और पुत्रोत्सव आदि का वर्णन किया जाता है। महाकाव्य का नाम कवि, नायक अथवा किसी मुख्य घटना के नाम पर दिया जाता है। सर्गों का नाम उनमें वर्णित वस्तु के नाम पर दिया जाता है।

कुमारसम्भव

कुमारसम्भव एक महाकाव्य है। यह सत्रह सर्गों में विभक्त है। इसमें शंकर और पार्वती के विवाह का तथा कार्तिकेय के जन्म का वर्णन है। विद्वानों का मत है कि कवि ने इसे रघुवंश की रचना करने के पहले बनाया था। कार्तिकेय (कुमार) के जन्म की घटना पर इसका नाम कुमारसम्भव रखा गया है।

भाषा, कल्पना और अर्थसौन्दर्य का सूक्ष्म अध्ययन करके विद्वान् इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि इस काव्य के प्रथम आठ सर्ग ही कालिदास के रचे हुए हैं। शेष सर्ग किसी अन्य कवि ने बनाकर जोड़ दिये हैं। पठन-पाठन में प्रायः प्रथम सात सर्ग ही आते हैं। कुछ विद्वान् अष्टम सर्ग को भी कालिदास की कृति नहीं मानते। परन्तु डा० कीथ का मत है कि अष्टम सर्ग कालिदास का बनाया हुआ है। पूज्यपाद पं० बलदेव उपाध्याय जी का भी यह मत है, क्योंकि मल्लिनाथ की टीका-इन्हीं सर्गों पर मिलती है। अलङ्कारग्रन्थों के उदाहरणरूप में इन्हीं सर्गों से श्लोक उद्धृत किये गये हैं। भाषा तथा कल्पना-सौन्दर्य की दृष्टिसे भी अष्टम सर्ग कालिदास का ही रचा हुआ प्रतीत होता है। डा० जेकोबी का मत है कि नवम सर्ग से सत्रहवें सर्ग तक की रचना महाराष्ट्र देश के किसी कवि ने की है। कालिदास का यह ग्रन्थ अधूरा ही क्यों रह गया? यह कहना कठिन है। संभव है किसी समय इस ग्रन्थ की एक ही प्रति रह गई हो और वह भी खण्डित। उसी खण्डित प्रति पर से अन्य प्रतियाँ उतारी गई हों। पश्चात् किसी कवि ने आगे के सर्गों की रचना करके ग्रन्थ पूरा कर दिया हो। इस विषय में दूसरी कल्पना यह होती है कि कदाचित् अष्टम सर्ग में वर्णित शिव और पार्वती के संभोग की कालिदास के समय के समीक्षकों ने कड़ी आलोचना की हो। उससे घबड़ाकर कालिदास ने आगे के सर्गों की रचना छोड़ दी हो। जो कुछ भी हो, यह तो नहीं कहा जा सकता कि अष्टम सर्ग तक पहुँचते पहुँचते ही कालिदास का देहावसान हो गया, क्योंकि भाषा और भाव की दृष्टि से रघुवंश, कुमारसम्भव के बाद का ग्रन्थ प्रतीत होता है।

कुमारसम्भव की कथा

प्रथम सर्ग का आरम्भ हिमाचल के वर्णन से होता है। हिमाचल और मेना से पार्वती का जन्म होता है। पार्वती के बड़ी होने पर एक दिन नारदजी हिमाचल के घर आते हैं। वे पार्वती को देखकर कहते हैं कि यह एक दिन शिवजी की पत्नी होगी। शिवजी हिमाचल पर तप करते हैं। पार्वती उनकी शुश्रूषा करती हैं। द्वितीय सर्ग में तारकासुर से पीड़ित होकर सब देवता ब्रह्माजी के पास जाते हैं। वे उन्हें पार्वती के द्वारा शंकरजी के मन को आकर्षित करने की सलाह देते हैं। इन्द्र कामदेव से सहायता लेने के लिये उनको पास बुलाते हैं तृतीय सर्ग में मदन-दहन और चतुर्थ में रति-विलाप का वर्णन है। पञ्चम सर्ग में पार्वती पिता की आज्ञा से तप करने जाती हैं। शंकरजी ब्रह्मचारी के वेष में उनकी परीक्षा लेने आते हैं। वे शिवजी की निन्दा करते हैं। पार्वती क्रुद्ध होकर वहाँ से जाना चाहती हैं। शंकरजी प्रसन्न होकर अपने असली रूप में प्रकट होते हैं और अपना प्रणय व्यक्त करते हैं। षष्ठ सर्ग में अङ्गिरा-प्रभृति ऋषि शंकरजी की ओर से मँगनी करने के लिये हिमाचल के पास जाते हैं। सप्तम सर्ग में पार्वती का विवाह होता है तथा अष्टम सर्ग में शंकरजी और पार्वती के सुरत का वर्णन है।

वस्तुवर्णन की दृष्टि से कुमारसंभव एक उच्च कोटिका काव्य है। काव्य का आरम्भ हिमवद्वर्णन से होता है। इसमें हिमाचल का जो वर्णन किया गया है उसे पढ़कर यह कहना पड़ता है कि कवि ने हिमाचल को अवश्य देखा होगा। हिम, धातुमत्ता, निरन्तर होनेवाली वृष्टि और पवन से शब्दायमान बाँस तो मोटी बातें हैं परन्तु सरल वृक्षों के रस की सुगन्ध भी उनकी दृष्टि से नहीं बच पाई। उसका वर्णन वे करते हुए कहते हैं।

कपोलकण्डूः करिभिर्विनेतुं विघट्टिताना सरलद्रुमाणाम्।
यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूतः सानूनि गन्धः सुरभीकरोति॥

हाथी अपनी खुजली मिटाने के लिये सरल वृक्षों पर अपना शरीर रगड़ते हैं। उससे उनकी खाल उखड़ जाती है। उसमें से एक प्रकार का रस निकलता है। उसकी सुगन्ध से हिमाचल के शिखर सुगन्धित हो जाते हैं। वहाँ बहने वाले पवन का वर्णन लीजिये—

भागीरथीनिर्झरशीकराणां वोढा मुहुः कम्पितदेवदारुः।
यद्वायुरन्विष्टमृगैः किरातैरासेव्यते भिन्नशिखण्डिबर्हः॥

पवन भागीरथी के निर्झर के शीकरों को उड़ा ले जाता है। अतः उसमें ठंडक

है। वह देवदारु वृक्षों के संपर्क में आता है अतः उसमें सुगन्ध है। वह मोरों के पंखों को खिला देता है। यह उसकी धीमी गति की सूचना देता है। इस प्रकार वहाँ का पवन शीतल, मन्द और सुगन्धयुक्त है। आगे शङ्कर जी के नन्दी का वर्णन देखिये--

> तुषारसंघातशिताः खुराग्रैः समुल्लिखन् दर्पकलः ककुद्मान्।
> दृष्टः कथञ्चिद् गवयैर्विविग्नैरसोढसिहध्वनिरुन्ननाद ॥

बल के घमंड में चूर शङ्करजी का नन्दी खुरों से बरफ की चट्टानें पीट रहा है। भयभीत गवय सशंक दृष्टि से उसकी तरफ देख रहे हैं। सिंह की गर्जना सुनकर वह भी डकार रहा है। कैसा स्वाभाविक वर्णन है। इस वर्णन को पढ़कर काशी की सड़कों पर घूमनेवाले मस्त साड़ों का चित्र आँखों के सामने आ जाता है। पञ्चम सर्ग में पार्वती के सिर से बहने वाली पानी की बूँदों का वर्णन बड़ा मनोहर है—

> स्थिताः क्षणं पक्ष्मसु ताडिताधराः पयोधरोत्सेधनिपातचूर्णिताः।
> वलीषु तस्याः स्खलिताः प्रपेदिरे चिरेण नाभिं प्रथमोदबिन्दवः ॥

पानी की बूँदे क्षणभर आँखों की बरौनियों पर रुकती हैं। वहाँ से वे ओठ पर टकराती हैं। ओठ पर से बह कर उन्नत पयोधरों पर गिरती हैं और चूर-चूर हो जाती हैं। वहाँ से खिसक कर उनके कण त्रिवली में लड़खड़ाते हुए नाभि में पहुँचते हैं। यह वर्णन कवि की सूक्ष्म दृष्टि का परिचय देता है।

कुमारसम्भव में मनःस्थिति के भी कई सुन्दर चित्र मिलते हैं। पञ्चम सर्ग के अन्त में जब शङ्करजी पार्वती के सामने प्रकट होते हैं उस समय की पार्वती की मनःस्थिति का वर्णन बड़ा सुन्दर है--

> तं वीक्ष्य वेपथुमती सरसाङ्गयष्टिर्निक्षेपणाय पदमुद्धृतमुद्वहन्ती।
> मार्गाचलव्यतिकराकुलितेव सिन्धुः शैलाधिराजतनया न ययौ न तस्थौ ॥

शङ्करजी को देखकर पार्वती लज्जा से काँपने लगीं। उनका शरीर पसीने से तर हो गया। वहाँ से जाने के लिये उठाया हुआ पैर ऊपर ही रह गया। मार्ग में आए हुए पर्वत के कारण आकुलित नदी की तरह पार्वती न आगे बढ़ सकीं न वहीं ठहर सकीं। इसके आगे का पद्य भी मनोरथ पूर्ण होने पर मनुष्य की मनःस्थिति कैसी होती है इस पर प्रकाश डालता है—

> अद्य प्रभृत्यवनताङ्गि तवास्मि दासः
> क्रीतस्तपोभिरिति वादिनि चन्द्रमौलौ।
> अह्नाय सा नियमजं क्लममुत्ससर्ज
> क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते ॥

शङ्करजी ने कहा––हे अवनताङ्गि, आज से मैं तुम्हारे तप से खरीदा हुआ दास हूँ। इतना सुनते ही पार्वती का तपोजन्य सारा कष्ट दूर हो गया। फलसिद्धि से मनुष्य सारा कष्ट भूल जाता है। उसका उत्साह ताजा हो जाता है।

कुमारसम्भव काव्य में कवि की कल्पना की उड़ान के भी अनेक सुन्दर उदाहरण मिलते हैं। प्रथम सर्ग में हिमाचल का वर्णन करते हुए कवि कहते हैं––

वनेचराणां वनितासखानां दरीगृहोत्सङ्गनिषक्तभासः।
भवन्ति यत्रौषधयो रजन्यामतैलपूराः सुरतप्रदीपाः॥

हिमाचल पर रात के समय जब बनेचर अपनी प्रियतमाओं के साथ विहार करते हैं उस समय वहाँ गुफाओं में चमकनेवाली ओषधियाँ बिना तेल के सुरत-प्रदीपों का काम करती हैं। इसी प्रकरण में आगे चलकर गुहा–द्वारों पर लटकने वाले बादलों को परदे के रूप में माना गया है—

यत्रांशुकाक्षेपविलज्जितानां यदृच्छया किम्पुरुषाङ्गनानाम्।
दरीगृहद्वारविलम्बिबिम्बास्तिरस्करिण्यो जलदा भवन्ति॥

हिमाचल पर सुरत के समय प्रियतमकृत वस्त्रापहार के कारण लजाई हुई किन्नरियों के लिये गुहा-द्वार पर स्वाभाविकतया लटकनेवाले बादल परदे का काम करते हैं।

कुमारसम्भव वैदर्भी रीति का काव्य है। इसमें प्रसाद गुण है। अर्थालङ्कारों में उपमा, उत्प्रेक्षा तथा अर्थान्तरन्यास विशेष रूप से मिलते हैं। अनुप्रासादि शब्दालङ्कारों को लाने के लिये प्रयत्न नहीं किया गया है। इस काव्य की भाषा परिष्कृत और मुहावरेदार है। प्रायः चलते हुए शब्दों का प्रयोग किया गया है। अप्रसिद्ध शब्दों का प्रयोग करके पाण्डित्य दिखलाने की चेष्टा नहीं की गई है। छन्दों का चुनाव भी अर्थ के अनुरूप है। यदि इस काव्य को आठ सर्ग तक ही कालिदास का माना जाय तो इसमें श्रृङ्गार अङ्गी रस होगा। तपस्या द्वारा पार्वती की मनोरथ-सिद्धि का वर्णन करके कवि ने तपोवन और तपस्या में अपना विश्वास प्रकट किया है। धर्म, अर्थ और काम इस त्रिवर्ग में कवि ने धर्म को श्रेष्ठ बतलाया है। संसार को कष्ट देने वाले तारकासुर का नाश करने के लिये देवताओं का प्रयत्न करना तथा कार्तिकेय का जन्म विश्वमङ्गल की कामना व्यक्त करते हैं।

* * *

॥ श्रीः ॥

कुमारसम्भवम्

सान्वय 'प्रकाश' हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमः सर्गः

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा, हिमालयो नाम नगाधिराजः ।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य, स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः ॥ १ ॥

अन्वयः—उत्तरस्यां दिशि हिमालयो नाम नगाधिराजः पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य पृथिव्याः मानदण्डः इव स्थितोऽस्ति ॥ १ ॥

सञ्जीवनी—अस्तीति । उत्तरस्यां दिशि । अनेनास्य देवभूमित्वं सूच्यते । देवतात्माधिष्ठाता यस्य सः । एतेनास्य वक्ष्यमाणमेंनकापरिणयपार्वतीजननादिचेतनव्यवहारयोग्यत्वसिद्धिः । हिमस्यालयः स्थानमिति हिमालयो नाम हिमालय इति प्रसिद्धः । अधिको राजा-धिराजः । राजाहःसखिभ्यष्टच् । न गच्छन्तीति नगा अचलास्तेषामधिराजो नगाधिराजोऽस्ति । कथंभूतः । पूर्वापरौ प्राच्यपश्चिमौ तोयनिधी समुद्रौ वगाह्य प्रविश्य । अत एव पृथिव्या भूमेर्मानं हस्तादिना परिच्छेदः । भावे ल्युट् । तस्य दण्डः । यद्वा मीयतेऽनेनेति मानम् । स चासौ दण्डश्च स इव स्थितः । आयामपरिच्छेदकदण्ड इव स्थित इत्यर्थः । पूर्वापरसागरावगाहित्वं चास्य हिमालस्यास्त्येव । उक्तं च ब्रह्माण्डपुराणे—'कैलासो हिमवांश्चैव दक्षिणे वर्षपर्वतौ । पूर्वपश्चिमगावेतावर्णवान्तरुपस्थितौ । अत्र हिमालयस्योभयाब्धिव्याप्तिसाम्यान्मानदण्डत्वेनोत्प्रेक्षालङ्कारः । 'प्रकृतेऽप्रकृतगुणक्रियादिसम्बन्धादप्रकृतत्वेन प्रकृतस्य सम्भावनमुत्प्रेक्षा' इत्यलङ्कारसर्वस्वकारः । अस्मिन्सर्गे प्रायेण वृत्तमुपजातिः । क्वचिदिन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रे च । तल्लक्षणं तु—'स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौगः' । 'उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ' । अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः' इति ॥ १ ॥

भारतवर्ष की उत्तर दिशा में देवतास्वरूप पर्वतों का राजा हिमालय पूर्व और पश्चिम समुद्रों में प्रविष्ट होकर पृथ्वी के मानदण्ड की तरह स्थित है ॥ १ ॥

यं सर्वशैलाः परिकल्प्य वत्सं, मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे ।
भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च, पृथूपदिष्टां दुदुहुर्धरित्रीम् ॥ २ ॥

अन्वयः—सर्वशैलाः यं वत्सं परिकल्प्य दोहदक्षे मेरौ दोग्धरि स्थिते (सति) भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च पृथूपदिष्टां धरित्रीं दुदुहुः ॥ २ ॥

सञ्जी०—यमिति । सर्वे च ते शैलाश्च सर्वशैलाः । 'पूर्वकालैकसर्वजरत्पुराणनवकेवलाः समानाधिकरणेन' इति समासः । यं हिमालयं वत्सं परिकल्प्य विधाय दोहदक्षे दोहनसमर्थे मेरौ दोग्धरि स्थिते सति । 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' इति सप्तमी । पृथूपदिष्टां पृथुना वैन्येनोपदिष्टामीदृक्तया प्रदर्शितां धरित्रीम् । गोरूपधरामिति शेषः । 'गौर्भूप्वा तु वसुंधरा' इति विष्णुपुराणात् । 'अकथितं च' इति कर्मत्वम् । भास्वन्ति च भास्वत्यश्च भास्वन्ति द्युतिमन्ति । ओषधिविशेषणं चैतत् । 'नपुंसकमनपुंसकेन—' इत्यादिना नपुंसकैकशेषः । रत्नानि मणीञ्जातिश्रेष्ठवस्तूनि च । 'रत्नं श्रेष्ठे मणावपि' इति विश्वः । 'जातौ जातौ यदुत्कृष्टं तद्रत्नमिति कथ्यते' इति यादवः । महौषधीश्च सञ्जीविनी प्रभृतीश्च क्षीरत्वेन परिणता इति शेषः । 'ताः क्षीरपरिणामिनीः' इति विष्णुपुराणात् । दुदुहुः । 'दुहियाचि—' इत्यादिनाद्विकर्मकत्वम् । अत्र प्रयोजकत्वेऽपि शैलानां पञ्चभिर्हलैः कर्षति ग्रामं ग्रामणीः' इतिवत्तत्समर्थाचरणात्कर्तृत्वेन व्यपदेशः । दुहेः स्वरितेत्त्वेऽप्यकर्त्रभिप्रायविवक्षायां परस्मैपदम् । अत्रार्थे प्रमाणम्—गौर्भूमिरचलाः सर्वे कर्तारोऽत्र पयांसि च । ओषध्यश्चैव भास्वन्ति रत्नानि विविधानि च ॥ वत्सश्च हिमवानासीद्दोग्धा मेरुर्महागिरिः ॥' इति । एतेन वत्सस्य मातुः प्रेमास्पदत्वादस्य सारग्राहित्वं गम्यते । तथा चास्य नगस्य रत्नविशेषभोक्तृत्वान्नगाधिराजत्वं युक्तमिति भावः । अत्र हिमवद्वर्णनस्य प्रकृतत्वात्तद्गतौषधिरत्नानां द्वयानामपि प्रकृतत्त्वात्तेषांदोहनक्रियारूपसमानधर्मसम्बन्धादौपम्यस्य गम्यत्वात्केवलप्राकरणिकविषयस्तुल्ययोगिता नामालङ्कारः । तदुक्तम्—'प्रस्तुतानां तथान्येषां केवलं तुल्यधर्मतः । औपम्यं गम्यते यत्र सा मता तुल्ययोगिता ॥' न चात्र रूपकपरिणामाद्यलङ्कारशङ्का कार्या तेषामारोपहेतुत्वात् । हिमहेमाचलादिषु वत्सत्वदोग्धृत्वादीनामागमसिद्धत्वेनानारोप्यमाणत्वादिति ॥ २ ॥

सभी पर्वतों ने इसी हिमालय को बछड़ा और दोहन क्रिया में निपुण सुमेरु पर्वत को दूहने वाला बनाकर राजा पृथु द्वारा प्रदर्शित पृथ्वी रूपी गाय से

चमकीली मणियों और औषधियों का दोहन किया था ॥ २ ॥

अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य, हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम् ।
एको हि दोषो गुणसन्निपाते, निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः ॥ ३ ॥

अन्वयः—अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं सौभाग्यविलोपि न जातम्, हि एको दोषो गुणसन्निपाते इन्दोः अङ्क इव निमज्जति ॥ ३ ॥

सञ्जी०—अनन्तेति । प्रभवत्यस्मादिति प्रभवः कारणम् । अनन्तानामपरिमितानां रत्नानां श्रेष्ठवस्तूनां प्रभवस्य यस्य हिमाद्रेर्हिमम् । कर्तृ । सुभगस्यभावः सौभाग्यम् । 'हृद्भगसिन्ध्वन्ते पूर्वपदस्य च' इत्युभयपदवृद्धिः । तद्विलुम्पतीति सौभाग्यविलोपि सौन्दर्यविघातकं न जातं नाभूत् । तथाहि । एकोदोषो गुणसन्निपाते इन्दोः किरणेष्वङ्क इव निमज्जति । अन्तर्लीयत इत्यर्थः । नहि स्वल्पो दोषोऽमितगुणाभिभावक एव किन्तु कश्चिदिन्दुकलङ्कादिवद्गुणैरभिभूयते । अन्यथा सर्वरम्यवस्तुहानिप्रसङ्गादिति भावः । अत्रोपमानुप्राणितोऽर्थान्तरन्यासालङ्कारः । तल्लक्षणं तु—'ज्ञेयः सोऽर्थान्तरन्यासो वस्तु प्रस्तुत्य किञ्चन । तत्साधनसमर्थस्य न्यासो योऽन्यस्य वस्तुनः ॥' इति दण्डी ॥ ३ ॥

असङ्ख्य रत्नों के उत्पन्न करने वाले इस हिमालय का सौन्दर्य नष्ट करने में उसी पर स्थिति हिम समर्थ न हो सका क्योंकि एक दोष गुणों के समुदाय में चन्द्रमा की किरणों में कलङ्क की तरह लीन (अदृष्ट) हो जाता है ॥ ३ ॥

यश्चाप्सरोविभ्रममण्डनानां, सम्पादयित्रीं शिखरैर्बिभर्त्ति ।
बलाहकच्छेदविभक्तरागामकालसन्ध्यामिव धातुमत्ताम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—यः च अप्सरोविभ्रममण्डनानां सम्पादयित्रीं बलाहकच्छेदविभक्तरागां धातुमत्ताम् अकालसन्ध्यामिव शिखरैर्बिभर्ति ॥ ४ ॥

सञ्जी०—यश्चेति । किञ्चेति चकारार्थः । यो हिमाद्रिरप्सरसां विभ्रममण्डनानि विलासालङ्करणानि । अथवा विभ्रमो विपरीतन्यासः । 'विभ्रमस्त्वरयाकालेभूषास्थानविपर्यये' इति दशरूपकात् । तेन मण्डनानि तेषां संपादयित्रीम् । एतद्धातुरागदर्शिन्योऽप्सरसः संन्ध्याभ्रमेण प्रसाधनाय त्वरयन्त इति भावः । तथात्वे भ्रान्तिमदलङ्कारो व्यज्यते । 'कर्तृकर्मणोः कृति' इति कर्मणि षष्ठी । वारीणां वाहका बलाहकाः पृषोदरादित्वात्साधुः । तेषां छेदेषु खण्डेषु विभक्तः संक्रमितो रागो यया ताम् । एतेनाद्रेरभ्रंकषत्वं गम्यते । इदं विशेषणद्वयं संध्यायामपि योज्यम् । धातवः सिन्दूरगैरिकादयोऽस्य सन्तीति धातुमान् । नित्ययोगे मतुप् । तस्य भावो धातुमत्ता ताम् । धातुयोगित्वमिति सम्बन्धोऽपि वाच्यार्थः । 'समा-

सक्त्तद्धितेषु सम्बन्धाभिधानं भावप्रत्ययेन' इति वचनात् लक्षणया नित्यानुषङ्गिकधातुमित्यर्थः। अकालसन्ध्यामिवानियतकालप्राप्तसंध्यामिव शिखरैर्बिभर्ति धत्ते। अत्र सन्ध्याशब्दस्य जातिवाचित्वाज्जात्युत्प्रेक्षा ॥ ४ ॥

जो हिमालय अप्सराओं के विलास-प्रसाधनों का सम्पादन करने वाली तथा मेघ के टुकड़ों में अपने रंगों का संक्रमण करने वाली धातुमत्ता (सिंदूर गैरिक आदि धातु सम्पदा) को असमय में प्राप्त सन्ध्या की तरह अपने शिखरों पर धारण करता है'। ४ ॥

आमेखलं सञ्चरतां घनानां, छायामधःसानुगतां निषेव्य।
उद्वेजिता वृष्टिभिराश्रयन्ते, शृङ्गाणि यस्यातपवन्ति सिद्धाः ॥ ५ ॥

अन्वयः—सिद्धाः आमेखलं सञ्चरतां घनानामधः सानुगतां छायां निषेव्य वृष्टिभिः उद्वेजिताः (सन्तः) यस्य आतपवन्ति शृङ्गाणि आश्रयन्ते ॥ ५ ॥

सञ्जी०—आमेखलमिति। सिद्धा अणिमादिसिद्धा देवयोनिविशेषाश्च। पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतो अमी देवयोनयः' इत्यमरः। आमेखलाभ्य आमेखलं नितम्बपर्यन्तम्। मेखला खड्गबन्धे स्यात्काञ्चीशैलनितम्बयोः' इति विश्वः। 'आङ्मर्यादाभिविध्योः' इत्यव्ययीभावः। संचरतां घनानां मेघानामधः सानूनि मेघमण्डलादधस्तटानि गतां प्राप्ताम्। द्वितीयाश्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः' इति समासः। छायामनातपम्। 'छाया सूर्यप्रिया कान्तिः प्रतिबिम्बमनातपः' इत्यमरः। निषेव्य वृष्टिभिरुद्वेजिताः। क्लेशिताः सन्तः। 'उद्वेगस्तिमिते क्लेशे भये मन्थरगामिनि' इति शब्दार्णवः। यस्य हिमाद्रेरातपवन्ति सातपानि शृङ्गाण्याश्रयन्ते। आश्रित्य स्थिता इत्यर्थः। अतिमेघमण्डलमस्यौन्नत्यमिति भावः ॥ ५ ॥

(हिमालय के ऊपरी शिखरों पर रहने वाले विश्वावसु प्रभृति) सिद्ध लोग (पहिले धूप की कड़ी गर्मी के कारण कुछ देर के लिए) शिखर के मध्य भाग में छाए हुए बादलों के नीचे शिलाओं पर पड़ने वाली छाया का सेवन करते किन्तु फिर मेघ की वृष्टि से व्याकुल होकर घाम वाले ऊपरी शिखरों पर ही चले जाते हैं ॥ ५ ॥

पदं तुषारस्रुतिधौतरक्तं, यस्मिन्नदृष्ट्वाऽपि हतद्विपानाम्।
विदन्ति मार्गं नखरन्ध्रमुक्तैर्मुक्ताफलैः केसरिणां किराताः ॥ ६ ॥

अन्वयः—यस्मिन्किराताः तुषारस्रुतिधौतरक्तं हतद्विपानां केसरिणां पदम् अदृष्ट्वाऽपि नखरन्ध्रमुक्तैः मुक्ताफलैः मार्गं विदन्ति ॥ ६ ॥

सञ्जी०—पदमिति । यस्मिन्नद्रौ किरातास्तुषारस्रुतिभिर्हिमनिस्यन्दैर्धौतं क्षालितं रक्तं शोणितं यस्य तत्तथोक्तम् । अतो दुर्ग्रहमिति भावः । हता द्विपा गजा यैस्तेषां हतद्विपानां केसरिणां सिंहानां पदं पादप्रक्षेपस्थानमदृष्ट्वापि नखरन्ध्रैर्नखद्रोणिभिर्मुक्तैर्मुक्ताफलैर्मार्गं विदन्ति जानन्ति । अत्र व्याधाः सिंहघातिनो गजेन्द्राश्च मुक्ताकरा इति भावः । 'करीन्द्र जीमूतवराहशङ्खमत्स्याहिशुक्त्युद्भववेणुजानि । मुक्ताफलानि प्रथितानि लोके तेषां तु शुक्त्युद्भवमेव भूरि' ॥ ६ ॥

जिस हिमालय पर बर्फ के पिघलने से धुल जाने के कारण हाथियों को मारने वाले सिंहों के रक्त से सने पैरों के चिह्नों को न देख कर भी किरात लोग उनके पंजों के छेदों से गिरे हुए गजमोतियों को देखकर उनके जाने के मार्ग का ज्ञान कर लेते हैं ।

न्यस्ताक्षरा धातुरसेन यत्र, भूर्जत्वचः कुञ्जरबिन्दुशोणाः ।
व्रजन्ति विद्याधरसुन्दरीणामनङ्गलेखक्रिययोपयोगम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—यत्र धातुरसेन न्यस्ताक्षराः कुञ्जरबिन्दुशोणाः भूर्जत्वचः विद्याधरसुन्दरीणाम् अनङ्गलेखक्रियया उपयोगं व्रजन्ति ॥ ७ ॥

सञ्जी०—न्यस्ताक्षरेति । यत्र हिमाद्रौ धातुरसेन सिन्दूरादिद्रवेण 'शृङ्गारादौ विषे वीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः' इत्यमरः । न्यस्ताक्षरा लिखितवर्णा अत एव कुञ्जरस्य ये बिन्दवः काये वयोविशेषभाविनः पद्मकाख्याः । 'पद्मकं बिन्दुजालकम्' इत्यमरः । त इव शोणा रक्तवर्णाः । लिखितभागेष्विति शेषः । भूर्जत्वचो भूर्जपत्रवल्कलानि । भूर्जपत्रो भुजो भूर्जो मृदुत्वक्चर्मिका अपि' इति यादवः । विद्याधर सुन्दरीणां । लिख्यन्ते येषु ते लेखाः पत्रिकाः । अनङ्गस्य लेखास्तेषां क्रियया । कामव्यञ्जक लेखकरणेनेत्यर्थः । उपयोगमुपकारं व्रजन्ति । दिव्याङ्गनाविहारयोग्योऽयं शैल इति भावः ॥ ७ ॥

जिस हिमालय पर सिन्दूरादि धातुओं के रस से लिखे जाने के कारण हाथी की सूड़ पर बने लाल-लाल बिन्दुओं जैसे अक्षरों वाले भोजपत्र विद्याधरों की स्त्रियों द्वारा प्रेमपत्र लिखने के काम में लाए जाते हैं ॥ ७ ॥

यः पूरयन् कीचकरन्ध्रभागान् दरीमुखोत्थेन समीरणेन ।
उद्गास्यतामिच्छति किन्नराणां तानप्रदायित्वमिवोपगन्तुम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—यः दरीमुखोत्थेन समीरणेन कीचकरन्ध्रभागान् पूरयन् उद्गास्यतां किन्नराणां तानप्रदायित्वम् उपगन्तुम् इच्छति इव ॥ ८ ॥

सञ्जी०—य इति । यो हिमाद्रिः दरी गुहा सैव मुखं तस्मादुत्थेनोत्पन्नेन । 'आतश्चोपसर्गे' इति क प्रत्ययः । समीरणेन वायुना कीचका वेणुविशेषाः । वेणवः कीचकास्ते स्युर्ये स्वनन्त्यनिलोद्धताः इत्यमरः । तेषां रन्ध्रभागाञ्छिद्रप्रदेशान्पूरयन्वमयन् । वांशिकोऽपि वंशरन्ध्राणि मुखमारुतेन पूरयतीति प्रसिद्धिः । उद्गास्यतां देवयोनित्वादुच्चैर्गान्धारग्रामेण गानं करिष्यताम् । उक्तं च नारदेन—'षड्जमध्यमनामानौ ग्रामौ गायन्ति मानवाः । न तु गान्धारनामानं स लभ्यो देवयोनिभिः ।' इति किन्नराणां देवगायकानां तानप्रदायित्वम् । तानो नाम स्वरान्तरप्रवर्तको रागस्थितिप्रवृत्यादिहेतुरंशापरनामा वंशवाद्यसाध्यः प्रधानभूतः स्वरविशेषः 'तानस्त्वंशस्वरो मतः' इत्यभिनवगुप्तः । 'गाता यं यं स्वरं गच्छेत्तं तं वंशेन तानयेत्' इति भरतः । तत्प्रदानशीलत्वं तानप्रदायित्वं वांशिकत्वमुपगन्तुमिच्छतीवेत्युत्प्रेक्षा । सा च दरीमुखोत्थेनेत्येकदेशविवर्तिरूपकोज्जीविता । मुखसाध्यत्वत्तानप्रदायित्वस्य । यत्रावयवरूपणादवयविरूपणं गम्यते तदेकदेशविवर्ति रूपकम् । गम्यते चात्रावयविनः पुंसो रूपणं यच्छब्दनिर्दिष्टे हिमाद्रावित्यलं वहुना: ॥८॥

जो हिमालय गुफा रूपी मुख की वायु से बाँसों के छिन्द्रों को भरता हुआ (उससे मधुर ध्वनि उत्पन्न करता हुआ) ऐसा प्रतीत होता है मानो गाने वाले किन्नरों को तान देने की इच्छा कर रहा हो ॥ ८ ॥

कपोलकण्डूः करिभिर्विनेतुं, विघट्टितानां सरलद्रुमाणाम् ।
यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूतः, सानूनि गन्धः सुरभीकरोति ॥ ९ ॥

अन्वयः—यत्र करिभिः कपोलकण्डूः विनेतुं विघट्टितानां सरलद्रुमाणा स्रुतक्षीरतया प्रसूतो गन्धः सुरभीकरोति ॥ ९ ॥

सञ्जी०—कपोलेति । यत्र हिमाद्रौ करिभिर्गजैः । कपोलकण्डूर्गण्डस्थलकण्डूर्विनेतुमपनेतुं विघट्टितानां घर्षितानां सरलद्रुमाणां सम्बन्धीनि स्नुतानि करिकपोलघर्षणात्क्षरितानि क्षीराणि येषां भावस्तत्ता तया हेतुना प्रसूत उत्पन्नो गन्धःसानूनि सुरमीकरोति । एतेनास्य गजाकरत्वं गम्यते तथा च गजायुर्वेदे—'हिमवद्विन्ध्यमलया गजानां प्रभवा नगाः' इति ॥ ९ ॥

जिस हिमालय पर्वत पर हाथियों द्वारा गण्डस्थल की खुजली मिटाने के लिए रगड़े गए देवदारु वृक्षों के दूध चूने से पैदा हुई गन्ध शिलाओं को सुगंधित बना देती है ॥ ९ ॥

वनेचराणां वनितासखानां, दरीगृहोत्सङ्गनिषक्तभासः ।
भवन्ति यत्रौषधयो रजन्यामतैलपूराः सुरतप्रदीपाः ॥ १० ॥

अन्वयः—यत्र रजन्यां दरीगृहोत्सङ्गनिषक्तभासः ओषधयः वनितासखानां वनेचराणाम् अतैलपूराः सुरतप्रदीपाः भवन्ति ॥ १० ॥

सञ्जी०—वनेचराणामिति । यत्र हिमाद्रौ रजन्यां दर्यः कन्दरा एव गृहास्तेषामुत्सङ्गेस्वभ्यन्तरेषु निषक्ताः संक्रान्ता भासो यासां ता ओषधयस्तृणज्योतींषि । 'अग्नावोषधीषु च तेजो निधाय रविरस्तं याति' इत्यागमः । वनितानां सखायो वनितासखाः । 'राजाहः सखिभ्यष्टच्' तेषाम् । रममाणानामित्यर्थः । वने चरन्तीति वनेचराः किराताः । 'चरेष्टः' इति टप्रत्ययः । 'तत्पुरुषे कृति बहुलम्' इत्यलुक् । तेषां वनेचराणाम् । अतैलपूराः । अनपेक्षिततैलसेका इत्यर्थः । सुरते सुरतकर्मणि प्रदीपा भवन्ति । अत्रौषधीष्वारोप्यमाणस्य प्रदीपत्वस्य प्रकृतसुरतोपयोगित्वात्परिणामालङ्कारः । तदुक्तम्—'आरोप्यमाणस्य प्रकृतोपयोगित्वे परिणामः' इति । तथा प्रदीपकारणतैलपूरणनिषेधादकारणकार्योत्पत्तिलक्षणा विभावना चेत्युभयोः संसृष्टिः ॥१०॥

जिस हिमालय पर्वत पर रात में गुफा रूपी गृह में चमकने वाले ज्वालामुखी नामक तृण विशेष वहाँ के वनेचर-मिथुनों (बनेचर स्त्री पुरुषों) के संभोग-काल में बिना तेल के दीपक बन जाते हैं ॥ १० ॥

उद्वेजयत्यङ्गुलिपार्ष्णिभागान्, मार्गे शिलीभूतहिमेऽपि यत्र ।
न दुर्वहश्रोणिपयोधरार्त्ता भिन्दन्ति मन्दां गतिमश्वमुख्यः ॥ ११ ॥

अन्वयः—यत्र शिलीभूतहिमे अङ्गुलिपार्ष्णिभागान् उद्वेजयति अपि मार्गे श्रोणिपयोधरार्त्ता अश्वमुख्यः मन्दां गतिं न भिन्दन्ति ॥ ११ ॥

सञ्जी०—उद्वेजयतीति ॥ यत्र हिमाद्रौ । शिलीभूतं घनीभूतं हिमं यत्र तस्मिन् । अत एवाङ्गुलीनां पार्ष्णीनां च भागान्प्रदेशानुद्वेजयत्यतिक्लेशयत्यपि मार्गे । श्रोणयश्च पयोधराश्च श्रोणिपयोधरम् । दुर्वहेण श्रोणिपयोधरेणार्ताः पीडिताः । आङ्पूर्वादृच्छतेः क्तः । 'उपसर्गादृति धातौ' इति वृद्धिः । अश्वानां मुखानीव मुखानि यासां ता अश्वमुख्यः किन्नरस्त्रियः । उष्ट्रमुखवत्समासः । 'स्यात्किन्नरः किम्पुरुषस्तुरङ्गवदनो मयुः' ॥ इत्यमरः । मन्दां मन्थरां गतिं न भिन्दन्ति । न त्यजन्तीत्यर्थः । पादपीडाकरेऽप्यतिभारभङ्गुरशरीरतया न शीघ्रं गन्तुं शक्यत इति भावः ॥११॥

जिस हिमालय पर पत्थर की चट्टान जैसे कड़े हिम युक्त मार्ग में चलती

हुई किन्नरों की स्त्रियाँ हिम की शीतलता के कारण अङ्गुलि और एँड़ियों में कष्ट पाने पर भी नितम्ब तथा स्तनों के भार से अपनी स्वाभाविक मन्द गति को नहीं छोड़ पाती हैं ॥ ११ ॥

दिवाकराद्रक्षति यो गुहासु लीनं दिवाभीतमिवाऽन्धकारम् ।
क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैःशिरसां सतीव ॥ १२ ॥

अन्वयः—यः दिवाभीतमिव गुहासु लीनम् अन्धकारं दिवाकरात् रक्षति, उच्चैः शिरसां शरणं प्रपन्ने क्षुद्रेऽपि सति इव नूनं ममत्वम् ॥ १२ ॥

सञ्जी०—दिवाकरादिति ॥ यो हिमाद्रिर्दिवा दिवसे भीतं भयाविष्टमिव । उलूकमिवेति च ध्वनिः । गुहाषु लीनमन्धकारं ध्वान्तम् । दिवा दिनं करोतीति दिवाकरस्तस्माद्दिवाकरात् । 'दिवाविभानिशाप्रभाभास्कर'— इत्यादिना टप्रत्ययः । 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' इत्यपादानत्वात्पञ्चमी । रक्षति त्रायते । ननु क्षुद्रसंरक्षणमनर्हमित्याशङ्क्याह—क्षुद्र इति । उच्चैः शिरसामुन्नतानां शरणं प्रपन्ने शरणागते क्षुद्रे नीचेऽपि सति सज्जन इव नूनं ममत्वं ममायमित्यभिमानः । अस्तीति शेषः । ममशब्दात्त्वप्रत्ययः । अर्थान्तरन्यासोऽलङ्कारः ॥१२॥

जो हिमालय दिन में भीत उल्लू पक्षी की तरह गुफाओं में छिपे हुए अन्धकार की भी सूर्य से इसलिए रक्षा करता है कि बड़े लोगों में अपनी शरण में आए हुए नीच जनों के प्रति भी सज्जनोचित ममता हो ही जाती है ॥ १२ ॥

लाङ्गूलविक्षेपविसर्पिशोभैरितस्ततश्चन्द्रमरीचिगौरैः ।
यस्याऽर्थयुक्तं गिरिराजशब्दं कुर्वन्ति बालव्यजनैश्चमर्यः ॥१३॥

अन्वयः—चमर्यः इतस्ततः लाङ्गूलविक्षेपविसर्पिशोभैः चन्द्रमरीचिगौरैः बालव्यजनैः यस्य गिरिराजशब्दमर्थयुक्तं कुर्वन्ति ॥ १३ ॥

सञ्जी०—लाङ्गूलेति ॥ चमर्यो मृगीविशेषा इतस्ततो लाङ्गूलानि वालधयः । 'पुच्छोऽस्त्री लोमलाङ्गूले वालहस्तश्च वालधिः' इत्यमरः । तेषां विक्षेपैर्विधूननैर्विसर्पिण्यो विसृमराः शोभाः कान्तयो येषां तैश्चन्द्रमरीचिभिरिव गौरैः शुभ्रैः । 'गौरः करीरे सिद्धार्थे शुक्लेपीतेऽरुणेऽपि च' इति यादवः । 'उपमानानि सामान्यवचनैः' इति समासः । वालव्यजनैश्चामरैर्यस्य हिमाद्रेर्गिरिराजशब्दं गिरिराज इति संज्ञामर्थयुक्तमभिधेयवन्तं कुर्वन्ति । राजानो हि छत्रचामरादिचिह्निता इति भावः ॥१३॥

जिस हिमालय पर्वत के गिरिराज नाम को चमरीमृग चन्द्रकिरण के समान धवल अपनी पूँछों के चँवर डुला डुलाकर यथार्थ करते हैं ॥

यत्रांऽशुकाक्षेपविलज्जितानां यदृच्छया किंपुरुषाऽङ्गनानाम् ।
दरीगृहद्वारविलम्बिबिम्बास्तिरस्करिण्यो जलदा भवति ॥१४॥

अन्वयः—यत्र अंशुकाक्षेपविलज्जितानां किंपुरुषाऽङ्गनानां यदृच्छया दरीगृहद्वारविलम्बिबिम्बाः जलदाः तिरस्करिण्यो भवन्ति ॥ १४ ॥

सञ्जी०—यत्रेति ।। यत्र हिमाद्रौ । अंशुकाक्षेपेण वस्त्रापहरणेन विलज्जितानां किम्पुरुषाङ्गनानां किन्नरस्त्रीणां यदृच्छया दैवगत्या दरीगृहद्वारेषु विलम्बिबिम्बा लम्बमानमण्डला जलदास्तिरस्करिण्यो जवनिका भवन्ति । 'प्रतिसीरा जवनिका स्यात्तिरस्करिणी च सा' इत्यमरः । तिरसोऽन्यतरस्याम्' इति सत्वम् । अत्र जलदेष्वारोप्यमाणस्य तिरस्करिणीत्वस्य प्रकृतोपयोगित्वात्परिणामालङ्कारः ॥१४॥

जिस हिमालय पर्वत पर संभोग के समय प्रियतम द्वारा वस्त्र हटाए जाने से अत्यन्त लज्जित होने वाली किन्नरस्त्रियों के लिए गुफारूपी संभोग-भवन के द्वार पर अपने आप लटकने वाले बादल ही पर्दे का काम देते हैं ॥ १४ ॥

भागीरथीनिर्झरसीकराणां वोढा मुहुः कम्पितदेवदारुः ।
यद्वायुरन्विष्टमृगैः किरातैरासेव्यते भिन्नशिखण्डिबर्हः ॥१५॥

अन्वयः—भागीरथीनिर्झरसीकराणां वोढा मुहुः कम्पितदेवदारुः भिन्नशिखण्डिबर्हः यद्वायुः अन्विष्टमृगैः किरातैः आसेव्यते ॥ १५ ॥

सञ्जी०—भागीरथीति ।। भागीरथीनिर्झरसीकराणां गङ्गाप्रवाहपाथः कणानाम् । कर्मणि षष्ठी । वोढा प्रापकः । वहेस्तृच् । मुहुः पुनः पुनः सद्यो वा । 'पौनः पुन्ये भृशार्थे च सद्यो वा स्यान्मुहुः पदम्' इति वैजयन्ती । कम्पिता देवदारवो येन स तथोक्तः । भिन्नानि विश्लेषितानि शिखण्डिनां बर्हाणि गतिलाघवार्थं किरातकटिबद्धानि येन स तथोक्तः। क्रमाद्विशेषणत्रयेण शैत्यसौरभ्यमान्द्यान्युक्तानि। यस्य हिमाद्रेर्वायुः । अन्विष्टमृगैर्मार्गितमृगैः । श्रान्तैरिति भावः । 'अन्विष्टं मार्गितं मृगितम् इत्यमरः । किरातैरासेव्यते ॥१५॥

गङ्गाजी के झरने के जलबिन्दुओं को धारण करनेवाली, बारंबार देवदारु वृक्षों को कँपानेवाली तथा मोरों के पंखों को उल्लासित करनेवाली जिस हिमालय की वायु मृगों को ढूँढने वाले किरातों द्वारा सेवन की जाती है ॥१५॥

सप्तर्षिहस्तावचितावशेषाण्यधो विवस्वान्परिवर्तमानः ।
पद्मानि यस्याऽग्रसरोरुहाणि प्रबोधयत्यूर्ध्वमुखैर्मयूखैः ॥१६॥

अन्वयः—सप्तर्षिहस्ताऽवचितावशेषाणि पद्मानि अधः परिवर्तमानः विवस्वान् ऊर्ध्वमुखैः मयूखैः प्रबोधयति ॥ १६ ॥

सञ्जी०—सप्तर्षीति ॥ सप्त च ते ऋषयश्च सप्तर्षयः । 'दिक्संख्ये संज्ञायाम्' इति समासः । तेषां हस्तैरवचितेभ्यो लूनेभ्योऽवशेषाण्यवशिष्टानि । 'शेषोऽप्रधानसंतापे त्रिष्वन्यत्रोपयुज्यते' इति केशवः । कर्मण्यण्प्रत्ययः । अनेन पद्मानां साफल्यं सूचितम् । यस्य हिमाद्रेः रोहन्तीति रुहाणि । 'इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः' इति कप्रत्ययः । अग्र उपरि यानि सरांसि तेषु रुहाणि पद्मान्यधः परिवर्तमानो भ्रमन्विवस्वान्सूर्यं उर्ध्वमुखैर्मयूखैः प्रबोधयति विकासयति । न कदाचिदधोमुखैः । अतिमार्तण्डमण्डलत्वादग्रभूमेरिति भावः । सप्तर्षिमण्डलं ध्रुवादप्यूर्ध्वमिति ज्योतिषिकाः । अतस्तेषामग्रसरोरुहभागित्वं युक्तम् ॥१६॥

जिस हिमालय के ऊपरी भाग में स्थित तालाबों में उगे हुए तथा सप्तर्षियों के हाथों द्वारा तोड़ने से बचे हुए कमलों को नीचे घूमता हुआ सूर्य अपनी ऊपर उठने वाली किरणों से विकसित करता है ॥ १६ ॥

यज्ञाङ्गयोनित्वमवेक्ष्य यस्य सारं धरित्रीधरणक्षमं च ।
प्रजापतिः कल्पितयज्ञभागं शैलाधिपत्यं स्वयमन्वतिष्ठत् ॥१७॥

अन्वयः—यस्य यज्ञाङ्गयोनित्वं धरित्रीधरणक्षमं सारं च अवेक्ष्य प्रजापतिः स्वयं कल्पितयज्ञभागं शैलाधिपत्यम् अन्वतिष्ठत् ॥ १७ ॥

सञ्जी०—यज्ञाङ्गेति ॥ यस्य हिमाद्रेर्यज्ञाङ्गानां यज्ञसाधनानां सोमलतादीनां योनिः प्रभवस्तस्य भावस्तत्त्वम् । 'यज्ञाङ्गार्थं मया सृष्टो हिमवानचलेश्वरः' इति विष्णुपुराणात् । धरित्रीधरणक्षमं भूभारधरणयोग्यं सारं बलं च । 'सारो बले स्थिरांशे च' इत्यमरः । अवेक्ष्य ज्ञात्वा प्रजापतिः स्वयमेव कल्पितो यज्ञभागो यस्मिंस्तत्तथोक्तम् । 'सोमस्य राज्ञः कुरङ्ग इन्दोः शृङ्गी समुद्रस्य शिशुमारो हिमवतो हस्ती' इति श्रुतेरिति भावः । शैलनामाधिपत्यमधिपतित्वम् । 'पत्यन्तपुरोहितादिभ्यो यक्' इति यक्प्रत्ययः । अन्वतिष्ठत् । ददाति स्मेत्यर्थः । उक्तं च ब्रह्माण्डपुराणे—'शैलानां हिमवन्तं च नदीनां चैव सागरम् । गन्धर्वाणामधिपतिं चक्रे चित्ररथं विधिः' इति ॥ १७ ॥

जिस हिमालय को यज्ञ के साधन-द्रव्यों की उत्पत्ति का कारण तथा पृथ्वी के धारण करने मे पूर्ण सामर्थ्यशाली जानकर ब्रह्माजी ने स्वयं ही (उसे अन्य देवों की तरह) यज्ञ भाग तथा पर्वतों का स्वामित्व प्रदान किया किया है ॥ १७ ॥

स मानसीं मेरुसखः पितॄणां कन्यां कुलस्य स्थितये स्थितिज्ञः ।
मेनां मुनीनामपि माननीयामात्माऽनुरूपां विधिनोपयेमे ॥१८॥

अन्वयः—मेरुसखः स्थितिज्ञः सः पितृणां मानसीं मुनीनाम् अपि माननीयाम् आत्मानुरूपां कन्यां कुलस्य स्थितये विधिना उपयेमे ।। १८ ।।

सञ्जी०—स इति ।। मेरोः सखा मेरुसखः । बन्धुसम्पन्न इति भावः । स्थितिज्ञो मर्यादाभिज्ञः । अनेन श्रुतसंपत्तिः सूच्यते । स हिमवान्पितृणां मानसीं मनः संकल्पजन्यां मुनीनामपि माननीयाम् । योगिब्रह्मवादिभ्यां पूज्यामित्यर्थः । उक्तं च विष्णुपुराणे—'तेभ्यः शुभास्पदं जज्ञे मेनका हरिणी तथा । ते उभे ब्रह्मवादिन्यौ योगिन्यौ चाप्युभे द्विज ।।' इति । आत्मानुरूपां कुलशीलसौन्दर्यादिभिः सदृशीं मेनां मेनकादेवीति नामवतीं कन्यां कुलस्य स्थितये प्रतिष्ठायै विधिना यथाशास्त्रेणोपयेमे परिणीतवान् । 'उपाद्यमः स्वकरणे' इत्यात्मनेपदम् । 'तेषां तु मानसी कन्या मेना नाम महागिरेः । पत्नी हिमवंतो यस्याः पुत्रो मैनाक उच्यते ।।' इति ब्रह्माण्डपुराणात् ।।१८।।

सुमेरु पर्वत के मित्र इस मर्यादा जाननेवाले हिमालय ने पितरों के मनःसङ्कल्प से उत्पन्न, मुनियों की भी माननीया एवं अपने अनुरूप मेना नामक कन्या के साथ अपने कुल की स्थिति के लिए शास्त्र-विधि से विवाह किया ।।१८।।

कालक्रमेणाऽथ तयोः प्रवृत्ते स्वरूपयोग्ये सुरतप्रसङ्गे ।
मनोरमं यौवनमुद्वहन्त्या गर्भोऽभवद् भूधरराजपत्न्याः ।।१९।।

अन्वयः—अथ कालक्रमेण तयोः स्वरूपयोग्ये सुरतप्रसङ्गे प्रवृत्ते मनोरमं यौवनम् उद्वहन्त्याः भूधरराजत्न्याः गर्भः अभवत् ।। १९ ।।

सञ्जी०—कालक्रमेणेति ।। अथ कालक्रमेण । गच्छता कालेनेत्यर्थः । तयोर्मेनकाहिमवतोः स्वरूपयोग्ये सौन्दर्यानुगुणे । यद्वा रूप्यते निश्चीयतेऽनेनेति रूपं ज्ञानं तद्योग्ये । शास्त्रानुसारिणीत्यर्थः सुरतप्रसङ्गे सुरतकर्मणि प्रवृत्ते सति मनोरमं यौवनमुद्वहन्त्या भूधरराजपत्न्या मेनकाया गर्भोऽभवत् ।।१९।।

अपने अनुरूप ही संभोग क्रिया में तल्लीन होने के कुछ दिनों बाद सुन्दर यौवन को धारण करने वाली पर्वतराज हिमालय की पत्नी मेना ने गर्भ धारण किया ।। १९ ।।

असूत सा नागवधूपभोग्यं मैनाकमम्भोनिधिबद्धसख्यम् ।
क्रुद्धेऽपि पक्षच्छिदि वृत्रशत्राववेदनाज्ञं कुलिशक्षतानाम् ।।२०।।

अन्वयः—सा नागवधूपभोग्यम् अम्भोनिधिबद्धसख्यं, पक्षच्छिदि वृत्रशत्रौ क्रुद्धे अपि कुलिशक्षतानाम् अवेदनाज्ञं मैनाकम् असूत ।। २० ।।

सञ्जी०—असूतेति ॥ सा मेना नागवधूपभोग्यम् । नागकन्यापरिणेतारमित्यर्थः। अम्भोनिधिना बद्धसंख्यं समुद्रकृतमैत्रीकम् । सख्यमूलं सूचयति–पक्षच्छिदि पक्षच्छेत्तरि । 'सत्सूद्विष'—इत्यादिना क्विप्प्रत्ययः । वृत्रशत्रौ क्रुद्धे कुपिते सत्यपि कुलिशक्षतानां वज्रप्रहाराणाम् । सम्बन्धसामान्ये षष्ठी । जानातीति ज्ञः । 'इगुपधज्ञा'-- इति कप्रत्ययः । वेदनानां ज्ञः । अथवा वेदनां जानातीति वेदनाज्ञः। 'आतोऽनुपसर्गे कः' इति कप्रत्ययः । उपपदमतिङ्' इति समासः। स न भवतीत्यवेदनाज्ञस्तम्। कुलिशक्षतवेदनानभिज्ञमित्यर्थः । सापेक्षत्वेऽपि गमकत्वात्समासः। पक्षच्छेदोद्यतशक्रात्त्राणाय शरणागमनमनयोः सख्यमूलमिति भावः । मैनाकं पुत्रमसूत। सर्वपर्वतपक्षच्छेदेऽप्ययमच्छिन्नपक्ष एवेति मैनाकस्योत्कर्षः । तादृक्पुत्रवत्त्वं हिमाद्रेरिति सार्थकं मैनाकस्य वर्णनम् । 'पिता न ज्ञायते यस्य भ्राता यदि न विद्यते । नोपयच्छेत्तु तां कन्यां धर्मलोपभयात्सुधीः ॥' इत्यभ्रातृककन्यापरिणयनिषेधात्तत्कृते पार्वती भ्रातृमत्येवेति सूचनार्थं मैनाकपर्वतमिति तात्पर्यार्थः ॥२०॥

उस मेना ने नागकन्या से विवाह करने वाले, समुद्र से मैत्री रखने वाले, तथा पहाड़ों के पंख काटने वाले इन्द्र के क्रुद्ध होने पर भी उनके वज्र के प्रहारों की वेदना से अनभिज्ञ मैनाक नामवाले पुत्र को पैदा किया ॥ २० ॥

अथाऽवमानेन पितुः प्रयुक्ता दक्षस्य कन्या भवपूर्वपत्नी ।
सती सती योगविसृष्टदेहा तां जन्मने शैलवधूं प्रपेदे ॥२१॥

अन्वयः—अथ दक्षस्य कन्या भवपूर्वपत्नी सती पितुः अवमानेन प्रयुक्ता योगविसृष्टदेहा सती जन्मने तां शैलवधूं प्रपेदे ॥ २१ ॥

सञ्जी०—अथेति ॥ अथ मैनाकजननानन्तरं दक्षस्य प्रजापतेः कन्या भवस्य महादेवस्य पूर्वपत्नी पूर्वभार्या सती पतिव्रता । 'सती साध्वी पतिव्रता' इत्यमरः । सती नाम देवी । पितुर्दक्षस्य । कर्तरि षष्ठी । अवमानेन स्वभर्त्रवज्ञया प्रयुक्ता प्रेरिता योगेन योगमार्गेण विसृष्टदेहा त्यक्तदेहा सती । जन्मने पुनरुद्भवाय तां शैलवधूं मेनकां प्रपेदे । अत्र पुरा किल सती देवी दक्षाध्वरे तत्कृतां स्वभर्त्रवज्ञामसहमाना पितरं प्रसूं चोपेक्ष्य मत्कर्तव्यकार्यं त्वज्जामातैव करिष्यतीति निर्धार्य देवकार्याणि साधयितुं च योगाग्निना स्वशरीरं ददाहेति पुरावृत्तकथानुसन्धेया ॥२१॥

दक्ष की कन्या, महादेव की पहली पत्नी, पतिव्रता सती देवी ने पिता द्वारा किए हुए अपमान से प्रेरित होकर योगबल से अपना शरीर त्यागकर पुनः जन्म लेने के लिए शैलपत्नी मेना को प्राप्त किया ॥ २१ ॥

सा भूधराणामधिपेन तस्यां समाधिमत्यामुदपादि भव्या ।
सम्यक्प्रयोगादपरिक्षतायां नीताविवोत्साहगुणेन सम्पत् ॥२२॥

सञ्जी०—समेति । निशीथोऽत्र निशामात्रलक्षकः । समदिवसनिशीथं तुल्याहर्निशं यथा तथा तत्र तस्यां पार्वत्यां सङ्गिन आसक्तस्य । रात्रिदिवं रममाणस्येत्यर्थः । शम्भोः शिवस्य सार्धमर्धेन सहितमृतूना शतं पञ्चाशदुत्तरं मानुषमानेन पञ्चविंशतिवर्षाणीत्यर्थः । एका निशेव अगमत् । स शम्भुः समुद्रान्तर्गतः समुद्रस्यान्तर्वर्ती ज्वलनो वडवाग्निरिव तज्जलौघैस्तस्य प्रवाहैरिव सुरतसुखेभ्यश्छिन्नतृष्णो निवृत्ताभिलाषो न बभूव । किन्तु रिरंसैवावर्धतेत्यर्थः ॥ ९१ ॥

इति मल्लिनाथटीका समाप्ता ।

इस प्रकार शङ्कर जी ने पार्वती जी के साथ दिन रात सम्भोग करते हुए सैकड़ों ऋतुओं को एक रात की भाँति बिता दिया किन्तु उनकी सम्भोग सुख की लालसा उसी प्रकार पूरी नहीं हुई जैसे निरन्तर समुद्र के जल में रहने पर भी वडवाग्नि की प्यास नहीं बुझती है ॥ ९१ ॥

कविकुलगुरु कालिदासकृत कुमारसंभव महाकाव्य में पार्वती-संभोग नाम का आठवाँ सर्ग समाप्त ॥ ८ ॥

—:०:—

नवमः सर्गः

(शिवजी का कैलासगमन)

तथाविधेऽनङ्गरसप्रसङ्गे मुखारविन्दे मधुपः प्रियायाः ।
सम्भोगवेश्मप्रविशन्तमन्तर्ददर्श पारावतमेकमीशः ॥ १ ॥

अन्वयः—प्रियायाः, मुखारविन्दे, मधुपः, ईशः, तथाविधे, अनङ्गरसप्रसङ्गे, सम्भोगवेश्म, अन्तः, प्रविशन्तम्, एकम्, पारावतम्, ददर्श ॥ १ ॥

भाषार्थ—एक बार जिस समय पार्वती जी के मुख कमल पर भौंरे के समान लुब्ध शिवजी सम्भोग-सुख में लगे हुए थे उसी समय उन्होंने सम्भोग-गृह (जिस घर में सम्भोग कर रहे थे) में घुसते हुए एक कबूतर को देखा ॥ १ ॥

सुकान्तकान्तामणितानुकारं कूजन्तमाघूर्णितरक्तनेत्रम् ।
प्रस्फारितोन्नम्रविनम्रकण्ठं मुहुर्मुहुर्न्यञ्चितचारुपुच्छम् ॥ २ ॥

अन्वयः—सुकान्तकान्तामणितानुकारम्, (यथा स्यात्तथा) कूजन्तम्, आघूर्णितरक्तनेत्रम्, प्रस्फारितोन्नम्रविनम्रकण्ठम्, मुहुर्मुहुः, न्यञ्चितचारुपुच्छम् ॥ २ ॥

भाषार्थ—वह कबूतर अत्यंत मनोहर था, उसकी लाल-लाल आँखें इधर-उधर नाच रही थीं, वह सम्भोग काल में रमणियों के मुंह से निकलने वाली कराह के समान (गरदन को ऊँची नीची करते हुए) बोल रहा था और बार-बार अपनी पूंछों को सिकोड़ रहा था ॥ २ ॥

विशृङ्खलं पक्षतियुग्ममीषद्दधानमानन्दगतिं मदेन ।
शुभ्रांशूवर्णं जटिलाग्रपादमितस्ततो मण्डलकैश्चरन्तम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—विशृङ्खलम्, पक्षतियुग्मम्, ईषत्, मदेन, आनन्दगतिम् (च) दधानम्, शुभ्रांशुवर्णम्, जटिलाग्रपादम्, मण्डलकैः इतस्ततः, चरन्तम् (तं कपोतं ददर्श) ॥

भाषार्थ—चन्द्रमा के समान उज्ज्वल वह कबूतर अपनी बँधी हुई पाँखों

को थोड़ा-सा फैलाए तथा पंजे समेटे हुए मस्ती के साथ आनन्द लेते हुए उस घर में इधर-उधर चक्कर काट रहा था ॥ ३ ॥

रतिद्वितीयेन मनोभवेन ह्रदात्सुधायाः प्रविगाह्यमानात् ।
तं वीक्ष्य फेनस्य चयं नवोत्थमिवाभ्यनन्दत्क्षणमिन्दुमौलिः ॥ ४ ॥

अन्वयः—रतिद्वितीयेन, मनोभवेन, प्रविगाह्यमानात्, सुधायाः, ह्रदात्, नवोत्थम्, फेनस्य, चयम्, इव (स्थितम्), तम् (कपोतम्), वीक्ष्य, इन्दुमौलिः क्षणम्, अभ्यनन्दत् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—अमृत कुंड में रति के साथ कामदेव के स्नान करने के समय उठने वाले नवीन फेन की ढेरी के समान उस अत्यंत उजले कबूतर को देखकर शंकर जी क्षण भर के लिए मुग्ध हो गए ॥ ४ ॥

तस्याकृतिं कामपि वीक्ष्य दिव्यामन्तर्भवश्छद्मविहङ्गमग्निम् ।
विचिन्तयन्संविविदे स देवो भ्रूभङ्गभीमश्च रुषा बभूव ॥ ५ ॥

अन्वयः—अन्तर्भवः, सः, देवः, दिव्याम्, काम्, अपि, तस्य, आकृतिम्, वीक्ष्य, छद्मविहङ्गम्, अग्निम्, विचिन्तयन्, संविविदे, रुषा, भ्रूभङ्गभीमः, च, बभूव ॥ ५ ॥

भाषार्थ—किन्तु उसकी इस दिव्य और अलौकिक सुन्दरता को देखकर सर्वान्तर्व्यापी शिव जी थोड़ी देर विचार में मग्न हो गए और जब उन्होंने यह निश्चय रूप से जान लिया कि यह कपट वेशधारी अग्निदेव हैं तो उनकी क्रोध से टेढ़ी भौंहें अत्यंत भयंकर हो उठीं ॥ ५ ॥

स्वरूपमास्थाय ततो हुताशस्त्रसन्वलत्कम्पकृताञ्जलिः सन् ।
प्रवेपमानो नितरां स्मरारिमिदं वचो व्यक्तमथाध्युवाच ॥ ६ ॥

अन्वयः—ततः, हुताशः, त्रसन्, स्वरूपम्, आस्थाय, अथ, वलत्कम्पकृताञ्जलिः, (तथा) नितराम्, प्रवेपमानः, सन्, स्मरारिम्, व्यक्तम्, इदम्, वचः, अध्युवाच ॥ ६ ॥

भाषार्थ—उनके इस रूप को देखते ही कपट वेश छोड़ कर अग्निदेव प्रकट हो गए और हिलते हुए हाथों को किसी प्रकार जोड़ कर भय से काँपते हुए सच्ची बात बता देने की इच्छा से इस प्रकार बोले ॥ ६ ॥

असि त्वमेको जगतामधीशः स्वर्गौकसां त्वं विपदो निहंसि ।
ततः सुरेन्द्रप्रमुखाः प्रभो त्वामुपासते दैत्यवरैर्विधूताः ॥ ७ ॥

अन्वयः—प्रभो ! त्वम्, एकः, जगताम्, अधीशः, असि, (अतएव) स्वर्गौकसाम्, विपदः, त्वम्, निर्हंसि, ततः, सुरेन्द्रप्रमुखाः, त्वाम्, उपासते, (यतः) दैत्यवरैः, विधूताः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—हे प्रभु, एकमात्र आप ही इस संसार के स्वामी हैं, और आप ही स्वर्ग में रहने वाले देवताओं की भी विपत्तियाँ दूर किया करते हैं इसीलिए इन्द्रादि बड़े-बड़े देवता जब-जब भीषण राक्षसों से पराजित होते हैं तब-तब आप ही की शरण में आते हैं ॥ ७ ॥

त्वया प्रियाप्रेमवशंवदेन शतं व्यतीये सुरतादृतूनाम् ।
रहःस्थितेन त्वदवीक्षणार्तो दैन्यं परं प्राप सुरैः सुरेन्द्रः ॥ ८ ॥

अन्वयः—प्रियाप्रेमवशंवदेन, त्वया, रहःस्थितेन, सुरताद्, ऋतूनाम्, शतम्, व्यतीये (अथ च) सुरेन्द्रः त्वदवीक्षणार्तः (सन्), सुरैः (सह), परम्, दैन्यम्, प्राप ॥ ८ ॥

भाषार्थ—किन्तु आपने अपनी प्रियतमा के वशीभूत होकर सम्भोग करने में ही सैकड़ों वर्ष बिता दिए और इस प्रकार इतने एकान्तवासी बन गए कि आप का दर्शन भी दुर्लभ हो गया । इस समय इन्द्रादि सभी देवता आपका दर्शन न होने से बहुत घबड़ा उठे हैं ॥ ८ ॥

त्वदीयसेवावसरप्रतीक्षैरभ्यर्थितः शक्रमुखैः सुरैस्त्वाम् ।
उपागतोऽन्वेष्टुमहं विहङ्गरूपेण विद्वन्समयोचितेन ॥ ९ ॥

अन्वय—विद्वन्, त्वदीयसेवावसरप्रतीक्षैः, शक्रमुखैः, सुरैः, अभ्यर्थितः, अहम्, त्वाम्, अन्वेष्टुम्, समयोचितेन, विहङ्गरूपेण, उपागतः (अस्मि) ॥ ९ ॥

भाषार्थ—वे सभी देवता आप का दर्शन पाने की प्रतीक्षा में लगे हुए हैं । उन्हीं लोगों की इच्छा से इन्द्र ने मुझे आपका पता लगाने के लिए भेजा है । मैंने यह जान करके ही कि आप इस समय सम्भोग क्रिया में ही लगे होंगे, पक्षी का वेश बनाकर यहाँ आने की धृष्टता की है ॥ ९ ॥

इति प्रभो चेतसि सम्प्रधार्य तन्नोऽपराधं भगवन्क्षमस्व ।
पराभिभूता वद किं क्षमन्ते कालातिपातं शरणार्थिनोऽमी ॥ १० ॥

अन्वयः—प्रभो, भगवन्, तत्, इति चेतसि, संप्रधार्य, नः, अपराधम् क्षमस्व, पराभिभूताः, शरणार्थिनः, अमी, कालातिपातम्, किम्, क्षमन्ते, वद ॥ १० ॥

भाषार्थ—हे प्रभो ! आप ही बताइए कि शत्रुओं से हार कर आपकी शरण में आए हुए ये देवता भला दर्शन में होने वाली इस देर को कब तक सहन करते। अतः इसे अपने मन में भली भाँति सोचकर हमारे इस अपराध को क्षमा कीजिए ॥ १० ॥

प्रभो प्रसीदाशु सृजात्मपुत्रं यं प्राप्य सेनान्यमसौ सुरेन्द्रः ।
स्वर्लोकलक्ष्मीप्रभुतामवाप्य जगत्त्रयं पाति तव प्रसादात् ॥ ११ ॥

अन्वयः—प्रभो ! प्रसीद, आत्मपुत्रम्, आशु, सृज, यम्, सेनान्यम्, प्राप्य, असौ, सुरेन्द्रः, तव, प्रसादात्, स्वर्लोकलक्ष्मीप्रभुताम्, अवाप्य, जगत्त्रयम्, पाति ॥ ११ ॥

भाषार्थ—हे प्रभो ! आप प्रसन्न होकर शीघ्र ही एक ऐसा पुत्र उत्पन्न कीजिए, जिसे यह इन्द्र अपना सेनापति बनाकर देवलोक की लक्ष्मी का स्वामी बन जाय और आपकी कृपा से फिर तीनों लोकों का पालन कर सके ॥ ११ ॥

स शङ्करस्तामिति जातवेदोविज्ञापनामर्थवतीं निशम्य ।
अभूत्प्रसन्नः परितोषयन्ति गीर्भिर्गिरीशा रुचिराभिरीशम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—स, शङ्करः, इति, अर्थवतीम्, ताम्, जातवेदोविज्ञापनाम्, निशम्य, प्रसन्नः, अभूत्, गिरीशाः, रुचिराभिः, गीर्भिः, ईशम्, परितोषयन्ति ॥ १२ ॥

भाषार्थ—शङ्कर जी अग्निदेव की इस यथार्थ प्रार्थना को सुनकर प्रसन्न हो गये क्योंकि बातचीत करने में कुशल सेवक अपनी मीठी बातों से अपने प्रभुओं को प्रसन्न कर लेते हैं ॥ १२ ॥

प्रसन्नचेता मदनान्तकारः स तारकारेर्जयिनो भवाय ।
शक्रस्य सेनाधिपतेर्जयाय व्यचिन्तयच्चेतसि भावि किञ्चित् ॥ १३ ॥

अन्वयः—प्रसन्नचेताः, सः, मदनान्तकारः, जयिनः, जयाय, सेनाधिपतेः, तारकारेः, भवाय, भावि, किञ्चित् चेतसि, व्यचिन्तयत् ॥ १३ ॥

भाषार्थ—कामदेव को मिटा देने वाले तथा सर्वदा प्रसन्न रहने वाले शङ्कर जी ने तब ऐसे पुत्र के जन्म देने के बारे में विचार करना प्रारम्भ किया जो सेनापति बनकर तारक को मार सके और युद्ध में इन्द्र को जिता सके ॥१३॥

युगान्तकालाग्निमिवाविषह्यं परिच्युतं मन्मथरङ्गभङ्गात् ।
रतान्तरेतः स हिरण्यरेतस्यथोर्ध्वरेतास्तदमोघमाधात् ॥ १४ ॥

अन्वयः—अथ, सः, युगान्तकालाग्निम्, इव, अविषह्यम्, मन्मथ-रङ्गभङ्गात्, परिच्युतम्, अमोघम्, तत्, रतान्तरेतः हिरण्यरेतसि, आधात्, (यतः), ऊर्ध्वरेताः ॥ १४ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् काम-क्रीडा के भंग होने के कारण अपने वीर्य को ऊपर खींचने में समर्थ शङ्कर जी ने सम्भोग के अन्त में निकले हुए, प्रलय काल की अग्नि के समान असहनीय तथा उत्पादन में अचूक वीर्य अग्नि को दे दिया ॥ १४ ॥

अथोष्णबाष्पानिलदूषितान्तं विशुद्धमादर्शमिवात्मदेहम् ।
बभार भूम्ना सहसा पुरारिरेतः परिक्षेपकुवर्णमग्निः ॥ १५ ॥

अन्वयः—अथ, अग्निः, आत्मदेहम्, उष्णबाष्पानिलदूषितान्तम्, आदर्शम्, इव, सहसा, भूम्ना, पुरारिरेतः, परिक्षेपकुवर्णम्, बभार ॥ १५ ॥

भाषार्थ—जैसे निर्मल शीशे पर फूँक मारते ही वह धुँधला पड़ जाता है उसी प्रकार अग्नि का तेजस्वी शरीर उस शङ्कर के महा तेजस्वी वीर्य को धारण करते ही तेजहीन होकर धुँधला पड़ गया ॥ १५ ॥

त्वं सर्वभक्षो भव भीमकर्मा कुष्ठाभिभूतोऽनल ! धूमगर्भः ।
इत्थं शशापाद्रिसुता हुताशं रुष्टा रतानन्दसुखस्य भङ्गात् ॥ १६ ॥

अन्वयः—रतानन्दसुखस्य, भङ्गात्, रुष्टा, अद्रिसुता, 'अनल ! त्वम्, सर्वभक्षः, भीमकर्मा, कुष्ठाभिभूतः, धूमगर्भः भव' इत्थम्, शशाप ॥ १७ ॥

भाषार्थ—उस समय सम्भोग सुख में इस प्रकार बाधा उपस्थित होने से पार्वती जी अत्यन्त क्रुद्ध हो उठीं और उन्होंने अग्नि को शाप दे दिया कि तुम आज से पवित्र अपवित्र सभी वस्तुओं के भक्षण करने वाले, जलाने का भीषण कार्य करने वाले तथा कोढ़ी हो जाओगे और तुम सर्वदा धुएँ से भरे रहोगे ॥ १६ ॥

दक्षस्य शापेन शशी क्षयीव प्लुष्टो हिमेनेव सरोजकोशः ।
वहन्विरूपं वपुरुग्ररेतश्चयेन वह्निः किल निर्जगाम ॥ १७ ॥

अन्वयः—वह्निः, दक्षस्य, शापेन, क्षयी, शशी, इव हिमेन, प्लुष्टः, सरोज-कोशः, इव उग्ररेतश्चयेन, विरूपम्, वपुः, वहन्, निर्जगाम किल ॥ १७ ॥

भाषार्थ—शंकर जी का वीर्य ग्रहण करने के कारण अग्निदेव का रूप उसी प्रकार नष्टभ्रष्ट हो गया जैसे दक्ष के शाप से क्षय के रोगी चन्द्रमा और पाले

से मारे जाने पर कमल का हो जाता है। अग्नि अपने उसी कुरूप शरीर को लिए हुए उस घर से बाहर निकले ॥ १७ ॥

स पावकालोकरुषा विलक्षां स्मरत्रपास्मेरविनम्रवक्त्राम् ।
विनोदयामास गिरीन्द्रपुत्रीं शृङ्गारगर्भैर्मधुरैर्वचोभिः ॥ १८ ॥

अन्वयः—पावकालोकरुषा, विलक्षाम्, (तथा), स्मरत्रपास्मेरविनम्रवक्त्राम्, गिरीन्द्रपुत्रीम्, सः, शृङ्गारगर्भैः, मधुरैः, वचोभिः, विनोदयामास ॥ १८ ॥

भावार्थ—सम्भोग की स्थिति में ही अग्नि द्वारा देख लिए जाने के कारण पार्वती जी अत्यंत क्रुद्ध हो उठीं जिससे उनका शरीर तमतमा उठा। उस समय कामभावना तथा लज्जा से मंद-मंद हँसती हुई तथा मुख नीचा करके बैठी हुई पार्वती जी को शंकर जी शृङ्गार भरी मधुर उक्तियों से मनाने लगे ॥ १८ ॥

हरो विकर्णं घनघर्मतोयैर्नेत्राञ्जनाङ्कं हृदयप्रियायाः ।
द्वितीयकौपीनचलाञ्चलेनाहरन्मुखेन्दोरकलङ्किनोऽस्याः ॥ १९ ॥

अन्वयः—हरः, हृदयप्रियायाः, अस्याः, अकलङ्किनः, मुखेन्दोः, घनघर्मतोयैः, विकीर्णम्, नेत्राञ्जनाङ्कम्, द्वितीयकौपीनचलाञ्चलेन, अहरत् ॥ १९ ॥

भावार्थ—अपनी प्राणप्रिया के निष्कलंक मुख-चंद्र पर पसीने की अधिकता से बहकर फैले हुए आँजन के काले-काले धब्बों को शंकर जी ने कंधे पर लटके हुए दूसरे कौपीन के छोर से पोछ कर पुनः निष्कलंक बना दिया ॥ १९ ॥

मन्देन स्विन्नाङ्गुलिना करेण कम्पेन तस्या वदनारविन्दात् ।
परामृशन्घर्मजलं जहार हरः सहेलं व्यजनानिलेन ॥ २० ॥

अन्वयः—हरः, मन्देन, स्विन्नाङ्गुलिना (तथा), कम्पेन, करेण, तस्याः, वदनारविन्दात्, घर्मजलम्, परामृशन्, सहेलम् (यथा तथा), व्यजनानिलेन, जहार ॥ २० ॥

भावार्थ—अपनी शिथिल उँगुलियों वाले काँपते हाथों से पार्वती के मुखकमल पर आई हुई पसीने की बूँदों को धीरे-धीरे पोंछते हुए शंकर जी ने पंखे की वायु से उसे सुखा दिया ॥ २० ॥

रतिश्लथं तत्कबरीकलापमंसावसक्तं विगलत्प्रसूनम् ।
स पारिजातोद्भवपुष्पमय्या स्रजा बबन्धामृतमूर्तिमौलिः ॥ २१ ॥

अन्वयः—अमृतमूर्तिमौलिः सः, रतिश्लथम्, अंसावसक्तम्, विगलत्प्रसूनम्, तत्कबरीकलापम्, पारिजातोद्भवपुष्पमय्या, स्रजा, बबन्ध ॥ २१ ॥

भाषार्थ—सम्भोग करते समय पार्वती जी को चोटी उनके कंधो पर बिखर गई थी जिससे उसमें गुथे हुए फूल भी झड़ गए थे। शंकर जी ने उन बिखरे हुए बालों को पारिजात के फूलों की माला से बाँध दिया ॥ २१ ॥

कपोलपाल्यां मृगनाभिचित्रपत्रावलीमिन्दुमुखः सुमुख्याः ।
स्मरस्य सिद्धस्य जगद्विमोहमन्त्राक्षरश्रेणिमिवोल्लिलेख ॥ २२ ॥

अन्वयः—इन्दुमुखः, सुमुख्याः, कपोलपाल्याम्, मृगनाभिचित्रपत्रावलीम्, सिद्धस्य, स्मरस्य, जगद्विमोहमन्त्राक्षरश्रेणिम्, इव, उल्लिलेख ॥ २२ ॥

भाषार्थ—चंद्रमा के समान मुखवाले भगवान् शिव ने सुमुखी पार्वती के कपोलों पर कस्तूरी रस से विभिन्न प्रकार के चित्र अंकित कर दिये। उस समय वह ऐसे प्रतीत होने लगे मानो कामदेव के मोहन मंत्र के अक्षरों की पंक्तियाँ हों, जिनसे वह संसार को वशीभूत करता है ॥ २२ ॥

रथस्य कर्णावभि तन्मुखस्य ताटङ्कचक्रद्वितयं न्यधात्सः ।
जगज्जिगीषुर्विषमेषुरेष ध्रुवं यमारोहति पुष्पचापः ॥ २३ ॥

अन्वयः—सः, कर्णौ अभि, तन्मुखस्य, रथस्य, ताटङ्कचक्रद्वितयम् न्यधात्, (यतः), विषमेषुः, एषः, पुष्पचापः, जगज्जिगीषुः, यम्, आरोहति, ध्रुवम् ॥२३॥

भाषार्थ—शङ्कर जी ने पार्वती जी के कानों में दो कर्णफूल पहिना दिये जिससे उनका मुख विश्वविजय की इच्छा से निकले हुए कामदेव के रथ के समान प्रतीत होने लगा और वे दोनों गोल-गोल कर्णफूल उस रथ के दोनों पहियों जैसे लगने लगे ॥ २३ ॥

तस्याः स कण्ठे पिहितस्तनाग्रां न्यधत्त मुक्ताफलहारवल्लीम् ।
या प्राप मेरुद्वितयस्य मूर्ध्नि स्थितस्य गङ्गौघयुगस्य लक्ष्मीम् ॥२४॥

अन्वयः—सः तस्याः, कण्ठे, पिहितस्तनाग्राम्, मुक्ताफलहारवल्लीम्, न्यधत्त, या, मेरुद्वितयस्य, मूर्ध्नि, स्थितस्य, गङ्गौघयुगस्य, लक्ष्मीम्, प्राप ॥ २४ ॥

भाषार्थ—जब शंकर जी ने पार्वती जी के कंठ में मोतियों की माला पहना दी तो उनके दोनों स्तनों की घुंडियों को छूकर नीचे की ओर लटकती हुई वह ऐसी सुन्दर प्रतीत होने लगी मानों दो मेरु पहाड़ की दो चोटियों से गंगा की दो धारायें गिर रही हों ॥ २४ ॥

नखव्रणश्रेणिवरे बबन्ध नितम्बबिम्बे रशनाकलापम् ।
चलस्वचेतोमृगबन्धनाय मनोभुवः पाशमिव स्मरारिः ॥ २५ ॥

अन्वयः—स्मरारिः, नखव्रणश्रेणिवरे (तस्याः), नितम्बबिम्बे, रशनाकलापम्, चलस्वचेतोमृगबन्धनाय, मनोभुवः, पाशम्, इव बबन्ध ॥ २५ ॥

भाषार्थ—शंकर जी ने अपने नाखूनों के चिह्नों से सुशोभित पार्वती जी के नितम्बों पर करधनी पहना दी। उस समय वह ऐसी प्रतीत होने लगी मानो कामदेव ने अपने चंचल मनरूपी मृग को फँसाने के लिए फन्दा डाल रखा हो ॥ २५ ॥

भालेक्षणाग्नौ स्वयमञ्जनं स भङ्क्त्वा दृशोः साधु निवेश्य तस्याः ।
नवोत्पलाक्ष्याः पुलकोपगूढे कण्ठे विनीलेऽङ्गुलिमुज्जघर्ष ॥ २६ ॥

अन्वयः—सः, मालेक्षणाग्नौ, अञ्जनम्, स्वयम्, भङ्क्त्वा (अथच), नवोत्पलाक्ष्याः, तस्याः, दृशोः, साधु, निवेश्य, पुलकोपगूढे, विनीले, कण्ठे, अङ्गुलिम्, उज्जघर्ष ॥ २६ ॥

भाषार्थ—शङ्कर जी ने अपने ललाट में जलने वाले नेत्र रूपी दीपक से स्वयं काजल पार कर पार्वती जी के नये कमल जैसे नेत्रों में लगा दिया और उँगली में लगे हुए काजल को पोंछने के लिए रोमाञ्च से भरे हुए अपने साँवले कण्ठ में उँगली को रगड़ दिया ॥ २६ ॥

अलक्तकं पादसरोरुहाग्रे सरोरुहाक्ष्याः किल सन्निवेश्य ।
स्वमौलिगङ्गासलिलेन हस्तारुणत्वमक्षालयदिन्दुचूडः ॥ २७ ॥

अन्वयः—इन्दुचूडः, सरोरुहाक्ष्याः, पादसहोरुहाग्रे, अलक्तकम्, सन्निवेश्य, किल, स्वमौलिगङ्गासलिलेन, हस्तारुणत्वम्, अक्षालयत् ॥ २७ ॥

भाषार्थ—कमल के समान नेत्रों वाली पार्वती के चरण कमलों में अपने हाथ से महावरी लगाने के बाद शङ्कर जी ने उसे अपने सिर पर बहने वाली गंगा के जल में धो लिया ॥ २७ ॥

भस्मानुलिप्ते वपुषि स्वकीये सहेलमादर्शतलं विमृज्य ।
नेपथ्यलक्ष्म्याः परिभावनार्थमदर्शयज्जीवितवल्लभां सः ॥ २८ ॥

अन्वयः—सः, आदर्शतलम्, भस्मानुलिप्ते, स्वकीये, वपुषि, विमृज्य, नेपथ्यलक्ष्म्याः, परिमावनार्थम्, सहेलम् (यथा तथा), जीवितवल्लभाम्, अदर्शयत् ॥ २८ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् बड़ी प्रसन्नता के साथ शङ्कर जी ने अपने भस्म लगे हुए शरीर पर रगड़ कर दर्पण को साफ कर डाला और सौभाग्यवती पार्वती को उस शृङ्गारकी शोमा दिखाने के लिए दर्पण को उनके आगे रख दिया ॥ २८ ॥

प्रियेण दत्ते मणिदर्पणे सा सम्भोगचिह्नं स्ववपुर्विभाव्य ।
त्रपावती तत्र घनानुरागं रोमाञ्चदम्भेन बहिर्बभार ॥ २९ ॥

अन्वयः—प्रियेण, दत्ते, मणिदर्पणे, सम्भोगचिह्नम्, स्ववपुर्विभाव्य, त्रपावती, सा (पार्वती), तत्र, घनानुरागम्, रोमाञ्चदम्भेन, बहिः, बभार ॥ २९ ॥

भावार्थ—शङ्कर जी द्वारा सामने रखे गए मणि-दर्पण में अपने शरीर पर बने सम्भोग चिन्हों को देखकर पार्वती जी लजा गईं और उस कामसुख का स्मरण करके रोमाञ्चित हो उठीं। उस समय उनके रोमाञ्च ऐसे प्रतीत हुए मानो शिव के प्रति उनके हृदय का प्रेम ही रोमों-रोमों से फूटकर बाहर आ गया हो ॥ २९ ॥

नेपथ्यलक्ष्मीं दयितोपक्लृप्तां सस्मेरमादर्शतले विलोक्य ।
अमंस्त सौभाग्यवतीषु धुर्यामात्मानमुद्धूतविलक्षभावा ॥ ३० ॥

अन्वयः—(सा पार्वती), आदर्शतले, दयितोपक्लृप्ताम्, नेपथ्यलक्ष्मीम् सस्मेरम् (यथा तथा) विलोक्य, उद्धूतविलक्षभावा (सती) आत्मानम्, सौभाग्यवतीषु, धुर्याम्, अमंस्त ॥ ३० ॥

भावार्थ—अपने प्रिय शिवजी के हाथों से किए गए शृङ्गार की शोभा उस दर्पण में देखकर पार्वती जी मुस्करा उठीं, उनका सारा क्रोध दूर हो गया और वह अपने आपको सौभाग्यवती स्त्रियों में सर्वश्रेष्ठ समझने लगीं ॥ ३० ॥

अन्तः प्रविश्यावसरेऽथ तत्र स्निग्धे वयस्ये विजया जया च ।
सुसम्पदोपाचरतां कलानामङ्के स्थितां तां शशिखण्डमौलेः ॥ ३१ ॥

अन्वयः—अथ, तत्र अवसरे, विजया, जया, च (उभे), स्निग्धे, वयस्ये, अन्तः, प्रविश्य, तत्र, शशिखण्डमौलेः, अङ्के, स्थिताम्, ताम्, कलानाम्, सुसम्पदा, उपाचरताम् ॥ ३१ ॥

भावार्थ—इसी बीच पार्वती जी की प्रिय सखियाँ उचित अवसर जान कर घर के भीतर पहुँची और शङ्कर जी की गोद में बैठी हुई पार्वती जी को अपनी निपुण शृङ्गार रचना की शोभा से सजाने लगीं ॥ ३१ ॥

व्यधुर्बहिर्मङ्गलगानमुच्चैर्वैतालिकाश्चित्रचरित्रचारु ।
जगुश्च गन्धर्वगणाः सशङ्खस्वनं प्रमोदाय पिनाकपाणेः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—बहिः, वैतालिकाः, चित्रचरित्रचारु, मङ्गलगानम्, उच्चैः, व्यधुः, गन्धर्वगणाः, च, पिनाकपाणेः, प्रमोदाय, सशङ्खस्वनम् (यथा तथा) जगुः ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—इधर बाहर खड़े चारणों ने उस समय शङ्कर जी को प्रसन्न करने के लिए उनके सुन्दर चरित्र का मंगलगान करना प्रारम्भ किया और गन्धर्व लोग उसका साथ देने के लिए शङ्ख बजाने लगे ॥ ३२ ॥

ततः स्वसेवावसरे सुराणां गणांस्तदालोकनतत्पराणाम् ।
द्वारि प्रविश्य प्रणतोऽथ नन्दी निवेदयामास कृताञ्जलिः सन् ॥ ३३ ॥

अन्वयः—ततः, स्वसेवावसरे, तदालोकनतत्पराणाम्, सुराणाम्, गणान्, नन्दी, प्रणतः, अथ, द्वारि, प्रविश्य, कृताञ्जलिः, सन्, निवेदयामास ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—ठीक इसी समय अपनी सेवा का उचित समय जानकर नन्दी उस घर के दरवाजे के भीतर गया और उसने हाथ जोड़कर भगवान् शङ्कर जी को सूचित किया कि सभी देवता आपके दर्शन की उत्सुकता लिए हुए बाहर प्रतीक्षा कर रहे हैं ॥ ३३ ॥

महेश्वरो मानसराजहंसीं करे दधानस्तनयां हिमाद्रेः ।
सम्भोगलीलालयतः सहेलं हरो बहिस्तानभि निर्जगाम् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—महेश्वरः हरः, मानसराजहंसीम्, हिमाद्रेः, तनयाम्, करे, दधानः (सन्), सम्भोगलीलालयतः, बहिः, तानभि सहेलम् (यथा तथा), निर्जगाम् ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—यह सुनकर भगवान शङ्कर अपने हृदय मानस में राजहंसी के समान विहार करने वाली पार्वती का हाथ पकड़े हुए देवताओं को दर्शन देने के लिए बड़ी प्रसन्नता के साथ उस सम्भोग-भवन से बाहर आए ॥ ३४ ॥

क्रमान्महेन्द्रप्रमुखाः प्रणेमुः शिरोनिबद्धाञ्जलयो महेशम् ।
प्रालेयशैलाधिपतेस्तनूजां देवीं च लोकत्रयमातरं ते ॥ ३५ ॥

अन्वयः—महेन्द्रप्रमुखाः ते, शिरोनिबद्धाञ्जलयः, महेशम्, प्रालेयशैलाधिपतेः, तनूजाम्, लोकत्रयमातरम्, देवीम्, च, क्रमात्, प्रणेमुः ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—उन्हें देखते ही इन्द्र आदि प्रमुख देवताओं ने बारी-बारी से हाथ जोड़ कर सिर से लगाते हुए शङ्कर जी को तथा तीनों लोकों की माता हिमालय की पुत्री पार्वती जी को प्रणाम किया ॥ ३५ ॥

यथागतं तान्विबुधान्विसृज्य प्रसाद्य मानक्रियया प्रतस्थे ।
स नन्दिना दत्तभुजोऽधिरुह्य वृषं वृषाङ्कः सह शैलपुत्र्या ॥ ३६ ॥

अन्वयः—सः वृषाङ्कः, तान्, विबुधान्, मानक्रियया, प्रसाद्य, यथाग-

तम्, विसृज्य, नन्दिना, दत्तभुजः, शैलपुत्र्या, सह, वृषम्, अधिरुह्य, प्रतस्थे ॥ ३६ ॥

भावार्थ—इसके पश्चात् शङ्कर जी ने अत्यन्त सम्मानोचित सत्कार के साथ देवताओं को प्रसन्न करके विदा कर दिया और नन्दी के हाथ का सहारा लेते हुए पार्वती जी के साथ बैल पर सवार होकर वह स्वयं भी वहाँ से चल पड़े ॥ ३६ ॥

मनोतिवेगेन ककुद्मता स प्रतिष्ठमानो गगनाध्वनोऽन्तः ।
वैमानिकैः साञ्जलिभिर्ववन्द विहारहेलागतिभिर्गिरीशः ॥ ३७ ॥

अन्वयः—मनोतिवेगेन, ककुद्मता, गगनाध्वगः, अन्तः, प्रतिष्ठमानः, सः, विहारहेलागतिभिः, वैमानिकैः, साञ्जलिभिः, ववन्दे ॥ ३७ ॥

भावार्थ—मन से भी तीव्र वेग वाले बैल पर बैठकर जिस समय शङ्करजी आकाश मार्ग से जाने लगे उस समय अपने-अपने विमानों पर बैठकर आकाश में विहार करने वाले देवताओं ने हाथ जोड़-जोड़ कर उनका अभिवादन किया ॥ ३७ ॥

स्वर्वाहिनीवारिविहारचारी रतान्तनारीश्रमशान्तिकारी ।
तौ परिजातप्रसवप्रसङ्गो मरुत्सिषेवे गिरिजागिरीशौ ॥ ३८ ॥

अन्वयः—तौ, गिरिजागिरीशौ, स्वर्वाहिनीवारिविहारचारी, रतान्तनारीश्रमशान्तिकारी, पारिजातप्रसवप्रसङ्गः, मरुत्, सिषेवे ॥ ३८ ॥

भावार्थ—उस समय आकाश गंगा के जलकणों से भरे तथा पारिजात के फूलों की सुगन्ध से सुवासित एवं रति के अंत में स्त्रियों की रतिजनित थकान को दूर करने वाले वायु ने चलकर शङ्कर जी तथा पार्वती जी की बड़ी सेवा की।३८।

पिनाकिनापि स्फटिकाचलेन्द्रः कैलासनामा कलिताम्बरांशः ।
धृतार्धसोमोऽद्भुतभोगिभोगो विभूतिधारी स्व इव प्रपेदे ॥ ३९ ॥

अन्वयः—पिनाकिना, अपि, कलिताम्बरांशः, धृतार्धसोमः, अद्भुतभोगिभोगः, विभूतिधारी, कैलासनामा, स्फटिकाचलेन्द्रः, स्वः इव, प्रपेदे ॥ ३९ ॥

भावार्थ—इस प्रकार चलते-चलते शङ्कर जी अपने समान ही महत्वशाली स्फटिक मणियों से निर्मित पहाड़ों के राजा कैलास पर पहुँचे । जिस प्रकार शङ्कर जी अपने महत्व के कारण चारों ओर आकाश से सुशोभित हैं उसी प्रकार कैलास भी चारों ओर आकाश से घिरा है । भगवान् शङ्कर जी अपनी चोटी पर अर्द्ध-चन्द्रमा को धारण करने वाले हैं तो कैलास अपनी चोटी पर 'सोम'

नामधारी शिव को धारण करने वाला है शङ्कर जी के शरीर पर भोगी (सांप) अद्भुत ढंग से भोग (विचरण) करते रहते हैं और कैलास पर भोगी लोग (कामी लोग) अद्भुत भोग (सम्भोग) करते रहते हैं। शङ्कर जी विभूतिधारी (भस्म रमाने वाले) हैं तो कैलास भी विभूतिधारी (रत्नमणि आदि ऐश्वर्यधारी) है। इस प्रकार दोनों की महत्ता एक जैसी ही है ॥ ३९ ॥

विलोक्य यत्र स्फटिकस्य भित्तौ सिद्धाङ्गनाः स्वं प्रतिबिम्बमारात् ।
भ्रान्त्या परस्या विमुखीभवन्ति प्रियेषु मानग्रहिला नमत्सु ॥ ४० ॥

अन्वयः—यत्र, स्फटिकस्य, भित्तौ, आरात्, स्वम्, प्रतिबिम्बम्, विलोक्य, परस्याः, भ्रान्त्या, मानग्रहिलाः, सिद्धाङ्गनाः, प्रियेषु, नमत्सु, अपि, विमुखीभवन्ति ॥ ४० ॥

भाषार्थ—उस कैलास पर्वत की स्फटिक निर्मित चट्टानों के पास अपने पतियों के साथ जाने वाली सिद्धों की स्त्रियाँ उसमें पड़े हुए प्रतिबिम्ब को देखकर भ्रम में यह समझ लेती हैं कि हमारे पति दूसरी स्त्रियों के साथ विहार कर रहे हैं, जिससे वे अपने पतियों के लाख मनाने पर भी रूठी ही रह जाती हैं ॥ ४० ॥

सुबिम्बितस्य स्फटिकांशुगुप्तेश्चन्द्रस्य चिह्नप्रकरः करोति ।
गौर्यार्पितस्येव रसेन यत्र कस्तूरिकाया शकलस्य लीलाम् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—यत्र, सुबिम्बितस्य, स्फटिकांशुगुप्तेः, चन्द्रस्य, चिह्नप्रकरः, गौर्या, रसेन, अर्पितस्य, कस्तूरिकायाः शकलस्य, लीलाम्, करोति ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—जब उस स्फटिकमय कैलास पर चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब पड़ता है तो उसका उज्ज्वल अंश तो उसमें घुल मिलकर छिप जाता है और कलंक की छाया पड़ी रह जाती है, जो ऐसी प्रतीत होती है मानो पार्वती जी ने उसपर पीसी हुई कस्तूरी की पिंडी लगा दी हो ॥ ४१ ॥

यदीयभित्तौ प्रतिबिम्बताङ्गमात्मानमालोक्य रुषा करीन्द्राः ।
मत्तान्यकुम्भिभ्रमतोऽतिभीमदन्ताभिघातव्यसनं वहन्ति ॥४२॥

अन्वयः—करीन्द्राः, आत्मानम्, यदीयभित्तौ, प्रतिबिम्बिताङ्गम्, आलोक्य, मत्तान्यकुम्भिभ्रमतः, रुषा, अतिभीमदन्ताभिघातव्यसनम्, वहन्ति ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—जिसकी दीवारों पर पड़ने वाली अपनी ही छाया देख-देख कर, उसे दूसरा मतवाला हाथी समझने वाले मतवाले हाथी क्रोध में आकर

उसपर अपने भयंकर दाँतों की चोट कर-करके उसके प्रतिघात से दुःखी होते रहते हैं ॥ ४२ ॥

निशासु यत्र प्रतिबिम्बितानि ताराकुलानि स्फटिकालयेषु ।
दृष्ट्वा रतान्तच्युततारहारमुक्ताभ्रमं बिभ्रति सिद्धवध्वः ॥४३॥

अन्वयः—यत्र, स्फटिकालयेषु, प्रतिबिम्बितानि, ताराकुलानि, निशासु, दृष्ट्वा, सिद्धवध्वः, रतान्तच्युततारहारमुक्ताभ्रमम्, बिभ्रति ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—जहाँ स्फटिकमणि से बने महलों पर पड़ती हुई तारों की छाया देखकर सिद्धों की स्त्रियाँ इस भ्रम में पड़ जाती है कि ये कहीं सम्भोग के समय टूटे हुए हार के बिखरे हुए मोतियों के दाने तो नहीं ॥ ४३ ॥

नभश्चरीमण्डनदर्पणश्रीः सुधानिधिर्मूर्धनि यस्य तिष्ठन् ।
अनर्घ्यचूडामणितामुपैति शैलाधिनाथस्य शिवालयस्य ॥ ४४ ॥

अन्वयः—नभश्चरीमण्डनदर्पणश्रीः, सुधानिधिः, यस्य, मूर्धनि, तिष्ठन्, शिवालयस्य, शैलाधिनाथस्य, अनर्घ्यचूडामणिताम्, उपैति ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—अप्सराओं के श्रृङ्गार-दर्पण के समान सुन्दर लगने वाला चन्द्रमा जब उस कैलास की चोटी पर पहुँच जाता है तो वह भगवान् शिव के निवास-स्थान हिमालय का अनमोल चूड़ामणि जैसा प्रतीत होने लगता है ॥ ४४ ॥

समीयिवांसो रहसि स्मरार्ता रिरंसवो यत्र सुराः प्रियाभिः ।
एकाकिनोऽपि प्रतिबिम्बभाजो विभान्ति भूयोभिरिवान्विताः स्वैः ॥४५॥

अन्वयः—यत्र, सुराः स्मरार्ताः (अत एव), रिरंसवः, प्रियाभिः (सह), एकाकिनः, अपि, रहसि समीयिवांसः, भूयोभिः, स्वैः, अन्विताः, इव, विभान्ति, (यतः), प्रतिबिम्बभाजः ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—कामभावना से व्याकुल देवता लोग जब अपनी-अपनी देवियों के साथ एकान्त विहार करने की अभिलाषा से वहाँ आते हैं तो अकेले होने पर भी उसपर पड़ने वाली अपनी अनेकों छायायें देखकर उन्हें ऐसा भ्रम हो जाता है मानो उनके अनेकों रूप हो गए हों ॥ ४५ ॥

देवोऽपि गौर्या सह चन्द्रमौलिर्यदृच्छया स्फाटिकशैलश्रृङ्गे ।
श्रृङ्गारचेष्टाभिरनारताभिर्मनोहराभिर्व्यहरच्चिराय ॥ ४६ ॥

अन्वयः—चन्द्रमौलिः, देवः, अपि, स्फाटिकशैलश्रृङ्गे, गौर्या, सह, यदृच्छया, मनोहराभिः (अत एव) अनारताभिः श्रृङ्गारचेष्टाभिः चिराय, व्यहरत् ॥ ४६ ॥

भावार्थ—उसी मनोहर कैलास की एक स्फटिकमयी चोटी पर अपनी प्रिया पार्वती जी के साथ भगवान् शंकर जी ने बहुत दिनों तक लगातार मनोनुकूल अनेक प्रकार की काम क्रीडाओं में अपना समय बिताया ॥ ४६ ॥

देवस्य तस्य स्मरसूदनस्य हस्तं समालिङ्ग्य सुविभ्रमश्रीः ।
सा नन्दिना वेत्रभृतोपदिष्टमार्गा पुरोगेण कलं चचाल ॥४७॥

अन्वयः—सुविभ्रमश्रीः, सा स्मरसूदनस्य, तस्य, देवस्य, हस्तम्, समालिङ्ग्य, वेत्रभृता, पुरोगेण, नन्दिना, उपदिष्टमार्गा, कलम् (यथा तथा), चचाल ॥४७॥

भावार्थ—अपनी रसमयी भाव-भंगियों से लुभावनी पार्वती शङ्कर जी के हाथ में हाथ डाले हुए उन पथों पर धीरे-धीरे घूमा करती थीं जिन्हें हाथ में बेंत लेकर आगे-आगे चलने वाला नान्दी बताता जाता था ॥ ४७ ॥

चलच्छिखाग्रो विकटाङ्गभङ्गः सुदन्तुरः शुक्लसुतीक्ष्णतुण्डः ।
भ्रुवोपदिष्टः स तु शङ्करेण तस्या विनोदाय ननर्त भृङ्गी ॥४८॥

अन्वय—चलच्छिखाग्रः, विकटाङ्गभङ्गः, सुदन्तुरः, शुक्लसुतीक्ष्णतुण्डः, सः (प्रसिद्धः), भृङ्गी, तस्याः, विनोदाय, शङ्करेण, भ्रुवा, उपदिष्टः (सन्), ननर्त ॥ ४८ ॥

भावार्थ—शंकर जी की भौंहों का संकेत पाकर सफेद ऊँचे तथा तेज दाँतों से युक्त मुँह, लहराती हुई चोटी तथा नृत्यकालीन विकट चेष्टाओं वाले नन्दी ने पार्वती जी का मन बहलाने के लिए अपना नृत्य दिखाना प्रारंभ किया ॥ ४८ ॥

कण्ठस्थलीलोलकपालमाला दंष्ट्राकरालाननमभ्यनृत्यत् ।
प्रीतेन तेन प्रभुणा नियुक्ता काली कलत्रस्य मुदे प्रियस्य ॥ ४९ ॥

अन्वयः—कण्ठस्थलीलोलकपालमाला, दंष्ट्रा करालाननम् (बिभ्रती), काली, प्रियस्य, कलत्रस्य, मुदे, तेन, प्रभुणा, प्रीतेन (सती), नियुक्ता, अभ्यनृत्यत् ॥ ४९ ॥

भावार्थ—तब अपनी प्रियपत्नी पार्वती को आनन्दित करने के लिए भगवान शंकर की प्रेरणा से गले में झूलती हुई खोपड़ियों की माला पहिने हुए भयावने दाँतों वाली कालिका भी नाचने लगी ॥ ४९ ॥

भयङ्करौ तौ विकटं नदन्तौ विलोक्य बाला भयविह्वलाङ्गी ।
सरागमुत्सङ्गमनङ्गशत्रोर्गाढं प्रसह्य स्वयमालिलिङ्ग ॥ ५० ॥

अन्वयः—विकटम्, नदन्तौ, भयङ्करौ, तौ, विलोक्य, भयविह्वलाङ्गी, बाला, प्रसह्य, स्वयम्, अनङ्गशत्रोः, उत्सङ्गम्, सरागम्, गाढम्, आलिलिङ्ग ।। ५० ।।

भाषार्थ--उन दोनों (शृंगी तथा कालिका) को भयंकर शब्द करते हुए देखकर भय से व्याकुल अंगों वाली पार्वती जी बलपूर्वक अत्यन्त प्रेम के साथ कामशत्रु शिव की गोद में स्वयं जाकर भलीभाँति चिपक गईं ।। ५१ ।।

उत्तुङ्गपीनस्तनपिण्डपीडं ससम्भ्रमं तत्परिरम्भमीशः ।
प्रपद्य सद्यः पुलकोपगूढः स्मरेण रूढप्रमदो ममाद ।। ५१ ।।

अन्वयः—ईशः, रूढमदः, उत्तुङ्गपीनस्तनपिण्डपीडम्, ससम्भ्रमम्, तत्, परिम्भम्, प्रपद्य, स्मरेण, सद्यः पुलकोपगूढः (सन्), ममाद ।। ५१ ।।

भाषार्थ--घबराहट में मतवाली पार्वती के चिपकने के समय उनके उठे हुए कठोर एवं गोल गोल स्तनों के छाती में लगते ही शंकर जी तत्काल ही रोमाञ्चित हो उठे और उनका कामवेग इतना बढ़ गया कि वह मतवाले हो गए ।। ५१ ।।

इति गिरितनुजाविलासलीलाविविधविभङ्गिभिरेष तोषितः सन् ।
अमृतकरशिरोमणिर्गिरीन्द्रे कृतवसतिर्वशिभिर्गणैर्ननन्द ।। ५२ ।

इति महाकवि-कालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
कैलासगमनो नाम नवमः सर्गः ।। ९ ।।

अन्वयः—गिरीन्द्रे, कृतवसतिर्वशिभिः, अमृतकरशिरोमणिः, एषः, इति, गिरितनुजाविलासलीलाविविधविभंगिभिः, तोषितः, सन्, वशिभिः, गणैः (सह), ननन्द ।। ५२ ।।

भाषार्थ--इस प्रकार पार्वती जी की अनेक भाव भंगियों से भरी क्रीड़ाओं तथा अनेक प्रकार की संभोग क्रियाओं से संतुष्ट होकर भगवान् शंकर जी अपने कैलासवासी गणों के साथ अत्यन्त प्रसन्न हुए ।। ५२ ।।

महाकवि कालिदासकृत कुमारसंभव महाकाव्य में
कैलास-गमन नाम नवाँ सर्ग समाप्त ।

दशमः सर्गः

(कुमार कार्तिकेय का जन्म)

आससाद सुनासीरं सदसि त्रिदशैः सह ।
एष त्रैयम्बकं तीव्रं वहन्वह्निर्महन्महः ॥ १ ॥

अन्वयः—एषः, वह्निः, तीव्रम्, महत्, त्रैयम्बकम्, महः वहन्, त्रिदशैः, सह, सदसि, सुनासीरम्, आससाद ॥ १ ॥

भावार्थ—अग्निदेव भगवान शंकर जी का वह तेजस्वी वीर्य लिये हुये देवताओं के साथ सभा में बैठे हुये इन्द्र के पास पहुँचे ॥ १ ॥

सहस्रेण दृशामीशः कुत्सिताङ्गं च सादरम् ।
दुर्दर्शनं ददर्शाग्निं धूम्रधूमितमण्डलम् ॥ २ ॥

अन्वयः—कुत्सिताङ्गम्, दुर्दर्शनम्, धूम्रधूमितमण्डलम्, अग्निम्, ईशः, दृशाम्, सहस्रेण, सादरं, ददर्श ॥ २ ॥

भावार्थ—इन्द्र ने बेढंगे अंगो के कारण अत्यन्त भद्दे तथा धुएं से काले पड़े हुए अग्निदेव को अपनी हजार आंखों से बड़े आदर के साथ देखा ॥ २ ॥

दृष्ट्वा तथाविधं वह्निमिन्द्रः क्षुब्धेन चेतसा ।
व्यचिन्तयच्चिरं किञ्चित्कन्दर्पद्वेषिरोषजम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—इन्द्रः, वह्निम्, तथाविघम्, दृष्ट्वा, क्षुब्वेन, चेतसा, कन्दर्पद्वेषिरोषजम्, किञ्चित्, चिरम्, व्यचिन्तयत् ॥ ३ ॥

भावार्थ—उन्होंने अग्नि का यह रूप देखकर अत्यंत दुःखी हृदय से थोड़ी देर विचार किया और यह निश्चय कर लिया कि अग्निदेव की यह दशा भगवान् शिव के क्रोध के कारण ही हुई है ॥ ३ ॥

स विलक्ष्यमुखैर्देवैर्वीक्ष्यमाणः क्षणं क्षणम् ।
उपाविशत्सुरेन्द्रेणादिष्टं सादरमासनम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—सः, विलक्ष्यमुखैः देवैः, क्षणम्, क्षणम्, वीक्ष्यमाणः (सन्), सुरेन्द्रेण, सादरम्, आदिष्टम्, आसनम्, उपाविशत् ॥ ४ ॥

भावार्थ—अग्निदेव, इन्द्र द्वारा आदर के साथ दिए हुए आसन पर बैठ गए, जिन्हें मलिन मुंह से सभी देवता बार-बार देख रहे थे ॥ ४ ॥

हव्यवाह त्वयासादि दुर्दशेयं दशा कुतः ।
इति पृष्टः सुरेन्द्रेण स निःश्वस्य वचोऽवदत् ॥ ५ ॥

अन्वयः—सः (हे), हव्यवाह, त्वया, दुदशा इयम्, दशा, कुतः, आसादि, इति, सुरेन्द्रेण, पृष्टः (सन्), निःश्वस्य, वचः, अवदत् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—तब इन्द्र ने अग्नि से पूछा कि हे अग्निदेव ! कहिए ! आपकी यह दुर्दशा किस प्रकार हुई ? इन्द्र के इस तरह पूछने पर लम्बी साँसें खींचते हुए अग्नि ने कहा ॥ ५ ॥

अनतिक्रमणीयात्ते शासनात्सुरनायक !
पारावतं वपुः प्राप्य वेपमानोऽतिसाध्वसात् ॥ ६ ॥
अभिगौरि रतासक्तं जगामाहं महेश्वरम् ।
कालस्येव स्मरारातेः स्वं रूपमहमासदम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—(हे), सुरनायक !, अहम्, पारावतम्, वपुः, प्राप्य, अनतिक्रमणीयात्, ते शासनात्, अभिगौरि, रतासक्तम् महेश्वरम्, जगाम, (अथ), अतिसाध्वसात्, वेपमानः, अहम्, कालस्य, इव, स्मराराते:, स्वम्, रूपम्, आसदम् ॥ ६-७ ॥

भाषार्थ—हे देवराज, आपकी अनुल्लंघनीय आज्ञा से मैं कबूतर बन कर डर से काँपता हुआ पार्वती जी के साथ सम्भोग करने में लगे हुए शंकर जी के पास जा पहुँचा किन्तु मुझे पहचानते ही जब वह काल के समान महा भयंकर हो उठे तब मैंने अपना सच्चा रूप ग्रहण कर लिया ॥ ६-७ ॥

दृष्ट्वा छद्मविहङ्गं मां सुज्ञो विज्ञाय जम्भभित् ।
ज्वलद्भालानले होतुं कोपनो माममन्यत ॥ ८ ॥

अन्वयः—(हे) जम्भभित्, सुज्ञः, माम्, दृष्ट्वा, छद्मविहङ्गम्, विज्ञाय, कोपनः, माम्, ज्वलद्भालानले, होतुम्, अमन्यत ॥ ८ ॥

भाषार्थ—हे इन्द्र ! सर्वज्ञ शंकर जी ने मुझे पक्षी के कपटवेष में देखते ही पहचान लिया और क्रुद्ध होकर मुझे अपने ललाट की जलती हुई अग्नि में झोंक कर भस्म करने का निश्चय कर लिया ॥ ८ ॥

वचोभिर्मधुरैः सार्थैर्विनम्रेण मया स्तुतः ।
प्रीतिमानभवद्देवः स्तोत्रं कस्य न तुष्टये ॥ ९ ॥

अन्वयः—मया, विनम्रेण, सार्थैः, मधुरैः, वचोभिः, स्तुतः देवः, प्रीतिमान्, अभवत्, स्तोत्रम्, कस्य तुष्टये, न ॥ ९ ॥

भाषार्थ—जब मैंने विनम्र होकर अभिप्राय युक्त मधुर वाणी से उनकी स्तुति की तो वह प्रसन्न हो गए क्योंकि अपनी प्रशंसा सभी को अच्छी लगती है ॥ ९ ॥

शरण्यः सकलत्राता मामत्रायत शङ्करः ।
क्रोधाग्नेर्ज्वलतो ग्रासात् त्रासतो दुर्निवारतः ॥ १० ॥

अन्वयः—शरण्यः, सकलत्राता, शङ्करः, ज्वलतः, दुर्निवारतः, क्रोधाग्नेः ग्रासात्, त्रासतः, माम्, अत्रायत ॥ १० ॥

भाषार्थ—शरण में आने वालों तथा सारे संसार की रक्षा करने वाले भगवान् शिव ने अपनी जलती हुई अनिवार्य क्रोधाग्नि में आहुति बन जाने के भय से मुझे बचा लिया ॥ १० ॥

परिहृत्य परीरम्भरभसं दुहितुर्गिरेः ।
कामकेलिरसोत्सेकाद् व्रीडया विरराम सः ॥ ११ ॥

अन्वयः—सः, गिरेः, दुहितुः, परीरम्भरभसम्, परिहृत्य, व्रीडया, कामकेलिरसोत्सेकात्, विरराम ॥ ११ ॥

भाषार्थ—तब उन्होंने तुरंत ही पार्वती जी के कसे हुए आलिंगनपाश से अपने को मुक्त कर लिया और लज्जित होकर सम्भोग-रस की इच्छा छोड़ कर उनसे अलग हो गए ॥ ११ ॥

रङ्गभङ्गच्युतं रेतस्तदामोघं सुदुर्वहम् ।
त्रिजगद्दाहकं सद्यो मद्विग्रहमधि न्यधात् ॥ १२ ॥

अन्वयः—तदा, रङ्गभङ्गच्युतम्, अमोघम्, त्रिजगद्दाहकम्, सुदुर्वहम् रेतः, मद्विग्रहम्, अधि, सद्यः, न्यधात् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—उस समय बीच ही में रति-क्रिया भंग हो जाने से उनका जो अचूक असह्य एवं तीनों लोकों को जलाने में समर्थ वीर्य क्षरित हुआ उसे उन्होंने मेरे शरीर में डाल दिया ॥ १२ ॥

दुर्विषह्येण तेनाहं तेजसा दहनात्मना ।
निर्दग्धमात्मनो देहं दुर्वहं वोढुमक्षमः ॥ १३ ॥

अन्वयः—दहनात्मना, दुर्विषह्येण, तेन, तेजसा, निर्दग्धम्, दुर्वहम्, आत्मनः, देहम्, वोढुम्, अहम्, अक्षमः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—उस जलाने वाले वीर्य के असह्य तेज से मैं इतना जला जा रहा हूँ कि अब मुझ में इस शरीर का असह्य बोझ ढोने की शक्ति नहीं रह गयी है ॥ १३ ॥

रौद्रेण दह्यमानस्य महसातिमहीयसा ।
मम प्राणपरित्राणप्रगुणो भव वासव ॥ १४ ॥

अन्वयः—(हे) वासव ! अतिमहीयसा, रौद्रेण, महसा, दह्यमानस्य, मम, प्राणपरित्राणप्रगुणः, मव ॥ १४ ॥

भावार्थ—इसलिए हे इन्द्र ! भगवान् शंकर के महाभयानक तेज में भस्म होने वाले मुझ दुःखी के प्राणों की रक्षा करने का यश प्राप्त कीजिए ॥ १४ ॥

इति श्रुत्वा वचो वह्नेः परितापोपशान्तये ।
हेतुं विचिन्तयामास मनसा विबुधेश्वरः ॥ १५ ॥

अन्वयः—विबुधेश्वरः, वह्नेः, इति, वचः, श्रुत्वा, परितापोशान्तये, मनसा, हेतुम्, विचिन्तयामास ॥ १५ ॥

भावार्थ—ऐसी बातें सुनकर देवताओं के स्वामी इन्द्र मन ही मन अग्नि की जलन मिटाने के लिए कोई उपाय सोचने लगे ॥ १५ ॥

तेजोदग्धानि गात्राणि पाणिनास्य परामृशन् ।
किञ्चित्कृपीटयोनिं तं दिवस्पतिरभाषत ॥ १६ ॥

अन्वयः—दिवस्पतिः, तम् कृपीटयोनिम्, तेजोदग्धानि, अस्य गात्राणि, पाणिना, परामृशन्, किञ्चित्, अमाषत ॥ १६ ॥

भावार्थ—तब शंकर जी के महातेज से जलते हुए अग्नि के अंगों पर हाथ फेरते हुए देवराज इन्द्र ने उनसे कहा ॥ १६ ॥

प्रीतः स्वाहास्वधाहन्तकारैः प्रीणयसे स्वयम् ।
देवान्पितृन्मनुष्याँस्त्वमेकस्तेषां मुखं यतः ॥ १७ ॥

अन्वयः—(भो अग्ने !), त्वम्, प्रीतः (सन्), स्वाहास्वधाहन्तकारैः, देवान्, पितृन् मनुष्यान् (च), स्वयम्, प्रीणयसे, यतः (त्वम्), एकः, (एव), तेषाम् मुखम् असि ॥ १७ ॥

भावार्थ—हे अग्निदेव, तुम 'स्वाहा', 'स्वधा' और 'वषट्' कहकर हवन करने के कारण स्वयम् प्रसन्न होकर देवताओं पितरों और मनुष्यों को भी प्रसन्न कर देते हो। क्योंकि केवल तुम्हीं उन सभी लोगों के मुख हो अर्थात् तुम्हारे ही मुख से सभी को अपना-अपना यज्ञ भाग प्राप्त होता है ॥ १७ ॥

त्वयि जुह्वति होतारो हवींषि ध्वस्तकल्मषाः ।
भुञ्जन्ति स्वर्गमेकस्त्वं स्वर्गप्राप्तौ हि कारणम् ॥ १८ ॥

अन्वयः—होतारः, हवींषि, त्वयि जुह्वति, ध्वस्तकल्मषाः, स्वर्गम्, भुञ्जन्ति, हि, त्वम् एकः, स्वर्गप्राप्तौ, कारणम् ॥ १८ ॥

भावार्थ—तुझमें हवन करने वाले होतागण सभी पापों से छुटकारा पाकर स्वर्गलोक में चले जाते हैं, क्योंकि स्वर्गप्राप्ति के सहायक एकमात्र तुम्हीं हो ॥ १८ ॥

हवींषि मन्त्रपूतानि हुताश त्वयि जुह्वतः ।
तपस्विनस्तपःसिद्धिं यान्ति त्वं तपसां प्रभुः ॥ १९ ॥

अन्वयः—(भो) हुताश !, तपस्विनः, मन्त्रपूतानि, हवींषि, त्वयि, जुह्वतः, तपः सिद्धिम्, यान्ति, (यतः), त्वम्, तपसाम्, प्रभुः ॥ १९ ॥

भावार्थ—हे अग्निदेव, तुझमें मंत्रों से पवित्र की गई हवन-सामग्री की आहुति देने वाले तपस्वी अपनी तपस्या का पूरा फल पा जाते हैं, क्योंकि तुम्हीं तप के एक मात्र देवता हो ॥ १९ ॥

निधत्से हुतमर्काय स पर्जन्योऽभिवर्षति ।
ततोऽन्नानि प्रजास्तेभ्यस्तेनासि जगतः पिता ॥ २० ॥

अन्वयः—(त्वम्), अर्काय, हुतम्, निधत्से, 'अतः' सः पर्जन्यः (सन्), अभिवर्षति, ततः, अन्नानि (उत्पद्यन्ते) तेभ्यः, प्रजाः (जायन्ते), तेन, जगतः, पिता (असि) ॥ २० ॥

भावार्थ—तुम सूर्य के निमित्त दी गई आहुति को धरोहर की भाँति लेकर उनके पास पहुँचा देते हो, जिससे सूर्य उसे बादल बनाकर बरसा देते हैं, जो अन्न की उत्पत्ति करता है, जिसे खाकर समस्त संसार के प्राणी जीते हैं। अतः तुम्हीं संसार के पिता भी हो ॥ २० ॥

अन्तश्चरोऽसि भूतानां तानि त्वत्तो भवन्ति च ।
ततो जीवितभूतस्त्वं जगतः प्राणदोऽसि च ॥ २१ ॥

अन्वयः—त्वम्, भूतानाम्, अन्तश्चरः, असि, तानि, च, त्वत्तः, भवन्ति, ततः, त्वम्, जीवितभूतः, जगतः, प्राणदः, च, असि ॥ २१ ॥

भावार्थ—तुम्हीं सभी प्राणियों के भीतर निवास करते हो और सभी प्राणी तुम्हीं से उत्पन्न भी होते हैं। इसलिए तुम्हीं संसार के जीवन और उसके प्राणदाता भी हो ॥ २१ ॥

जगतः सकलस्यास्य त्वमेकोऽस्युपकारकृत् ।
कार्योपपादने तत्र त्वत्तोऽन्यः कः प्रगल्भते ॥ २२ ॥

अन्वयः—त्वम्, एकः, अस्य, सकलस्य, जगतः, उपकारकृत्, तत्र, कार्योपपादने, त्वत्तः, अन्यः, कः, प्रगल्भते ॥ २२ ॥

भावार्थ—इस सम्पूर्ण जगत की भलाई करने वाले एक मात्र तुम्हीं हो अतः हमारे उस कार्य को पूरा करने में तुम्हें छोड़कर और कौन समर्थ हो सकता है ॥ २२ ॥

अमीषां सुरसङ्घानां त्वमेकोऽर्थसमर्थने ।
विपत्तिरपि संश्लाघ्योपकारव्रतिनोऽनल ॥ २३ ॥

अन्वयः—(भो) अनल ! अमीषाम्, सुरसङ्घानाम्, अर्थसमर्थने त्वम्, एकः, अपि (असि), उपकारव्रतिनः, विपत्तिः संश्लाघ्यः, (भवति) ॥ २३ ॥

भावार्थ—हे अग्निदेव, इन सभी देवताओं का काम पूरा कर सकने वाले एक मात्र तुम्हीं हो। और दूसरों की भलाई करने का व्रत लेने वालों की ऐसी विपत्ति भी प्रशंसा के योग्य ही होती है ॥ २३ ॥

देवी भागीरथी पूर्वं भक्त्यास्माभिः प्रतोषिता ।
निमज्जतस्तवोदीर्णं तापं निर्वापयिष्यति ॥ २४ ॥

अन्वयः—पूर्वम्, अस्माभिः, भक्त्या, प्रतोषिता, भागीरथी, देवी, निमज्जतः, तव, उदीर्णम्, तापम्, निर्वापयिष्यति ॥ २४ ॥

भावार्थ—हम लोगों ने बहुत पहले ही देवी गंगाको अपनी भक्तिभावना से सन्तुष्ट कर लिया है। अतः उनकी धारा में डुबकी लगाते ही वह तुम्हारी इस भयंकर जलन को शान्त कर देंगी ॥ २४ ॥

गङ्गां तद्गच्छ मा कार्षीर्विलम्बं हव्यवाहन ।
कार्येष्ववश्यकार्येषु सिद्धये क्षिप्रकारिता ॥ २५ ॥

अन्वयः—(भो) हव्यवाहन !, तत्, गङ्गाम्, गच्छ, विलम्बम्, मा, कार्षीः (तथा हि,) अवश्यकार्येषु, सिद्धये, कार्येषु, क्षिप्रकारिता ॥ २५ ॥

भावार्थ—इसलिए हे अग्निदेव ! अब देर न करो शीघ्र ही गंगाजी के पास पहुँचो। क्योंकि जिस कार्य को पूरा करने का निश्चय कर लिया जाय तो उसकी सफलता के लिए शीघ्रता करना अत्यन्त आवश्यक होता है ॥ २५ ॥

शम्भोरम्भोमयी मूर्तिः सैव देवी सुरापगा ।
त्वत्तः स्मरद्विषो बीजं दुर्धरं धारयिष्यति ॥ २६ ॥

अन्वयः—शम्भोः, अम्भोमयी, मूर्तिः देवी, सा, सुरापगा, एव, दुर्धरम्, स्मरद्विषः, बीजम्, त्वत्तः (आदाय), धारयिष्यति ॥ २६ ॥

भावार्थ—गंगाजी भगवान् शंकर जी की ही जलमयी मूर्ति हैं अतः वही उनके दुर्धर्ष वीर्य को तुमसे लेकर स्वयम् धारण कर लेंगी ॥ २६ ॥

इत्युदीर्य सुनासीरो विरराम स चानलः ।
तद्विसृष्टस्तमापृच्छ्य प्रतस्थे स्वर्धुनीमभि ॥ २७ ॥

अन्वयः—इति, उदीर्य, सुनासीरः, विरराम, सः, अनलः, च, तद्विसृष्टः, तम्, आपृच्छ्य, स्वर्धुनीम्, अभिप्रतस्थे ॥ २७ ॥

भावार्थ—इस प्रकार कहकर इन्द्र तो चुप हो गए और अग्निदेव उनसे विदा होकर पुनः उनकी आज्ञा से गंगा जी की ओर चल पड़े ॥ २७ ॥

हिरण्यरेतसा तेन देवी स्वर्गतरङ्गिणी ।
तीर्णाध्वना प्रपेदे सा निःशेषक्लेशनाशिनी ॥ २८ ॥

अन्वयः—तेन, तीर्णाध्वना, हिरण्यरेतसा, निःशेषक्लेशनाशिनी, सा (प्रसिद्धा), स्वर्गतरंगिणी, देवी, प्रपेदे ॥ २८ ॥

भावार्थ—अग्निदेव चलते-चलते सभी दुखों को नष्ट करने वाली गंगा के किनारे पहुँचे ॥ २८ ॥

स्वर्गारोहणनिःश्रेणिर्मोक्षमार्गाधिदेवता ।
उदारदुरितोद्गारहारिणी दुर्गतारिणी ॥ २९ ॥

अन्वय—स्वर्गारोहणनिःश्रेणिः (पुनः), मोक्षमार्गाधिदेवता, उदारदुरितोद्गारहारिणी, दुर्गतारिणी ॥ २९ ॥

भावार्थ—वह गंगा स्वर्ग जाने के मार्ग की सीढ़ी, मुक्तिमार्ग की देवी बड़े-बड़े पापों को दूर करनेवाली और कठिनाइयों से पार लगा देने वाली हैं ॥२९॥

महेश्वरजटाजूटवासिनी पापनाशिनी ।
सगरान्वयनिर्वाणकारिणी धर्मधारिणी ॥ ३० ॥

अन्वयः—महेश्वरजटाजूटवासिनी पापनाशिनी, सगरान्वयनिर्वाणकारिणी, धर्मधारिणी ॥ ३० ॥

भावार्थ—वह शङ्कर जी की जटाओं में रहने वाली, पापों को दूर करने वाली सगर के पुत्रों को मुक्ति देने वाली तथा धर्म की रक्षा करने वाली हैं ॥३०॥

विष्णुपादोदकोद्भूता ब्रह्मलोकादुपागता ।
त्रिभिः स्रोतोभिरश्रान्तं पुनाना भुवनत्रयम् ॥ ३१ ॥

अन्वयः—विष्णुपादोदकोद्भूता, ब्रह्मलोकात्, उपागता, त्रिभिः, स्रोतोभिः, भुवनत्रयम्, अश्रान्तम्, पुनाना ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—वह भगवान् विष्णु के चरण धोने के जल से उत्पन्न होकर ब्रह्मलोक से उतरी हुई हैं और अपनी तीन धाराओं से तोंनों लोंकों को निरन्तर पवित्र करती रहती हैं ॥ ३१ ॥

जातवेदसमायान्तमूर्मिहस्तैः समुत्थितैः ।
आजुहावार्थसिद्ध्यै तं सुप्रसादधरेव सा ॥ ३२ ॥

अन्वयः—सुप्रसादधरा, सा, आयान्तम्; तम् जातवेदसम्, अर्थसिद्ध्यै, समुत्थितैः, ऊर्मिहस्तैः, इव, आजुहाव ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—उस गंगा जी की उठती हुई लहरें ऐसी प्रतीत हो रही थीं मानो अग्निदेव को आते हुए देख कर वह प्रसन्न मन से उनकी कार्य-सिद्धि के लिए हाथ उठाकर बुला रही हों ॥ ३२ ॥

सम्मिलद्भिर्मरालैः सा कलं कूजद्भिरुन्मदैः ।
ददे श्रेयांसि दुःखानि निहन्मीति तमभ्यधात् ॥ ३३ ॥

अन्वयः—सम्मिलद्भिः, उन्मदैः, कलम्, कूजद्भिः, मरालैः, सा, तम्, अभ्यधात्, इति, श्रेयांसि, ददे, दुःखानि, निहन्मि ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—गंगा जी के किनारे बहुत से हंस एक साथ मतवाले बने कलरव करते हुए ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो गंगा जी मधुर वाणी से अग्निदेव को सान्त्वना दे रही हों कि मैं तुम्हारा अवश्य कल्याण करूंगी और तुम्हारे दुःखों का विनाश करूँगी ॥ ३३ ॥

कल्लोलैरुदगतैरर्वाचीनं तटमभिद्रुतैः ।
प्रीतेव तमभीयाय स्वर्धुनी जातवेदसम् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—स्वर्धुनी, प्रीता, उद्गतैः, अर्वाचीनम्, तटम्, अभिद्रुतैः, कल्लोलैः, तम्, जातवेदसम्, अभीयाय, इव (सम्मुखीबभूव)॥ ३४ ॥

भाषार्थ--गंगा जी की ऊँची उठती हुई तथा हरहर करती हुई किनारे की ओर आने वाली लहरें ऐसी प्रतीत हो रही थीं मानो गंगा जी प्रसन्न मन से आगे बढ़कर अग्निदेव का स्वागत करने आ रही हों ॥ ३४ ॥

अथाभ्युपेतस्तापार्तो निममज्जानलः किल ।
विपदा परिभूताः किं व्यवस्यन्ति विलम्बितुम् ॥ ३५ ॥

अन्वयः—अथ, तापार्तः,अभ्युपेतः, अनलः, किल, निममज्ज, विपदा, परिभूताः विलम्बितुम्, किम्, व्यवस्यन्ति ।। ३५ ।

भावार्थ—उस वीर्यतेज से जलते हुए अग्नि देव वहाँ पहुँचते ही झट गंगा में कूद पड़े । क्योंकि विपत्तियों में पड़े हुए लोग थोड़ी देर भी रुकने का धैर्य नहीं रख पाते ।। ३५ ।।

गङ्गावारिणि कल्याणकारिणि श्रमहारिणि ।
स मग्नो निर्वृतिं प्राप पुण्यभारिणि तारिणि ।। ३६ ।।

अन्वय—सः, कल्याणकारिणि, श्रमहारिणि, पुण्यभारिणि तारिणि, गङ्गावारिणि, मग्नः, निर्वृतिम्, प्राप ।। ३६ ।।

भाषार्थ—कल्याण देने वाले, थकावट दूर करने वाले, अत्यंत पवित्र तथा तारने वाले गंगाजल में डुबकी लगाते ही अग्नि देव सुखी हो गए ।। ३६ ।।

तत्र माहेश्वरं धाम सञ्चक्राम हविर्भुजः ।
गङ्गायामुत्तरङ्गायामन्तस्तापविपद्धृतिः ।। ३७ ।।

अन्वयः—माहेश्वरम्, धाम, हविर्भुजः, तत्र, गङ्गायाम्, सञ्चक्राभ, अन्तस्तापविपद्धृति, उत्तरङ्गायाम्, (सञ्चक्राम) ।। ३७ ।।

भाषार्थ—भीतर ही भीतर तेज से दहकता हुआ शंकर जी का वीर्य अग्नि देव के शरीर से निकल कर ऊँची तरंगों वाली गंगा में चला गया ।। ३७ ।।

कृशानुरेतसो रेतस्यादृते सरिता तया ।
निश्चक्राम ततः सौख्यं हव्यवाहो वहन्बहु ।। ३८ ।।

अन्वयः—तया, सरिता, कृशानुरेतसः, रेतसि, आदृते, हव्यवाहः, बहु, सौख्यम्, वहन्, ततः, निश्चक्राम ।। ३८ ।।

भाषार्थ—जब गंगा जी ने शिव जी के तेजस्वी वीर्यं को आदर के साथ ले लिया तब अग्नि देव बहुत सुखी होकर जल के बाहर निकल आए ।। ३८ ।।

सुधासारैरिवाम्भोभिरभिषिक्तो हुताशनः ।
यथागतं जगामाथ परां निर्वृतिमादधत् ।। ३९ ।।

अन्वयः—अथ, सुधासारैः, इव अम्भोभिः, अभिषिक्तः, पराम्, निर्वृतिम्, आदधत्, हुताशनः, यथागतम्, जगाम ।। ३९ ।।

भाषार्थ—इसके पश्चात् अमृत समान गंगा-जल से भली-भाँति शीतल होकर अग्नि देव बड़े सुख के साथ जहाँ से आए थे वहाँ चले गए ।। ३९ ।।

सा सुदुर्विषहं गङ्गा धाम कामजितो महत्।
आदधाना परीतापमवाप व्योमवाहिनी ॥ ४० ॥

अन्वयः—व्योमवाहिनी, सा, गङ्गा, कामजितः, महत्, सुदुर्विषहम्, धाम, आदधाना, परीतापम्, अवाप ॥ ४० ॥

भावार्थ—भगवान शंकर के महातेजस्वी असह्य वीर्य को धारण करके आकाश में बहने वाली गंगा भी ताप के कारण उबल उठीं ॥ ४० ॥

बहिरार्ता युगान्ताग्नेस्तप्तानीव शिखाशतैः।
हित्वोष्णानि जलान्यस्या निर्जग्मुर्जलजन्तवः ॥ ४१ ॥

अन्वयः—जलजन्तवः, आर्ता, युगान्ताग्नेः, शिखाशतैः, तप्तानि, इव, उष्णानि, अस्याः, जलानि, हित्वा, बहिः, निर्जग्मुः ॥ ४१ ॥

भावार्थ—प्रलयाग्नि की सैकड़ों लपटों से उबलते हुए जैसे गंगा के जलते हुए जल को छोड़ कर उसमें रहने वाले सभी जीव घबरा कर बाहर निकल आए ॥ ४१ ॥

तेजसा तेन रौद्रेण तप्तानि सलिलान्यपि।
समुदञ्चन्ति चण्डानि दुर्धराणि बभार सा ॥ ४२ ॥

अन्वयः—सा रौद्रेण, तेन, तेजसा, तप्तानि, समुदञ्चन्ति, चण्डानि, दुर्धराणि सलिलानि, बभार ॥ ४२ ॥

भावार्थ—भगवान शंकर के महा तेजस्वी वीर्य से गंगा का जल इतना उत्तप्त हो गया कि उबल-उबल कर बाहर आने लगा किन्तु गंगा जी उस भयंकर और असह्य उत्तप्त जल को धारण किए रहीं ॥ ४२ ॥

जगच्चक्षुषि चण्डांशौ किञ्चिदभ्युदयोन्मुखे।
जग्मुः षट्कृत्तिका माघे मासि स्नातुं सुरापगाम् ॥ ४३ ॥

अन्वयः—माघे, मासि, जगच्चक्षुषि, चण्डांशौ, किञ्चित्, अभ्युदयोन्मुखे, षट्कृत्तिकाः, स्नातुम्, सुरापगाम्, जग्मुः ॥ ४३ ॥

भावार्थ—माघ के महीने में एक दिन जब संसार के नेत्र तथा तीखी किरणों वाले सूर्यदेव थोड़े-थोड़े निकल रहे थे उस समय छओं कृत्तिकाएँ गंगा में स्नान करने के लिए आईं ॥ ४३ ॥

शुभ्रैरभ्रंकषैरूर्मिशतैः स्वर्गनिवासिनाम्।
कथयन्तीमिवालोकावगाहाचमनादिकम् ॥ ४४ ॥

अन्वयः—आलोकावगाहाचमनादिकम्, स्वर्गनिवासिनाम्, अभ्रंकषैः, शुभ्रैः, ऊर्मिशतैः, कथयन्ती, इव ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—उस समय उछल-उछल कर आकाश चूमने वाली गंगा की हजारों उजली लहरें ऐसी लग रही थीं मानों वह यह कह रही हों कि देवता लोग यहीं आकर दर्शन, स्नान तथा आचमन किया करते हैं ॥ ४४ ॥

सुस्नातानां मुनीन्द्राणां बलिकर्मोचितैरलम् ।
बहिः पुष्पोत्करैः कीर्णतीरां दूर्वाक्षतान्वितैः ॥ ४५ ॥

अन्वयः—सुस्नातानाम्, मुनीन्द्राणाम्, बलिकर्मोचितैः, दूर्वाक्षतान्वितैः, पुष्पोत्करैः, बहिः, अलम्, कीर्णतीराम् ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—वहाँ गंगा तट पर फूल, दूब, अक्षत आदि पूजा की सामग्रियाँ बिखरी हुई थीं, जिन्हें भली-भाँति स्नान पूजा करके मुनियों ने चढ़ाई थीं ॥ ४५ ॥

ब्रह्मध्यानपरैर्योगपरैर्ब्रह्मासनस्थितैः ।
योगनिद्रागतैर्योगपट्टबन्धैरुपाश्रिताम् ॥ ४६ ॥

अन्वयः—ब्रह्मासनस्थितैः, ब्रह्मध्यानपरैः, योगनिद्रागतैः, योगपट्टबन्धैः, योगपरैः, उपाश्रिताम् ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—उसी किनारे पद्मासन लगाए, ब्रह्म का ध्यान करते हुए योग-साधन में लगे तथा समाधि लगाए हुए मुनि लोग कमर से घुटने तक कपड़ा ओढ़े बैठे हुए थे ॥ ४६ ॥

पादाङ्गुष्ठाग्रभूमिस्थैः सूर्यसम्बद्धदृष्टिभिः ।
ब्रह्मर्षिभिः परं ब्रह्म गृणद्भिरुपसेविताम् ॥ ४७ ॥

अन्वयः—पादाङ्गुष्ठाग्रभूमिस्थैः (तथा), सूर्यसम्बद्धदृष्टिभिः, परम्, ब्रह्म, गृणद्भिः, ब्रह्मर्षिभिः उपसेविताम् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—वहीं पाँव के अँगूठों पर खड़े होकर सूर्य की ओर दृष्टि लगाए ब्रह्मर्षि लोग जप करते हुए ब्रह्म-ध्यान में लगे हुए थे ॥ ४७ ॥

अथ दिव्यां नदीं देवीमभ्यनन्दन्विलोक्य ताः ।
कं नाभिनन्दयत्येषा दृष्टा पीयूषवाहिनी ॥ ४८ ॥

अन्वयः—अथ, ताः, दिव्याम्, नदीम्, देवीम्, विलोक्य, अभ्यनन्दन्, एषा, पीयूषवाहिनी, दृष्टा, कम्, न, अभिनन्दयति ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—उस पवित्र गंगा को देख कर छओं कृत्तिकाएँ प्रसन्न हो उठीं,

क्योंकि ऐसी अमृत-भरी गंगा को देख कर भला कौन आनन्दित नहीं हो सकता है ? ॥ ४८ ॥

चन्द्रचूडामणिर्देवो यामुद्वहति मूर्धनि ।
यस्या विलोकनं पुण्यं श्रद्दधुस्तां मुदा हृदि ॥ ४९ ॥

अन्वयः—चन्द्रचूडामणिः, देवः, मूर्धनि, याम्, उद्वहति, यस्याः, विलोकनम्, पुण्यम्, ताम्, हृदि, मुदा, श्रद्दधुः ॥ ४९ ॥

भावार्थ—जिस गंगा को स्वयं भगवान शिव अपने सिर पर धारण करते हैं तथा जिनका दर्शन करने से ही पुण्य प्राप्त होता है उसी गंगा को देख कर उन कृत्तिकाओं के हृदय में बड़ी प्रसन्नता हुई और उनके प्रति विशेष श्रद्धा उमड़ चली ॥ ४९ ॥

दिव्यां विष्णुपदीं देवीं निर्वाणपददेशिनीम् ।
निर्धूतकल्मषां मूर्ध्ना सुप्रह्वास्ता ववन्दिरे ॥ ५० ॥

अन्वयः—निर्वाणपददेशिनीम्, निर्धूतकल्मषाम्, दिव्याम्, विष्णुपदीम्, देवीम्, सुप्रह्वाः, ताः, मूर्ध्ना, ववन्दिरे ॥ ५० ॥

भावार्थ—अत्यन्त पवित्र, विष्णु के चरणों से उत्पन्न, मोक्ष देने वाली तथा सभी पापों को नष्ट करने वाली गंगा को उन कृत्तिकाओं ने भली-भाँति सिर झुका कर प्रणाम किया ॥ ५० ॥

सौभाग्यैः खलु सुप्राप्रां मोक्षप्रतिभुवं सतीम् ।
भक्त्यात्र तुष्टुवुस्तां ताः श्रद्दधानां दिवो धुनीम् ॥ ५१ ॥

अन्वयः—अत्र ताः, श्रद्दधानाः, सौभाग्यैः, सुप्रापाम्, मोक्षप्रतिभुवम्, सतीम्, ताम्, दिवः, धुनीम्, तुष्टुवुः खलु ॥ ५१ ॥

भावार्थ—जिनका दर्शन बड़े सौभाग्य से होता है और जो मुक्ति का साक्षात् रूप ही हैं, उन्हीं पतिव्रता गंगा की स्तुति कृत्तिकाओं ने भक्ति-भाव के साथ किया ॥ ५१ ॥

मुक्तिस्त्रीसङ्गदूत्यज्ञैस्तत्र ता विमलैर्जलैः ।
प्रक्षालितमलाः सस्नुः सुस्नातातास्तपसान्विताः ॥ ५२ ॥

अन्वयः—ताः, विमलैः, मुक्तिस्त्रीसङ्गदूत्यज्ञैः विमलैः जलैः प्रक्षालितमलाः, तत्र, सस्नुः सुस्नाताः, तपसान्विताः ॥ ५२ ॥

भावार्थ—मुक्ति के पास तक पहुँचा देने में समर्थ उस गंगा के निर्मल जल से अपने सारे पापों को धोती हुई कृतिकाओं ने गंगा में भली-भाँति मग्न होकर स्नान किया ॥ ५२ ॥

स्नात्वा तत्र सुलभ्यायां भाग्यैः परिपचेलिमैः ।
चरितार्थं स्वमात्मानं बहु ता मेनिरे मुदा ॥ ५३ ॥

अन्वयः—परिपचेलिमैः, माग्यैः, सुलभ्यायाम्, तत्र, स्नात्वा, ताः, स्वम्, आत्मानम्, मुदा, बहु, चरितार्थम्, मेनिरे ॥ ५३ ॥

भाषार्थ—जिन गंगा जी में पिछले जन्म के संचित सौभाग्यों द्वारा ही स्नान करने का अवसर प्राप्त होता है, उन गंगा जी में आनन्द के साथ स्नान करके कृत्तिकाओं ने अपने को बहुत ही धन्य समझा ॥ ५३ ॥

कृशानुरेतसो रेतस्तासामभिकलेवरम् ।
अमोघं सञ्चचाराथ सद्यो गङ्गावगाहनात् ॥ ५४ ॥

अन्वय—अथ, गंगावगाहनात्, अमोघम्, कृशानुरेतसः, रेतः, सद्यः, तासाम्, अभिकलेवरम्, सञ्चार ॥ ५४ ॥

भाषार्थ—गंगा में स्नान करते ही शंकर जी का अचूक वीर्य गंगा के जल से निकल कर उन कृत्तिकाओं के शरीर में प्रविष्ट हो गया ॥ ५४ ॥

रौद्रं सुदुर्धरं धाम दधाना दहनात्मकम् ।
परितापमवापुस्ता मग्ना इव विषाम्बुधौ ॥ ५५ ॥

अन्वयः—दहनात्मकम्, सुदुर्धरम्, रौद्रम्, धाम, दधानाः ताः, विषाम्बुधौ, मग्नाः, इव, परितापम्, अवापुः ॥ ५५ ॥

भाषार्थ—शंकर जी के अग्नि जैसे उस असह्य वीर्य को धारण करते ही कृत्तिकाएँ अत्यन्त जल सी उठीं मानो वह विष के समुद्र में डूब सी गयी हों ॥ ५५ ॥

अक्षमा दुर्वहं वोढुमम्बुनो बहिरातुराः ।
अग्निं ज्वलन्तमन्तस्ता दधाना इव निर्ययुः ॥ ५६ ॥

अन्वयः—दुर्वहम्, वोढुम्, अक्षमाः, आतुराः, ताः, अन्तः, ज्वलन्तम्, अग्निम्, इव, दधानाः, अम्बुनः, वहिः, निर्ययुः ॥ ५६ ।

भाषार्थ—उस असह्य तेज को धारण करने में असमर्थ होने से अत्यन्त व्याकुल होकर वह कृत्तिकाएँ अपने भीतर जलती हुई आग सी लिए हुए जल के वाहर निकल आईं ॥ ५६ ॥

अमोघं शाम्भवं बीजं सद्यो नद्योज्झितं महत् ।
तासामभ्युदरं दीप्तं स्थितं गर्भत्वमागमत् ॥ ५७ ॥

अन्वयः—नद्याः, सद्यः, उज्झितम्, तासाम्, अभ्युदरम्, दीप्तम्

(सत्), स्थितम्, अमोघम्, महत्, शाम्भवम्, बीजम्, गर्भत्वम्, आगमत् ॥ ५७ ॥

भाषार्थ—गंगा से निकला हुआ शंकर जी का महातेजस्वी, अचूक एवं दीप्तिमान वीर्य उन कृत्तिकाओं के उदर में जाते ही गर्भ बन गया ॥ ५७ ॥

सुज्ञा विज्ञाय ता गर्भभूतं तद्वोढुमक्षमाः ।
विषादमदधुः सद्यो गाढं भर्तृभिया ह्रिया ॥ ५८ ॥

अन्वयः—सुज्ञाः, गर्भभूतम्, तत्, विज्ञाय, वोढुम्, अक्षमाः, ताः, भर्तृभिया, ह्रिया, सद्यः, गाढम्, विषादम् अदधुः ॥ ५८ ॥

भाषार्थ—उन चतुर कृत्तिकाओं ने जब यह जान लिया कि वह तो गर्भ बन गया है, जिसका धारण करना हमारी शक्ति के बाहर है तब वे अपने-अपने पतियों के भय और लाज के मारे अत्यन्त दुखी हो उठीं ॥ ५८ ॥

ततः शरवणे सार्धं भयेन व्रीडया च ताः ।
तद्गर्वजातमुत्सृज्य स्वान्गृहानभिनिर्ययुः ॥ ५९ ॥

अन्वयः—ततः ताः, तद्गर्भजातम्, भयेन, व्रीडया, च, सार्धम् शरवणे, उत्सृज्य, स्वान्, गृहान्, अभिनिर्ययुः ॥ ५९ ॥

भाषार्थ—तब उन्होंने भय और लज्जा के मारे अपना-अपना गर्भ सरपत के जंगल में छोड़ दिया और अपने-अपने घर लौट गईं । ५९ ॥

ताभिस्तत्रामृतकरकलाकोमलं भासमानं
तद्विक्षिप्तं क्षणमभिनभोगर्भमभ्युज्जिहानैः ।
स्वैस्तेजोभिर्दिनपतिशतस्पर्धमानैरमानै-
र्वक्त्रैः षड्भिः स्मरहरगुरुस्पर्धयेवाजनीव ॥ ६० ॥

अन्वयः—ताभिः, तत्र, विक्षिप्तम्, अमृतकरकलाकोमलम् क्षणम्, भासमानम्, तत्, अभिनभोगर्भम् अभ्युज्जिहानैः, दिनपतिशतस्पर्धमानैः, अमानैः, स्वैः, तेजोभिः, षड्भिः, वक्त्रैः स्मरहरगुरुस्पर्धया, इव, अजनि ॥ ६० ॥

भाषार्थ—उन कृत्तिकाओं ने चन्द्रमा की किरणों के समान कोमल तथा अत्यन्त तेजस्वी जिस गर्भ को वहाँ छोड़ा था वे इतने तेजस्वी बन गए कि आकाश के बीच स्थित सैकड़ों सूर्य से भी प्रखर हो उठे और अपने छः मुखों से चार मुख वाले ब्रह्मा को भी मानो चुनौती देने लगे ॥ ६० ॥

महाकवि कालिदास द्वारा रचित कुमारसंभव महाकाव्य
में कुमारजन्म नामक दशवाँ सर्ग समाप्त ।

एकादशः सर्गः

(कार्तिकेय की बाल-क्रीड़ा)

अभ्यर्थ्यमाना विबुधैः समग्रैः प्रह्वैः सुरेन्द्रप्रमुखैरुपेत्य ।
तं पाययामास सुधातिपूर्णं सुरापगा स्वं स्तनमाशु मूर्ता ॥ १ ॥

अन्वयः—सुरेन्द्रप्रमुखैः, समग्रैः, विबुधैः, उपेत्य, प्रह्वैः (सद्भिः), अभ्यर्थ्यमाना, सुरापगा, आशु, मूर्ता (सती), तम्, सुधातिपूर्णम्, स्वं, स्तनम्, पाययामास ॥ १ ॥

भाषार्थ—इन्द्र आदि प्रमुख देवताओं के साथ सभी देवताओं के विनम्र निवेदन करने पर गंगा जी स्त्री का रूप धारण करके वहाँ शीघ्र ही उपस्थित हुईं और उस बालक को अपना अमृत से भरा हुआ स्तन पिलाने लगीं ॥ १ ॥

पिबन्स तस्याः स्तनयोः सुधौघं क्षणं क्षणं साधु समेधमानः ।
प्रापाकृतिं कामपि षड्भिरेत्य निषेव्यमाणः खलु कृत्तिकाभिः ॥ २ ॥

अन्वयः—सः, तस्याः, स्तनयोः, सुधौघम्, पिबन्, क्षणं क्षणम्, साधु, समेधमानः, षड्भिः, कृत्तिकाभिः, एत्य, निषेव्यमाणः (सन्), काम्, अपि, आकृतिम्, प्राप, खलु ॥ २ ॥

भाषार्थ—गंगाजी के स्तनों की अमृतधारा का पान करते हुए वह बालक पल-पल में बड़े वेग से बढ़ने लगा और जब छओं कृत्तिकाएं आकर उसकी सेवा शुश्रूषा करने लगीं तब उसका रूप रंग और भी निखर उठा ॥ २ ॥

भागीरथीपावककृत्तिकानामानन्दबाष्पाकुललोचनानाम् ।
तं नन्दनं दिव्यमुपात्तुमासीत्परस्परं प्रौढतरो विवादः ॥ ३ ॥

अन्वयः—आनन्दबाष्पाकुललोचनानाम्, भागीरथीपावककृत्तिकानाम्, दिव्यम्, तम्, नन्दनम्, उपात्तुम्, परस्परम्, प्रौढतरः, विवादः आसीत् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—उस बालक को देख कर गंगा जी, अग्निदेव और कृत्तिकाओं की आँखें आनन्द के आँसुओं से परिपूर्ण हो गईं और वह उस दिव्य बालक को अपना पुत्र बनाने के लिए आपस में झगड़ा करने लगीं ॥ ३ ॥

अत्रान्तरे पर्वतराजपुत्र्या समं शिवः स्वैरविहारहेतोः ।
नभो विमानेन विगाहमानो मनोतिवेगेन जगाम तत्र ॥ ४ ॥

अन्वयः—अत्र, अन्तरे शिवः पार्वतराजपुत्र्या, समम्, स्वैरविहारहेतोः, मनोतिवेगेन, विमानेन, नभः विगाहमानः, तत्र, जगाम ॥ ४ ॥

भावार्थ—इसी बीच पार्वती जी के साथ स्वेच्छा से घूमते-घामते मन के समान तीव्र गति वाले विमान से आकाश में उड़ते हुए शंकर जी भी वहाँ आ पहुँचे ॥ ४ ॥

निसर्गवात्सल्यवशाद्विवृद्धचेतःप्रमोदौ गलदश्रुनेत्रौ ।
अपश्यतां तं गिरिजागिरीशौ षडाननं षड्दिनजातमात्रम् ॥ ५ ॥

अन्वयः— गिरिजागिरीशौ, निसर्गवात्सल्यवशाद्विवृद्धचेतःप्रमोदौ, गलदश्रुनेत्रौ षड्दिनजातमात्रम्, षडाननम्, तम्, अपश्यताम् ॥ ५ ॥

भावार्थ—केवल छः दिन के उस छः मुख वाले बालक को देखते ही शङ्कर तथा पार्वती जी का हृदय स्वाभाविक पुत्र प्रेम के कारण आनन्द से गद्गद हो उठा और उनकी आँखों से आनन्द की धारा बह चली ॥ ५ ॥

अथाह देवी शशिखण्डमौलिं कोऽयं शिशुर्दिव्यवपुः पुरस्तात् ।
कस्याथवा धन्यतमस्य पुंसो मातास्य का भाग्यवतीषु धुर्या ॥ ६ ॥

अन्वयः— अथ, देवी, पुरस्तात्, कः, अयम्, अथवा, कस्य, धन्यतमस्य, पुंसः दिव्यवपुः, शिशुः, अस्य, माता, का (या), भाग्यवतीषु धुर्या, (इति वचः), शशिखण्डमौलिम्, आह ॥ ६ ॥

भावार्थ — तब पार्वती जी ने शंकर जी से पूछा कि यह सामने पड़ा हुआ दिव्य शरीर वाला बालक कौन है ? किस सौभाग्यशाली पिता का पुत्र है और भाग्यशालिनियों में सर्वश्रेष्ठ वह कौन स्त्री है जिसने इसे जन्म दिया है ॥ ६ ॥

स्वर्गापगासावनलोऽयमेताः षट्कृत्तिकाः किं कलहायमानाः ।
पुत्रो ममायं न तवायमित्थं मिथ्येति वैलक्ष्यमुदाहरन्ति ॥ ७ ॥

अन्वयः—असौ, स्वर्गापगा, अयम्, अनलः, एताः, षट्, कृत्तिकाः, कलहायमानाः (सत्यः), अयम्, पुत्रः, मम, अयम्, तव, न, इत्थम्, मिथ्या, इति, वैलक्ष्यम्, किम्, उदाहरन्ति ॥ ७ ॥

भावार्थ—'तुम झूठ बोल रही हो कि यह मेरा पुत्र है, यह तुम्हारा पुत्र नहीं बल्कि मेरा पुत्र है'— इस प्रकार एक दूसरे के प्रति विरोधी बातें करती हुई ये गंगा जी, अग्नि देव तथा छओं कृत्तिकाएँ आपस में क्यों झगड़ रही हैं ॥७॥

एतेषु कस्येदमपत्यमीशाखिलत्रिलोकीतिलकायमानम् ।
अन्यस्य कस्याप्यथ देवदैत्यगन्धर्वसिद्धोरगराक्षसेषु ॥ ८॥

अन्वयः—(हे) ईश, ! एतेषु, कस्य, इदम्, अपत्यम्, अखिलत्रिलोकीतिलकायमानम्, अथ, देवदैत्यगन्धर्वसिद्धोरगराक्षसेषु, अन्यस्य, कस्य, अपि, (इति कथयेत्यर्थः) ॥ ८ ॥

भावार्थ—हे प्रभु, तीनों लोकों में सर्वश्रेष्ठ यह बालक सचमुच इन तीनों में से किसका है ? अथवा इन्हें छोड़ कर यह किसी देवता, दैत्य, गन्धर्व, सिद्ध या नाग का पुत्र है ॥ ८ ॥

श्रुत्वेति वाक्यं हृदयप्रियायाः कौतूहलिन्या विमलस्मितश्रीः ।
सान्द्रप्रमोदोदयसौख्यहेतुभूतं वचोऽवोचत चन्द्रचूडः ॥ ९ ॥

अन्वयः—चन्द्रचूडः कौतूहलिन्याः, हृदयप्रियायाः, इति, वाक्यम्, श्रुत्वा, विमलस्मितश्रीः, सान्द्रप्रमोदोदयसौख्यहेतुभूतम्, वचः, अवोचत ॥ ९ ॥

भावार्थ—उस बालक के प्रति जिज्ञासा से भरी हुई प्रियतमा पार्वती की बात सुन कर शंकर जी के ओठों पर निर्मल मुस्कान खिल उठी और उन्होंने अत्यन्त आनन्द से भरी हुई सुखदायक वाणी में कहना प्रारम्भ किया ॥ ९ ॥

जगत्त्रयीनन्दन एष वीरः प्रवीरमातुस्तव नन्दनोऽस्ति ।
कल्याणि कल्याणकरः सुराणां त्वत्तोऽपरस्याः कथमेष सर्गः ॥ १० ॥

अन्वयः—(हे) कल्याणि !' जगत्त्रयीनन्दनः, वीरः, एषः, प्रवीरमातुः, तव, नन्दनः, अस्ति, सुराणाम्, कल्याणकरः, एषः सर्गः, त्वत्तः, अपरस्याः, कथम् (स्यात्) ॥ १० ॥

भावार्थ—तीनों लोकों को आनन्दित करने वाले इस वीरबालक की वीरमाता तुम्हीं हो । भला, तुम्हें छोड़ कर देवताओं का कल्याण करने वाले ऐसे वीर बालक का जन्म और कौन माता दे सकती है ॥ १० ॥

देवि त्वमेवास्य निदानमास्से सर्गे जगन्मङ्गलगानहेतोः ।
सत्यं त्वमेवेति विचारयस्व रत्नाकरे युज्यत एव रत्नम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—(हे) देवि, जगन्मङ्गलगानहेतोः, अस्य, सर्गे, त्वम्, एव, निदानम्, आस्से, त्वम् एव, इति, सत्यम्, विचारयस्व (किमिति तत्), रत्नम्, रत्नाकरे, एव, युज्यते ॥ ११ ॥

भावार्थ—हे प्रिये ! मांगलिक अवसरों पर संसार भर में अपनी कीर्ति का गान कराने वाले इस बालक को जन्म देने वाली तुम्हीं हो । तुम्हीं इस बात को भलीभांति विचार करके समझ लो कि रत्न की उत्पत्ति रत्नाकर (समुद्र) से ही हो सकती है ॥ ११ ॥

अतः शृणुष्वावहितेन वृत्तं बीजं यदग्नौ निहितं मया तत् ।
सङ्क्रान्तमन्तस्त्रिदशापगायां ततोऽवगाहे सति कृत्तिकासु ॥ १२ ॥
गर्भत्वमाप्तं तदमोघमेतत्ताभिः शरस्तम्बमधि न्यधायि ।
बभूव यत्रायमभूतपूर्वो महोत्सवोऽशेषचराचरस्य ॥ १३ ॥

अन्वयः—अतः, अवहितेन, वृत्तम्, शृणुष्व (तथा, हि,) मया, यत्, बीजम्, अग्नौ, निहितम्, तत्, त्रिदशापगायाम्, अन्तः, अवगाहे, सति, सङ्क्रान्तम्, ततः, कृत्तिकासु, गर्भत्वम्, आप्तम्, ताभिः, अमोघम्, तत्, एतत्, अधि, शरस्तम्बम्, न्यधायि, तत्र अशेषचराचरस्य, अभूतपूर्वः, महोत्सवः, अयम्, बभूव ॥ १२–१३ ॥

भावार्थ—हे प्रिये, अब सावधान होकर इसके जन्म की कथा सुनो—मैंने अपने जिस अचूक वीर्य को अग्नि के शरीर मे डाल दिया था उसे उन्होंने गंगा में छोड़ दिया था जो स्नान करते समय कृत्तिकाओं के पेट में जाकर गर्भ बन गया। उसे उन्होंने सरपत के जंगल में डाल दिया। उसी गर्भ से इस बालक का जन्म हुआ है जो संसार के सभी चर-अचर प्राणियों के महान आनन्द का कारण है ॥ १२–१३ ॥

अशेषविश्वप्रियदर्शनेन धुर्या त्वमेतेन सुपुत्रिणीनाम् ।
अलं विलम्ब्याचलराजपुत्रि स्वपुत्रमुत्सङ्गतले निधेहि ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे अचलराजपुत्रि !, अशेषविश्वप्रियदर्शनेन, एतेन त्वम्, सुपुत्रिणीनाम्, धुर्या, विलम्ब्य, अलम्, (किन्तु), स्वपुत्रम्, उत्सङ्गतले, निधेहि ॥ १४ ॥

भावार्थ—सारे संसार को प्रिय लगने वाले इस बालक की माता होने के कारण तुम सत्पुत्रों को जन्म देने वाली माताओं में सर्वश्रेष्ठ बन गई हो। अतः अब देर न करो और अपने इस पुत्र को अपनी गोद में उठा लो ॥ १४ ॥

अथेति वादिन्यमृतांशुमौलौ शैलेन्द्रपुत्री रभसेन सद्यः ।
सान्द्रप्रमोदेन सुपीनगात्री धात्री समस्तस्य चराचरस्य ॥ १५ ॥
किरीटबद्धाञ्जलिभिर्नभःस्थैर्नमस्कृता सत्वरनाकिलोकैः ।
विमानतोऽवातरतात्मजं तं ग्रहीतुमुत्कण्ठितमानसाऽभूत् ॥ १६ ॥

अन्वयः—अथ, अमृतांशुमौली, इति, वादिनि, समस्तस्य, चराचरस्य, धात्री (तथा), सान्द्रप्रमोदेन, सुपीनगात्री, शैलेन्द्रपुत्री, नभःस्थैः, सत्वरनाकि-

लोकैः, किरीटबद्धाञ्जलिभिः, नमस्कृता, सद्यः, रभसेन, विमानतः, अवातरत्, तम्, आत्मजम्, ग्रहीतुम्, उत्कण्ठितमानसा च, अभूत् ॥ १५-१६ ॥

भाषार्थ—भगवान शंकर जी की यह बात सुनकर सारे संसार के चर-अचर प्राणियों की धात्री पार्वती जी अत्यन्त आनन्द से फूल उठीं और उस बालक को गोद में उठा लेने की अत्यन्त प्रबल उत्कण्ठा के साथ विमान से उतर पड़ी। उस समय आकाश में स्थित सभी देवताओं ने अपना हाथ जोड़ कर मुकुट पर लगा लिया और सिर झुका कर उन्हें प्रणाम किया ॥ १५-१६ ॥

स्वर्गापगापावककृत्तिकादीन्कृताञ्जलीनानमतोऽपि भूयः ।
हित्वोत्सुका तं सुतमाससाद पुत्रोत्सवे माद्यति का न हर्षात् ॥ १७ ॥

अन्वयः—स्वर्गापगापावककृत्तिकादीन्, कृताञ्जलीन् भूयः, आनमतः, अपि, हित्वा, तम्, सुतम्, आससाद (तथा हि) पुत्रोत्सवे, हर्षात्, का, न, माद्यति ॥ १७ ॥

भाषार्थ—गंगा जी, अग्निदेव तथा कृत्तिकाएं उन्हें हाथ जोड़ कर सिर झुकाए प्रणाम कर रही थीं किन्तु उनकी ओर ध्यान दिए बिना ही पार्वती जी अत्यन्त लालसा से उस बच्चे के पास जा पहुँची। भला पुत्रजन्म के आनन्द में कौन माता हर्ष से मतवाली नहीं हो जाती है? ॥ १७ ॥

प्रमोदबाष्पाकुललोचना सा न तं ददर्श क्षणमग्रतोऽपि ।
परिस्पृशन्ती करकुड्मलेन सुखान्तरं प्राप किमप्यपूर्वम् ॥ १८ ॥

अन्वयः—सा, अग्रतः, अपि, तम्, क्षणम्, न, ददर्श, यत्, प्रमोदबाष्पाकुललोचना, करकुड्मलेन, परिस्पृशन्ती, किमपि, अपूर्वम्, सुखान्तरम् प्राप ॥ १८ ॥

भाषार्थ—उनकी आँखें आनन्द के आँसुओं से इतनी भर गयीं कि सामने पड़ा हुआ बालक क्षणमात्र के लिए उन्हें दिखाई ही नहीं पड़ा। अतः कली जैसे कोमल हाथ से उसे सहलाते हुए उन्होंने एक अपूर्व तथा अनोखे सुख का अनुभव किया ॥ १८ ॥

सुविस्मयानन्दविकस्वरायाः शिशुर्गलद्बाष्पतरङ्गितायाः ।
विवृद्धवात्सल्यरसोत्तराया देव्या दृशोर्गोचरतां जगाम ॥ १९ ॥

अन्वयः—शिशुः, सुविस्मयानन्दविकस्वरायाः, गलद्बाष्पतरङ्गितायाः, विवृद्धवात्सल्यरसोत्तरायाः, देव्याः, दृशोः, गोचरताम्, जगाम ॥ १९ ॥

भाषार्थ—उस आश्चर्यमयी सुखानुभूति के आनन्द से उनकी आँखें प्रफुल्लित हो उठीं जिनसे आनन्दाश्रुओं की धारा फूट पड़ी और उनके हृदय में अलौकिक

वात्सल्य भावना लहराने लगी। इसी समय उन्हें वह बालक दिखाई पड़ा ॥ १९ ॥

तमीक्षमाणा क्षणमीक्षणानां सहस्रमाप्तुं विनिमेषमैच्छत् ।
सा नन्दनालोकनमङ्गलेषु क्षणं क्षणं तृप्यति कस्य चेतः ॥ २० ॥

अन्वयः—तम्, क्षणम्, ईक्षमाणा, सा, विनिमेषम्, ईक्षणानाम्, सहस्रम्, आप्तुम्, ऐच्छत्, नन्दनालोकनमङ्गलेषु, क्षणम्, क्षणम्, कस्य, चेतः, तृप्यति ॥२०॥

भावार्थ—क्षण मात्र तो उन्होंने एकटक होकर उस बालक को देखा किन्तु उनकी तृप्ति न हुई। इसलिए उस समय उनके मन में इच्छा जाग उठी कि यदि मुझे निमेषरहित हजार आँखें मिल जातीं तो इसे भर पेट देख तो लेती ? भला पुत्रदर्शन के मांगलिक उत्सव से किसका हृदय तृप्त हुआ है ? ॥ २० ॥

विनम्रदेवासुरपृष्ठगाभ्यामादाय तं पाणिसरोरुहाभ्याम् ।
नवोदयं पार्वणचन्द्रचारुं गौरी स्वमुत्सङ्गतलं निनाय ॥ २१ ॥

अन्वयः—गौरी, नवोदयम्, पार्वणन्द्रचारुम्, तम्, विनम्रदेवासुरपृष्ठगाभ्याम्, पाणिसरोरुहाभ्याम्, आदाय, उत्सङ्गतलम्, निनाय ॥ २१ ॥

भावार्थ—प्रणाम के समय झुके हुए देवताओं तथा दैत्यों को पीठ पर जिन हाथों को फेरती हुई पार्वती जी आशीर्वाद दिया करती थीं, अपने उन्हीं कमलों जैसे कोमल हाथों से पूर्णिमा के नवोदित रमणीय चन्द्रमा के समान उस बालक को उन्होंने अपनी गोद में उठा कर रख लिया ॥ २१ ॥

स्वमङ्कमारोप्य सुधानिधानमिवात्मनो नन्दनमिन्दुवक्त्रा ।
तमेकमेषा जगदेकवीरं बभूव पूज्या धुरि पुत्रिणीनाम् ॥ २२ ॥

अन्यवः—इन्दुवक्त्रा, एषा, एकम्, जगदेकवीरम्, तम्, आत्मनः, नन्दनम्, सुधानिघानम्, इव स्वम्, अङ्कम्, आरोप्य, पुत्रिणीनाम्, धुरि, पूज्या, बभूव ॥२२॥

भावार्थ—चन्द्रमा के समान मुख वाली पार्वती जी ने संसार में एक मात्र वीर उस पुत्र को अपनी गोद में ले लिया मानों उन्हें कोई अमृत का खजाना मिल गया हो। इसी पुत्र की धात्री होने के कारण वह तीनों लोकों की माताओं में पूज्य बन गयीं ॥ २२ ॥

निसर्गवात्सल्यरसौघसिक्ता सान्द्रप्रमोदामृतपूरपूर्णा ।
तमेकपुत्रं जगदेकमाताऽभ्युत्सङ्गिनं प्रस्रविणी बभूव ॥ २३ ॥

अन्वयः—निसर्गवात्सल्यरसौघसिक्ता, सान्द्रप्रमोदामृतपूरपूर्णा जगदेकमाता उत्सङ्गिनम्, तम्, एकपुत्रम्, अभि, प्रस्रविणी, बभूव ॥ २३ ॥

भाषार्थ—सारे संसार की माता पार्वती ने ज्योंही उस पुत्र को गोद में लिया त्योंही उनका रोम-रोम स्वाभाविक वात्सल्य रस की धारा में भींग उठा, उनके हृदय में अत्यन्त आनन्दामृत की बाढ़ आ गई और स्तनों से दूध की धारा निकल पड़ी ॥ २३ ॥

अशेषलोकत्रयमातुरस्याः षाण्मातुरः स्तन्यसुधामधासीत् ।
सुरस्रवन्त्या किल कृत्तिकाभिर्मुहुर्मुहुः सस्पृहमीक्ष्यमाणः ॥ २४ ॥

अन्वयः—षाण्मातुरः, सुरस्रवन्त्या, कृत्तिकाभिः, सस्पृहम्, मुहुर्मुहुः, ईक्ष्यमाणः, अशेषलोकत्रयमातुः, अस्याः, स्तन्यसुधाम्, अधासीत्, किल ॥ २४ ॥

भाषार्थ—जब कार्तिकेय जी तीनों लोकों की माता पार्वती जी के स्तनों से निकले हुए अमृत जैसे दूध का पान करने लगे तब गंगा जी तथा छओं कृत्तिकाएँ बार-बार अत्यन्त ईर्ष्या के साथ उन्हें देखने लगीं ॥ २४ ॥

सुखाश्रुपूर्णेन मृगाङ्कमौलेः कलत्रमेकेन मुखाम्बुजेन ।
तस्यैकनालोद्गतपञ्चपद्मलक्ष्मीं क्रमात्षड्वदनीं चुचुम्ब ॥ २५ ॥

अन्वयः—मृगाङ्कमौलेः, कलत्रम्, एकनालोद्गतपञ्चपद्मलक्ष्मीम्, तस्य, षड्वदनीम् सुखाश्रुपूर्णेन, एकेन, मुखाम्बुजेन, क्रमात्, चुचुम्ब ॥ २५ ॥

भाषार्थ—भगवान शंकर जी की प्रिया पार्वती जी आनन्दाश्रुओं से सिंचे हुए अपने एक ही मुख-कमल से बालक के उन छहों मुखों को क्रम से चूमने लगीं जो एक ही नाल में खिले हुए उन पाँच कमलों के समान प्रतीत हो रहे थे जिनके बीच में उनकी शोभा भी छठाँ कमल बनकर मूर्तिमान हो उठी हो ॥२५॥

हैमी फलं हेमगिरेर्लतेव विकस्वरं नाकनदीव पद्मम् ।
पूर्वेव दिङ्नूतनमिन्दुमाभात्तं पार्वती नन्दनमादधाना ॥ २६ ॥

अन्वयः—तम्, नन्दनम्, आदधाना, पार्वती, फलम् (दधाना), हेमगिरेः हैमी, लता, इव, विकस्वरम्, पद्मम् (दधाना) नाकनदी, इव, नूतनम्, इन्दुम् (दधाना), पूर्वा, दिग्, इव, आभात् ॥ २६ ॥

भाषार्थ—जिस प्रकार सोने के पहाड़ सुमेरु पर उत्पन्न होने वाली स्वर्ण लता फल को, आकाश-गंगा प्रफुल्लित कमल को तथा पूर्व दिशा नवोदित चन्द्र-मंडल को अपनी गोद में धारण करके सुशोभित हो जाती है उसी प्रकार हिमालय-पुत्री पार्वती भी उस पुत्र को गोद में लेकर सुशोभित हो उठीं ॥ २६ ॥

प्रीतात्मना सा प्रयतेन दत्तहस्तावलम्बा शशिशेखरेण ।
कुमारमुत्सङ्गतले दधाना विमानमभ्रंलिहमारुरोह ॥ २७ ॥

अन्वयः—कुमारम्, उत्सङ्गतले, दधाना, सा, प्रीतात्मना, प्रयतेन (तथाभूतेन), शशिशेखरेण, दत्तहस्तावलम्बा, अभ्रंलिहम्, विमानम्, आरुरोह ॥ २७ ॥

भावार्थ—उस समय अत्यन्त सावधानी के साथ दिए गये भगवान शंकर के हाथों का सहारा लेकर पार्वती जी कुमार को गोद में लिए हुए अत्यन्त प्रसन्न मन से उस गगनचुम्बी विमान पर सवार हो गईं ॥ २७ ॥

महेश्वरोऽपि प्रमदप्ररूढरोमोद्गमो भूधरनन्दनायाः ।
अङ्कादुपादत्त तदङ्कतः सा तस्यास्तु सोऽप्यात्मजवत्सलत्वात् ॥ २८ ॥

अन्वयः—प्रमदप्ररूढरोमोद्गमः, महेश्वरः, अपि, आत्मजवत्सलत्वात्, भूधरनन्दनायाः, अङ्कात् (तम्) उपादत्त (अथ), तदङ्कतः, सा, उपादत्त, सः, अपि, तस्याः, तु (अङ्कात्, उपादत्त) ॥ २८ ॥

भावार्थ—पुत्र प्रेम के कारण आनन्द से रोमाञ्चित शिव जी पार्वती के गोद से उस बालक को अपनी गोद में ले लेते तो तुरन्त ही पार्वती जी उसे उनकी गोद से अपनी गोद में रख लेतीं किन्तु वह पुनः उसे अपनी गोद में ले लिया करते थे ॥ २८ ॥

दधानया नेत्रसुधैकसत्रं पुत्रं पवित्रं सुतया तयाद्रेः ।
संश्लिष्यमाणः शशिखण्डधारी विमानवेगेन गृहाञ्जगाम ॥ २९ ॥

अन्वयः—शशिखण्डधारी, नेत्रसुधैकसत्रम् (तथा), पवित्रम्, पुत्रम्, दधानया, तया, अद्रेः, सुतया, संश्लिष्यमाणः, विमानवेगेन, गृहान्, जगाम ॥ २९ ॥

भावार्थ—नेत्रों को अमृत के समान सुख देने वाले पवित्र पुत्र को गोद में लेकर सट कर बैठी हुई पार्वती जी के साथ भगवान शंकर जी अत्यन्त तीव्रगामी विमान पर बैठकर अपने घर कैलास को लौट आए ॥ २९ ॥

अधिष्ठितः स्फाटिकशैलशृङ्गे तुङ्गे निजं धाम निकामरम्यम् ।
महोत्सवाय प्रमथप्रमुख्यान्पृथून्गणाञ्छम्भुरथादिदेश ॥ ३० ॥

अन्वयः—अथ, शम्भुः, तुङ्गे, स्फाटिकशैलशृङ्गे, निकामरम्यम्, निजम्, धाम, अधिष्ठितः, महोत्सवाय, पृथून्, प्रमथप्रमुख्यान्; गणान्, आदिदेश ॥ ३० ॥

भावार्थ—इसके पश्चात् कैलास की स्फटिकमय चोटी पर बने हुए अपने

सुन्दर महल में बैठकर भगवान शंकर ने अपने प्रमथ प्रमुख सभी गणों को पुत्र-जन्म के उपलक्ष्य में उत्सव मनाने की आज्ञा प्रदान की ॥ ३० ॥

पृथुप्रमोदः प्रगुणो गणानां गणः समग्रो वृषवाहनस्य ।
गिरीन्द्रपुत्र्यास्तनयस्य जन्मन्यथोत्सवं संववृते विधातुम् ॥ ३१ ॥

अन्वयः—अथ, पृथुप्रमोदः, प्रगुणः, समग्रः, गणानाम्, गणः, वृषवाहनस्य, गिरीन्द्रपुत्र्याः, तनयस्य, जन्मनि, उत्सवम्, विधातुम्, संववृते ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—तब अत्यन्त आनन्द के साथ गुणी गणों ने एक साथ मिलकर पार्वती जी तथा शंकर जी के पुत्र-जन्म के उपलक्ष्य में महान् उत्सव मनाना प्रारम्भ किया ॥ ३१ ॥

स्फुरन्मरीचिच्छुरिताम्बराणि सन्तानशाखिप्रसवाञ्चितानि ।
उच्चिक्षिपुः काञ्चनतोरणानि गणा वराणि स्फटिकालयेषु ॥ ३२ ॥

अन्वयः—गणाः, स्फटिकालयेषु, स्फुरन्मरीचिच्छुरिताम्बराणि, सन्तानशाखिप्रसवाञ्चितानि, वराणि, काञ्चनतोरणानि, उच्चिक्षिपुः ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—उन गणों ने स्फटिक मणियों के बने भवनों पर चमकती हुई किरणों से आकाश को चित्रित कर देने वाली तथा कल्पवृक्षों से उत्पन्न पत्तों तथा फूलों से बनी हुई श्रेष्ठ सुनहरी बन्दनवारें लटका दीं ॥ ३२ ॥

दिक्षु प्रसर्पंस्तदधीश्वराणामथामराणामिव मध्यलोके ।
महोत्सवं शंसितुमाहतोऽन्यैर्दध्वान धीरः पटहः पटीयान् ॥ ३३ ॥

अन्वयः—अथ, दिक्षु, प्रसर्पन्, तदधीश्वराणाम्, अमराणाम्, पटीयान्, धीरः, पटहः, अन्यैः, आहतः (सन्), मध्यलोके, महोत्सवम्, शंसितुम्, इव, दध्वान ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—अन्य गणों द्वारा बजाए गए नगाड़ों की गम्भीर ध्वनि दिशाओं में फैलती हुई धरती तक पहुँच गई और वहाँ से प्रतिध्वनित होती हुई वह मानो यह बताने लगी कि वहाँ भी दिक्पालों तथा देवताओं के लोकों के समान ही पुत्रोत्सव मनाया जा रहा है ॥ ३३ ॥

महोत्सवे तत्र समागतानां गन्धर्वविद्याधरसुन्दरीणाम् ।
सम्भावितानां गिरिराजपुत्र्या गृहेऽभवन्मङ्गलगीतकानि ॥ ३४ ॥

अन्वयः—तत्र, महोत्सवे, गृहे, समागतानाम्, गिरिराजपुत्र्या, सम्भावितानां, गन्धर्वविद्याधरसुन्दरीणाम्, मङ्गलगीतकानि, अभवन् ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—पार्वती जी ने उस महान् उत्सव में वहाँ आई हुई गन्धर्वों और विद्याधरों की सुन्दरियों का बहुत ही आदर के साथ सम्मान किया और उन्होंने बड़ी प्रसन्नता से मंगलगान किया ॥ ३४ ॥

सुमङ्गलोपायनपात्रहस्तास्तं मातरो मातृवदभ्युपेताः ।
विधाय दूर्वाक्षतकानि मूर्ध्नि निन्युः स्वमङ्कं गिरिजातनूजम् ॥ ३५ ॥

अन्वयः—सुमङ्गलोपायनपात्रहस्ताः, अभ्युपेताः, मातरः, मूर्ध्नि, दूर्वाक्षतकानि, विधाय, तम्, गिरिजातनूजम्, मातृवत्, स्वम्, अङ्कम्, निन्युः ॥ ३५ ॥

भाषार्थ— मातृ भावना से भरी हुई ब्राह्मी आदि मातायें भी वहाँ मंगल उपहारों को लिए हुए आईं और उन्होंने उस बालक के सिर पर दूब तथा अक्षत छिड़क-छिड़क कर उसे अपनी-अपनी गोद में ले लिया ॥ ३५ ॥

ध्वनत्सु तूर्येषु सुमन्द्रमङ्क्यालिङ्ग्योर्ध्वकेष्वप्सरसो रसेन ।
सुसन्धिबन्धं ननृतुः सुवृत्तगीतानुगं भावरसानुविद्धम् ॥ ३६ ॥

अन्वयः—अङ्क्यालिङ्ग्योर्ध्वकेषु, तूर्येषु, सुमन्द्रम् (यथा तथा), ध्वनत्सु, अप्सरसः, रसेन, सुसन्धिबन्धम्, सुवृत्तगीतानुगम्, भावरसानुविद्धम्, ननृतुः ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—उस समय अंक्य, आलिङ्ग्य और उर्ध्वक नाम की अनेक तुरहियाँ मधुर स्वर से बजने लगीं और भाव तथा रस भरे सुन्दर छन्दों में बँधे हुए गाने गाती हुई अप्सरायें बड़े हाव भाव से नृत्य करने लगीं ॥ ३६ ॥

वाता ववुः सौख्यकराः प्रसेदुराशा विधूमो हुतभुग् दिदीपे ।
जलान्यभूवन्विमलानि तत्रोत्सवेऽन्तरिक्षं प्रससाद सद्यः ॥ ३७ ॥

अन्वयः—तत्र, उत्सवे, वाताः, सौख्यकराः, ववुः, आशाः, प्रसेदुः, हुतभुक्, विधूमः, (सन्), दिदीपे, जलानि, विमलानि, अभूवन्, अन्तरिक्षम्, सद्यः, प्रससाद ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—उस उत्सव में सुख देने वाला वायु बहने लगा, दिशाएँ प्रसन्न हो उठीं, अग्नि धुएँ से रहित होकर प्रदीप्त हो उठी जल निर्मल हो गया और आकाश भी तत्काल ही स्वच्छ हो उठा ॥ ३७ ॥

गम्भीरशङ्खध्वनिमिश्रमुच्चैर्गृहोद्भवा दुन्दुभयः प्रणेदुः ।
दिवौकसां व्योम्नि विमानसङ्घा विमुच्य पुष्पप्रचयान्प्रसस्रुः ॥ ३८ ॥

अन्वयः—गृहोद्भवा,: दुन्दुभयः, गम्भीरशङ्खध्वनिमिश्रम्, उच्चैः, प्रणेदुः, दिवौकसाम्, विमानसङ्घाः, व्योम्नि, पुष्पप्रचयान्, विमुच्य, प्रसस्रुः ॥ ३८ ॥

भाषार्थ—सभी घरों में छोटे-छोटे नगाड़े शंख की गम्भीर ध्वनि के साथ बजने लगे और देवतालोग आकाश में आ आकर विमानों से पुष्पवर्षा करने लगे ॥ ३८ ॥

इत्थं महेशाद्रिसुतासुतस्य जन्मोत्सवे सम्मदयाञ्चकार ।
चराचरं विश्वमशेषमेतत्परं चकम्पे किल तारकश्रीः ॥ ३९ ॥

अन्वयः—महेशाद्रिसुतासुतस्य, इत्थम्, जन्मोत्सवे, अशेषम्, चराचरम्, एतत्, विश्वम्, सम्मदयाञ्चकार, परम्, तारकश्री, चकम्पे, किल ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—शंकर जी तथा पार्वती जी के इस पुत्रजन्म के उत्सव से संसार के चर अचर सभी प्राणी हर्ष में विभोर हो गये किन्तु तारकासुर की राज्यलक्ष्मी काँप उठी ॥ ३९ ॥

ततः कुमारः समुदां निदानैः सः बाललीलाचरितैर्विचित्रैः ।
गिरीशगौर्योर्हृदयं जहार मुदे न हृद्या किमु बालकेलिः ॥ ४० ॥

अन्वयः—ततः, सः, कुमारः, विचित्रैः, समुदाम्, निदानैः, बाललीलाचरितैः, गिरीशगौर्योः, हृदयम्, जहार, हृद्या, बालकेलिः, मुदे, न, किमु ॥ ४० ॥

भाषार्थ—इस प्रकार उस बालक ने अपनी आनन्दमयी अनोखी बाललीलाओं से शंकर और पार्वती जी के हृदय को मुग्ध कर लिया, क्योंकि बच्चों की लीलाएँ भला किसके मन को मुग्ध नहीं कर लेतीं ? ॥ ४० ॥

महेश्वरः शैलसुता च हर्षात्सतर्षमेकेन मुखेन गाढम् ।
अजातदन्तानि मुखानि सूनोर्मनोहराणि क्रमतश्चुचुम्ब ॥ ४१ ॥

अन्वयः—महेश्वरः, शैलसुता, च, हर्षात्, सतर्षम् (तथा), अजातदन्तानि, मनोहराणि, सूनोः, मुखानि, एकेन, मुखेन, गाढम्, क्रमतः, चुचुम्ब ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—पार्वती और शंकर जी बड़ी प्रसन्नता के साथ लालायित होकर पुत्र के दाँतों से रहित मनोहर मुखों को अपने-अपने एक ही मुख से बार-बार बड़े प्रेम से चूमा करते थे ॥ ४१ ॥

क्वचित्स्खलद्भिः क्वचिदस्खलद्भिः क्वचित्प्रकम्पैः क्वचिदप्रकम्पैः ।
बालः स लीलाचलनप्रयोगैस्तयोर्मुदं वर्धयति स्म पित्रोः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—सः, बालः, क्वचित्, स्खलद्भिः, क्वचित् (प्रदेशे), अस्खलद्भिः,

क्वचित्, प्रकम्पैः, क्वचित्, अप्रकम्पैः, लीलाचलनप्रयोगैः, तयोः, पित्रोः, मुदम्, वर्धयति, स्म ॥ ४२ ॥

भाषार्थ——कभी लड़खड़ाते हुए, कभी सीधे चलते हुऐ, कभी काँपते हुए और कभी सीधे खड़े होकर वह बालक अपनी खिलवाड़ से भरी चालों द्वारा माता-पिता का आनन्द बढ़ाने लगा ॥ ४२ ॥

अहेतुहासच्छुरिताननेन्दुर्गृहाङ्गणक्रीडनधूलिधूम्रः ।
मुहुर्वदन्किञ्चिदलक्षितार्थं मुदं तयोरङ्कगतस्ततान ॥ ४३ ॥

अन्वयः—गृहाङ्गणक्रीडनधूलिधूम्रः, अङ्कगतः, अहेतुहासच्छुरिताननेन्दुः, अलक्षितार्थम्, मुहुः, किञ्चित्, वदन्, तयोः, मुदम्, ततान ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—घर के आँगन में खेलने से धूल-धूसरित वह बालक माता-पिता की गोद में जाकर अकारण ही हँसने लगता था, जिससे उसका मुखचन्द्र और भी चमक उठता था और कभी-कभी बार-बार तोतली बाणी में बोल-बोलकर उनके आनन्द को बढ़ाया करता था ॥ ४३ ॥

गृह्णन्विषाणे हरवाहनस्य स्पृशन्नुमाकेसरिणं सलीलम् ।
स भृङ्गिणः सूक्ष्मतरं शिखाग्रं कर्षन्बभूव प्रमदाय पित्रोः ॥ ४४ ॥

अन्वयः——सः, हरवाहनस्य, विषाणे, गृह्णन् (तथा), उमाकेसरिणम्, सलीलम्, स्पृशन्, भृङ्गिणः, सूक्ष्मतरम्, शिखाग्रम्, कर्षन्, पित्रोः, प्रमदाय, बभूव ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—वह कभी शंकर जी के बैल की सींग पकड़ने लगता, कभी पार्वती जी के वाहन सिंह को सहलाने लगता और कभी भृङ्गी की पतली चोटी को पकड़ कर खींचने लगता। उसकी इस चंचलता को देख-देखकर माता-पिता अत्यन्त प्रसन्न हो जाते थे ॥ ४४ ॥

एको नव द्वौ दश पञ्च सप्तेत्यजीगणन्नात्ममुखं प्रसार्य ।
महेशकण्ठोरगदन्तपङ्क्ति तदङ्कगः शैशवमौग्ध्यमैशिः ॥ ४५ ॥

अन्वयः—तदङ्कगः ऐशिः, आत्ममुखम्, प्रसार्य, महेशकण्ठोरगदन्तपङ्क्तिम्, एको, नव, द्वौ, दश, पञ्च, सप्त, इति, शैशवमौग्ध्यम् अजीगणत् (यतः) ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—कभी वह शंकर जी की गोद में बैठकर अपनी बाल्य-कालीन चपलता के कारण उनके गले में पड़े हुए साँप का मुँह खोलकर एक नौ दो दस पांच कह कर उसके दांत गिनने लगता था ॥ ४५ ॥

कर्पदिकण्ठान्तकपालदाम्नोऽङ्गुलिं प्रवेश्याननकोटरेषु ।
दन्तानुपात्तुं रभसी बभूव मुक्ताफलभ्रान्तिकरः कुमारः ॥ ४६ ॥

अन्वयः—कुमारः कपर्दिकण्ठान्तकपालदाम्नः, आननकोटरेषु, अङ्गुलिम्, प्रवेश्य, मुक्ताफलभ्रान्तिकरः, दन्तान्, उपात्तुम्, रभसी बभूव (यतः) ॥ ४६ ॥

भाषार्थ— वह कुमार कभी-कभी शंकर जी के गले में पड़ी मुंडमाला के मुखों में अंगुलियाँ डालकर उनके दाँतों को मोती के भ्रम से निकालने लगता था ॥ ४६ ॥

शम्भोः शिरोऽन्तःसरितस्तरङ्गान्विगाह्य गाढं शिशिरान्रसेन ।
स जातजाड्यं निजपाणिपद्ममतापयद्भालविलोचनाग्नौ ॥ ४७ ॥

अन्वयः—सः, शिशिरान्, शम्भोः, शिरोऽन्तः, सरितः, तरंगान्, रसेन, गाढम् विगाह्य, जातजाड्यम्, निजपाणिपद्मम्, भालविलोचनाग्नौ, अतापयत् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—कभी वह शंकर जी के सिर पर बहने वाली गंगा की धारा में अपना हाथ डाल देता था किन्तु जब वह ठंढक से सुन्न होने लगता तो कमल जैसे कोमल हाथ को वहाँ से निकाल कर शिव जी के माथे पर जलते हुए तीसरे नेत्र की आग में सेंकने लगता था ॥ ४७ ॥

किञ्चित्कलं भङ्गुरकन्धरस्य नमज्जटाजूटधरस्य शम्भोः ।
प्रलम्बमानं किल कौतुकेन चिरं चुचुम्बे मुकुटेन्दुखण्डम् ॥ ४८ ॥

अन्वयः—किञ्चित्, भङ्गुरकन्धरस्य (सः कुमारः) नमज्जटाजूटधरस्य, शम्भोः प्रलम्बमानम्, कलम्, मुकुटेन्दुखण्डम्, कौतुकेन, चिरम्, चुचुम्बे, किल ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—जब कभी शंकर जी के कंधे थोड़ा झुक जाते थे और उनके जटाजूट नीचे लटकने लगते थे तब वह कुमार जटाओं के साथ नीचे लटकने वाले चन्द्रमा को बड़े कौतुक के साथ देर तक चूमता रहता था ॥ ४८ ॥

इत्थं शिशोः शैशवकेलिवृत्तैर्मनोऽभिरामैर्गिरिजागिरीशौ ।
मनोविनोदैकरसप्रयुक्तौ दिवानिशं नाविदतां कदाचित् ॥ ४९ ॥

अन्वयः—गिरिजागिरीशौ, मनोभिरामैः, इत्थम्, शिशोः, शैशवकेलिवृत्तैः, मनोविनोदैकरसप्रयुक्तौ, कदाचित् (अपि), दिवानिशम्, न, अविदताम् ॥ ४९ ॥

भावार्थ—इस प्रकार पुत्र की मनोहर बाल-क्रीडाओं के आनन्द रस में पार्वती जी तथा शंकर जी इतने मग्न हो गए कि उन्हें रात-दिन की भी सुधि न रह गयी ॥ ४९ ॥

इति बहुविधं बालक्रीडाविचित्रविचेष्टितं
ललितललितं सान्द्रानन्दं मनोहरमाचरन् ।
अलभत परां बुद्धिं षष्ठे दिने नवयौवनं
स किल सकलं शास्त्रं शस्त्रं विवेद विभुर्यथा ॥ ५० ॥

इति महाकविकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये कुमार-
बाललीलावर्णनं नामैकादशः सर्गः ॥ ११ ॥

अन्वयः—इति, बहुविधम्, ललितललितम्, सान्द्रानन्दम्, मनोहरम्, बालक्रीडाविचित्रविचेष्टितम्, आचरन्, विभुः, सः, षष्ठे, दिने, पराम्, बुद्धिम्, नवयौवनम्, च, अलभत, यथा, सकलम्, शस्त्रम्, शास्त्रम्, विवेद, किल ॥ ५० ॥

भावार्थ—इस प्रकार अनेकों सुन्दर, आनन्ददायी तथा मनोहर बाल लीलाएँ दिखाता हुआ वह बालक अपने जन्म से छठें ही दिन वहुत वड़ा बुद्धिमान तथा जवान बन गया और उसने शास्त्र और शस्त्र विद्याओं को भली-भाँति सीख लिया ॥ ५० ॥

महाकवि कालिदास कृत कुमारसंभव महाकाव्य में कार्तिकेय
जन्म नाम का ग्यारहवाँ सर्ग समाप्त ।

द्वादशः सर्गः

अथ प्रपेदे त्रिदशैरशेषैः क्रूरासुरोपप्लवदुःखितात्मा ।
पुलोमपुत्रीदयितोऽन्धकारिं पत्रीव तृष्णातुरितः पयोदम् ॥ १ ॥

अन्वयः—अथ, क्रूरासुरोपप्लवदुःखितात्मा, पुलोमपुत्रीदयितः अशेषैः, त्रिदशैः, तृष्णातुरितः, पत्री, पयोदम्, इव, अन्धकारिम्. प्रपेदे ॥ १ ॥

भाषार्थ—जिस प्रकार प्यास से व्याकुल पपीहा बादल की शरण में जाता है उसी प्रकार अत्याचारी तारकासुर के कष्टों से दुःखी होकर इन्द्र सभी देवताओं को साथ लिए हुए भगवान् शंकर जी के पास पहुँचे ॥ १ ॥

दृप्तारिसंत्रासखिलीकृतात्स कथञ्चिदम्भोदविहारमार्गात् ।
अवातताराभिगिरिं गिरीशगौरीपदन्यासविशुद्धमिन्द्रः ॥ २ ॥

अन्वयः—सः, इन्द्रः, दृप्तारिसंत्रासखिलीकृतात्, अम्भोदविहारमार्गात्, गिरीशगौरीपदन्यासविशुद्धम्. गिरिम्, अभि कथञ्चित्, अवाततार ॥ २ ॥

भाषार्थ—उस घमण्डी शत्रु तारकासुर के भय से देवताओं के सभी मार्ग अवरुद्ध हो गये थे इसलिए इन्द्र किसी प्रकार अपने को बादलों में छिपाते हुए आकाश मार्ग से कैलास पहाड़ पर उतरे, जो पार्वती तथा शंकर जी के चरणों की छाप से पवित्र हो चुका था ॥ २ ॥

सङ्क्रन्दनः स्यन्दनतोऽवतीर्य मेघात्मनो मातलिदत्तहस्तः ।
पिनाकिनोऽथालयमुच्चचाल शुचौ पिपासाकुलितो यथाम्भः ॥ ३ ॥

अन्वयः—अथ, सङ्क्रन्दनः, मातलिदत्तहस्तः, मेघात्मनः, स्यन्दनतः, अवतीर्य, शुचौ, पिपासाकुलितः, अम्भः, यथा, पिनाकिनः, आलयम्, उच्चचाल ॥ ३ ॥

भाषार्थ—जैसे ग्रीष्म ऋतु में प्यासा हुआ आदमी पानी की ओर झपटता है उसी प्रकार मातलि के हाथों का सहारा लेकर अपने मेघ जैसे रथ से उतर कर इन्द्र भगवान शिव के महल की ओर बढ़ चले ॥ ३ ॥

इतस्ततोऽथ प्रतिबिम्बभाजं विलोकमानः स्फटिकाद्रिभूमौ ।
आत्मानमप्येकमनेकधा स व्रजन्विभोरास्पदमाससाद ॥ ४ ॥

अन्वयः—अथ व्रजन्, सः, स्फटिकाद्रिभूमौ, इतस्ततः, प्रतिबिम्बभाजम्, एकम्, अपि, आत्मानम्, अनेकधा, विलोकमानः, विभोः, आस्पदम्, आसदाद ॥ ४ ॥

भाषार्थ—उस स्फटिकमय पहाड़ी भूमि में इधर-उधर पड़ने वाली अपनी बहुत सी परछाइयों को देखकर एक होते हुए भी अपने को अनेक समझते हुए चलते-चलते वे शंकर जी के निवास-स्थान पर जा पहुँचे ॥ ४ ॥

विचित्रचञ्चन्मणिभङ्गिसङ्गं सौवर्णदण्डं दधतातिचण्डम् ।
स नन्दिनाधिष्ठितमभ्यतिष्ठत्सौधाङ्गणद्वारमनङ्गशत्रोः ॥ ५ ॥

अन्वयः—सः विचित्रचञ्चन्मणिभङ्गिसङ्गम्, अतिचण्डम्, सौवर्णदण्डम्, दधता, नन्दिना, अधिष्ठितम्, अनङ्गशत्रोः सौधाङ्गणद्वारम् अभ्यतिष्ठत् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—रंग-विरंगी मणियों की पच्चीकारी से सुशोभित भगवान् शंकर के महल के दरवाजे पर पहुँच कर इन्द्र रुक गए जहाँ हाथ में एक भारी सोने का डंडा लिए हुए नान्दी खड़ा था ॥ ५ ॥

ततः स कक्षाहितहेमदण्डो नन्दी सुरेन्द्रं प्रतिपद्य सद्यः ।
प्रतोषयामास सुगौरवेण गत्वा शशंस स्वयमीश्वरस्य ॥ ६ ॥

अन्वयः—ततः, सः, नन्दी, सुरेन्द्रम्, सद्यः, प्रतिपद्य, सुगौरवेण, प्रतोषयामास, स्वयम्, गत्वा, कक्षाहितहेमदण्डः, ईश्वरस्य, शशंस ॥ ६ ॥

भाषार्थ—नन्दी ने इन्हें देखते ही अपने सोने के डण्डे को एक कोने में खड़ा कर दिया और आगे बढ़कर अत्यन्त आदर के साथ उनका स्वागत किया। तथा शंकर जी के पास जाकर उनके आने की सूचना दी ॥ ६ ॥

भ्रूसंज्ञयानेन कृताभ्यनुज्ञः सुरेश्वरं तं जगदीश्वरेण ।
प्रवेशयामास सुरैः पुरोगः समं स नन्दी सदनं सदस्य ॥ ७ ॥

अन्वयः—अनेन, जगदीश्वरेण, भ्रूसंज्ञया, कृताभ्यनुज्ञः, सः, नन्दी, पुरोगः (सन्), तम्, सुरेश्वरम्, सद्, अस्य, सदनम्, सुरैः, समम्, प्रवेशयामास ॥ ७ ॥

भाषार्थ—भगवान् शंकर जी ने नन्दी को अपनी भौहों के संकेत से ही उन्हें भीतर लाने की आज्ञा दी। तब उनकी आज्ञा से आगे-आगे चलता हुआ नन्दी देवताओं के साथ इन्द्र को लिए हुए भगवान् शंकर के मनोहर भवन में प्रवेश किया ॥ ७ ॥

स चण्डिभृङ्गिप्रमुखैर्गरिष्ठैर्गणैरनेकैर्विविधस्वरूपैः ।
अधिष्ठितं संसदि रत्नमय्यां सहस्रनेत्रः शिवमालुलोके ॥ ८ ॥

अन्वयः—सः, सहस्रनेत्रः गरिष्ठैः, अनेकैः, विविधस्वरूपैः, चण्डिभृङ्गिप्रमुखैः गणैः, रत्नमय्याम्, संसदि अधिष्ठितम्, शिवम्, आलुलोके ॥ ८ ॥

भावार्थ—रत्नजटित सभा-भवन में अनेक रूपरंग वाले चण्डी भृङ्गी आदि बहुतेरे गणों से घिरे हुए आसनासीन भगवान् शंकर को इन्द्र ने अपनी हजार आँखों से देखा ॥ ८ ॥

कपर्दमुद्बद्धमहीनमूर्धरत्नांशुभिर्भासुरमुल्लसद्भिः ।
दधानमुच्चैस्तरमिद्धधातोः सुमेरुश्रृङ्गस्य समत्वमाप्तम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—उद्बद्धम्, उल्लसद्भिः, अहीनमूर्धरत्नांशुभिः, भासुरम्, उच्चैस्तरम्, कपर्दम् दधानम्, इद्धधातोः, सुमेरुश्रृङ्गस्य, समत्वम्, आप्तम् ॥ ९ ॥

भावार्थ—साँपों से कसकर बँधा हुआ तथा वासुकी इत्यादि बड़े-बड़े साँपों के फणों की मणियों की किरणों से जगमगाता हुआ शंकर जी का ऊँचा जटाजूट विभिन्न प्रकार की धातुओं से परिपूर्ण सुमेरु की ऊंची चोटी के समान दिखाई दे रहा था ॥ ९ ॥

बिभ्राणमुत्तुङ्गतरङ्गमालां गङ्गां जटाजूटतटं भजन्तीम् ।
गौरीं तदुत्सङ्गजुषं हसन्तीमिव स्वफेनैः शरदभ्रशुभ्रैः ॥ १० ॥

अन्वयः—उत्तुङ्गतरङ्गमालाम्, जटाजूटतटम्, भजन्तीम्, शरदभ्रशुभ्रैः, स्वफेनैः, तदुत्सङ्गजुषम्, गौरीम्, हसन्तीम्, इव गंगाम्, बिभ्राणम् ॥ १० ॥

भावार्थ—उनके जटाजूट के पास ही स्थित ऊँची-ऊँची लहरों वाली गंगा जी शरत्-कालीन स्वच्छ बादलों के समान अपना फेन उछाल-उछाल कर शङ्कर जी की गोद में बैठी हुई पार्वती जी की मानों हँसी उड़ा रही थीं ॥ १० ॥

गङ्गातरङ्गप्रतिबिम्बितैः स्वैर्बहूभवन्तं शिरसा सुधांशुम् ।
चलन्मरीचिप्रचयैस्तुषारगौरैर्हिमद्योतितमुद्वहन्तम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—(पुनः किम्भूतम्), गङ्गातरङ्गप्रतिबिम्बितैः, स्वैः, बहूभवन्तम्, सुधांशुम्, शिरसा, उद्वहन्तम्, तुषारगौरैः, चलन्मरीचिप्रचयैः, हिमद्योतितम् ॥ ११ ॥

भावार्थ—उनके सिर पर स्थित चन्द्रमा की हिम जैसी नाचती हुई उजली किरणें गंगा की लहरों में प्रतिबिम्बत होती हुई अकेले चन्द्रमा को अनेक रूपों में दिखला रही थीं ॥ ११ ॥

भालस्थले लोचनमेघमानधामाधरीभूतरवीन्दुनेत्रम् ।
युगान्तकालोचितहव्यवाहं मीनध्वजप्लोषणमादधानम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—भालस्थले, एधमानधामाधरीभूतरवीन्दुनेत्रम्, युगान्तकालोचितहव्यवाहम्, मीनध्वजप्लोषणम् लोचनम् आदधानम् ॥ १२ ॥

भावार्थ—उनके मस्तक पर प्रलयकालीन अग्नि के समान प्रदीप्त एवं कामदेवको भस्म कर डालने वाला तीसरा नेत्र धधक रहा था जिसके तेज के सामने अत्यन्त प्रखर तेज धारण करने वाले सूर्य तथा चन्द्र रूपी नेत्र भी फीके पड़ जाते थे ॥ १२ ॥

महार्हरत्नाञ्चितयोरुदारं स्फुरत्प्रभामण्डलयोः समन्तात् ।
कर्णस्थिताभ्यां शशिभास्कराभ्यामुपासितं कुण्डलयोश्छलेन ॥ १३ ॥

अन्वयः—(पुनः किम्भूतम्), महार्हरत्नाञ्चितयोः, समन्तात्, उदारम् (यथा स्यात्तथा), स्फुरत्प्रभामण्डलयोः, कुण्डलयोः, छलेन, कर्णस्थिताभ्याम्, शशिभास्कराभ्याम्, उपासितम् ॥ १३ ॥

भावार्थ—उनके दोनों कानों में बहुमूल्य रत्नों से जड़े तथा चमकती हुई किरणों से घिरे हुए दो कुण्डल ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानों कुण्डलों के बहाने सूर्य और चन्द्रमा ही उनके कानों पर बैठकर उनकी उपासना कर रहे हों ॥ १३ ॥

स्वबद्धया कण्ठिकयेव नीलमाणिक्यमय्या कुतुकेन गौर्याः ।
नीलस्य कण्ठस्य परिस्फुरन्त्या कान्त्या महत्या सुविराजमानम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—(पुनः, किम्भूतम्), परिस्फुरन्त्या, नीलस्य, कण्ठस्य, महत्या, कान्त्या, सुविराजमानम्, कुतुकेन, स्वबद्धया, नीलमाणिक्यमय्या, गौर्याः, कण्ठिकया, इव ॥ १४ ॥

भावार्थ—वह अपने नीले गले की अत्यन्त चमकती हुई कान्ति से इस प्रकार सुशोभित हो रहे थे जैसे कभी-कभी खिलवाड़ में नीलम की बनी कंठियों को गले में बाँधकर पार्वती जी सुशोभित हो उठती थीं ॥ १४ ॥

कालार्दितानां त्रिदशासुराणां चितारजोभिः परिपाण्डुराङ्गम् ।
महन्महेभाजिनमुद्गताभ्रप्रालेयशैलश्रियमुद्वहन्तम् ॥ १५ ॥

अन्वयः—(पुनः किम्भूतम्), कालार्दितानाम्, त्रिदशासुराणाम्, चितारजोभिः, परिपाण्डुराङ्गम्, महन्महेभाजिनम्, दधानम्, उद्गताभ्रप्रालेयशैलश्रियम्, उद्वहन्तम् ॥ १५ ॥

भावार्थ—मरे हुए देवताओं तथा राक्षसों की चिताओं की भस्म रमाये अपने उज्ज्वल शरीर पर श्वेत हाथी की खाल ओढ़े हुए शंकर जी ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो बादलों से घिरा हुआ विशाल हिमालय सुशोभित हो रहा हो ॥१५॥

पाणिस्थितब्रह्मकपालपात्रं वैकुण्ठभाजापि निषेव्यमाणम् ।
नरास्थिखण्डाभरणं रणान्तमूलं त्रिशूलं कलयन्तमुच्चैः ॥ १६ ॥

अन्वयः—पाणिस्थितब्रह्मकपालपात्रम्, वैकुण्ठभाजा, अपि, निषेव्यमाणम् (तथा), नरास्थिखण्डाभरणम्, रणान्तमूलम्, त्रिशूलम्, उच्चैः, कलयन्तम् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—उनके एक हाथ में ब्रह्म-कपाल सुशोभित था और दूसरे हाथ में युद्ध का अन्त करने वाला त्रिशूल उठा हुआ था, गले में मरे मनुष्यों की हड्डियों का आभूषण पड़ा हुआ था। इस अमंगल वेश में रहने पर भी वैकुण्ठनिवासी भगवान् विष्णु तक उनकी उपासना करते थे ॥ १६ ॥

पुरातनीं ब्रह्मकपालमालां कण्ठे वहन्तं पुनराश्वसन्तीम् ।
उद्गीतवेदां मुकुटेन्दुवर्षत्सुधाभरौघाप्लवलब्धसंज्ञाम् ॥ १७ ॥

अन्वयः—मुकुटेन्दुवर्षत्सुधाभरौघाप्लवलब्धसंज्ञाम्, आश्वसन्तीम्, पुनः (अपि), उद्गीतवेदाम्, पुरातनीम्, ब्रह्मकपालमालाम् कण्ठे वहन्तम् ॥ १७ ॥

भाषार्थ—उनके गले में एक पुरानी ब्रह्मकपालों की माला पड़ी हुई थी जो उनके सिर पर स्थित चन्द्रमा से झड़ने वाली अमृत की बूंदों को पोने से जीवित सी होकर मानो वेद का पाठ कर रही थी ॥ १७ ॥

सलीलमङ्कस्थितया गिरीन्द्रपुत्र्या नवाष्टापदवल्लिभासा ।
विराजमानं शरदभ्रखण्डं परिस्फुरन्त्याचिररोचिषेव ॥ १८ ॥

अन्वयः—नवाष्टापदवल्लिभासा, सलीलम् अङ्कस्थितया, गिरीन्द्रपुत्र्या, परिस्फुरन्त्या, अचिररोचिषा, शरदभ्रखण्डम्, इव, विराजमानम् ॥ १८ ॥

भाषार्थ—सोने की नवीन लता के समान पार्वती जी को क्रीड़ा के साथ अपनी गोद में बिठाए हुए शंकर जी चमकती हुई बिजली से युक्त शरत्कालीन स्वच्छ बादल के समान सुशोभित हो रहे थे ॥ १८ ॥

दृप्तान्धकप्राणहरं पिनाकं महासुरस्त्रीविधवत्वहेतुम् ।
करेण गृह्णन्तमगृह्यमन्यैः पुरा स्मरप्लोषणकेलिकारम् ॥ १९ ॥

अन्वयः—दृप्तान्धकप्राणहरम्, महासुरस्त्रीविधवत्वहेतुम्, पुरा, स्मरप्लोषणकेलिकारम्, अन्यैः, अगृह्यम्, पिनाकम्, करेण, गृह्णन्तम् ॥ १९ ॥

भाषार्थ—उनके हाथ में, घमण्डी अंधकासुर के प्राणों को लेने वाला, अनेक राक्षसों को मारकर उनकी स्त्रियों को वैधव्य प्रदान करने वाला तथा कामदेव को

भस्म कर देने वाला पिनाक नाम का धनुष सुशोभित हो रहा था, जिसे धारण करने की शक्ति अन्य किसी में नहीं थी ॥ १९ ॥

भद्रासनं काञ्चनपादपीठं महार्हमाणिक्यविभङ्गिचित्रम् ।
अधिष्ठितं चन्द्रमरीचिगौरैरुद्वीज्यमानं चमरैर्गणाभ्याम् ॥ २० ॥

अन्वयः—महार्हमाणिक्यविभङ्गिचित्रम्, भद्रासनम् काञ्चनपादपीठम्, अधिष्ठितम् (पुनः), चन्द्रमरीचिगौरैः, चमरैः, गणाभ्याम्, उद्वीज्यमानम् ॥ २० ॥

भाषार्थ—शिवजी बहुमूल्य मणियों से जड़े हुए श्रेष्ठ आसन पर विराजमान थे और उनका दाहिना पैर नीचे रखे हुए सोने के पीढ़े पर स्थित था। उनके दोनों बगल दो गण खड़े होकर उनपर चन्द्रमा की किरणों के समान उजले चँवर डुला रहे थे ॥ २० ॥

शस्त्रास्त्रविद्याभ्यसनैकसक्ते सविस्मयैरेत्य गणैः सुदृष्टे ।
नीराज्यमाने स्फटिकाचलेन सानन्दनिर्दिष्टदृशं कुमारे ॥२१॥

अन्वयः—शस्त्रास्त्रविद्याभ्यसनैकसक्ते, गणैः, एत्य, सविसस्मयैः (सद्भिः) सुदृष्टे, स्फटिकाचलेन, नीराज्यमाने, कुमारे, सानन्दनिर्दिष्टदृशम् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—भगवान शंकर आनन्द में मग्न होकर कुमार कार्तिकेय की शस्त्रास्त्र विद्या का अभ्यास देख रहे थे, जिसे उनके गण भी इकट्ठे होकर बड़े कुतूहल से निहार रहे थे। वह स्फटिकमय कैलास भी उस कुमार की आरती उतारा करता करता था ॥ २१ ॥

तथाविधं शैलसुताधिनाथं पुलोमपुत्रीदयितो निरीक्ष्य ।
आसीत्क्षणं क्षोभपरो नु कस्य मनो न हि क्षुभ्यति धामधाम्नि ॥२२॥

अन्वयः—पुलोमपुत्रीदयितः, तथाविधम्, शैलसुताधिनाथम्, निरीक्ष्य, क्षणम्, क्षोभपरः, आसीत्, नु, हि, धामधाम्नि, कस्य, मनः, न, क्षुभ्यति ॥ २२ ॥

भाषार्थ—इस प्रकार शिवजी को देखकर इन्द्र का चित्त थोड़ी देर के लिए चंचल हो उठा क्योंकि इतने तेजस्वी वैभव को देखकर भला किसका मन चलायमान नहीं हो सकता ॥ २२ ॥

विकस्वराम्भोजवनश्रिया तं दृशां सहस्रेण निरीक्षमाणः ।
रोमालिभिः स्वर्गपतिर्बभासे पुष्पोत्कराकीर्ण इवाब्जशाखी ॥२३॥

अन्वयः—स्वर्गपतिः, विकस्वराम्भोजवनश्रिया, दृशाम् सहस्रेण, तम्,

निरीक्षमाणः (सन्), रोमालिभिः, पुष्पोत्कराकीर्णः, आम्रशाखी, इव, बभासे ॥ २३ ॥

भाषार्थ—अपनी प्रफुल्लित कमल जैसी सुन्दर हजारों आँखों से शंकर जी को देखते हुए इन्द्र का शरीर रोमाञ्चों से भर जाने के कारण मंजरियों से लदे हुए आम के पेड़ के समान सुशोभित होने लगा ॥ २३ ॥

दृष्ट्वा सहस्रेण दृशां महेशमभूत्कृतार्थोऽतितरां महेन्द्रः ।
सर्वाङ्गजातं तदथो विरूपमिव प्रियाकोपकरं विवेद ॥ २४ ॥

अन्वयः—दृशाम्, सहस्रेण, महेशम्, दृष्ट्वा, महेन्द्रः, अतितराम्, कृतार्थः, अभूत्, अथ तत्, सर्वाङ्गजातम्, विरूपम्, प्रियाकोपकरम्, इव, विवेद ॥ २४ ॥

भाषार्थ—इन्द्र अपनी हजार आँखों से शंकर जी को देख कर अपने को बहुत ही सौभाग्यशाली समझने लगे और अपने शरीर पर उठ आने वाले रोमाञ्च को अपनी पत्नी के क्रोध का कारण समझने लगे ॥ २४ ॥

ततः कुमारं कनकाद्रिसारं पुरन्दरः प्रेक्ष्य धृतास्त्रशस्त्रम् ।
महेश्वरोपान्तिकवर्तमानं शत्रोर्जयाशां मनसा बबन्ध ॥ २५ ॥

अन्वय—ततः, पुरन्दरः, कनकाद्रिसारम्, धृतास्त्रशस्त्रम्, महेश्वरोपान्तिकवर्तमानम्, कुमारम्, प्रेक्ष्य, शत्रोर्जयाशाम्, मनसा, बबन्ध ॥ २५ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् मेरु पर्वत के समान बली तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करके भगवान् शिव के पास बैठे हुए कुमार को देखकर इन्द्र के मन में शत्रुओं से जीतने की आशा बँधने लगी ॥ २५ ॥

श्रीनीलकण्ठ द्युपतिः पुरोऽस्ति त्वयि प्रणामावसरं प्रतीच्छन् ।
सहस्रनेत्रेऽत्र भव त्रिनेत्र दृष्ट्या प्रसादप्रगुणो महेश ॥ २६ ॥
इति प्रवद्धाञ्जलिरेत्य नन्दी निधाय कक्षामभि हेमवेत्रम् ।
प्रसादपात्रं पुरतो भविष्णुरथ स्मरारातिमुवाच वाचम् ॥ २७ ॥

अन्वयः—अथ, नन्दी, पुरतः, प्रसाद-पात्रम्, भविष्णुः, एत्य, (तथा) कक्षाम्, अभि, हेमवेत्रम्, निधाय, प्रवद्धाञ्जलिः (सन्), स्मरारातिम्, (भोः) श्रीनीलकण्ठ ! द्युपतिः, त्वयि, प्रणामावसरम्, प्रतीच्छन्, पुरः, अस्ति (अतः हे) त्रिनेत्र !, (हे) महेश ! अत्र, सहस्रनेत्रे, दृष्ट्या, प्रसादप्रगुणः, भव, इति, वाचम्, उवाच ॥ २६-२७ ॥

भाषार्थ—उसी समय अपने सोने के डंडे को एक कोने में खड़ा कर तथा हाथ

जोड़े हुए सामने आकर उनकी कृपा की अभिलाषा लिए हुए नन्दी ने कहा—हे भगवान् त्रिलोचन, देखिए, इधर सामने स्वर्गपति इन्द्रदेव आप को प्रणाम करने का अवसर देखते हुए खड़े हैं, अतः आप इन हजार नेत्रों वाले इन्द्र पर भी अपनी कृपा-दृष्टि डालने की कृपा कीजिए ।। २६-२७ ।।

पुरा सुरेन्द्रं सुरसङ्घसेव्यं त्रिलोकसेव्यस्त्रिपुरासुरारिः ।
प्रीत्या सुधासारनिधारिणेव ततोऽनुजग्राह विलोकनेन ।। २८ ।।

अन्वयः—ततः, त्रिलोकसेव्यः, त्रिपुरासुरारिः, सुरसङ्घसेव्यम्, सुरेन्द्रम्, पुरा, प्रीत्या, सुधासारनिधारिणा, इव, विलोकनेन, अनुजग्राह ।। २८ ।।

भाषार्थ—यह सुनकर त्रिपुरासुर के मारने वाले तीनों लोकों के पूज्य भगवान् शंकर ने देवताओं के उपास्य इन्द्र को प्रसन्न होकर अपनी अमृत वर्षा करने वाली दृष्टि से देखने की कृपा की ।। २८ ।।

किरीटकोटिच्युतपारिजातपुष्पोत्करेणानमितेन मुर्ध्ना ।
स्वर्गैकवन्द्यो जगदेकवन्द्यं तं देवदेवं प्रणनाम देवः ।। २९ ।।

अन्वयः—स्वर्गैकवन्द्यः, देवः, आनमितेन किरीटकोटिच्युतपारिजातपुष्पोत्करेण, मूर्ध्ना, जगदेकवन्द्यम्, देवदेवम्, प्रणनाम ।। २९ ।।

भाषार्थ—जिस समय स्वर्ग में पूजनीय इन्द्रदेव संसार के वंदनीय एवं देवताओं के भी देवता भगवान शिव को अपने झुके हुए मस्तक से प्रणाम करने लगे उस समय उनके मुकुट की नोक से झड़कर परिजात के बहुत से फूल बिखर गये ।। २९ ।।

अनेकलोकैकनमस्क्रियार्हं महेश्वरं तं त्रिदशेश्वरः सः ।
भक्त्या नमस्कृत्य कृतार्थतायाः पात्रं पवित्रं परमं बभूव ।। ३० ।।

अन्वयः—सः, त्रिदशेश्वरः भक्त्या, अनेकलोकैकनमस्क्रियार्हम्, तम्, महेश्वरम्, भक्त्या, नमस्कृत्य, परमम्, पवित्रम्, कृतार्थतायाः, पात्रम्, बभूव ।। ३० ।।

भाषार्थ—सभी लोकों के एक मात्र पूजनीय भगवान् शंकर को अत्यंत भक्ति के साथ प्रणाम करके देवराज इन्द्र ने अपने को धन्यवाद का पात्र और परम पवित्र समझ लिया ।। ३० ।।

सुभक्तिभाजामधि पादपीठं प्रान्तर्क्षितं नम्रतरैः शिरोभिः ।
ततः प्रणेमुः पुरतो गणानां गणाः सुराणां क्रमतः पुरारिम् ।। ३१ ।।

अन्वयः—ततः, सुभक्तिभाजाम्, सुराणाम्, गणाः, गणानाम्, पुरतः,

पादपीठम्, प्रान्तक्षितिम्, अधि, नम्रतरैः, शिरोभिः, पुरारिम्, क्रमतः, प्रणेमुः, ।। ३१ ।।

भाषार्थ—इसके पश्चात् भक्तिभावना से भरे हुए अन्य देवताओं ने भी प्रमथ आदि गणों के सामने भगवान् शंकर जी के पैर रखने के पीढे के पास की भूमि पर सिर छुला-छुला कर बारी-बारी से प्रणाम किया ॥ ३१ ॥

गणोपनीते प्रभुणोपदिष्टः शुभासने हेममये पुरस्तात् ।
प्रापोपविश्य प्रमुदं सुरेन्द्रः प्रभुप्रसादो हि मुदे न कस्य ।। ३२ ।।

अन्वयः—सुरेन्द्रः, गणोपनीते (तथा), हेममये, शुभासने, प्रभुणा, उपदिष्टः, पुरस्तात्, उपविश्य, प्रमुदम्, प्राप, हि, प्रभुप्रसादः, कस्य न, मुदे ।। ३२ ।।

भाषार्थ--तब इन्द्रदेव शंकर जी की आज्ञा से एक गण द्वारा लाए गए सोने के सुन्दर आसन पर शिव जी के सामने बैठकर अत्यंत आनन्दित हो गए। क्योंकि स्वामी की कृपा किसके आनन्द का कारण नहीं होती है ।। ३२ ।।

क्रमेण चान्येऽपि विलोकनेन सम्भावितः सस्मितमीश्वरेण ।
उपाविशँस्तोषविशेषमाप्ता दृग्गोचरे तस्य सुराः समग्राः ।। ३३ ।।

अन्वयः—ईश्वरेण, क्रमेण, अन्ये, अपि, च, समग्राः, सुराः, सस्मितम्, (यथा तथा), विलोकनेन सम्भाविताः, तोषविशेषम्, आप्ताः, तस्य, दृग्गोचरे, उपाविशन् ।। ३३ ।।

भाषार्थ—शंकर जी ने मुस्कराते हुए सभी देवताओं की ओर अपनी कृपादृष्टि डालकर बारी-बारी से सबका सम्मान किया जिससे वे भी अत्यंत संतुष्ट होकर उनके सामने बैठ गये ।। ३३ ।।

अथाह देवो बलवैरिमुख्यान्गीर्वाणवर्गान्करुणार्द्रचेताः ।
कृताञ्जलीकानसुराभिभूतान्ध्वस्तश्रियः श्रान्तमुखानवेक्ष्य ।। ३४ ।।

अन्वयः—अथ, देवः, बलवैरिमुख्यान्, गीर्वाणवर्गान्, असुराभिभूतान्, ध्वस्तश्रियः, श्रान्तमुखान्, कृताञ्जलीकान्, अवेक्ष्य, करुणार्द्रचेताः, आह ।। ३४ ।।

भाषार्थ—तब हाथ जोड़कर बैठे हुए, राक्षसों से हार जाने के कारण तेज के नष्ट हो जाने से मलिन मुखवाले इन्द्र प्रमुख देवताओं की ओर देखते हुए करुणा से आर्द्र हृदय वाले भगवान् शंकर ने कहा ।। ३४ ।।

अहो बतानन्तपराक्रमाणां दिवौकसो वीरवरायुधानाम् ।
हिमोदबिन्दुग्लपितस्य किं वः पद्मस्य दैन्यं दधते मुखानि ॥ ३५ ॥

अन्वयः—अहो ! दिवौकसः, अनन्तपराक्रमाणाम्, वीरवरायुधानाम्, वः, मुखानि, हिमोदबिन्दुग्लपितस्य, पद्मस्य, दैन्यम्, किम्, दधते ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—हे देवताओ, आपलोग तो महापराक्रमी हैं, स्वर्ग में निवास करते हैं और आपलोगों के पास वीरोचित अस्त्र शस्त्र भी हैं किन्तु आपलोगों के मुंह आज पाले से झुलसे हुए कमल के समान क्यों इतने धूमिल दिखाई दे रहें हैं ॥ ३५ ॥

स्वर्गौकसः स्वर्गपरिच्युताः किं स्वपुण्यराशौ सुमहत्तमेऽपि ।
चिह्नं चिरोढं न तु यूयमेते निजाधिपत्यस्य परित्यजध्वम् ॥ ३६ ॥

अन्वयः—(हे), स्वर्गौकसः !, स्वपुण्यराशौ, सुमहत्तमे, अपि, किम् स्वर्गपरिच्युताः, एते, यूयम्, चिरोढम् निजाधिपत्यस्य चिह्नम्, तु, न, परित्यजध्वम् ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—हे देवताओ, इतनी अक्षय पुण्यराशि के होते हुए भी आपलोग स्वर्ग से भ्रष्ट कैसे हुए ? इतने दिनों तक धारण किए हुए छत्र-चँवर आदि अपने राज्य-चिह्नों का परित्याग करना आपलोगों को भला नहीं लगता ॥ ३६ ॥

दिवौकसो देवगृहं विहाय मनुष्यसाधारणतामवाप्ताः ।
यूयं कुतः कारणतश्चरध्वं महीतले मानभृतो महान्तः ॥ ३७ ॥

अन्वयः—(हे) दिवौकसः, महान्तः, मानभृतः, यूयम्, कुतः, कारणतः, देवगृहम्, विहाय, मनुष्यसाधारणताम्, अवाप्ताः, महीतले, चरध्वम् ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—हे देवो, आपलोग इतने मनस्वी, महान और स्वर्गवासी होकर भी स्वर्ग छोड़कर किस कारण से साधारण मनुष्यों के समान पृथ्वी पर इधर-उधर भटक रहे हैं ॥ ३७ ॥

अनन्यसाधरणसिद्धमुच्चैस्तद्दैवतं धाम निकामरम्यम् ।
कस्मादकस्मान्निरगाद्भवद्भ्यश्चिरार्जितं पुण्यमिवापचारात् ॥ ३८ ॥

अन्वयः—अनन्यसाधारणसिद्धम्, निकामरम्यम् उच्चैः, तत्, दैवतम्, धाम, अकस्मात्, कस्मात्, भवद्भ्यः, अपचारात् चिरार्जितम्, पुण्यम्, इव, निरगात् ॥ ३८ ॥

भावार्थ––जैसे बहुत दिनों का संचित पुण्य पाप के कारण हाथ से चला जाता है उसी प्रकार असाधारण सिद्धियों से परिपूर्ण एवं अत्यंत रमणीय स्वर्ग अचानक आपलोगों के अधिकार से निकल कैसे गया ? ॥ ३८ ॥

दिवौकसो वो हृदयस्य कस्मात्तथाविधं धैर्यमहार्यमार्याः ।
अगादगाधस्य जलाशयस्य ग्रीष्मातितापादिवशादिवाम्भः ॥ ३९ ॥

अन्वयः—(हे) दिवौकसः, (हे) आर्याः, तथाविधम् , अहार्यम् , वः, हृदयस्य, धैर्यम् , कस्मात्, ग्रीष्मातितापादिवशात् , अगाधस्य, जलाशयस्य, अम्भः, इव, अगात् ॥ ३९ ॥

भावार्थ—हे देवो, आपलोगों के हृदय का वह अटल धैर्य ग्रीष्म ऋतु में अत्यंत गर्मी के कारण गहरे तालाब के जल की भाँति सूख कैसे गया ? ॥ ३९ ॥

सुराः सुराधीशपुरःसराणां समीयुषां वः सममातुराणाम् ।
तद् ब्रूत लोकत्रयजित्वरात्किं महासुरात्तारकतो विरुद्धम् ॥ ४० ॥

अन्वयः—(हे) सुराः, ! तद् , आतुराणाम् , समम् , समीयुषाम् , सुराधीशपुरःसराणाम् , वः, लोकत्रयजित्वरात् , तारकतः, महासुरात् , विरुद्धम् , किम् , (इति) ब्रूत ॥ ४० ॥

भावार्थ––इस प्रकार व्याकुल होकर एक साथ उपस्थित होने वाले इन्द्रादि देवताओ, आप लोग कृपा करके यह तो बताइये कि आप लोगों ने तीनो लोकों को जीत लेने वाले तारकासुर से शत्रुता तो नहीं कर ली है ॥ ४० ॥

पराभवं तस्य महासुरस्य निषेद्धुमेकोऽहमलम्भविष्णुः ।
दावानलप्लोषविपत्तिमन्यो महाम्बुदात्किं हरते वनानाम् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—(भो देवाः) तस्य, महासुरस्य, पराभवम्, निषेद्धुम्, अहम्, एकः अलम्भविष्णुः (तथा हि), वनानाम्, दावानलप्लोषविपत्तिम्, महाम्बुदात्, अन्यः, हरते, किम् ? ॥ ४१ ॥

भावार्थ—उस महान राक्षस द्वारा होने वाली आप लोगों की पराजय को रोकने की शक्ति एक मात्र मुझ में ही है । क्योंकि दावाग्नि में जलते हुए जंगलों को बुझाने की शक्ति बादल के अतिरिक्त और किसमें होती है ॥ ४१ ॥

इतीरिते मन्मथमर्दनेन सुराः सुरेन्द्रप्रमुखा मुखेषु ।
सान्द्रप्रमोदाश्रुतरङ्गितेषु दधुः श्रियं सत्वरमाश्वसन्तः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—मन्मथमर्दनेन, इति, ईरिते सुरेन्द्रप्रमुखाः, सुराः, आश्वसन्तः, सान्द्रप्रमोदाश्रुतरङ्गितेषु, मुखेषु, सत्वरम्, श्रियम्, दधुः ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—शंकर जी के इतना कहने पर इन्द्रादि देवताओं की आँखों से आनन्द के आँसू उमड़ चले और भगवान शंकर द्वारा प्राण-रक्षा का आश्वासन मिल जाने से उनके मुखों पर फिर शोभा झलकने लगी ।। ४२ ॥

ततो गिरीशस्य गिरां विरामे जगाद लब्धेऽवसरे सुरेन्द्रः ।
भवन्ति वाचोऽवसरे प्रयुक्ता ध्रुवं फलाविष्टमहोदयाय ॥ ४३ ॥

अन्वयः—ततः, गिरीशस्य, गिराम्, विरामे (सति), लब्धे, अवसरे, सुरेन्द्रः, जगाद (तथा, हि), अवसरे, प्रयुक्ताः, वाचः, ध्रुवम् फलाविष्ट-महोदयाय, भवन्ति ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—भगवान शंकर के चुप हो जाने पर उचित अवसर जान कर इन्द्र ने कहना प्रारम्भ किया । क्योंकि उचित अवसर पर कही हुई बात निश्चय ही सफल और उन्नति प्रदान करने वाली होती है ॥ ४३ ॥

ज्ञानप्रदीपेन तमोपहेनाविनश्वरेणास्खलितप्रभेण ।
भूतं भवद्भावि च यच्च किञ्चित्सर्वज्ञ सर्वं तव गोचरं तत् ॥ ४४ ॥

अन्वयः—(हे) सर्वज्ञ !, तमोपहेन, अविनश्वरेण, अस्खलितप्रभेण (तथाभूतेन), ज्ञानप्रदीपेन, भूतम्, भवत्, भावि, च, यत्, किञ्चित्, च, सर्वम्, तव, गोचरम्, तत् (अस्ति) ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—हे प्रभो ! आप अज्ञान रूपी अन्धकार को मिटाने वाले कभी भी न बुझने वाले तथा सर्वदा प्रकाशित होने वाले अपने ज्ञान रूपी दीपक से इस संसार के भूत, वर्तमान और भविष्य की सब बातें जान लेते हैं इसीलिए आप सर्वज्ञ के नाम से पुकारे जाते हैं ॥ ४४ ॥

दुर्वारदोरुद्यमदुःसहेन यत्तारकेणामरघस्मरेण ।
तदीशतामास्रवता निरस्ता वयं दिवोऽमी वद किं न वेत्सि ॥ ४५ ॥

अन्वयः—दुर्वारदोरुद्यमदुःसहेन (अत, एव), अमरघस्मरेण, ईशताम्, आस्रवता, यत्, तारकेण, अमी, वयम्, दिवः, निरस्ताः, न, वेत्सि, किम्, (अपि, तु) वद ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—हे देव आप ही बताइए कि आप क्या इस बात को नहीं जानते हैं कि अपनी कठोर भुजाओं के असह्य पराक्रम द्वारा देवताओं का विनाश करने वाला तारकासुर स्वर्ग का मालिक बन बैठा है और हम देवताओं को वहाँ से निकाल बाहर कर दिया है ॥ ४५ ॥

विधेरमोघं स वरप्रसादमासाद्य सद्यस्त्रिजगज्जिगीषुः ।
सुरानशेषानहकप्रमुख्यान्दोर्दण्डचण्डो मनुते तृणाय ॥ ४६ ॥

अन्वयः—(हे) भगवन् !, सः, विधेः, अमोघम्, वरप्रसादम्, आसाद्य, सद्यः, दोर्दण्डचण्डः, त्रिजगत्, जिगीषुः (सन्), अहकप्रमुख्यान्, अशेषान्, सुरान्, तृणाय, मनुते ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—वह तारकासुर ब्रह्मा से अचूक वरदान प्राप्त करके अपनी प्रचंड भुजाओं के बल पर शीघ्र ही तीनों लोकों को जीत लेना चाहता है और मुझे तथा अन्य बड़े बड़े देवताओं को भी वह तिनके के समान तुच्छ समझता है ॥ ४६ ॥

स्तुत्या पुरास्माभिरुपासितेन पितामहेनेति निरूपितं नः ।
सेनापतिः संयति दैत्यमेतं पुरः स्मरारातिसुतो निहन्ति ॥ ४७ ॥

अन्वयः—(हे भगवन् !) पुरा, अस्माभिः, स्तुत्या, उपासितेन नः पितामहेन, (हे देवाः), संयति, स्मरारातिसुतः, सेनापतिः, एतम्, दैत्यम्, पुरः निहन्ति, इति, निरूपितम् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—हे भगवन्, जब हम लोगों ने ब्रह्मा की स्तुति की थी तब हमारी उपासना से प्रसन्न होकर उन्होंने कहा था कि शंकर जी का पुत्र देवताओं का सेनापति बन कर युद्ध में इस राक्षस को मारेगा ॥ ४७ ॥

अहो ततोऽनन्तरमद्य यावत्सुदुःसहां तस्य पराभवार्तिम् ।
विषेहिरे हन्त हृदन्तशल्यमाज्ञानिवेशं त्रिदिवौकसोऽमी ॥ ४८ ॥

अन्वयः—अहो ! ततः, अनन्तरम्, अद्ययावत्, अमी, त्रिदिवौकसः, सुदुःसहाम्, तस्य, पराभवार्तिम्, हृदन्तशल्यम्, आज्ञानिवेशम्, विषेहिरे, हन्त ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—हम सभी देवताओं ने उसी समय से अब तक उससे हारने की की असह्य पीड़ा और हृदय के भीतर चुभ जाने वाले उसकी आज्ञा का पालन रूपी अपमान सहन किया है ॥ ४८ ॥

निदाघधामक्लमविक्लवानां नवीनमम्भोदमिवौषधीनाम् ।
सुनन्दनं नन्दनमात्मनो नः सेनान्यमेतं स्वयमादिश त्वम् ॥ ४९ ॥

अन्वयः—त्वम्, स्वयम्, निदाघधामक्लमविक्लवानाम्, ओषधीनाम्, सुनन्दनम्, नवीनम्, अम्भोदम्, इव, नः नन्दनम्, आत्मनः, सेनान्यम्, एतम् (नन्दनम्), आदिश ॥ ४९ ॥

भाषार्थ—जैसे गर्मी की तपन से जलती हुई लताओं तथा पेड़ पौधों को वर्षा का नवीन बादल हरा-भरा बना देता है उसी प्रकार अपने इस आनन्ददायक पुत्र को हम देवताओं का सेनापति बनने की आज्ञा देकर आप हम लोगों में भी जीवन की आशा ला दें ।। ४९ ।।

त्रैलोक्यलक्ष्मीहृदयैकशल्यं समूलमुत्खाय महासुरं तम् ।
अस्माकमेषां पुरतो भवन्सन्दुःखापहारं युधि यो विधत्ते ।। ५० ।।

अन्वयः—यः, त्रैलोक्यलक्ष्मीहृदयैकशल्यम्, तम्, महासुरम्, युधि, एषाम्, अस्माकम्, पुरतः, भवन्, सन्, समूलम्, उत्खाय, दुःखापहारम्, विधत्ते ।। ५० ।।

भाषार्थ—तीनों लोक की राज्य-लक्ष्मी के हृदय में काटे के समान चुभने वाले उस तारकासुर को युद्ध में सपरिवार नष्ट करके ही आप के पुत्र मुझ देवताओं का दुःख दूर कर सकते हैं ।। ५० ।।

महाहवे नाथ तवास्य सूनोः शस्त्रैः शितैः कृत्तशिरोधराणाम् ।
महासुराणां रमणीविलापैर्दिशो दशैता मुखरीभवन्तु ।। ५१ ।।

अन्वयः—(हे) नाथ ! महाहवे, अस्य, तव, सूनो;, शितैः शस्त्रैः, कृत्तशिरोधराणाम्, महासुराणाम्, रमणीविलापैः, एतां, दश, दिशः, मुखरीभवन्तु ।। ५१ ।।

भाषार्थ—हे नाथ आप ऐसा उपाय करें कि उस महायुद्ध में आप के इस पुत्र के बाणों से बड़े-बड़े दैत्यों के सिर कट-कट कर गिर जायँ और उन मरे हुए राक्षसों की विधवाओं के विलाप से सारी दिशाएँ गुञ्जरित हो उठें ।। ५१ ।।

महारणक्षोणिपशूपहारीकृतेऽसुरे तत्र तवात्मजेन ।
बन्दिस्थितानां सुदृशां करोतु वेणीप्रमोक्षं सुरलोक एषः ।। ५२ ।।

अन्वयः—तत्र, असुरे, तव, आत्मजेन, महारणक्षोणिपशूपहारीकृते, एषः, सुरलोकः, बन्दिस्थितानाम्, सुदृशाम्, वेणीप्रमोक्षं, करोतु ।। ५२ ।।

भाषार्थ—जब आप के पुत्र उस महासंग्राम में राक्षसों को गीदड़ आदि पशुओं को भेंट में चढ़ा देंगे तभी ये देवता लोग स्वर्ग में बन्दिनी बनी हुई सुन्दर नेत्रों वाली अपनी रमणियों की उलझी हुई चोटी खोलने में समर्थ हो सकेंगे ।। ५२ ।।

इत्थं सुरेन्द्रे वदति स्मरारिः सुरारिदुश्चेष्टितजातरोषः ।
कृतानुकम्पस्त्रिदशेषु तेषु भूयोऽपि भूताधिपतिर्बभाषे ।। ५३ ।।

अन्वयः—सुरेन्द्रे, इत्थम्, वदति, सुरारिदुश्चेष्टितजातरोषः, स्मरारिः, भूताधिपतिः, तेषु, त्रिदशेषु कृतानुकम्पः, भूयः, अपि, बभाषे ॥ ५३ ॥

भाषार्थ—इन्द्र के इस प्रकार कहने पर भगवान् शिव तारकासुर के अत्याचारों पर अत्यन्त क्रुद्ध हो उठे और उन देवताओं पर कृपा करके उन्होंने फिर कहा ॥ ५३ ॥

अहो अहो देवगणाः सुरेन्द्रमुख्याः शृणुध्वं वचनं ममैते ।
विचेष्टते शङ्कर एष देवः कार्याय सज्जो भवतां सुताद्यैः ॥ ५४ ॥

अन्वयः—अहो, अहो !, (हे) देवगणाः, सुरेन्द्रमुख्याः !, एते, मम, वचनम्, शृणुध्वम्, एषः, शङ्करः, देवः सुताद्यैः, भवताम्, कार्याय, सज्जः, विचेष्टते ॥ ५४ ॥

भाषार्थ—हे इन्द्र आदि प्रमुख देवताओं, अब आपलोग हमारी बातें सुनें। अब मैं अपने पुत्र आदि के साथ आप लोगों का कार्य सिद्ध करने के लिए तैयार हो गया हूँ ॥ ५४ ॥

पुरा मयाकारि गिरीन्द्रपुत्र्याः प्रतिग्रहोऽयं नियतात्मनापि ।
तत्रैष हेतुः खलु तद्भवेन वीरेण यद्वध्यत एव शत्रुः ॥ ५५ ॥

अन्वयः—पुरा, नियतात्मना, अपि, मया, गिरीन्द्रपुत्र्याः, अयम्, प्रतिग्रहः, (यद्) अकारि, तत्र, एषः, हेतुः, खलु, यत्, (एषः) शत्रुः, तद्भवेन, वीरेण, वध्यते, एवं ॥ ५५ ॥

भाषार्थ—आत्मसंयम द्वारा समाधि लगा लेने पर भी मैंने पार्वती जी के साथ जो यह विवाह किया था वह केवल इसीलिए कि उससे उत्पन्न होनेवाला पुत्र इस तारकासुर जैसे शत्रु का वध कर सके ॥ ५५ ॥

अत्रोपपन्नं तदमी नियुज्य कुमारमेनं पृतनापतित्वे ।
निघ्नन्तु शत्रुं सुरलोकमेष भुनक्तु भूतोऽपि सुरैः सहेन्द्रः ॥ ५६ ॥

अन्वयः—तत्, अमी, अत्र. उपपन्नम् (तथाभूतम्), एनम्, कुमारम्, पृतनापतित्वे, नियुज्य, शत्रुम्, निघ्नन्तु एषः, इन्द्रः, सुरैः, सह. भूयः, अपि, सुरलोकम्, भुनक्तु ॥ ५६ ॥

भाषार्थ—इसलिए अपने कार्य के योग्य इस कुमार को आपलोग अपनी सेना का सेनापति बनाकर उस तारकासुर का बध कीजिए जिससे सभी देवताओं के साथ इन्द्र फिर स्वर्ग का आनन्द प्राप्त करें ॥ ५६ ॥

इत्युदीर्य भगवाँस्तमात्मजं घोरसङ्गरमहोत्सवोत्सुकम् ।
नन्दनं हि जहि देवविद्विषं संयतीति निजगाद शङ्करः ॥ ५७ ॥

अन्वयः—शङ्करः, भगवान्, इति, उदीर्य, घोरसङ्गरमहोत्सवोत्सुकम्, नन्दनम्, तम्. आत्मजम्, (हे), पुत्र !, संयति, देवविद्विषम्, जहि, इति, निजगाद ॥ ५७ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् भयंकर युद्ध को भी उत्सव के समान समझने वाले अपने पुत्र कार्तिकेय से भगवान् शंकर जी ने कहा कि हे पुत्र, अब तुम जाओ और युद्ध में देवताओं के शत्रु तारकासुर का बध करो ॥ ५७ ॥

शासनं पशुपतेः स कुमारः स्वीचकार शिरसावनतेन ।
सर्वथैव पितृभक्तिरतानामेष एव परमः खलु धर्मः ॥ ५८ ॥

अन्वयः—सः, कुमारः, पशुपतेः, शासनम्, अवनतेन, शिरसा, स्वीचकार, सर्वथा, एव, पितृभक्तिरतानाम्, खलु, एषः, एव, परमः, धर्मः ॥ ५८ ॥

भाषार्थ—कुमार कार्तिकेय ने शंकर जी की आज्ञा को सिर झुकाकर स्वीकार किया क्योंकि पितृभक्त पुत्रों का धर्म ही यही है कि वे सर्वदा पिता की आज्ञा का पालन करें ॥ ५८ ॥

असुरयुद्धविधौ विबुधेश्वरे पशुपतौ वदतीति तमात्मजम् ।
गिरिजया मुमुदे सुतविक्रमे सति न नन्दति का खलु वीरसूः ॥ ५९ ॥

अन्वयः—विबुधेश्वरे, पशुपतौ, असुरयुद्धविधौ, तम्, आत्मजम्, इति, वदति, गिरिजया, मुमुदे (तथा हि) खलु, सुतविक्रमे, सति, का, वीरसूः, न, नन्दति ॥ ५९ ॥

भाषार्थ--जिस समय देवताओं के स्वामी शंकर जी अपने पुत्र कार्तिकेय को राक्षसों से युद्ध करने की विधियाँ बताने लगे उस समय पार्वती जी अत्यन्त प्रसन्न हो उठीं । क्योंकि ऐसी कौन वीरमाता होगी जो अपने पुत्र की वीरता पर प्रसन्न न हो ॥ ५९ ॥

सुरपरिवृढः प्रौढं वीरं कुमारमुमापते-
र्बलवदमरारातिस्त्रीणां दृगञ्जनभञ्जनम् ।
जगदभयदं सद्यः प्राप्य प्रमोदपरोऽभवद्
ध्रुवमभिमते पूर्णे को वा मुदा न हि माद्यति ॥ ६० ॥

इति महाकवि-कालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
कुमारसैनापत्यवर्णनं नाम द्वादशः सर्गः ॥ १२ ॥

अन्वयः—सुरपरिवृढः, प्रौढम्, वीरम्, बलवदमरारातिस्त्रीणाम्, दृगञ्जनभञ्जनम्, जगदभयदम्, उमापतेः, कुमारम्, प्राप्य, सद्यः, प्रमोदपरः, अभवत् (तथा, हि) अभिमते, पूर्णे (सति), मुदा, कः, वा न, माद्यति ॥ ६० ॥

भाषार्थ—बलवान् राक्षसों की पत्नियों की आँखों का काजल मिटाने वाले तथा संसार को निर्भयता का वरदान देने वाले अत्यंत वीर कुमार को पाकर देवराज इन्द्र अत्यंत आनंदमग्न हो गये क्योंकि ऐसा कौन है जो अपनी अभिाषाओं की पूर्ति हो जाने पर आनन्द से मतवाला न हो जाय ॥ ६० ॥

महाकवि कालिदासकृत कुमारसम्भव महाकाव्य में कुमार का
सेनापतित्व-ग्रहण नाम का १२वाँ सर्ग समाप्त ।

त्रयोदशः सर्गः

प्रस्थानकालोचितचारुवेषः स स्वर्गिवर्गैरनुगम्यमानः ।
ततः कुमारः शिरसा नतेन त्रैलोक्यभर्तुः प्रणनाम पादौ ॥ १ ॥

अन्वयः—ततः, सः, कुमारः प्रस्थानकालोचितचारुवेषः, स्वर्गिवर्गैः, अनुगम्यमानः (सन्), नतेन, शिरसा, त्रैलोक्यभर्तुः, पादौ, प्रणनाम् ॥ १ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् यात्रा के योग्य सुन्दर वेश में सभी देवताओं के आगे स्थित होकर कुमार ने शिर झुका कर तीनों लोकों के स्वामी भगवान् शंकर के चरणों में प्रणाम किया ॥ १ ॥

जहीन्द्रशत्रुं समरेऽमरेशपदं स्थिरत्वं नय वीर वत्स ।
इत्याशिषा तं प्रणमन्तमीशो मूर्धन्युपाघ्राय मुदाभ्यनन्दत् ॥ २ ॥

अन्वयः—प्रणमन्तम्, तम् ईशः, मुदा मूर्धनि, उपाघ्राय (हे) वीर ! (हे) वत्स ! समरे, इन्द्रशत्रुम्, जहि, अमरेशपदम्, स्थिरत्वम्, नय, इति आशिषा, अभ्यनन्दत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—तब शंकर जी ने प्रणाम करते हुये पुत्र का सिर सूंघ कर बड़ी प्रसन्नता के साथ आशीर्वाद दिया कि हे वीर पुत्र ! युद्ध में तुम इन्द्र के शत्रु तारकासुर का बध करो और इन्द्र के पद को पुनः स्थिर कर दो ॥ २ ॥

प्रह्वीभवन्नम्रतरेण मूर्ध्ना नमश्चकाराङ्घ्रियुगं स्वमातुः ।
तस्याः प्रमोदाश्रुपयःप्रवृष्टिस्तस्याभवद्वीरवराभिषेकः ॥ ३ ॥

अन्वयः—सः, कुमारः, प्रह्वीभवन् (सन्), नम्रतरेण, मूर्ध्ना, स्वमातुः, अङ्घ्रियुगम्, नमश्चकार, तस्याः प्रमोदाश्रुपयःप्रवृष्टिः, तस्य, वीरवराभिषेकः, अभवत् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् अत्यंत विनम्रता से सिर झुका कर कुमार ने अपनी माता पार्वती के दोनों चरणों में प्रणाम किया। उस समय माता की आँखों से जो अश्रुजल गिरा मानों, उसी से उस श्रेष्ठ वीर का सेनापति के पद पर अभिषेक हो गया ॥ ३ ॥

तमङ्कमारोप्य सुता हिमाद्रेराश्लिष्य गाढं सुतवत्सला सा ।
शिरस्युपाघ्राय जगाद शत्रुं जित्वा कृतार्थीकुरु वीरसूं माम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—सुतवत्सला, सा, हिमाद्रेः, सुता, तम्, अङ्कम्, आरोप्य, गाढम् (यथा तथा), आश्लिष्य (तथा), शिरसि, उपाघ्राय, (हे वत्स ! त्वम्), शत्रुम्, जित्वा, वीरसूम्, माम्, कृतार्थीकुरु, (इति) जगाद ॥ ४ ॥

भावार्थ—उस पुत्रवत्सला हिमालय-पुत्री पार्वती ने पुत्र कुमार को गोद में लेकर गले से लगा लिया और शिर सूंघ कर आशीर्वाद दिया कि शत्रु को जीत कर, तुम यह सिद्ध कर दो कि सचमुच मैं एक वीर पुत्र की जन्मदात्री हूँ ॥ ४ ॥

उद्दामदैत्येशविपत्तिहेतुः श्रद्धालुचेताः समरोत्सवस्य ।
आपृच्छ्य भक्त्या गिरिजागिरीशौ ततः प्रतस्थेऽभिदिवं कुमारः ॥ ५ ॥

अन्वयः—ततः, उद्दामदैत्येशविपत्तिहेतुः, समरोत्सवस्य, श्रद्धालुचेताः, कुमारः, भक्त्या, गिरजागिरीशौ, आपृच्छ्य, दिवम्, अभि, प्रतस्थे ॥ ५ ॥

भावार्थ—इसके पश्चात् उस प्रचण्ड दैत्यराज तारकासुर की मृत्यु के कारणभूत तथा संग्रामरूपी उत्सव के प्रति अत्यंत श्रद्धालु कुमार बड़ी भक्ति के साथ मातापिता की आज्ञा लेकर देवलोक की ओर चल पड़े ॥ ५ ॥

देवं महेशं गिरिजां च देवीं ततः प्रणम्य त्रिदिवौकसोऽपि ।
प्रदक्षिणीकृत्य च नाकनाथपूर्वाः समस्तास्तमथानुजग्मुः ॥ ६ ॥

अन्वयः—ततः, नाकनाथपूर्वाः, समस्ताः, त्रिदिवौकसः, अपि, महेशम्, देवम्, गिरिजाम्, देवीम्, च प्रणम्य, अथ, प्रदिक्षिणीकृत्य, च तम्, अनुजग्मुः ॥ ६ ॥

भावार्थ—तब इन्द्र आदि सभी देवगण भगवान् शंकर और देवी पार्वती को प्रणाम तथा उनकी प्रदक्षिणा करके कुमार के पीछे-पीछे चल पड़े ॥ ६ ॥

अथ व्रजद्भिस्त्रिदशैरशेषैः स्फुरत्प्रभाभासुरमण्डलैस्तैः ।
नभो बभासे परितो विकीर्णं दिवापि नक्षत्रगणैरिवोग्रैः ॥ ७ ॥

अन्वयः—अथ, व्रजद्भिः, स्फुरत्प्रभाभासुरमण्डलैः, तैः, अशेषैः, त्रिदशैः, विकीर्णम्, नभः, दिवा, अपि, उग्रैः, नक्षत्रगणैः, विकीर्णम् इव, परितः, बभासे ॥ ७ ॥

भावार्थ—जिस समय चारो ओर फैलती हुई कान्ति के चमकते हुए मंडल वाले सभी देवता एक साथ चलने लगे उस समय आकाश इस प्रकार प्रकाशित होने लगा मानो उसमें दिन में ही चमकीले तथा बड़े बड़े तारे निकल आये हों ॥ ७ ॥

रराज तेषां व्रजतां सुराणां मध्ये कुमारोऽधिककान्तिकान्तः ।
नक्षत्रताराग्रहमण्डलानामिव त्रियामारमणो नभोऽन्ते ॥ ८ ॥

अन्वयः—नभोऽन्ते, व्रजताम्, तेषाम्, सुराणाम्, मध्ये, कुमारः, नक्षत्रताराग्रहमण्डलानाम्, (मध्ये) त्रियामारमणः, इव, रराज, (यतः), अधिककान्तिकान्तः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—उन चलते हुए देवताओं के बीच में अपनी अनुपम कान्ति से अत्यंत सुन्दर कुमार कार्तिकेय ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो नक्षत्रों, तारों और ग्रहों के बीच में चन्द्रमा चल रहे हों ॥ ८ ॥

गिरीशगौरीतनयेन सार्धं पुलोमपुत्रीदयितादयस्ते ।
उत्तीर्य नक्षत्रपथं मुहूर्त्तात्प्रपेदिरे लोकमथात्मनीनम् ॥ ९ ॥

अन्वयः— अथ, पुलोमपुत्रीदयितादयः, ते, गिरीशगौरीतनयेन, सार्द्धम्, मुहूर्त्तात्, नक्षत्रपथम्, उत्तीर्य, आत्मनीनम्, लोकम्, प्रपेदिरे ॥ ९ ॥

भाषार्थ—कुमार कार्तिकेय के साथ इन्द्र आदि सभी देवतागण थोड़ी ही देर में आकाश को पार करके अपने लोक स्वर्ग में पहुँच गये ॥ ९ ॥

ते स्वर्गलोकं चिरकालदृष्टं महासुरत्रासवशंवदत्वात् ।
सद्यः प्रवेष्टुं न विषेहिरे तत्क्षणं व्यलम्बन्त सुराः समग्राः ॥ १० ॥

अन्वयः—ते, समग्राः, सुराः, महासुरत्रासवशंवदत्वात्, चिरकालदृष्टम्, स्वर्गलोकम्, सद्यः, प्रवेष्टुम्, न, बिषेहिरे, तत्क्षणम्, व्यलम्बन्त ॥ १० ॥

भाषार्थ—वे सभी देवता तारकासुर के भय के इतने अधीन हो चुके थे कि बहुत दिनों के देखे हुए स्वर्ग में सहसा प्रवेश करने का साहस न कर सके इसलिए थोड़ी देर तक ठहरे रहे ॥ १० ॥

पुरो भव त्वं न पुरो भवामि नाहं पुरोगोऽस्मि पुरःसरस्त्वम् ।
इत्थं सुरास्तत्क्षणमेव भीताः स्वर्गं प्रवेष्टुं कलहं वितेनुः ॥ ११ ॥

अन्वयः—तत्क्षणम्, एव, भीताः, (अतः) स्वर्गम्, प्रवेष्टुम्, त्वम्, पुरः, भव, (अहम्), पुरः, न, भवामि, अहम्, पुरोगः, न, अस्मि, त्वम्, पुरःसरः, (भव) इत्थम्, सुराः कलहम्, वितेनुः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—उस समय तारकासुर के भय से डरे हुए सभी देवता स्वर्ग में प्रवेश करने के लिये झगड़ा करते हुए एक दूसरे से कहने लगे कि 'तुम आगे चलो, मैं आगे नहीं चलूंगा, मैं आगे चलने वाला नहीं हूँ, आगे चलने वाले तो तुम हो' ॥ ११ ॥

सुरालयालोकनकौतुकेन मुदा शुचिस्मेरविलोचनास्ते ।
दधुः कुमारस्य मुखारविन्दे दृष्टिं द्विषत्साध्वसकातरान्ताम् ॥१२॥

अन्वयः—सुरालयालोकनकौतुकेन, शुचिस्मेरविलोचनाः, ते, द्विषत्साध्वसकातरां ताम्, दृष्टिम्, मुदा, कुमारस्य, मुखारविन्दे, दधुः ॥ १२ ॥

भावार्थ—बहुत दिनों के बाद स्वर्ग को देखने के आनन्द से देवताओं की आँखें मुसकरा उठीं किन्तु शत्रु के डर से कातर होकर कुमार के मुख कमल पर टिक गयीं ॥ ११ ॥

सहेलहासच्छुरिताननेन्दुस्ततः कुमारः पुरतो भविष्णुः ।
स तारकापातमपेक्षमाणो रणप्रवीरो हि सुरानवोचत् ॥ १३ ॥

अन्वयः—ततः, रणप्रवीरः, तारकापातम्, अपेक्षमाणः, पुरतः, भविष्णुः, सः, कुमारः, सहेलहासच्छुरिताननेन्दुः, हि, सुरान्, अवोचत् ॥ १३ ॥

भावार्थ—तब तारकासुर के आने की प्रतीक्षा करने वाले युद्धवीर कुमार ने सभी देवताओं के आगे होकर बड़े कौतुक के साथ हँसते हुए उन देवताओं से कहा ॥ १३ ॥

भीत्यालमद्य त्रिदिवौकसोऽमी स्वर्गं भवन्तः प्रविशन्तु सद्यः ।
अत्रैव मे दृक्पथमेतु शत्रुर्महासुरो वः खलु दृष्टपूर्वः ॥ १४ ॥

अन्वयः—(भोः !) त्रिदिवौकसः, अद्य, भीत्या, अलम् (किं, तु,) अमी, भवन्तः, सद्यः, स्वर्गम् प्रविशन्तु (सद्यः), दृष्टपूर्वः, (तथा) वः, शत्रुः, महासुरः, अत्रैव, मे दृक्पथम्, एतु ॥ १४ ॥

भावार्थ—हे देवताओं, अब आप लोग भयभीत न हों और शीघ्र ही स्वर्गलोक में प्रवेश करें। मैं चाहता हूँ कि आप लोगों ने अपने जिस शत्रु तारकसुर को पहिले देखा है, वह यहीं हमारी आँखों के सामने आ जाये ॥ १४ ॥

स्वर्लोकलक्ष्मीकचकर्षणाय दोर्मण्डलं वल्गति यस्य चण्डम् ।
इहैव तच्छोणितपानकेलिमह्नाय कुर्वन्तु शरा ममैते ॥१५॥

अन्वयः—स्वर्लोकलक्ष्मीकचकर्षणाय, चण्डम्, यस्य, दोर्मण्डलम्, वल्गति, तच्छोणितपानकेलिम्, एते, मम, शराः, अह्नाय, इहैव, कुर्वन्तु ॥ १५ ॥

भावार्थ—स्वर्ग-लक्ष्मी का बाल खींचने के लिए जिस तारकासुर की प्रचण्ड भुजाएँ मचलती रही हैं, मैं चाहता हूँ कि मेरे इन बाणों को यहीं पर शीघ्र ही उसके रक्तपान का अवसर मिल जाय ॥ १५ ॥

शक्तिर्ममासावहतप्रचारा प्रभावसारा सुमहःप्रसारा ।
स्वर्लोकलक्ष्म्या विपदावहारेः शिरो हरन्ती दिशतान्मुदं वः ॥ १६ ॥

अन्वयः—अहतप्रचारा, प्रभावसारा, सुमहःप्रसारा, स्वर्लोकलक्ष्म्याः, विपदावहा, (तथा) अरेः, शिरः, हरन्ती, असौ मम, शक्तिः, वः, मुदम्, दिशतात् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—अमोघ गतिवाली, अत्यंत प्रभावशालिनी, अतितेजस्विनी तथा स्वर्गलोक की लक्ष्मी का कष्ट दूर करने वाली यह मेरी शक्ति इसी स्थान पर शत्रु का शिर काट कर आप लोगों को आनन्दित कर दे ॥ १६ ॥

इत्यन्धकारातिसुतस्य दैत्यवधाय युद्धोत्सुकमानसस्य ।
सर्वं शुचिस्मेरमुखारविन्दं गीर्वाणवृन्दं वचसा ननन्द ॥ १७ ॥

अन्वयः—दैत्यवधाय, युद्धोत्सुकमानसस्य, अन्धकारातिसुतस्य, इति, वचसा, सर्वम्, गीर्वाणवृन्दम्, शुचिश्मेरमुखारविन्दम् ननन्द ॥ १७ ॥

भाषार्थ—दैत्यों का वध करने के लिए युद्ध के प्रति अत्यंत उत्सुक हृदयवाले कुमार की बातें सुनकर सभी देवताओं के मुख कमल पर मधुर मुसकान आगई और वे हर्षित हो उठे ॥ १७ ॥

सान्द्रप्रमोदात्पुलकोपगूढः सर्वाङ्गसम्फुल्लसहस्रनेत्रः ।
तस्योत्तरीयेण निजाम्बरेण निरुञ्छनं चारु चकार शक्रः ॥ १८ ॥

अन्वयः—सान्द्रप्रमोदात्, पूलकोपगूढः, सर्वाङ्गसम्फुल्लसहस्रनेत्रः, शक्रः, तस्य, उत्तरीयेण, निजाम्बरेण, निरुञ्छनम्, चारु, चकार ॥ १८ ॥

भाषार्थ—अत्यंत आनन्द के कारण इन्द्रदेव भी रोमाञ्चित हो उठे, उनके शरीर की हजारों आखें प्रफुल्लित हो उठीं और उन्होंने कुमार को अपना वस्त्र देकर तथा उनका स्वयं लेकर अपनी मित्रता पक्की कर ली ॥ १८ ॥

घनप्रमोदाश्रुतरङ्गिताक्षैर्मुखैश्चतुर्भिः प्रचुरप्रसादैः ।
अथो अचुम्बद्विधिरादिवृद्धः षडाननं षट्सु शिरःसु चित्रम् ॥ १९ ॥

अन्वयः—अथो, आदिवृद्धः, विधिः, घनप्रमोदाश्रुतरङ्गिताक्षैः, प्रचुरप्रसादैः, चतुर्भिः, मुखैः, षट्सु, शिरःसु, षडाननम्, चित्रम्, अचुम्बत ॥ १९ ॥

भाषार्थ—देवताओं में सबसे बूढ़े ब्रह्मा की आँखें अत्यंत आनन्द के कारण डबडबा गईं और उनके चारों मुँह प्रसन्नता से खिल उठे । तब वे अपने चार मुँह से ही छः मुख वाले कुमार कार्तिकेय के शिरों का विचित्र भाव से चुम्बन करने लगे ॥ १९ ॥

तं साधु साध्वित्यभितः प्रशस्य मुदा कुमारं त्रिपुरासुरारेः ।
आनन्दयन्वीर जयेति वाचा गन्धर्वविद्याधरसिद्धसङ्घाः ॥ २० ॥

अन्वयः—गन्धर्वविद्याधरसिद्धसङ्घाः, तम्, त्रिपुरासुरारेः, कुमारम्, मुदा, साधु, साधु, इति, अभितः, प्रशस्य (हे), वीर ! (त्वम्), जय, इति, वाचा, आनन्दयन् ॥ २० ॥

भाषार्थ—उस समय गन्धर्वों, विद्याधरों और सिद्धों के समुदाय भी भगवान् शंकर के पुत्र कुमार कार्तिकेय को 'साधु, साधु' तथा 'हे वीर विजयी बनो' इस प्रकार कहते हुए आनन्दित करने लगे ॥ २० ॥

दिव्यर्षयः शत्रुविजेष्यमाणं तमभ्यनन्दन्किल नारादाद्याः ।
निरुञ्छनं चक्रु रथोत्तरीयैश्चामीकरीयैर्निजवल्कलैश्च ॥ २१ ॥

अन्वयः—नारादाद्याः दिव्यर्षयः शत्रुविजेष्यमाणम्, तम्, अभ्यनन्दन्, किल, अथ चामीकरीयैः, उत्तरीयैः निजवल्कलैः, च. निरुञ्छनम्, चक्रुः ॥ २१ ॥

भाषार्थ—नारदादि देवर्षियों ने भी शत्रुविजय की कामना रखने वाले कुमार का अभिनन्दन किया और उनके सुनहले वस्त्रों से अपने वल्कल वस्त्रों का आदान-प्रदान करके अपना सम्बन्ध दृढ़ किया ॥ २१ ॥

ततः सुराः शक्तिधरस्य तस्यावष्टम्भतः साध्वसमुत्सृजन्तः ।
उत्सेहिरे स्वर्गमनन्तशक्तेर्गन्तुं वनं यूथपतेरिवेभाः ॥ २२ ॥

अन्वयः—ततः, अनन्तशक्तेः, शक्तिधरस्य, तस्य अवष्टम्भतः, साध्वसम्. उत्सृजन्तः, सुराः, अनन्तशक्तेः, यूथपतेः (अवष्टम्भतः), इभाः, वनम् इव, स्वर्गम्, गन्तुम्, उत्सेहिरे ॥ २२ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् अमित पराक्रमी तथा शक्तिधारी उस कुमार का सहारा पाकर सभी देवगण निर्भय होकर स्वर्ग में प्रवेश करने के लिए उसी प्रकार उत्साहित हो उठे जैसे झुण्ड के स्वामी बड़े हाथी का सहारा पाकर छोटे हाथी जंगल में प्रवेश करने के लिए तैयार हो जाते हैं ॥ २२ ॥

अथाभिपृष्ठं गिरिजासुतस्य पुरन्दरारातिवधं चिकीर्षोः ।
सुरा निरीयुस्त्रिपुरं दिधक्षोरिव स्मरारेः प्रमथाः समन्तात् ॥ २३ ॥

अन्वयः—अथ, सुराः, पुरन्दरारातिवधम्, चिकीर्षोः, गिरिजासुतस्य, अभिपृष्ठम्, त्रिपुरम्, दिधक्षोः, स्मरारेः (अभिष्टम्) प्रमथाः, इव, समन्तात्, निरीयुः ॥ २३ ॥

भाषार्थ—इन्द्र के शत्रु तारकासुर को मारने के लिए इच्छुक उस कुमार के पीछे-पीछे सभी देवता इस प्रकार चल पड़े जैसे त्रिपुरासुर को जलाने की इच्छा से जाने वाले भगवान शिव के पीछे-पीछे उनके प्रमथ आदि गण चले थे ॥ २३ ॥

सुराङ्गनानां जलकेलिभाजां प्रक्षालितैः सन्ततभङ्गरागैः ।
प्रपेदिरे पिञ्जरवारिपूरां स्वर्गौकसः स्वर्गधुनीं पुरस्तात् ॥ २४ ॥

अन्वयः—स्वर्गौकसः, पुरस्तात्, जलकेलिभाजाम्, सुराङ्गनानाम्, सततम्, प्रक्षालितैः, भङ्गरागैः, पिञ्जरवारिपूराम्, स्वर्गधुनीम्, प्रपेदिरे ॥ २४ ॥

भाषार्थ—वे देव गण सबसे पहले जलक्रीड़ा करने वाली अप्सराओं के अंगों के घुले हुए अंगराग से पीले जल वाली आकशगंगा के पास पहुँचे ॥ २४ ॥

दिग्दन्तिनां वारिविहारभाजां कराहतैर्भीमतरैस्तरङ्गैः ।
आप्लावयन्तीं मुहुरालबालश्रेणीं तरूणां निजतीरजानाम् ॥ २५ ॥

अन्वयः—वारिविहारभाजाम्, दिग्दन्तिनाम्, कराहतैः, भीमतरैः, तरङ्गैः, निजतीरजानाम्, तरूणाम्, आलवालश्रेणीम्, मुहुः, आप्लावयन्तीम् ॥ २५ ॥

भाषार्थ—वह आकाशगंगा दिग्गजों के सूड़ों के आघातों द्वारा उठी हुई बड़ी-बड़ी लहरों से अपने किनारों पर उगे हुए वृक्षों के थालों को निरन्तर जल से भरती रहती थी ॥ २५ ॥

लीलारसाभिः सुरकन्यकाभिर्हिरण्मयीभिः सिकताभिरुच्चैः ।
माणिक्यगर्भाभिरुपाहिताभिः प्रकीर्णतीरां वरवेदिकाभिः ॥ २६ ॥

अन्वयः—लीलारसाभिः, सुरकन्यकाभिः, हिरण्मयीभिः, सिकताभिः, माणिक्यगर्भाभिः, उपाहिताभिः, उच्चैः, वरवेदिकाभिः प्रकीर्णतीराम् ॥ २६ ॥

भाषार्थ—जिसके किनारे खेलने के लिए आयी हुई देवकन्याओं के हाथों बनी हुई सुनहरी बालू की उँची-ऊंची बहुत सी वेदिकाएँ दिखाई दे रही थीं जिनके बीच-बीच में उन्होंने मणियों को भी डाल रखा था ॥ २६ ॥

सौरभ्यलुब्धभ्रमरोपगीतैर्हिरण्यहंसावलिकेलिलोलैः ।
चामीकरीयैः कमलैर्विनिद्रैश्च्युतैः परागैः परिपिङ्गतोयाम् ॥ २७ ॥

अन्वयः—सौरभ्यलुब्धभ्रमरोपगीतैः, हिरण्यहंसावलिकेलिलोलैः चामीकरीयैः, विनिद्रैः, कमलैः, च्युतैः, परागैः, परिपिङ्गतोयाम् ॥ २७ ॥

भाषार्थ—सुगन्ध के लोभी भौंरों की गुञ्जार तथा सुनहले हंसों की क्रीड़ा के कारण हिलते हुए प्रफुल्लित सुनहले कमलों से झड़े हुए पराग से जिसका जल निरन्तर पीले रंग का हुआ करता था ॥ २७ ॥

कुतूहलाद् द्रष्टुमुपागताभिस्तीरस्थिताभिः सुरसुन्दरीभिः ।
अभ्यूर्मिराजि प्रतिबिम्बिताभिर्मुदं दिशन्तीं व्रजतां जनानाम् ॥ २८ ॥

अन्वयः—द्रष्टुम्, कुतूहलात्, उपागताभिः, तीरस्थिताभिः, (अत एव), अभ्यूर्मिराजि, प्रतिबिम्बिताभिः सुरसुन्दरीभिः, व्रजताम्, जनानाम्, मुदम्, दिशन्तीम् ॥ २८ ॥

भाषार्थ—जिसके किनारे मनोविनोद के लिए आकर उसे देखने में मग्न बैठी हुई सुर-सुन्दरियों की छाया उसकी लहरों में प्रतिबिम्बित होती हुई उधर से आने जाने वाले लोगों को लुभाया करती थी ॥ २८ ॥

ननन्द सद्यश्चिरकालदृष्टां विलोक्य शक्रः सुरदीर्घिकां ताम् ।
अदर्शयत्सादरमद्रिपुत्रीमहेशपुत्राय ततः पुरोगः ॥ २९ ॥

अन्वयः—शक्रः, चिरकालदृष्टाम्, ताम्, सुरदीर्घिकाम्, विलोक्य, सद्यः, ननन्द, ततः, अद्रिपुत्रीमहेशपुत्राय, सादरम्, पुरोगः, (सन्), अदर्शयत् ॥ २९ ॥

भाषार्थ—बहुत दिनों की देखी हुई देवगंगा को देखते ही इन्द्र अत्यंत प्रसन्न हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर शंकर-पार्वती के पुत्र कुमार को भी उसे बड़े आदर के साथ दिखाया ॥ २९ ॥

स कार्तिकेयः पुरतः परीतः सुरैः समस्तैः सुरनिम्नगां ताम् ।
अपूर्वदृष्टामवलोकमानः सविस्मयः स्मेरविलोचनोऽभूत् ॥ ३० ॥

अन्वयः—समस्तैः, सुरैः, परीतः, कार्तिकेयः, अपूर्वदृष्टाम्, ताम्, सुरनिम्नगाम्, पुरतः, अवलोकमानः (सन्), सविस्मयः, स्मेरविलोचनः, अभूत् ॥ ३० ॥

भाषार्थ—सभी देवताओं से घिरे हुए कार्तिकेय पहले की कभी न देखी हुई उस देवनदी कों सामने देखकर चकित हो गये और उनके मुख पर हास्य की रेखा झलक उठी ॥ ३० ॥

उत्पेय तां तत्र किरीटकोटिन्यस्ताञ्जलिर्भक्तिपरः कुमारः ।
गीर्वाणवृन्दैः प्रणुतां प्रणुत्य नम्रेण मूर्ध्ना मुदितो ववन्दे ॥ ३१ ॥

अन्वयः—भक्तिपरः, कुमारः, गीर्वाणवृन्दैः प्रणुताम्, ताम् तत्र, उपेत्य, किरीटकोटिन्यस्ताञ्जलिः (सन्), प्रणुत्य, मुदितः तथा, नम्रेण, मूर्ध्ना, ववन्दे ॥ ३१ ॥

भावार्थ—अत्यन्त श्रद्धालु कुमार कार्तिकेय ने देवताओं द्वारा वंदनीया उस देव-नदी के तट पर जाकर अपने जुड़े हुए हाथों को मुकुट के सिरे पर लगाते हुए बड़ी भक्ति तथा प्रसन्न मन से सिर झुका कर प्रणाम करते हुए उसकी वन्दना की ॥ ३१ ॥

प्रर्तितस्मेरसरोजराजिः पुरः परीरम्भमिलन्महोर्मिः ।
कपोलपालिश्रमवारिहारी भेजे गुहं तं सरितः समीरः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—प्रर्तितस्मेरसरोजराजिः, परीरम्भमिलन्महोर्मिः, कपोलपालिश्रमवारिहारी, सरितः, समीरः, पुरः, तम्, गुहम्, भेजे ॥ ३२ ॥

भावार्थ—वहाँ विकसित कमलवनों को नचाने वाले, बड़ी-बड़ी लहरों के गले मिलने वाले तथा कपोलों के ऊपर आये हुये पसीने को सुखाने वाले उस नदी के वायु ने सामने उपस्थित कुमार कर्तिकेय का भली-भाँति सत्कार किया ॥ ३२ ॥

ततो व्रजन्नन्दननामधेयं लीलावनं जम्भजितः पुरस्तात् ।
विभिन्नभग्नोद्धृतशालसङ्घं प्रेक्षाञ्चकार स्मरशत्रुसूनुः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—ततः, व्रजन्, स्मरशत्रुसूनुः, पुरस्तात्, विभिन्नभग्नोद्धृतशालसङ्घम्, नन्दननामधेयम्, जम्भजितः, लीलावनम् प्रेक्षाञ्चकार ॥ ३३ ॥

भावार्थ—इसके पश्चात् आगे बढ़ने पर कामशत्रु शिव के पुत्र कुमार कार्तिकेय ने इन्द्र के क्रीड़वन नन्दन को देखा, जिसके शाल वृक्ष या तो तोड़ दिये गए थे अथवा काट डाले गये गए थे ॥ ३३ ॥

सुरद्विषोपप्लुतमेवमेतद्वनं बलस्य द्विषतो गतश्रि ।
इत्थं विचिन्त्यारुणलोचनोऽभूद्भ्रूभङ्गदुष्प्रेक्ष्यमुखः स कोपात् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—सः, एतत्, बलस्य, द्विषतः, वनम्, सुरद्विषा, एवम् उपप्लुतम्, (अत एव), गतश्रि, इत्थम्, विचिन्त्य, कोपात्, अरुणलोचनः, भ्रूभङ्गदुष्प्रेक्ष्यमुखः, अभूत् ॥ ३४ ॥

भावार्थ—कुमार कार्तिकेय ने इन्द्र के उस उजड़े हुए उपवन को देखते ही समझ लिया कि इसे तारकासुर ने ही नष्ट-भ्रष्ट कर दिया है। इसलिये क्रोध के मारे उनकी आँखें लाल हो गयीं तथा भौंहे तन गयीं जिससे उनका मुंह अत्यन्त भीषण हो उठा ॥ ३४ ॥

निर्लूनलीलोपवनामपश्यद् दुःसञ्चरीभूतविमानमार्गाम् ।
विध्वस्तसौधप्रचयां कुमारो विश्वैकसाराममरावतीं सः ॥ ३५ ॥

अन्वयः—सः, कुमारः, निर्लूनलीलोपवनाम्, दुःसञ्चरीभूतविमानमार्गाम्, विध्वस्तसौधप्रचयाम्, विश्वैकसाराम्, अमरावतीम्, अपश्यत् ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—वहाँ से कुछ और आगे बढ़ने पर कुमार ने विश्व की सबसे सुन्दरी नगरी अमरावती को देखा जिसके क्रीड़ा-उपवन काट डाले गए थे, विमानों के आने-जाने के मार्ग अब आने-जाने के योग्य नहीं रह गये थे तथा बड़े-बड़े महल ढहा दिए गए थे ॥ ३५ ॥

गतश्रियं वैरिवराभिभूतां दशां सुदीनामभितो दधानाम् ।
नारीमवीरामिव तामवेक्ष्य स बाढमन्तः करुणापरोऽभूत् ॥ ३६ ॥

अन्वयः—सः, वैरिवराभिभूताम् (अतएव), गतश्रियम्, सुदीनाम्, दशाम्, अभितः, दधानाम्, अवीराम्, नारीम्, इव, ताम्, अवेक्ष्य, अन्तः, बाढम्, करुणापरः, अभूत् ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—तारकासुर द्वारा पराजित अतः शोभाहीन तथा चारों ओर शत्रु के अत्याचार से अत्यन्त दीन दशा में पहुँची हुई नपुंसक की स्त्री के समान उस अमरावती को देखकर कुमार कार्तिकेय को दया आ गयी ॥ ३६ ॥

दुश्चेष्टिते देवरिपौ सरोषस्तस्याविषण्णः समराय चोत्कः ।
तथाविधां तां स विवेश पश्यन्सुरैः सुराधीश्वरराजधानीम् ॥ ३७ ॥

अन्वयः—दुश्चेष्टिते, देवरिपौ, सरोषः, (तथा) तस्य, समराय, उत्कः, च, अविषण्णः, सः, तथाविधाम्, ताम्, सुराधीश्वरराजधानीम्, पश्यन् (सन्), सुरैः (सह), विवेश ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—उस दुराचारी तारकासुर पर अत्यन्त क्रुध होकर उससे युद्ध करने की उत्सुकता में अत्यन्त उतावले कुमार कर्तिकेय ने ऐसी दशा में पहुँची हुई देवराज इन्द्र की राजधानी अमरावती को देखते हुए देवताओं के साथ उसमें प्रवेश किया ॥ ३७ ॥

दैतेयदन्त्यावलिदन्तघातैः क्षुण्णान्तराः स्फाटिकहर्म्यपङ्क्तीः ।
महाहिनिर्मोकपिनद्धजालाः स वीक्ष्य तस्यां विषसाद सद्यः ॥ ३८ ॥

अन्वयः—दैतेयदन्त्यावलिदन्तघातैः, क्षुण्णान्तराः, महाहिनिर्मोकपिनद्धजालाः, स्फाटिकहर्म्यपंक्तीः, वीक्ष्य, सः, तस्याम्, विषसाद ॥ ३८ ॥

भावार्थ—वहाँ स्फटिक मणियों के महलों में राक्षसों के हाथियों के दाँतों की टक्करों से दरारें पड़ गयी थीं जिनमें बड़े-बड़े साँपों की केचुलियों के जाले बने हुए देखकर कुमार कार्तिकेय अत्यन्त दुखी हो गए ॥ ३८ ॥

उत्कीर्णचामीकरपङ्कजानां दिग्दन्तिदानद्रवदूषितानाम् ।
हिरण्यहंसव्रजवर्जितानां विदीर्णवैदूर्यमहाशिलानाम् ॥ ३९ ॥

आविर्भवद्बालतृणाञ्चितानां तदीयलीलागृहदीर्घिकाणाम् ।
स दुर्दशां वीक्ष्य विरोधिजातां विषादवैलक्ष्यभरं बभार ॥ ४० ॥

अन्वयः—सः, उत्कीर्णचामीकरपङ्कजानाम्, दिग्दन्तिदानद्रवदूषितानाम्, हिरण्यहंसव्रजवर्जितानाम्, विदीर्णव्रैदूर्यमहाशिलानाम्, आविर्भवद्बालतृष्णाञ्चितानां, तदीयलीलागृहदीर्घिकाणाम्, विरोविजाताम्, दुर्दशाम्, वीक्ष्य, विषादवैलक्ष्यमरम्, बभार ॥ ३९–४० ॥

भावार्थः—उन देवताओं के विलासभवनों की बावलियों के सुनहले कमल उखाड़ डाले गये थे, उनका जल ऐरावतादि हाथियों के विजेता तारकासुर के हाथियों के मदजल से दूषित हो गया था, अब उनमें सुनहले राजहंस नहीं रह गये थे, वैदूर्य मणियों से बनी हुई पट्टियाँ टूट-फूट गयी थीं और उनके चारों ओर छोटी-छोटी घासें उग आई थीं। इस प्रकार शत्रुओं द्वारा की गई उनकी यह दुर्दशा देख कर कुमार अत्यंत दुःखी तथा लज्जित हो गए ॥ ३९–४० ॥

तद्दन्तिदन्तक्षतहेमभित्ति सुतन्तुजालाकुलरत्नजालम् ।
निन्ये सुरेन्द्रेण पुरोगतेन स वैजयन्ताभिधमात्मसौधम् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—सः, सुरेन्द्रेण, पुरोगतेन, तद्दन्तिदन्तक्षतहेममित्ति, सुतन्तुजालाकुलरत्नजालम् (तथा), वैजयन्तामिधम्, आत्मसौधम्, निन्ये ॥ ४१ ॥

भावार्थ—इसके पश्चात् आगे-आगे चलते हुए इन्द्र ने कुमार कार्तिकेय को अपने वैजयंत नाम वाले उस राजमहल में पहुँचा दिया जिसकी सुनहली दीवारों में राक्षसों के हाथियों के दाँतो की टक्कर से दरारें पड़ गयी थीं और रत्नों की खाली जगहों पर मकड़ियों ने अपना जाला बना दिया था ॥ ४१ ॥

निर्दिष्टवर्त्मा विबुधेश्वरेण सुरैः समग्रैरनुगम्यमानः ।
स प्राविशत्तं विविधाश्मरश्मिच्छिन्नेन सोपानपथेन सौधम् ॥ ४२ ॥

अन्वयः—सः, विबुधेश्वरेण, निर्दिष्टवर्त्मा समग्रैः, सुरैः, अनुगम्यमानः, (सन्), विविधाश्मरश्मिच्छिन्नेन, सोपानपथेन, तम्, सौधम्, प्राविशत् ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—तारकासुर द्वारा उखड़वा लेने के कारण रत्नों की किरणों से रहित सीढ़ियों पर होते हुए कुमार ने उस महल में प्रवेश किया। उनके आगे-आगे राह बताते हुए इन्द्र तथा पीछे-पीछे देवता लोग चल रहे थे ॥ ४२ ॥

निसर्गकल्पद्रुमतोरणं तं स पारिजातप्रसवस्रगाढ्यम् ।
दिव्यैः कृतस्वस्त्ययनं मुनीन्द्रैरन्तःप्रविष्टप्रमदं प्रपेदे ॥ ४३ ॥

अन्वयः—सः, निसर्गकल्पद्रुमतोरणम्, (तथा), पारिजातप्रसवस्रगाढ्यम्, दिव्यैः, मुनीन्द्रैः, कृतस्वस्त्ययनम्, अन्तःप्रविष्टप्रमदम्, तम्, प्रपेदे ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—चलते-चलते कुमार कार्तिकेय उस भवन के पास पहुँचे जिसका तोरण कल्पवृक्ष स्वयं बना हुआ था, जहाँ पारिजात के फूलों की ढेरियाँ बिखरी हुई थीं, जहाँ देवऋषियों ने कभी स्वस्तिपाठ किया था और जिसमें कभी सुन्दरी अप्सरायें रहा करती थीं ॥ ४३ ॥

पादौ महर्षेः किल कश्यपस्य कुलादिवृद्धस्य सुरासुराणाम् ।
प्रदक्षिणीकृत्य कृताञ्जलिः सन्षड्भिः शिरोभिः स नतैर्ववन्दे ॥ ४४ ॥

अन्वयः—सः, सुरासुराणाम्, कुलादिवृद्धस्य, कश्यपस्य, महर्षेः, पादौ, प्रदक्षिणीकृत्य, कृताञ्जलिः, सन्, नतैः, षड्भिः, शिरोभिः, ववन्दे, किल ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—वहाँ देवताओं तथा दानवों के आदि वयोवृद्ध कश्यप ऋषि के चरणों में कुमार ने हाथ जोड़कर प्रदक्षिणा करते हुए छहों सिरों को झुकाकर प्रणाम किया ॥ ४४ ॥

स देवमातुर्जगदेकवन्द्यौ पादौ तथैव प्रणनाम कामम् ।
मुनेः कलत्रस्य च तस्य भक्त्या प्रह्वीभवञ्शैलसुतातनूजः ॥ ४५ ॥

अन्वयः—सः, शैलसुतातनूजः, भक्त्या, प्रह्वीभवन्, (सन्), मुनेः, तस्य, कलत्रस्य, देवमातुः, च, जगदेकवन्द्यौ, पादौ, तथैव, कामम्, प्रणनाम ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—फिर पार्वती-पुत्र कुमार ने अत्यंत श्रद्धा के साथ झुककर उसी प्रकार कश्यप मुनि की पत्नी तथा देवताओं की माता अदिति के संसारवन्द्य चरणों में प्रणाम किया ॥ ४५ ॥

स कश्यपः सा जननी सुराणां तमेधयामासतुराशिषा द्वौ ।
तया यया नैकजगज्जिगीषुं जेता मृधे तारकमुग्रवीर्यम् ॥ ४६ ॥

अन्वयः—सः, कश्यपः, सा, सुराणाम् , जननी (एतौ), द्वौ, तम् , तया, आशिषा, एधयामासतुः, यया, उग्रवीर्यम् , नैकजगज्जिगीषुम् , तारकम् , मृधे, जेता ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—महर्षि कश्यप और देवमाता अदिति ने कुमार कार्तिकेय का उत्साह बढ़ाते हुए आशीर्वाद दिया कि तीनों लोकों को जीतने की इच्छा करने वाले तारकासुर को तुम युद्ध में अवश्य जीतोगे ॥ ४६ ॥

स्वदर्शनार्थं समुपेयुषीणां सुदेवतानामदितिश्रितानाम् ।
पादौ ववन्दे पतिदेवतास्तमाशीर्वचोभिः पुनरभ्यनन्दन् ॥ ४७ ॥

अन्वयः—(सः), स्वदर्शनार्थम् , समुपेयुषीणाम् , अदितिश्रितानाम् , सुदेवतानाम् , पादौ, ववन्दे (अथ, च), पतिदेवताः (तास्तु), आशीर्वचोभिः, पुनः, तम् , अभ्यनन्दन् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—वहाँ अदिति की आश्रित बहुत सी देवाङ्गनाएं कुमार को देखने के लिए आई हुई थीं, जिन्हें कुमार ने बड़ी श्रद्धा से नमस्कार किया और उन पतिव्रताओं ने अपने आशीर्वाद से कुमार का स्वागत किया ॥ ४७ ॥

पुलोमपुत्रीं विबुधाधिभर्तुस्ततः शचीं नाम कलत्रमेषः ।
नमश्चकार स्मरशत्रुसूनुस्तमाशिषा सा समुपाचरच्च ॥ ४८ ॥

अन्वयः—ततः, नाम, एषः, स्मरशत्रुसूनुः, विबुधाधिभर्तुः, कलत्रम् , शचीं,पुलोमपुत्रीं, नमश्चकार (अथ, च) सा आशिषा, तम् , समुपाचरत् , च ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् कामशत्रु शंकर के पुत्र कार्तिकेय ने पुलोम की पुत्री तथा देवराज इन्द्र की पत्नी शची को नमस्कार किया तब उन्होंने भी अपने आशीर्वाद से कुमार को प्रसन्न किया ॥ ४८ ॥

अथादितीन्द्रप्रमदाः समेतास्ता मातरः सप्त घनप्रमोदाः ।
उपेत्य भक्त्या नमते महेशपुत्राय तस्मै ददुराशिषः प्राक् ॥ ४९ ॥

अन्वयः—अथ, घनप्रमोदाः, समेताः, ताः, अदितीन्द्रप्रमदाः, सप्त, मातरः, भक्त्या, उपेत्य, नमते, तस्मै, महेशपुत्राय, आशिषः, प्राक् , ददुः ॥ ४९ ॥

भाषार्थ—फिर कुमार ने वहीं अत्यंत आनन्द के साथ बैठी हुई कश्यप की उन पत्नियों को बड़ी श्रद्धा के साथ नमस्कार किया जो सप्तमाताओं के नाम

से विख्यात हैं। उन्होंने प्रणाम करने के पहिले ही कुमार को विजय-लाभ करने का आशीर्वाद दे दिया ॥ ४९ ॥

समेत्य सर्वेऽपि मुदं दधाना महेन्द्रमुख्यास्त्रिदिवौकसोऽथ ।
आनन्दकल्लोलितमानसं तं समभ्यषिञ्चन्पृतनाधिपत्ये ॥ ५० ॥

अन्वयः—अथ, मुदम्, दधानाः, महेन्द्रमुख्याः, सर्वे, अपि, त्रिदिवौकसः, आनन्दकल्लोलितमानसम्, तम्, पृतनाधिपत्ये, समभ्यषिञ्चन् ॥ ५० ॥

भाषार्थ—तब बड़े आनन्द के साथ एकत्रित होकर इन्द्र आदि सभी देवताओं ने प्रसन्नता से भरे हुए हृदय वाले कुमार कार्तिकेय को अपनी सेना का स्वामी बना दिया ॥ ५० ॥

सकलविबुधलोकः स्त्रस्तनिःशेषशोकः
कृतरिपुविजयाशः प्राप्तयुद्धावकाशः ।
अजनि हरसुतेनानन्तवीर्येण तेना-
खिलविबुधचमूनां प्राप्य लक्ष्मीमनूनाम् ॥ ५१ ॥

इति महाकवि कालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये कुमार-
सैनापत्याभिषेको नाम त्रयोदशः सर्गः ॥ १३ ॥

अन्वयः—अनन्तवीर्येण, अनूनाम्, अखिलविबुधचमूनाम्, लक्ष्मीम्, प्राप्य, तेन, हरसुतेन, सकलविबुधलोकः, स्त्रस्तनिःशेषशोकः, कृतरिपुविजयाशः, प्राप्तयुद्धावकाशः, अजनि ॥ ५१ ॥

भाषार्थ—जब असीम पराक्रमी कुमार कार्तिकेय ने देवताओं की सारी सेना का स्वामित्व सम्हाल लिया तब सभी देवताओं का शोकजन्य क्लेश दूर हो गया, उन्हें विजय की आशा हो गई और युद्ध का अच्छा अवसर मिल गया ॥ ५१ ॥

कालिदासकृत कुमारसंभव महाकाव्य में कुमार का सेनापतित्व-अभिषेक
नाम का १३ वाँ सर्ग समाप्त ।

चतुर्दशः सर्गः

रणोत्सुकेनान्धकशत्रुसूनुना समं प्रयुक्तैस्त्रिदशैर्जिगीषुणा ।
महासुरं तारकसंज्ञकं द्विषं प्रसह्य हन्तुं समनह्यत द्रुतम् ॥ १ ॥

अन्वयः—जिगीषुणा, रणोत्सुकेन, अन्धकशत्रुसूनुना, प्रयुक्तैः, त्रिदशैः, समम्, तारकसंज्ञकम्, द्विषम्, महासुरम्, प्रसह्य, हन्तुम्, द्रुतम्, समनह्यत ॥ १ ॥

भाषार्थ—विजय की अभिलाषा से युद्ध के लिए अत्यन्त उत्सुक शिव-पुत्र की प्रेरणा से अपने शत्रु तारकासुर को मारने के लिए सभी देवताओं ने शीघ्रता के साथ अस्त्र-शस्त्र बांधना प्रारम्भ किया ॥ १ ॥

स दुर्निवारं मनसोऽतिवेगिनं जयश्रियः संनयनं सुदुःसहम् ।
विजित्वरं नाम तदा महारथं धनुर्धरः शक्तिधरोऽध्यरोहयत् ॥ २ ॥

अन्वयः—सः, धनुर्धरः. शक्तिधरः (सन्), दुर्निवारम्, मनसः, अतिवेगिनम् (तथा), जयश्रियः, संनयनम्, सुदुःसहम्, विजित्वरम्, नाम, (दधानम्), महारथम् तदा, अध्यरोहयत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—इसके बाद धनुर्धारी तथा पराक्रमी कुमार मन से भी अधिक वेग से चलने वाले तथा किसी के रोकने से रुक न सकने वाले अपने जित्वर नाम के उस रथ पर जा बैठे जिस पर बैठकर युद्ध करने वाला अवश्य ही विजय-लक्ष्मी प्राप्त कर लेता है ॥ २ ॥

सुरालयश्रीविपदां निवारणं सुरारिसम्पत्परितापकारणम् ।
केनापि दध्रेऽस्य विरोधिदारणं सुचारु चामीकरघर्मवारणम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—विरोधिदारणम्, सुरालयश्रीविपदाम्, निवारणम्, सुरारिसम्पत्परितापकारणम्, सुचारु चामीकरघर्मवारणम्, अस्य, केनापि, दध्रे ॥ ३ ॥

भाषार्थ—उसी समय किसी ने उनके ऊपर शत्रुओं का विनाशक एक सोने का छत्र लगा दिया जो स्वर्ग की लक्ष्मी पर आई हुई विपत्तियों को दूर करने वाला तथा दैत्यों की लक्ष्मी को दुःख देने वाला था ॥ ३ ॥

शरच्चरच्चन्द्रमरीचिपाण्डुरैः स वीज्यमानो वरचारुचामरैः ।
पुरःसरैः किन्नरसिद्धचारणैः रणेच्छुरस्तूयत वाग्भिरुल्बणैः ॥ ४ ॥

अन्वयः—शरच्चरच्चन्द्रमरीचिपाण्डुरैः, वरचारुचामरैः, वीज्यमानः, रणेच्छुः, सः, उल्बणैः किन्नरसिद्धचारणैः पुरःसरैः, वाग्भिः, अस्तूयत ॥ ४ ॥

भाषार्थ—युद्धप्रेमी कार्तिकेय के दोनों ओर शरत्कालीन बादलों जैसे श्वेत चँवर डुलाये जा रहे थे और किन्नर, सिद्ध तथा चारण आदि आगे आकर उनकी प्रशंसा के गीत गा रहे थे ॥ ४ ॥

प्रयाणकालोचितचारुवेषभृद्वज्रं वहन्पर्वतपक्षदारणम् ।
ऐरवतं स्फाटिकशैलसोदरं ततोऽधिरुह्य द्युपतिस्तमन्वगात् ॥ ५ ॥

अन्वयः—ततः, द्युपतिः, प्रयाणकालोचितचारुवेषभृत्, पर्वतपक्षदारणम्, वज्रम्, वहन् (तथा), स्फाटिकशैलसोदरम्, ऐरावतम्, अधिरुह्य, तम्, अन्वगात् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—युद्ध में जाने के योग्य वस्त्रों को धारण किये तथा हाथ में पर्वतों के पंख काटने वाला वज्र लिए हुए स्फटिक पर्वत के समान उँचे तथा उजले हाथी पर वैठकर इन्द्र भी उनके पीछे-पीछे चले ॥ ५ ॥

तमन्वगच्छद् गिरिशृङ्गसोदरं मदोद्धतं मेषमधिष्ठितः शिखी ।
विरोधिविद्वेषरुषाधिकं ज्वलन्महोमहीयस्तरमायुधं दधत् ॥ ६ ॥

अन्वयः—विरोधिविद्वेषरुषा; अधिकम्, ज्वलन्, शिखी, गिरिशृङ्गसोदरम् (तथा), मदोद्धतम्, मेषम्, अधिष्ठितः, महोमहीयस्तरम्, आयुधम्, दधत (सन्), तम्, अन्वगच्छत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—शत्रु के विनाश करने के लिए क्रोध में और भी अधिक जलते हुए अग्निदेव पहाड़ के समान ऊँचे मतवाले भेंड़े पर चढ़कर अत्यंत भयंकर तथा दहकता हुआ अस्त्र लिए हुए पीछे-पीछे चले ॥ ६ ॥

अथेन्द्रनीलाचलचण्डविग्रहं विषाणविध्वस्तमहापयोधरम् ।
अधिष्ठितः कासरमुद्धतं मुदा वैवस्वतो दण्डधरस्तमन्वगात् ॥ ७ ॥

अन्वयः—अथ, वैवस्वतः, इन्द्रनीलाचलचण्डविग्रहम् विषाणविध्वस्तमहापयोधरम्, उद्धतम्, कासरम्, अधिष्ठितः, दण्डधरः (सन्), मुदा, तम्, अन्वगात् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—अपनी सींगों से बड़े-बड़े बादलों को फाड़ते हुए चलने वाले नीलम के पहाड़ के समान ऊँचे तथा काले भैंसे पर चढ़कर हाथ में दण्ड लिए हुए यमराज भी उनके पीछे-पीछे चल पड़े ॥ ७ ॥

मदोद्धतं प्रेतमथाधिरूढवाँस्तमन्धकद्वेषितनूजमन्वगात् ।
महासुरद्वेषविशेषभीषणः सुरोषणश्चण्डरणाय नैर्ऋतः ॥ ८ ॥

अन्वयः—अथ, महासुरद्वेषविशेषभीषणः, सुरोषणः नैर्ऋतः, मदोद्धतम्, प्रेतम्, अधिरूढवान् (सन्), चण्डरणाय, तम् अन्धकद्वेषितनूजम्, अन्वगात् ॥ ८ ॥

भावार्थ—तारकासुर की शत्रुता से अत्यन्त भीषण तथा महाक्रोधी नैर्ऋत नाम का राक्षस भी मद से मतवाले प्रेत पर सवार होकर भयंकर युद्ध करने के लिए कुमार के पीछे-पीछे चला ॥ ८ ॥

नवोद्यदम्भोधरघोरदर्शने युद्धाय रूढो मकरे महत्तरे ।
दुर्वारपाशो वरुणो रणोल्बणस्तमन्वियाय त्रिपुरान्तकात्मजम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—रणोल्बणः, वरुणः, नवोद्यदम्भोधरघोरदर्शने, महत्तरे, मकरे, रूढः, दुर्वारपाशः (सन्), युद्धाय, तम्, त्रिपुरान्तकात्मजम्, अन्वियाय ॥ ९ ॥

भावार्थ—युद्ध में अत्यन्त वीर वरुण देव नये उठते हुए बादल के समान भयानक तथा विशाल घड़ियाल पर बैठकर हाथों में अपना अचूक फन्दा लिए हुए लड़ने के लिए कुमार के पीछे-पीछे चले ॥ ९ ॥

दिगम्बराधिक्रमणोल्बणं क्षणान्मृगं महीयांसमरुद्धविक्रमम् ।
अधिष्ठितः सङ्गरकेलिलालसो मरुन्महेशात्मजमन्वगाद् द्रुतम् ॥ १० ॥

अन्वयः—सङ्गरकेलिलालसः, मरुत्, क्षणात्, दिगम्बराधिक्रमणोल्बणम्, महीयांसम्, अरुद्धविक्रमम्, मृगम्, अधिष्ठितः (सन्), (तम्), महेशात्मजम्, द्रुतम्, अन्वगात् ॥ १० ॥

भावार्थ—युद्ध-क्रीड़ा की अभिलाषा से पवनदेव भी आकाश में बिना रुके पक्षी के समान चौकड़ी भरते हुए दौड़ने में कुशल एवं पराक्रमी हरिण पर वैठकर कुमार के पीछे-पीछे चले ॥ १० ॥

विरोधिनां शोणितपारणैषिणीं गदामनूनां नरवाहनो वहन् ।
महाहवाम्भोधिविगाहनोद्धतं यियासुमन्वागमदीशनन्दनम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—नरवाहनः, विरोधिनाम्, शोणितपारणैषिणीम्, अनूनाम्, गदाम्, वहन्, महाहवाम्भोधिविगाहनोद्धतम्, यियासुम्, ईशनन्दनम्, अन्वागमत् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—पालकी पर बैठे हुये कुबेर शत्रुओं का रक्तपान करने वाली विशाल गदा लेकर भीषण युद्धरूपी समुद्र को मंथन करने में महावीर तथा जाने के लिए तत्पर कुमार कार्तिकेय के पीछे-पीछे चले ॥ ११ ॥

महाहिनिर्बद्धजटाकलापिनो ज्वलत्त्रिशूलप्रबलायुधा युधे ।
रुद्रास्तुषाराद्रिसखं महावृषं ततोऽधिरूढास्तमयुः पिनाकिनः ॥ १२ ॥

अन्वयः—ततः, पिनाकिनः, रुद्राः, महाहिनिर्बद्धजटाकलापिनः, ज्वलत्त्रिशूलप्रबलायुधाः, तुषाराद्रिसखम्, महावृषम्, अधिरूढाः, युधे, तम्, अयुः ॥ १२ ॥

भाषार्थ—अपने-अपने जटाजूटों को बड़े-बड़े सापों से कस कर बांधे तथा जलते हुए भयानक त्रिशूल हाथ में लिए धनुषधारी ग्यारहों रुद्र भी हिमालय जैसे उजले बड़े बैल पर बैठकर युद्ध करने के लिए कुमार के पीछे-पीछे चल पड़े ॥ १२ ॥

अन्येऽपि संनह्य महारणोत्सवश्रद्धालवः स्वर्गिगणास्तमन्वयुः ।
स्ववाहनानि प्रबलान्यधिष्ठिताः प्रमोदविस्मेरमुखाम्बुजश्रियः ॥ १३ ॥

अन्वयः—अन्ये, अपि, स्वर्गिगणाः, प्रमोदविस्मेरमुखाम्बुजश्रियः, महारणोत्सवश्रद्धालवः, प्रबलानि, स्ववाहनानि, अधिष्ठिताः, संनह्य, तम्, अन्वयुः ॥१३॥

भाषार्थ—उस भयंकर युद्ध के उत्सव में रुचि रखनेवाले दूसरे सभी देवता भी अपने बलवान वाहनों पर बैठे हुए तथा अत्यन्त आनन्द की हँसी से प्रफुल्लित-मुख होकर कुमार के पीछे-पीछे चल पड़े ॥ १३ ॥

उद्दण्डहेमध्वजदण्डसङ्कुलाश्चञ्चद्विचित्रातपवारणोज्ज्वलाः ।
चलद्घनस्यन्दनघोषभीषणाः करीन्द्रघण्टारवचण्डचीत्कृताः ॥ १४ ॥

स्फुरद्विचित्रायुधकान्तिमण्डलैरुद्द्योतिताशावलयाम्बरान्तराः ।
दिवौकसां सोऽनुवहन्महाचमूः पिनाकपाणेस्तनयस्ततो ययौ ॥ १५ ॥

अन्वयः—ततः, सः, पिनाकपाणेः, तनयः, उद्दण्डहेमध्वजदण्डसङ्कुलाः, चञ्चद्विचित्रातपवारणोज्ज्वलाः, चलद्घनस्यन्दनघोषभीषणाः, करीन्द्रघण्टारवचण्डचीत्कृताः, स्फुरद्विचित्रायुधकान्तिमण्डलैः, उद्द्योतिताशावलयाम्बरान्तराः, दिवौकसाम्, महाचमूः अनुवहन् ययौ ॥ १४-१५ ॥

भाषार्थ—इस प्रकार सुनहली पताकाओं के ऊपर उठे हुए डंडों से भरी, अनेक रंगों के छत्रों से चमकती, चलते हुए झुण्ड के झुण्ड रथों की ध्वनि से अत्यंत भयंकर प्रतीत होती हुई, मतवाले हाथियों के घण्टों की ध्वनि तथा

उनकी चिग्घाड़ों से भरी हुई एवम् अनेकों चमचमाते अस्त्र-शस्त्रों की कान्ति से दिशाओं तथा आकाश को प्रकाशित करती हुई देवों की उस विशाल सेना के साथ भगवान शंकर जी के पुत्र कार्तिकेय चल पड़े ॥ १४-१५ ॥

कोलाहलेनोच्चलतां दिवौकसां महाचमूनां गुरुभिर्ध्वजव्रजैः ।
घनैर्निरुच्छ्वासमभूदनन्तरं दिङ्मण्डलं व्योमतलं महीतलम् ॥ १६ ॥

अन्वयः—उच्चलताम्, दिवौकसाम्, कोलाहलेन, महाचमूनाम्, गुरुभिः, घनैः, ध्वजव्रजैः, निरुच्छ्वासम्, दिङ्मण्डलम्, व्योमतलम्, महीतलम्, अनन्तरम्, अभूत् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—उछलते हुए चलने वाले, देवताओं के कोलाहल तथा विशाल सेना की ऊँची तथा घनी ध्वजाओं से दिशाएँ, आकाश मंडल तथा पृथ्वी-मंडल ऐसे एक से हो गये कि साँस लेने की भी जगह नहीं रह गयी ॥ १६ ॥

सुरारिलक्ष्मीपरिकम्पहेतवो दिक्चक्रवालप्रतिनादमेदुराः ।
नभोन्तकुक्षिम्भरयो घनाः स्वना निहन्यमानैः पटहैर्वितेनिरे ॥ १७ ॥

अन्यवः—निहन्यमानैः, पटहैः, सुरारिलक्ष्मीपरिकम्पहेतवः, दिक्चक्रवालप्रतिनादमेदुराः, नभोऽन्तकुक्षिम्भरयः, घनाः, स्वनाः, वितेनिरे ॥ १७ ॥

भाषार्थ—युद्ध के नगाड़ों पर चोटें पड़ने लगीं जिससे वे दैत्यों की राजलक्ष्मी को कंपित कर देने वाली तथा दिशाओं में प्रतिध्वनित होकर और भी पुष्ट हो कर सम्पूर्ण आकाश में व्याप्त हो जाने वाली अत्यन्त गहरी ध्वनि का विस्तार करने लगे ॥ १७ ॥

प्रमथ्यमानाम्बुधिगर्जितर्जनैः सुरारिनारीगणगर्भपातनैः ।
नभश्चमूधूलिकुलैरिवाकुलं रराम गाढं पटहप्रतिस्वनैः ॥ १८ ॥

अन्वयः—चमूधूलिकुलैः, आकुलम्, नभः, प्रमथ्यमानाम्बुधिगर्जितर्जनैः, सुरारिनारीगणगर्भपातनैः, पटहप्रतिस्वनैः, गाढम्, ररास, इव ॥ १८ ॥

भाषार्थ— सेना से उठने वाली धूल तथा मंथन के समय समुद्र की गर्जन से भी अधिक गड़गड़ाहट से दैत्यराज तारकासुर की स्त्रियों का गर्भपात करा देने में समर्थ नगाड़ों की प्रतिध्वनि से व्याकुल आकाश ऐसा प्रतीत होने लगा मानों वह उस गूंज के बहाने चिल्ला कर रो रहा हो ॥ १८ ॥

क्षुण्णं रथैर्वाजिभिराहतं खुरैः करीन्द्रकर्णैः परितः प्रसारितम् ।
धूतं ध्वजैः काञ्चनशैलजं रजो वातैर्हृतं व्योम समारुहत्क्रमात् ॥ १९ ॥

अन्वयः—रथैः क्षुण्णम्, काञ्चनशैलजम्, रजः, वाजिभिः, खुरैः, आहतम्, (तथा) करीन्द्रकर्णैः, परितः, प्रसारितम्, ध्वजैः, धूतम्, वातैः, हतम्, क्रमात्, व्योम, समारुहत् ॥ १९ ॥

भाषार्थ—सुमेरु पर्वत की सुनहरी धूल रथों से उखड़ कर, घोड़ों की टापों से पिसकर, हाथियों के कान फटफटाने से बिखर कर, लहराती हुई झंडियों से ऊपर उठ कर तथा वायु के सहारे उड़कर क्रमशः आकाश-मंडल में छा गयी ॥ १९ ॥

खातं खुरैं रथ्यतुरङ्गपुङ्गवैरुपत्यकाहाटकमेदिनीरजः ।
गतं दिगन्तान्मुखरैः समीरणैः सुविभ्रमं भूरि बभार भूयसा ॥ २० ॥

अन्वयः—रथ्यतुरङ्गपुङ्गवैः, खुरैः, खातम्, उपत्यकाहाटकमेदिनीरजः, भूरि, मुखरैः, समीरणैः, दिगन्तात्, गतम्, (सत्) भूयसा, सुविभ्रमम्, बभार ॥ २० ॥

भाषार्थ--रथ खींचने वाले घोड़ों की टापों से पिसकर हरहराती हुई हवा के साथ सभी दिशाओं में फैल जाने वाली सुमेरु पहाड़ की सुनहरी तलहटी की धूल और भी अधिक सुशोभित होने लगी ॥ २० ॥

अधस्तथोर्ध्वं पुरतोऽथ पृष्ठतोऽभितोऽपि चामीकररेणुरुच्चकैः ।
चमूषु सर्पन्मरुदाहतोऽहरन्नवीनसूर्यस्य च कान्तिवैभवम् ॥ २१ ॥

अन्वयः—चमूषु, मरुदाहतः, अधस्तथा ऊर्ध्वम्, पुरतः, अथ, पृष्ठतः, (तथा) अभितः, अपि, सर्पन्, चामीकररेणुः, उच्चकैः, नवीनसूर्य्यस्य, कान्तिवैभवम्. अहरत् च ॥ २१ ॥

भाषार्थ—सेना के ऊपर, नीचे, आगे, पीछे चारों ओर वायु से उड़कर फैलने वाली वह घनी सुनहली धूल नवोदित सूर्य की लालिमा को भी मात करने लगी ॥ २१ ॥

बलोद्धृतं काञ्चनभूमिजं रजो बभौ दिगन्तेषु नभःस्थले स्थितम् ।
अकालसन्ध्याघनरागपिङ्गलं घनं घनानामिव वृन्दमुद्यतम् ॥ २२ ॥

अन्वयः—काञ्चनभूमिजम्, रजः, बलोद्धृतम्, दिगन्तेषु, नभःस्थले, स्थितम्, अकालसन्ध्याघनरागपिङ्गलम्, घनम्, घनानाम्, उद्यतम्, वृन्दम्, इव, बभौ ॥ २२ ॥

भाषार्थ—सेना के चलने से उड़ी हुई सुनहली भूमि की धूल दिशाओं तथा

आकाश में स्थित होकर ऐसी सुशोभित होने लगी मानों असमय में ही होने वाली संध्या की लालिमा से युक्त बादलों के झुण्ड उमड़कर आकाश में छा गए हों ॥२२॥

हेमावनीषु प्रतिबिम्बमात्मनो मुहुर्विलोक्याभिमुखं महागजाः ।
रसातलोत्तीर्णगजभ्रमात्क्रुधा दन्तप्रकाण्डप्रहृतानि तेनिरे ॥ २३ ॥

अन्वयः—महागजाः, हेमावनीषु, आत्मनः, प्रतिबिम्बम्, अभिमुखम्, विलोक्य, रसातलोत्तीर्णगजभ्रमात्, क्रुधा, मुहुः, दन्तप्रकाण्डप्रहृतानि, तेनिरे ॥२३॥

भावार्थ—सेना के बड़े-बड़े हाथी उस सुनहली भूमि में बार-बार अपनी ही छाया देखकर इस भ्रम में पड़ जाते थे कि ये पाताल से निकले हुए अन्य हाथी हैं इस लिए वे क्रुद्ध होकर अपनी ही छाया पर अपने दाँतों की टक्करें मारने लगते थे ॥ २३ ॥

सुजातसिन्दूरपरागपिञ्जरैः कलं चलद्भिः सुरसैन्यसिन्धुरैः ।
शुद्धासु चामीकरशैलभूमिषु नादृश्यत स्वं प्रतिबिम्बमग्रतः ॥ २४ ॥

अन्वयः—सुजातसिन्दूरपरागपिञ्जरैः, कलम्, चलद्भिः, सुरसैन्यसिन्धुरैः, शुद्धासु, चामीकरशैलभूमिषु, अग्रतः, स्वम्, प्रतिबिम्बम्, न अदृश्यत ॥ २४ ॥

भावार्थ—उत्तम सिन्दूर की बुकनी से रंगे हुए तथा झूमते हुए धीरे-धीरे चलने वाले देवसेना के सुनहले रंग वाले हाथी उस शुद्ध सुनहली पहाड़ी भूमि में अपनी छाया नहीं देख पाते थे ॥ २४ ॥

इति क्रमेणामरराजवाहिनी महाहवाम्भोधिविलासलालसा ।
अवातरत्काञ्चनशैलतो द्रुतं कोलाहलाक्रान्तविधूतकन्दरा ॥ २५ ॥

अन्वयः—महाहवाम्भोधिविलासलालसा, कोलाहलाक्रान्तविधूतकन्दरा, अमरराजवाहिनी, इति क्रमेण, काञ्चनशैलतः, द्रुतम्, अवातरत् ॥ २५ ॥

भावार्थ—इस प्रकार युद्धरूपी समुद्र से क्रीड़ा करने के लिए उत्सुक सुरराज इन्द्र की विशाल सेना अपने कोलाहल से गुफाओं को कँपाती हुई शीघ्र ही उस सुनहले पहाड़ सुमेरु के नीचे उतर चली ॥ २५ ॥

महाचमूस्यन्दनचण्डचीत्कृतैर्विलोलघण्टेभपतेश्च बृंहितैः ।
सुरेन्द्रशैलेन्द्रमहागुहाशयाः सिंहा महत्स्वप्नसुखं न तत्यजुः ॥ २६ ॥

अन्वयः—सुरेन्द्रशैलेन्द्रमहागुहाशयाः, सिंहाः, महाचमूस्यन्दचण्डचीत्कृतैः, विलोलघण्टेभपतेः, च, बृंहितैः, महत्, स्वप्नसुखम्, न, तत्यजुः ॥ २६ ॥

भावार्थ—देवताओं की विशाल सेना के रथों की भयंकर घरघराहट, हाथियों

के घंटों की आवाज तथा उनकी भयंकर चिग्घाड़ से भी सुमेरु पहाड़ की गहरी गुफाओं में सोने वाले सिंह अपने स्वप्नसुख का परित्याग न कर सके ॥ २६ ॥

गम्भीरभेरीध्वनितैर्भयङ्करैर्महागुहान्तप्रतिनादमेदुरैः ।
महारथानां गुरुनेमिनिःस्वनैरनाकुलैस्तैर्मृगराजताऽजनि ॥ २७ ॥

अन्वयः—महागुहान्तप्रतिनादमेदुरैः, भयङ्करैः, गम्भीरभेरीध्वनितैः, तैः, महारथानाम्, गुरुनेमिनिःस्वनैः, अनुकूलैः, तैः, मृगराजता अजनि ॥ २७ ॥

भाषार्थ—बड़ी-बड़ी गुफाओं के भीतर प्रतिध्वनित होने से नगाड़ों की अत्यन्त भीषण गड़गड़ाहट तथा बड़े-बड़े रथों के पहियों की घड़घड़ाहट से भी उनमें निश्चिन्त भाव से बैठे हुए सिंह यह सिद्ध कर रहे थे कि सचमुच वे मृगों के राजा हैं ॥ २७ ॥

समुत्थितेन त्रिदिवौकसां महाचमूरवेणाद्रितटान्तदारिणा ।
प्रपेदिरे केसरिणोऽधिकं मदं स्ववीर्यलक्ष्मीमृगराजतावशात् ॥ २८ ॥

अन्वयः—समुत्थितेन, अद्रितटान्तदारिणा, त्रिदिवौकसाम्, महाचमूरवेण, केसरिणः, स्ववीर्यलक्ष्मीमृगराजतावशात् अधिकम्. मदम्, प्रपेदिरे ॥ २८ ॥

भाषार्थ—सुमेरु पहाड़ की चोटियों को फोड़ सी देने वाली, देवताओं की विशाल सेना से उठी हुई ध्वनि सुनकर अपने पराक्रम से पशुओं का राज्यत्व प्राप्त करने वाले सिंह और भी अधिक मतवाले हो उठे ॥ २८ ॥

भिया सुरानीकविमर्दजन्मना विदुद्रुवुर्दूरतरं द्रुतं मृगाः ।
गुहागृहान्ताद्बहिरेत्य हेलया तस्थुर्विशङ्कं नितरां मृगाधिपाः ॥ २९ ॥

अन्वयः—मृगाः सुरानीकविमर्दजन्मना भिया, द्रुतम्, दूरतरम्, विदुद्रुवुः, मृगाधिपाः, हेलया, गुहागृहान्तात्, बहिः, एत्य, नितराम्, विशङ्कम् तस्थुः ॥ २९ ॥

भाषार्थ—उस देवसेना के प्राणनाशक मर्दन से भयभीत होकर वहाँ के सभी हिरण भाग चले किंतु सिंह अपनी-अपनी गुफाओं से बाहर आकर अत्यन्त निडर भाव से खड़े हो गये ॥ २९ ॥

विलोकिताः कौतुकिनाऽमरावतीजनेन जुष्टप्रमदेन दूरतः ।
सुराचलप्रान्तभुवः प्रपेदिरे सुविस्तृतायाः प्रसरं सुसैनिकाः ॥ ३० ॥

अन्वयः—कौतुकिना, जुष्टप्रमदेन, अमरावतीजनेन, दूरतः विलोकिताः, सुसैनिकाः, सुविस्तृतायाः, सुराचलप्रान्तभुवः, प्रसरम्, प्रपेदिरे ॥ ३० ॥

भाषार्थ—जिस समय वे सैनिक मेरु पहाड़ की अत्यन्त लम्बी चौड़ी तलहटी में पहुँचे उस समय अमरावती के लोग स्त्रियों के साथ बड़े कौतुक से उन्हें देख रहे थे ॥ ३० ॥

पीतासितारक्तसितैः सुराचलप्रान्तस्थितैर्धातुरजोभिरम्बरम् ।
अयत्नगन्धर्वपुरोदयभ्रमं बभार भूम्नोत्पतितैरितस्ततः ॥ ३१ ॥

अन्वयः—अम्बरम्, इतस्ततः, भूम्ना, उत्पतितैः, सुराचलप्रान्तस्थितैः, पीतासितारक्तसितैः, धातुरजोभिः, अयत्नगन्धर्वपुरोदयभ्रमम्, बभार ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—सुमेरु पहाड़ पर स्थित धातुओं की अत्यधिक मात्रा में उड़ी हुई पीली, नीली, लाल तथा श्वेत धूल से भरा हुआ आकाश बिना परिश्रम के ही विभिन्न रत्नों से भरी हुई गन्धर्वों की नगरी का भ्रम उत्पन्न करने लगा ॥३१॥

महास्वनः सैन्यविमर्दसम्भवः कर्णान्तकूलङ्कषतामुपेयिवान् ।
पयोनिधेः क्षुब्धतरस्य वर्धनो बभूव भूम्ना भुवनोदरम्भरिः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—कर्णान्तकूलङ्कषताम्, उपेयिवान्, क्षुब्धतरस्य, पयोनिधेः, वर्धनः, भुवनोदरम्भरिः, सैन्यविमर्दसम्भवः, महास्वनः, भूम्ना, बभूव ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—कानों के पर्दे फाड़कर उसके भीतर चले जाने वाले देवसेना की टकराहट से उत्पन्न अत्यन्त घोर शब्द क्षुब्ध समुद्र की बाढ़ के समान सभी ब्रह्माण्डों में पहुँच कर और भी अधिक गूँजने लगे ॥ ३२ ॥

महागजानां गुरुबृंहितैस्ततैः सुहेषितैर्घोरतरैश्च वाजिनाम् ।
घनै रथानां गुरुचण्डचीत्कृतैस्तिरोहितोऽभूत्पटहस्य निःस्वनः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—महागजानाम्, गुरुबृंहितैः, ततैः, घोरतरैः, च, वाजिनाम्, सुहेषितैः, रथानाम्, घनैः, गुरुचण्डचीत्कृतैः, च, पटहस्य, निःस्वनः, तिरोहितः, अभूत् ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—बड़े-बड़े मतवाले हाथियों की नितांत भीषण चिग्घाड़, घोड़ों की अत्यन्त भयंकर हिनहिनाहट तथा रथों की अत्यन्त गम्भीर घरघराहट में नगाड़ों की ध्वनि डूब सी गयी ॥ ३३ ॥

महासुराणामवरोधयोषितां कचाक्षिपक्ष्मस्तनमण्डलेषु च ।
ध्वजेषु नागेषु रथेषु वाजिषु क्षणेन तस्थौ सुरसैन्यजं रजः ॥ ३४ ॥

अन्वयः—महासुराणाम्, अवरोधयोषिताम्, कचाक्षिपक्ष्मस्तनमण्डलेषु, ध्वजेषु, नागेषु, रथेषु, वाजिषु, च, सुरसैन्यजम्, रजः, क्षणेन, तस्थौ ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—उस सेना के चलने से उड़ी हुई धूल क्षण भर में ही दैत्यों की स्त्रियों के बालों, आँखों, पलकों और स्तनों तथा उनकी पताकाओं, हाथियों, रथों और घोड़ों पर जाकर जम गई ।। ३४ ।।

घनैर्विलोक्य स्थगितार्कमण्डलैश्चमूरजोभिर्निचितं नभःस्थलम् ।
अयायि हंसैरभिमानसं घनभ्रमेण सानन्दमनर्ति केकिभिः ।। ३५ ।।

अन्वयः—घनैः, स्थगितार्कमण्डलैः, चमूरजोभिः, निचितम्, नभःस्थलम्, विलोक्य, घनभ्रमेण, हंसैः, मानसम्, अभि, अयायि (अथ, च), केकिभिः, सानन्दम्, अनर्ति ।। ३५ ।।

भाषार्थ—सूर्यमंडल को ढक लेने वाली सेना की घनी धूल से भरे हुए आकाश को देख कर हंसों को बादलों का भ्रम हो गया जिससे वे मानसरोवर की ओर उड़ चले तथा मोर आनन्द के साथ नाचने लगे ।। ३५ ।।

सान्द्रैः सुरानीकरजोभिरम्बरे नवाम्बुदानीकनिभैरमिश्रिते ।
चकाशिरे स्वर्णमया महाध्वजाः परिस्फुरन्तस्तडितां गणा इव ।। ३६ ।।

अन्वयः—अम्बरे, नवाम्बुदानीकनिभैः, सान्द्रैः, सुरानीकरजोभिः, अमिश्रिते, स्वर्णमयाः, महाध्वजाः, परिस्फुरन्तः, तडिताम्, गणाः, इव, चकाशिरे ।। ३६ ।।

भाषार्थ—नवीन बादलों की घटाओं के समान देवताओं की सेना से उड़ी हूई घनी धूल जब आकाश में छा गयी तो सेना की सुनहली पताकाएं उसमें चमकती हुई बिजलियों के समान लहराती हुई अत्यन्त सुशोभित होने लगीं ।। ३६ ।।

विलोक्य धूलीपटलैर्भृशं भृतं द्यावा पृथिव्योरलमन्तरं महत् ।
किमूर्ध्वतोऽधः किमधस्त ऊर्ध्वतो रजोऽभ्युपैतीति जनैरतर्क्यत ।। ३७ ।।

अन्वयः—जनैः, द्यावापृथिव्योः, महत्, अन्तरम्, धूलीपटलैः, भृशम्, भृतम्, विलोक्य, रजः, ऊर्ध्वतः, अधः, किम्, अधस्तः, ऊर्ध्वतः, अभ्युपैति, किम्, इति, अलम्, अतर्क्यत ।। ३७ ।।

भाषार्थ—पृथ्वी और आकाश की इतनी लम्बी दूरी को सेना की उड़ी हुई अत्यंत घनी धूल से व्याप्त देखकर लोग यही विचार करने लगे कि यह धूल ऊपर से नीचि आ रही है अथवा नीचे से ऊपर जा रही है ।। ३७ ।।

नोर्ध्वं न चाधो न पुरो न पृष्ठतो न पार्श्वतोऽभूत्खलु चक्षुषोर्गतिः ।
सूच्यग्रभेद्यैः पृतनारजश्चयैराच्छादिता प्राणिगणस्य सर्वतः ।। ३८ ।।

अन्वयः—सूच्यग्रभेद्यैः, पृतनारजश्चयैः, सर्वतः, आच्छादिता, प्राणिगणस्य,

चक्षुषोः, गतिः, ऊर्ध्वम्, न, अधः, च, न, पुरः, न, पृष्ठतः, न, पार्श्वतः (अपि) न, अभूत्, खलु ॥ ३८ ॥

भाषार्थ—सेना की अत्यन्त घनी धूल के चारों ओर छा जाने से उस समय लोगों की आँखों में ऐसा अन्धेरा छा गया कि ऊपर-नीचे, आगे-पीछे, दाएँ-बाएँ, इधर-उधर सभी जगह कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था ॥ ३८ ॥

दिगन्तदन्त्यावलिदानहारिभिर्विमानरन्ध्रप्रतिनादमेदुरैः ।
अनेकवाद्यध्वनितैरनारतैर्जगर्ज गाढं गुरुभिर्नभस्तलम् ॥ ३९ ॥

अन्वयः—दिगन्तदन्त्यावलिदानहारिभिः, विमानरन्ध्रप्रतिनादमेदुरैः, गुरुभिः अनारतैः, अनेकवाद्यध्वनितैः, नभस्तलम्, गाढम्, जगर्ज ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—दिग्गजों के बहते हुए मद को भी सुखा देने वाली तथा विमानों की जालियों में टकरा कर और भी अधिक गूँजने वाली, निरन्तर बजते हुए अनेक बाजों की घनघोर ध्वनि से भरा हुआ आकाश भयंकर गर्जन सा करने लगा ॥३९॥

भुवं विगाह्य प्रययौ महाचमूः क्वचिन्न मान्ती महतीं दिवं खलु ।
सुसङ्कुलायामपि तत्र निर्भरात्कि कान्दिशीकत्वमवाप नाकुला ॥ ४० ॥

अन्वयः—महाचमूः, भुवम्, विगाह्य, क्वचित्, (अपि), न मान्ती, (सती) महतीम्, दिवम्, प्रययौ, खलु, निर्भरात्, सुसङ्कुलायाम्, अपि, तत्र, आकुला, सती, कान्दिशीकत्वम्, किम्, न अवाप ॥ ४० ॥

भाषार्थ—देवताओं की वह विशाल सेना पहले धरती पर फैल गई किन्तु वहाँ समा न सकने के कारण अत्यन्त विशाल स्वर्ग लोक में पहुँच गयी लेकिन वहाँ भी समा न सकने के कारण वह अन्य स्थान के अभाव में व्याकुल सी हो गयी ॥४०॥

उद्दामदानद्विपवृन्दबृंहितैर्नितान्तमुत्तुङ्गतुरङ्गहेषितैः ।
चलद्घनस्यन्दननेमिनिःस्वनैरभून्निरुच्छ्वासमिवाकुलं जगत् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—उद्दामदानद्विपबृंहितैः, नितान्तम्, उत्तुङ्गतुरङ्गहेषितैः, चलद्घनस्यन्दननेमिनिःस्वनैः, आकुलम्, जगत्, निरुच्छ्वासम्, इव, अभूत् ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—बड़े-बड़े मद बहाने वाले मतवाले हाथियों की चिग्घाड़, अत्यन्त ऊँचे-ऊँचे घोड़ों की हिनहिनाहट और दौड़ते हुए रथों की घरघराहट से सारा संसार इतना भर गया कि उसकी साँस सी घुटने लगी ॥ ४१ ॥

महागजानां गुरुभिस्तु गर्जितैर्विलोलघण्टारणितै रणोल्बणैः ।
वीरप्रणादैः प्रमदप्रमेदुरैर्वाचालतामादधिरेतरां दिशः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—महागजानाम्, गुरुभिः, गर्जितैः रणोल्बणैः, विलोलघण्टारणितैः, प्रमदप्रमेदुरैः, वीरप्रणादैः, दिशः, वाचालताम्, आदधिरेतराम् ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—बड़े-बड़े हाथियों की चिग्घाड़ तथा उनके हिलते हुए घंटों की टनटनाहट और युद्ध में मतवाले वीरों की हुंकार सभी दिशाओं में व्याप्त होकर इस प्रकार गूँजने लगी मानो दसों दिशायें ही कोलाहल मचा रही हों ॥ ४२ ॥

दन्तीन्द्रदानद्रववारिवीचिभिः सद्योपि नद्यो बहुधा पुपूरिरे ।
धारा रजोभिस्तुरगैः क्षतैर्भृता याः पङ्कतामेत्य रथैः स्थलीकृता ॥ ४३ ॥

अन्वयः—दन्तीन्द्रदानद्रववारिवीचिभिः, नद्यः, अपि, सद्यः, बहुधा, पुपूरिरे, (अथ), याः, तुरगैः, क्षतैः, रजोभिः, भृताः, पङ्कताम् एत्य रथैः, धाराः, स्थलीकृताः ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—सेना के हाथियों से बहने वाली मद की धारा से नदियों में तत्काल बाढ़ आ गई फिर घोड़ों की टापों से खुद कर उड़ी हुई धूल से वह नदियाँ कीचड़ से भर गयीं और अन्त में रथों के पहियों से दब दब कर वह पुनः स्थल के रूप में बदल गईं ॥ ४३ ॥

निम्नाः प्रदेशाः स्थलताभुपागमन्निम्नत्वमुच्चैरपि सर्वतश्च ते ।
तुरङ्गमाणां व्रजतां खुरैः क्षता रथैर्गजेन्द्रैः परितः समीकृताः ॥ ४४ ॥

अन्वयः—निम्नाः, प्रदेशाः, स्थलताम्, उपागमन्, सर्वतः, उच्चैः, अपि, ते निम्नत्वम्, (उपागमन्), अथ, च, व्रजताम्, तुरङ्गमाणाम्, खुरैः, क्षताः, रथैः, गजेन्द्रैः, परितः, समीकृताः ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—दौड़ते हुए घोड़ों की टाप से खुदकर और रथों तथा हाथियों के चलने से दब कर नीचे स्थान ऊँचे और ऊँचे स्थान नीचे हो गए । इस प्रकार उस सेना ने वहाँ की भूमि समतल बना दी ॥ ४४ ॥

नभोदिगन्तप्रतिघोषभीषणैर्महामहीभृत्तटदारणोल्बणैः ।
पयोधिनिर्धूननकेलिभिर्जगद्बभूव भेरीध्वनितैः समाकुलम् ॥ ४५ ॥

अन्वयः—नभोदिगन्तप्रतिघोषभीषणैः, महामहीभृत्तटदारणोल्बणैः, पयोधिनिर्धूननकेलिभिः, भेरीध्वनितैः, समाकुलम्, जगत्, बभूव ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—बड़े-बड़े पहाड़ों की चट्टानों को फोड़ने में समर्थ तथा समुद्र में हलचल पैदा कर देने वाली नगाड़ों की ध्वनि आकाश और दिशाओं में इस प्रकार भीषण रूप से प्रतिध्वनित होने लगी कि उससे सारा संसार ही व्याकुल सा हो उठा ॥ ४५ ॥

इतस्ततो वातविधूतचञ्चलैर्नीरन्ध्रिताशागमनैर्ध्वजांशुकैः ।
लक्षैः क्वणत्काञ्चनकिङ्किणीकुलैरमज्जि धूलीजलधौ नभोगते ॥ ४६ ॥

अन्वयः—इतस्ततः, वातविधूतचञ्चलैः, नीरन्ध्रिताशागमनैः, क्वणत्काञ्चनकिङ्किणीकुलैः, लक्षैः, ध्वजांशुकैः, नभोगते, धूलीजलधौ, अमज्जि ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—सोने के बजते हुए घुघुरुओं से युक्त तथा वायु के कारण फहराती हुई लाखों पताकाएँ जो आकाश में सारा मार्ग रोके हुए दिखाई पड़ रही थीं, वह भी आकाश में पहुँची हुई धूल के समुद्र में डूब गयीं ॥ ४६ ॥

घण्टारवै रौद्रतरैर्निरन्तरं विसृत्वरैर्गर्जरवैः सुभैरवैः ।
मत्तद्विपानां प्रथयाम्बभूविरे न वाहिनीनां पटहस्य निःस्वनाः ॥ ४७ ॥

अन्वयः—मत्तद्विपानाम्, निरन्तरम्, विसृत्वरैः, सुभैरवैः, गर्जरवैः, रौद्रतरैः, घण्टारवैः, वाहिनीनाम्, पटहस्य, निःस्वनाः, न, प्रथयाम्बभूविरे ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—निरन्तर होने वाली घण्टों की भयंकर ध्वनि तथा मतवाले हाथियों की चारों ओर फैलने वाली अत्यंत भीषण चिग्घाड़ के बीच में सेनाओं के बजते हुए नगाड़ों की ध्वनि दब सी गयी ॥ ४७ ॥

करालवाचालमुखाश्चमूस्वनैर्ध्वस्ताम्बरा वीक्ष्य दिशो रजस्वलाः ।
तिरोबभूवे गहनैर्दिनेश्वरो रजोन्धकारैः परितः कुतोऽप्यसौ ॥ ४८ ॥

अन्वयः—चमूस्वनैः, करालवाचालमुखाः, ध्वस्ताम्बराः, रजस्वलाः, दिशः, वीक्ष्य, परितः गहनैः, रजोन्वकारैः, असौ, दिनेश्वरः, कुतः, अपि तिरोबभूवे ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—जिस प्रकार अत्यन्त बड़बड़ाने वाली नंगी रजस्वला स्त्री को देख कर लोग ओट में हो जाते हैं उसी प्रकार सेना के कोलाहल से फटे हुए आकाश-रूपी वस्त्रवाली एवं धूल से भरी हुई दिशा को देखकर सूर्य ने चारों ओर फैले हुए धूल के अन्वकार में अपने आप को छिपा लिया ॥ ४८ ॥

आक्रान्तपूर्वा रभसेन सैनिकैर्दिगङ्गना व्योम रजोभिदूषिता ।
भेरीरवाणां प्रतिशब्दितैर्गजैर्जगर्ज गाढं घनमत्सरादिव ॥ ४९ ॥

अन्वयः—सैनिकैः, रभसेन, आक्रान्तपूर्वा, दिगङ्गना, रजोभिदूषिता, घनमत्सरात्, इव, गाढम्, व्योम, भेरीरवाणाम्, घनैः, प्रतिशब्दितैः, गाढं, जगर्ज ॥ ४९ ॥

भाषार्थ—सेना में बजने वाले नगाड़ों की ध्वनि आकाश में गूँजती हुई ऐसी प्रतोत हा रही थी मानों आकाशरूपी नायक धूल से भरी हुई अपनी दिशा रूपी

रजस्वला स्त्री पर इस प्रकार सैनिकों द्वारा सहसा आक्रमण करते हुए देखकर अत्यन्त ईर्ष्या के साथ धनघोर गर्जन कर रहा हो ॥ ४९ ॥

गुरुसमीरसमीरितभूधरा इव गजा गगनं विजगाहिरे ।
गुरुतरा इव वारिधरा रथा भुवमितीह विवर्त इवाभवत् ॥ ५० ॥

अन्वय—गुरुसमीरसमीरितभूधराः, इव, गजाः, गगनम्, विजगाहिरे, गुरुतराः, वारिधराः, इव, रथाः, भुवम्, (विजगाहिरे) इह, इति, विवर्तः, इव, अभवत् ॥ ५० ॥

भाषार्थ—आकाश में इधर-उधर घूमने वाले बड़े-बड़े हाथी ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो बड़ी भारी आँधी से पहाड़ी चट्टानें उड़ रही हों और पृथ्वी पर चलने वाले रथ बड़े-बड़े बादलों के समान प्रतीत हो रहे थे। इस प्रकार उस सेना ने विचित्र उलट-फेर कर दिया था अर्थात् पृथ्वी के पहाड़ आकाश में और आकाश के बादल पृथ्वी पर आ गए थे ॥ ५० ॥

बलवदसुरलोकानल्पकल्पान्तकाले निरवधय इवाम्भोराशयो घोरघोषाः ।
गुरुतरपरिमज्जद्भूभृतो देवसेना ववृधुरपि सुपूर्णा व्योमभूम्यन्तराले ॥ ५१ ॥

इति महाकविकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
देवसेनाप्रयाणं नाम चतुर्दशः सर्गः ॥ १४ ॥

अन्वयः—गुरुतरपरिमज्जद्भूभृतः, व्योमभूम्यन्तराले, सुपूर्णाः घोरघोषाः, देवसेनाः, अपि, बलवदसुरलोकानल्पकल्पान्तकाले, निरवधयः, अम्भोराशयः, इव ववृधुः,॥ ५१ ॥

भाषार्थ—भीषण कोलाहल करती हुई और बड़े-बड़े राजाओं अथवा पहाड़ों को अपने में समेटती हुई देवताओं की सेनायें भलीभाँति पूर्ण होती हुई भी आकाश और पृथ्वी के बीच में इस प्रकार बढ़ने लगीं मानों बलशाली दैत्यों के इस महाप्रलय के समय भयंकर रूप से हरहराता हुआ समुद्र अपनी सीमा तोड़कर बढ़ता हुआ चला आ रहा हो ॥ ५१ ॥

महाकवि कालिदासरचित कुमारसम्भव में देवसेना का
प्रस्थान नामवाला १४ वाँ सर्ग समाप्त ।

* * *

पञ्चदशः सर्गः

सेनापतिं नन्दनमन्धकद्विषो युधे पुरस्कृत्य बलस्य शात्रवः ।
सैन्यैरुपैतीति सुरद्विषां पुरोऽभूत्किंवदन्ती हृदयप्रकम्पिनी ॥ १ ॥

अन्वयः—बलस्य, शात्रवः, सेनापतिम्, अन्धकद्विषः, नन्दनम्, पुरस्कृत्य, सैन्यैः, युधे, उपैति, इति, हृदयप्रकम्पिनी, किंवदन्ती, सुरद्विषाम्, पुरः अभूत् ॥ १ ॥

भाषार्थ—जब दैत्यों की नगरी में हृदय को दहला देने वाला यह समाचार पहुँचा कि बल नामक दैत्य का विनाश करते वाला इन्द्र भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकेय को सेनापति बना कर उनके पीछे-पीछे देवताओं की सेना साथ लिए हुए युद्ध करने के लिये आ रहा है ॥ १ ॥

चमूप्रभुं मन्मथमर्दनात्मजं विजित्वरीभिर्विजयश्रिया श्रितम् ।
श्रुत्वा सुराणां पृतनाभिरागतं चित्ते चिरं चुक्षुभिरे महासुराः ॥ २ ॥

अन्वयः—महासुराः, विजयश्रिया, श्रितम्, चमूप्रभुम्, मन्मथमर्दनात्मजम्, विजित्वरीभिः, सुराणाम्, पृतनाभिः (सह), आगतम्, श्रुत्वा, चिरम्, चित्ते, चुक्षुभिरे ॥ २ ॥

भाषार्थ—और जब उन्होंने यह सुना कि विजयलक्ष्मी से युक्त भगवान शंकर जी के पुत्र स्वामि कार्तिकेय सेनापति बनकर देवताओं की विजयी सेना के साथ आ रहे हैं तो वे सभी दैत्य हृदय से काँप उठे ॥ २ ॥

समेत्य दैत्याधिपतेः पुरे स्थिताः किरीटबद्धाञ्जलयः प्रणम्य ते ।
न्यवेदयन्मन्मथशत्रुसूनुना युयुत्सुना जम्भजितं सहागतम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—दैत्याधिपतेः, पुरे, स्थिताः, ते, समेत्य, किरीटबद्धाञ्जलयः, प्रणम्य, युयुत्सुना, मन्मथशत्रुसूनुना, सह आगतम्, जम्भजितम्, न्यवेदयन् ॥ ३ ॥

भाषार्थ— उन सभी दैत्यों ने इकट्ठा होकर दैत्यराज तारकासुर के सामने आकर हाथ जोड़कर मुकुटों से लगाते हुए प्रणाम किया तथा युद्ध की इच्छा से इन्द्र के साथ स्वामि कार्तिकेय के आगमन की सूचना दी ॥ ३ ॥

दासीकृताशेषजगत्त्रयं न मां जिगाय युद्धे कतिशः शचीपतिः ।
गिरीशपुत्रस्य बलेन साम्प्रतं ध्रुवं विजेतेति स काकुतोऽहसत् ॥ ४ ॥

अन्वयः—दासीकृताशेषजगत्त्रयम्, माम्, शचीपतिः, कतिशः, युद्धे, न

जिगाय, साम्प्रतम्, गिरीशपुत्रस्य, बलेन, ध्रुवम्, विजेता, इति, सः, काकुतः, अहसत् ॥ ४ ॥

भावार्थ—तब तारकासुर ने उन दैत्यों से व्यंग्य करते हुए हँस कर कहा कि पिछले कई युद्धों में इन्द्र मुझ त्रैलोक्यविजयी को तो नहीं जीत सका किन्तु अब वह कुमार के बल पर तो मुझे अवश्य ही जीत लेगा ? ॥ ४ ॥

ततः क्रुधा विस्फुरिताधराधरः स तारको दर्पितदोर्बलोद्धतान् ।
युधे त्रिलोकीजयकेलिलालसः सेनापतीन्सन्नहनार्थमादिशत् ॥ ५ ॥

अन्वयः—ततः क्रुधा, विस्फुरिताधराधरः (तथा), त्रिलोकीजयकेलिलालसः, सः, तारकः, दर्पितदोर्बलोद्धतान्, सेनापतीन्, युधे, सन्नहनार्थम्, आदिशत् ॥ ५ ॥

भावार्थ—इसके पश्चात् खेल ही खेल में तीनों लोकों को जीत लेने वाले तारकासुर के होंठ क्रोध के मारे कांपने लगे और उसने अपनी भुजाओं के बल पर अभिमान करने वाले अत्यन्त वीर सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार हो जाने का आदेश दिया ॥ ५ ॥

महाचमूनामधिपाः समन्ततः सन्नह्य सद्यः सुतरामुदायुधाः ।
तस्थुर्विनम्रक्षितिपालसङ्कुले तदङ्गनद्वारवरप्रकोष्ठके ॥ ६ ॥

अन्वयः—उदायुधाः, महाचमूनाम्, अधिपाः, सद्यः, सुतराम्, समन्ततः सन्नह्य विनम्रक्षितिपालसङ्कुले, तदङ्गनद्वारवरप्रकोष्ठके, तस्थुः ॥ ६ ॥

भावार्थ—तब तारकासुर की विशाल सेनाओं के सेनापति अस्त्र-शस्त्र धारण करके तुरन्त ही उसके बड़े भारी फाटक की ड्योढ़ी में आकर खड़े हुए, जहाँ बहुत से राजा लोग सिर झुकाए खड़े थे ॥ ६ ॥

स द्वारपालेन पुरः प्रदर्शितान्कृतानतीन्बाहुवरानधिष्ठितान् ।
महाहवाम्भोधिविधूननोद्धतान्ददर्श राजा पृतनाधिपान्बहून् ॥ ७ ॥

अन्वयः—सः, राजा, पुरः, द्वारपालेन, प्रदर्शितान्, कृतानतीन्, बाहुवरान्, अधिष्ठितान्, महाहवाम्भोधिविधूननोद्धतान्, बहून्, पृतनाधिपान् ददर्श ॥ ७ ॥

भावार्थ—तारकासुर ने अपने सामने द्वारपाल द्वारा दिखाए गये सभाद्वार पर स्थित अत्यन्त बाहुबली तथा महायुद्धरूपी समुद्र को मंथन करने में अत्यंतप्रचंड बहुत से सेनापतियों को प्रणाम करते हुए देखा ॥ ७ ॥

बली बलारातिबलातिशातनं दिग्दन्तिनादद्रवनाशनस्वनम् ।
महीधराम्भोधिमवारितक्रमं ययौ रथं घोरमथाधिरुह्य सः ॥ ८ ॥

अन्वयः—अथ, बली, सः, बलारातिबलातिशातनम्, दिग्दन्तिनादद्रवनाशनस्वनम्, महीधराम्भोधिम्, अवारितक्रमम्, घोरम्, रथम्, अधिरुह्य, ययौ ॥ ८ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् इन्द्र की सेना को छिन्न-भिन्न कर सकने वाले दिग्गजों की चिग्घाड़ और मद बहाने को बन्द कर देने वाले तथा बड़े-बड़े पहाड़ों और समुद्रों में बिना रोक-टोक जा सकने वाले भयंकर रथ पर चढ़कर तारकासुर भी युद्ध के लिए चल पड़ा ॥ ८ ॥

युगक्षयक्षुब्धपयोधिनिःस्वनाश्चलत्पताकाकुलवारितातपाः ।
धरारजोग्रस्तदिगन्तभास्कराः पतिं प्रयान्तं पृतनास्तमन्वयुः ॥ ९ ॥

अन्वयः—युगक्षयक्षुब्धपयोधिनिःस्वनाः, चलत्पताकाकुलवारितातपाः, धरारजोग्रस्तदिगन्तभास्कराः, पृतनाः, प्रयान्तम्, तम् पतिम्, अन्वयुः ॥ ९ ॥

भाषार्थ—प्रलयकालीन उमड़ते हुए समुद्र के समान भीषण कोलाहल करने वाली अपनी पताकाओं से धूप को रोक देने वाली तथा पृथ्वी की धूल से दिशाओं तथा सूर्य को ढँक देनेवाली सेनाएँ भी अपने प्रस्थान करने वाले स्वामी तारकासुर के पीछे-पीछे चल पड़ीं ॥ ९ ॥

चमूरजः प्राप दिगन्तदन्तिनां महासुरस्याभिसुरं प्रसर्पिणः ।
दन्तप्रकाण्डेषु सितेषु शुभ्रतां कुम्भेषु दानाम्बुघनेषु पङ्कताम् ॥ १० ॥

अन्वयः—अभिसुरम्, प्रसर्पिणः, महासुरस्य, चमूरजः, दिगन्तदन्तिनाम्, सितेषु, दन्तप्रकाण्डेषु, शुभ्रताम्, दानाम्बुघनेषु, कुम्भेषु, पङ्कताम्, प्राप ॥ १० ॥

भाषार्थ—देवसेना की ओर बढ़ने वाले तारकासुर की सेना की धूल दिग्गजों के बड़े-बड़े उजले दाँतों पर पड़कर श्वेत हो जाती थी और मद से भरे हुए कपोलों पर पड़ कर कीचड़ बन जाती थी ॥ १० ॥

महीभृतां कन्दरदारणोल्बणैस्तद्वाहिनीनां पटहस्वनैर्घनैः ।
उद्वेलिताश्चुक्षुभिरे महार्णवा नभःस्रवन्ती सहसाभ्यवर्धत ॥ ११ ॥

अन्वयः—महीभृताम्, कन्दरदारणोल्बणैः, घनैः, तद्वाहिनीनाम्, पटहस्वनैः, उद्वेलिताः, महार्णवाः, चक्षुभिरे (तथा), नभःस्रवन्ती, सहसा अभ्यवर्धत ॥ ११ ॥

भाषार्थ—पर्वतों की कन्दराओं को फोड़ सकने में समर्थ उस दैत्यसेना में

बजने वाले नगाड़ों की ध्वनि सुनकर समुद्रों में भी उफान आ गया जिससे वे तट के बाहर चले आए और आकाशगंगा में भी सहसा बाढ़ आ गयी ॥ ११ ॥

सुरारिनाथस्य महाचमूस्वनैर्विगाह्यमाना तुमुलैः सुरापगा ।
अभ्युच्छ्रितैरूर्मिशतैश्च वारिजैरक्षालयन्नाकनिकेतनावलीम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—तुमुलैः, सुरारिनाथस्य, महाचमूस्वनैः, विगाह्यमाना, सुरापगा, अभ्युच्छ्रितैः, वारिजैः, ऊर्मिशतैः, च, नाकनिकेतनावलीम्, अक्षालयत् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—उन देवताओं के शत्रु तारकासुर की विशाल सेना के भयंकर कोलाहल से उमड़ती हुई आकाशगंगा ने सुन्दर कमलों से भरी तथा उछलती हुई अपनी सैकड़ों लहरों से स्वर्ग के महलों को धो दिया ॥ १२ ॥

अथ प्रयाणाभिमुखस्य नाकिनां द्विषः पुरस्तादशुभोपदेशिनी ।
अगाधदुःखाम्बुधिमध्यमज्जनं बभूव चोत्पातपरम्परा तव ॥ १३ ॥

अन्वयः—अथ, प्रयाणाभिमुखस्य, नाकिनाम्, द्विषः, पुरस्तात्, तव, अगाधदुःखाम्बुधिमध्यमज्जनम्, अशुभोपदेशिनी उत्पातपरम्परा, बभूव ॥ १३ ॥

भाषार्थ—युद्ध के लिए प्रस्थान करने वाले तारकासुर के सामने अमंगल की सूचना देने वाले असंख्य अपशकुन हो हो कर मानो इस बात का संकेत सा करने लगे कि अब तारकासुर अत्यन्त गहरे दुःख रूपी समुद्र में डूबने वाला ही है ।१३।

अगामिदैत्याशनकेलिकाङ्क्षिणी कुपक्षिणां घोरतरा परम्परा ।
दधौ पदं व्योम्नि सुरारिवाहिनीरुपर्युपर्येत्य निवारितातपा ॥ १४ ॥

अन्वयः—घोरतरा, कुपक्षिणाम्, परम्परा, आगामिदैत्याशनकेलिकाङ्क्षिणी, सुरारिवाहिनीः, उपर्युपरि, एत्य, निवारितातपा (सती), व्योम्नि, पदम्, दधौ ॥ १४ ॥

भाषार्थ—निकट भविष्य में ही दैत्यों के मांस खाने की अभिलाषा से गिद्ध, कौवों आदि मांसभोजी बुरे पक्षियों की पंक्ति दैत्यसेनाओं के ऊपर इस प्रकार तेजी से मड़राने लगी कि उनकी छायासे धूप भी पृथ्वी पर नहीं पड़ पा रही थी ॥१४॥

मुहुर्विभग्नातपवारणध्वजश्चलद्धराधूलिकुलाकुलेक्षणः ।
धूताश्वमातङ्गमहारथाकरानवेक्षणोऽभूत्प्रसभं प्रभञ्जनः ॥ १५ ॥

अन्वयः—विभग्नातपवारणध्वजः, चलद्धराधूलिकुलाकुलेक्षणः, धूताश्वमातङ्गमहारथाकरानवेक्षणः, प्रसभं, प्रभञ्जनः, अभूत् ॥ १५ ॥

भाषार्थ—उसी समय अकस्मात् बार-बार ऐसी भयंकर आँधियाँ चलने लगीं जिनमें पड़ी हुई दैत्यसेना के छत्र और पताकाएँ टूट-टूट कर छिन्न-भिन्न होने

लगीं, सेना के वीरों की आँखें पृथ्वी से उड़ने वाली धूल के भर जाने से व्याकुल हो उठीं तथा हाथी, घोड़ों और रथों के झुंड उस धूल में विलीन से हो गए ॥१५॥

सद्योविभिन्नाञ्जनपुञ्जतेजसो मुखैर्विषाग्नि विकिरन्त उच्चकैः ।
पुरः पथोऽतीत्य महाभुजङ्गमा भयङ्कराकारभृतो भृशं ययुः ॥ १६ ॥

अन्वयः—सद्योविभिन्नाञ्जनपुञ्जतेजसः, उच्चकैः, भृशम्, भयङ्कराकारभृतः, महाभुजङ्गमाः, पुरः, मुखैः, विषाग्निम्, विकिरन्तः, पथः, अतीत्य, ययुः ॥ १६ ॥

भाषार्थ—तुरन्त ही के पारे हुए काजल से टूट-टूट कर गिरने वाले काले-काले टुकड़ों के समान विष से भरी हुई आग की ऊँची-ऊँची लपटें उगलने वाले भीषण साँपों की पंक्तियाँ उस दैत्यसेना का रास्ता काटती हुई सामने से निकलने लगीं ॥ १६ ॥

मिलन्महाभीमभुजङ्गभीषणं प्रभुर्दिनानां परिवेषमादधौ ।
महासुरस्य द्विषतोऽतिमत्सरादिवान्तमासूचयितुं भयङ्करः ॥ १७ ॥

अन्वयः—दिनानाम्, प्रभुः, द्विषतः, महासुरस्य अन्तम्, आसूचयितुम्, मिलन्महाभीमभुजङ्गभीषणम्, परिवेषम्, अतिमत्सरात्, इव, आदधौ, (अत एव), भयङ्करः ॥ १७ ॥

भाषार्थ—उस शत्रु तारकासुर के विनाश की सूचना देने के लिए ही मानो अत्यन्त शत्रुता के वशीभूत होकर सूर्य ने भी अत्यन्त भयंकर सर्पों की कुंडली के समान भीषण कान्तिमण्डल धारण कर लिया ॥ १७ ॥

त्विषामधीशस्य पुरोऽधिमण्डलं शिवाः समेताः परुषं ववाशिरे ।
सुरारिराजस्य रणान्तशोणितं प्रसह्य पातुं द्रुतमुत्सुका इव ॥ १८ ॥

अन्वयः—त्विषाम्, अधीशस्य, अधिमण्डलम्, समेताः, शिवाः, सुरारिराजस्य, रणान्तशोणितम्, द्रुतम्, प्रसह्य, पातुम्, उत्सुकाः, इव, परुषम्, ववाशिरे ॥ १८ ॥

भाषार्थ—युद्ध में तारकासुर का खून पीने की अत्यन्त उतावली में ही मानो गीदड़ियाँ उस सूर्यमण्डल के चारों ओर इकट्ठी हो-हो कर बड़े भीषण स्वर में रुदन करने लगीं ॥ १८ ॥

दिवापि तारास्तरलास्तरस्विनीः परापतन्तीः परितोऽथ वाहिनीः ।
विलोक्य लोको मनसा व्यचिन्तयत्प्राणव्ययान्तं व्यसनं सुरद्विषः ॥ १९ ॥

अन्वयः—अथ, दिवा, अपि, तरलाः, तरस्विनीः ताराः, वाहिनीः, परितः

परापतन्ती:, विलोक्य, लोक:, मनसा, सुरद्विष:, प्राणव्ययान्तम्, व्यसनम्, व्यचिन्तयत् ।। १९ ।।

भावार्थ—उस दैत्यसेना के चारों ओर दिन में ही चंचल तारे बड़े वेग से टूट-टूट कर गिरने लगे । जिसे देख कर सभी लोग अपने मन में विचार करने लगे कि ये सब उपद्रव तारकासुर के विनाश के लिए ही हो रहे हैं ।। १९ ।।

ज्वलद्भिरुच्चैरभित: प्रभाभरैरुद्भासिताशेषदिगन्तराम्बरम् ।
रवेण रौद्रेण हृदन्तदारणं पपात वज्रं नभसो निरम्बुदात् ।।२०।।

अन्वय:—निरम्बुदात्, नमस:, अभित:, ज्वलद्भि:, प्रभाभरै:, उच्चै: उद्भासिताशेषदिगन्तराम्बरम्, रौद्रेण, रवेण, हृदन्तदारणम्, वज्रम्, पपात ।। २० ।।

भावार्थ—अपनी जलती हुई ऊँची लपटों की चमक से सभी दिशाओं तथा आकाश को चमचमा देने वाली तथा अपनी भीषण कड़क से हृदय विदीर्ण कर देने वाली बिजली आकाश से टूट-टूट कर गिरने लगी जब कि आकाश में बादल का नाम निशान भी नहीं था ।। २० ।।

ज्वलद्भिरङ्गारचयैर्नभस्तलं ववर्ष गाढं सह शोणितास्थिभि: ।
धूमं ज्वलन्त्यो व्यसृजन्मुखै रजो दधुर्दिशो रासभकण्ठधूसरम् ।।२१।।

अन्वय:—नमस्तलम्, ज्वलद्भि:, अङ्गारचयै: (तथा), शोणितास्थिभि:, सह, गाढम्, ववर्ष, ज्वलन्त्य:, दिश:, रासभकण्ठधूसरम्, रज:, दधु:, मुखै:, धूमम्, व्यसृजन् ।। २१ ।।

भावार्थ—आकाश लोहू और हड्डियों के टुकड़ों के साथ धधकते हुए अंगारों की घनी वर्षा करने लगा और जलती हुई दसों दिशाएं गधे के कण्ठ के समान भूरी-भूरी धूल धारण करने एवं धूम उगलने लगीं ।। २१ ।।

निर्घातघोषो गिरिशृङ्गशातनो घनोऽम्बराशाकुहरोदरम्भरि: ।
बभूव भूम्ना श्रुतिभित्तिभेदन: प्रकोपिकालार्जितगर्जितर्जन: ।।२२।।

अन्वय:—प्रकोपिकालार्जितगर्जितर्जन:, अम्बराशाकुहरोदरम्भरि:, गिरिशृङ्गशातन: (तथा), घन:, निर्घातघोष:, भूम्ना, श्रुतिभित्तिभेदन:, बभूव ।।२२।।

भावार्थ—क्रुद्ध काल की गर्जना के समान भयभीत करने वाली, कानों के पर्दे फाड़ देने वाली, आकाश तथा दिशाओं में व्याप्त हो जाने वाली तथा पहाड़ों की चोटियों को ढहा देने वाली गम्भीर प्रतिध्वनि बार-बार होने लगी ।। २२ ।।

स्खलन्महेभं प्रपतत्तुरङ्गमं परस्पराश्लिष्टजनं समन्तत: ।
प्रक्षुभ्यदम्भोधिविभिन्नभूधराद्बलं द्विषोऽभूदवनिप्रकम्पात् ।।२३।।

अन्वयः—द्विषः, बलम्, प्रक्षुभ्यदम्भोधिविभिन्नभूधरात्, अवनिप्रकम्पात्, स्खलन्महेभम्, प्रपतत्तुरङ्गमम्, परस्पराश्लिष्टजनम्, समन्ततः अभूत् ॥ २३ ॥

भावार्थ— इतने ही में भूमि भी इस प्रकार काँपने लगी कि समुद्र ऊँची-ऊँची लहरों में उमड़ने लगा, पहाड़ों में दरारें पड़ने लगीं, तारकासुर की सेना के विशाल हाथी लड़खड़ाने लगे, घोड़े जहाँ तहाँ पृथ्वी पर गिरने लगे और सैनिक आपस में एक दूसरे से लिपटने लगे ॥ २३ ॥

ऊर्ध्वीकृतास्या रविदत्तदृष्टयः समेत्य सर्वे सुरविद्विषः पुरः ।
श्वानः स्वरेण श्रवणान्तशातिना मिथो रुदन्तः करुणेन निर्ययुः ॥ २४ ॥

अन्वयः—सर्वे, श्वानः, समेत्य, ऊर्ध्वीकृतास्याः, रविदत्तदृष्टयः, करुणेन, श्रवणान्तशातिना, स्वरेण, मिथः, रुदन्तः, सुरविद्विषः, पुरः, निर्ययुः ॥ २४ ॥

भावार्थ—मुँह ऊपर उठा कर सूर्य की ओर देखते हुए सभी कुत्ते एक साथ ही अत्यंत कारुणिक एवं कानों के भीतर चुभ जाने वाली ध्वनि से रोते हुए तारकासुर के सामने से निकलने लगे ॥ २४ ॥

अपीति पश्यन्परिणामदारुणां महत्तमां गाढमरिष्टसन्ततिम् ।
दुर्दैवदष्टो न खलु न्यवर्तत क्रुधा प्रयाणव्यवसायतोऽसुरः ॥ २५ ॥

अन्वयः—इति, गाढम्, परिणामदारुणाम्, महत्तमाम्, अरिष्टसन्ततिम्, पश्यन्, अपि, असुरः, क्रुधा, प्रयाणव्यवसायतः, न, न्यवर्तत, खलु (यतः) दुर्दैवदष्टः ॥ २५ ॥

भावार्थ—इस प्रकार के अत्यन्त भयानक परिणाम वाले अनेकों अरिष्टों को निरन्तर होते हुए देखकर भी दुर्दैव का मारा हुआ तारकासुर क्रोध के वशीभूत होकर लड़ाई में जाने से विमुख न हो सका ॥ २५ ॥

अरिष्टमाशङ्क्य विपाकदारुणं निवार्यमाणोऽपि बुधैर्महासुरः ।
पुरः प्रतस्थे महतां वृथा भवेदसद्ग्रहान्धस्य हितोपदेशनम् ॥ २६ ॥

अन्वयः—महासुरः, अरिष्टम्, विपाकदारुणम्, आशङ्क्य, निवार्यमाणः, अपि, पुरः (एव) प्रतस्थे, महताम्, असद्ग्रहान्धस्य, हितोपदेशनम्, वृथा भवेत् ॥ २६ ॥

भावार्थ—इन भयानक परिणाम वाले असगुनों को देखकर किसी अनिष्ट की आशंका से यद्यपि विद्वानों ने तारकासुर को बहुत रोका किन्तु वह आगे बढ़ता ही गया क्योंकि दुराग्रह से अन्धे लोगों के लिए बड़े लोगों का हितकारक उपदेश भी व्यर्थ हो जाता है ॥ २६ ॥

क्षितौ निरस्तं प्रतिकूलवायुना तदीयचामीकरघर्मवारणम् ।
रराज मृत्योरिव पारणाविधौ प्रकल्पितं हाटकभाजनम्, महत् ॥ २७ ॥

अन्वयः—प्रतिकूलवायुना, क्षितौ, निरस्तम्, तदीयचामीकरघर्मवारणम्, मृत्योः, इव, पारणाविधौ, प्रकल्पितम्, महत्, हाटकभाजनम्, इव, रराज ॥२७॥

भाषार्थ—इसी बीच एक ऐसी उल्टी हवा चली जिससे तारकासुर का छत्र पृथ्वी पर उलट कर ऐसा प्रतीत होने लगा मानो उसकी मृत्यु ने भोजन के लिए वहाँ सोने का बड़ा थाल ला रखा हो ॥ २७ ॥

विजानता भावि शिरोनिकृन्तनं प्रज्ञेन शोकादिव तस्य मौलिना ।
मुहुर्गलद्भिस्तरलैरलन्तरामरोदि मुक्ताफलबाष्पबिन्दुभिः ॥ २८ ॥

अन्वयः—प्रज्ञेन, भावि, शिरोनिकृन्तनम्, विजानता, तस्य, मौलिना, शोकाद्, मुहुर्गलद्भिः, तरलैः, मुक्ताफलबाष्पबिन्दुभिः, अलन्तराम्, अरोदि, इव ॥ २८ ॥

भाषार्थ—उस समय तारकासुर के मुकुट से टूट कर गिरते हुए मोती ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो उसके सिर कटने का ज्ञाता वह विज्ञ मुकुट पहले ही से बार-बार अपने मोती रूपी आँसू बरसा कर रो रहा हो ॥ २८ ॥

निवार्यमाणैरभितोऽनुयायिभिर्ग्रहीतुकामैरिव तं मुहुर्मुहुः ।
अपाति गृध्रैरभि मौलिमाकुलैर्भविष्यदेतन्मरणोपदेशिभिः ॥ २९ ॥

अन्वयः—भविष्यदेतन्मरणोपदेशिभिः (तथा), आकुलैः, गृध्रैः, अभितः, अनुयायिभिः, मुहुर्मुहुः, निवार्यमाणैः (अपि), तम्, ग्रहीतुकामैः, इव, मौलिम्, अभि अपाति ॥ २९ ॥

भाषार्थ—सेवकों द्वारा बार-बार उड़ाए जाने पर भी गिद्ध अत्यंत व्याकुल होकर उसका सिर ग्रहण करने की इच्छा से उसी पर गिर-गिर कर मानो इस बात की सूचना सी देने लगे कि इसकी मृत्यु अब बहुत निकट आ चुकी है ॥ २९ ॥

सद्योनिकृत्ताञ्जनसोदरद्युतिं फणामणिप्रज्वलदंशुमण्डलम् ।
निर्यद्विषोल्कानलगर्भफूत्कृतं ध्वजे जनस्तस्य महाहिमैक्षत ॥ ३० ॥

अन्वयः—जनः, तस्य, ध्वजे, सद्योनिकृत्ताञ्जनसोदरद्युतिम्, फणामणिप्रज्वलदंशुमण्डलम्, निर्यद्विषोल्कानलगर्भफूत्कृतम्, महाहिम्, ऐक्षत ॥ ३० ॥

भाषार्थ—सहसा लोगों ने तारकासुर के झंडे पर तत्काल के पारे गये कागज के समान काले तथा अपने फण की मणि की चमकती हुई किरणों से

घिरा हुआ और विष से भरी हुई आग जैसी भयानक फुंकार छोड़ने वाला एक बड़ा साँप लिपटा हुआ देखा ।। ३० ।।

रथाश्वकेशावलिकर्णचामरं ददाह बाणासनबाणवाणधीन् ।
अकाण्डतश्चण्डतरो हुताशनस्तस्यातनुस्यन्दनधुर्यगोचरः ॥ ३१ ॥

अन्वयः—अकाण्डतः, तस्य, अतनुस्यन्दनधुर्यगोचरः, चण्डतरः, हुताशनः, रथाश्वकेशावलिकर्णचामरम्, बाणासनबाणबाणधीन्, ददाह ।। ३१ ।।

भाषार्थ--अकस्मात् तारकासुर के महान रथ की धुरी में ऐसी भयंकर आग लग गयी जिसने रथ के घोड़ों के गरदन के बालों, कानों और चँवरियों को जला दिया तथा उसके धनुष, बाण और तर्कस को भी भस्म कर दिया ॥ ३१ ॥

इत्याद्यरिष्टैरशुभोपदेशिभिर्विहन्यमानोऽप्यसुरः पुनः पुनः ।
यदा मदान्धो न गतान्न्यवर्तताम्बरात्तदाभून्मरुतां सरस्वती ॥ ३२ ॥

अन्वयः—मदान्धः, असुरः, अशुभोपदेशिभिः इत्याद्यरिष्टैः, पुनः, पुनः, विहन्यमानः, अपि, यदा, गताद्, न न्यवर्तत, तदा, अम्बरात्, मरुताम्, सरस्वती, अभूत् ।। ३२ ।।

भाषार्थ—जब बार-बार इन अमंगल-सूचक अपसगुनों द्वारा बाधा पहुँचाने पर भी वह घमंड में अन्धा तारकासुर आगे बढ़ने से न रुका तब आकाश से इस प्रकार देववाणी हुई ।। ३२ ।।

मदान्ध मा गा भुजदण्डचण्डिमावलेपतो मन्मथहन्तृसूनुना ।
सुरैः सनाथेन पुरन्दरादिभिः समं समन्तात्समरं विजित्वरैः ।। ३३ ।।

अन्वयः—(भो) मदान्ध!, भुजदण्डचण्डिमावलेपतः, विजित्वरैः, पुरन्दरादिभिः, सुरैः समन्तात्, सनाथेन, मन्मथहन्तृसूनुना, समम्, समरम्, मा, गाः ।। ३३ ।।

भाषार्थ—ओ घमण्ड में अन्धे तारक ! अपनी प्रचण्ड भुजाओं के अभिमान में तू कामदेव के विनाशक भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय के साथ युद्ध करने मत जा ! देख उनके साथ विजयी इन्द्रादि सभी देवता चले आ रहे हैं ।। ३३ ।।

गुहोऽसुरैः षड्दिनजातमात्रको निदाघधामेव निशातमोभरैः ।
विषह्यते नाभिमुखो हि सङ्गरे कुतस्त्वया तस्य समं विरोधिता ।। ३४ ।।

अन्वयः—(भो मदान्ध), सङ्गरे, अभिमुखः, षड्दिनजातमात्रकः, गुहः, असुरैः निशातमोभरैः, निदाघधामा, इव न हि, विषह्यते, त्वया, समम्, तस्य, विरोधिता कुतः, (स्यात्) ।। ३४ ।।

भाषार्थ— जिस प्रकार रात्रि का घना अन्धकार भी सूर्य के सम्मुख नहीं टिक पाता है। उसी प्रकार केवल छः दिन की अवस्था वाले कार्तिकेय के सम्मुख युद्ध में सारे बलवान राक्षस भी न ठहर सकेंगे! फिर उनके साथ क्या तुम लड़ सकोगे ।। ३४ ।।

अभ्रंलिहैः शृङ्गशतैः समन्ततो दिक्चक्रवालैः स्थगितस्य भूभृतः ।
क्रौञ्चस्य रन्ध्रं विशिखेन निर्ममे येनाहवस्तस्य सह त्वया कुतः ।। ३५ ।।

अन्वयः—येन, अभ्रंलिहैः, शृङ्गशतैः, दिक्चक्रवालैः, समन्ततः, स्थगितस्य, क्रौञ्चस्य, भूभृतः, रन्ध्रम्, विशिखेन, निर्ममे, तस्य आहवः, त्वया, सह कुतः ।।

भाषार्थ—हे तारक! जिस कार्तिकेय ने सैकड़ों चोटियों से आकाश को चूमते हुए सभी दिशाओं में फैले हुए क्रौंच पर्वत को भी अपने बाणों से छेद डाला, भला उसके साथ क्या तुम लड़ाई कर सकोगे? ।। ३५ ।।

लब्ध्वा धनुर्वेदमनङ्गविद्विषस्त्रिःसप्तकृत्वः समरे महीभुजाम् ।
कृत्वाभिषेकं रुधिराम्बुभिर्घनैः स्वक्रोधवह्निं शमयाम्बभूव यः ।। ३६ ।।

अन्वयः—यः, अनङ्गविद्विषः, धनुर्वेदम्. लब्ध्वा, समरे, महीभुजाम्, घनैः रुधिराम्बुभिः, त्रिःसप्तकृत्वः अभिषेकम्, कृत्वा, स्वक्रोधवह्निम्. शमयाम्बभूव ।।३६।।

भाषार्थ--जिस परशुराम जीने शंकर जी से धनुर्विद्या सीख कर युद्ध में इक्कीस बार राजाओं के गाढ़े रक्त में स्नान करके अपनी क्रोधाग्नि को शान्त किया है ।। ३६ ।।

न जामदग्न्यः क्षयकालरात्रिकृत्स क्षत्रियाणां समराय वल्गति ।
येन त्रिलोकीसुभटेन तेन कुतोऽवकाशः सह विग्रहग्रहे ।। ३७ ।।

अन्वयः—क्षत्रियाणाम्, क्षयकालरात्रिकृत्, सः जामदग्न्यः, त्रिलोकीसुभटेन, येन, समराय, न, वल्गति, तेन, सह, विग्रहग्रहे, कुतः, अवकाशः (स्यात्) ।। ३७ ।।

भाषार्थ—जब क्षत्रियों की कालरात्रि उपस्थित करने वाले वह परशुराम भी जिनसे युद्ध करने में घबराते हैं तो भला उस त्रिभुवनविजयी महायोद्धा से युद्ध करने की शक्ति क्या तुममें हो सकती है? ।। ३७ ।।

त्यजाशु गर्वं मदमूढ मा स्म गाः स्मरारिसूनोर्वरशक्तिगोचरम् ।
तमेव नूनं शरणं व्रजाधुना जगत्सु वीरं स चिराय जीव तत् ।। ३८ ।।

अन्वयः--(भो) मदमूढ! आशु, गर्वम्, त्यज, स्मरारिसूनोः, वरशक्तिगोच-

रम्, मा, स्म, गाः, अधुना, नूनम्, एव शरणम्, तम्, जगत्सु, वीरम्, व्रज, तत्, सः (त्वम्), चिराय, जीव, ॥ ३८ ॥

भाषार्थ--हे घमण्ड में अन्धे बने दैत्य ! अब तुम अपना अभिमान छोड़कर ऐसा उपाय करो जिससे स्वामी कार्तिकेय की शक्ति में पड़ने से बच जाओ। इस लिए निश्चय रूप से तुम उन्हीं की शरण में जाओ क्योंकि इसी से तुम्हारा जीवन बच सकता है ॥ ३८ ॥

श्रुत्वेति वाचं वियतो गरीयसीं क्रोधादहङ्कारपरो महासुरः ।
प्रकम्पिताशेषजगत्त्रयोऽपि सन्नकम्पतोच्चैर्दिवमभ्यधाच्च सः ॥ ३९ ॥

अन्वयः—वियतः, इति, गरीयसीम्, वाचम्, श्रुत्वा, क्रोधात्, अहङ्कारपरः, सः, महासुरः, प्रकम्पिताशेषजगत्त्रयः, सन् अपि, अकम्पत, च, दिवम्, उच्चैः, अभ्यधात् ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—वह महाभिमानी तथा तीनों लोकों को कँपा देने वाला तारकासुर इस आकाशवाणी को सुनकर काँप उठा किन्तु क्रोध से आकाश की ओर मुँह करके उच्च स्वर में बोला ॥ ३९ ॥

किं ब्रूथ रे व्योमचरा महासुराः स्मरारिसूनुप्रतिपक्षवर्तिनः ।
मदीयबाणव्रणवेदना हि साऽधुना कथं विस्मृतिगोचरीकृता ॥ ४० ॥

अन्वयः--रे व्योमचराः, महासुराः, स्मरारिसूनुप्रतिपक्षवर्तिनः, किम्, ब्रूथ, सा, मदीयबाणव्रणवेदना, अधुना, हि, कथम्, विस्मृतिगोचरीकृता ॥ ४० ॥

भाषार्थ—स्वामिकार्तिकेय की प्रशंसा करने वाले अरे आकाशचारी देवताओ ! तुम लोग यह कैसी बकवास मचाए हो ! क्या आज तुम लोग मेरे बाणों के घावों की पीड़ा भूल गए हो ? ॥ ४० ॥

कटुस्वरैः प्रालपथाम्बरस्थिताः शिशोर्बलात्षड्दिनजातकस्य किम् ।
श्वानः प्रमत्ता इव कार्तिके निशि स्वैरं वनान्ते मृगधूर्तका इव ॥ ४१ ॥

अन्वयः--(भो देवाः) अम्बरस्थिताः, षड्दिनजातकस्य, शिशोः, बलात्, कार्तिके, प्रमत्ताः, श्वानः, इव, निशि, वनान्ते, मृगधूर्तकाः, इव, किम्, स्वैरम्, प्रालपथ ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—जिस प्रकार कार्तिक के महीने में कुत्ते भूँका करते हैं और रात के समय जंगल में लोमड़ी, गीदड़ आदि धूर्त पशु बोला करते हैं उसी प्रकार तुम लोग भी आकाश में जाकर छः दिन के बच्चे के बल पर इस प्रकार कटुवाणी में क्यों बड़बड़ा रहे हो ॥ ४१ ॥

सङ्गेन वो गर्भतपस्विनः शिशुर्वराक एषोऽन्तमवाप्स्यति ध्रुवम् ।
अतस्करस्तस्करसङ्गतो यथा तद्वो निहन्मि प्रथमं ततोऽप्यमुम् ।।४२।।

अन्वयः—(भो देवाः), वः, सङ्गेन, वराकः, (अपि) एषः, गर्भतपस्विनः, शिशुः, तस्करसङ्गतः, अतस्करः, यथा ध्रुवम्, अन्तम्, अवाप्स्यति, तत्, वः, प्रथमम्, निहन्मि, ततः, अमुम्, अपि, (निहन्मि) ।। ४२ ।।

भाषार्थ—जिस प्रकार चोर के साथ आने वाला साहु (चोरी न करने वाला) भी मारा जाता है उसी प्रकार तुम लोगों के साथ आने वाला वह वेचारा वालक भी अवश्य ही नष्ट हो जायेगा । मैं पहले तुम लोगों को मारूंगा फिर उसे भी मार डालूंगा ।

इतीरयत्युग्रतरं महासुरे महाकृपाणं कलयत्यलं क्रुधा ।
परस्परोत्पीडितजानवो भयान्नभश्चरा दूरतरं विदुद्रुवुः ।। ४३ ।।

अन्वयः—इति, ईरयति, महासुरे, क्रुधा, उग्रतरम्, महाकृपाणम्, अलम्, कलयति, नभश्चराः भयात्, परस्परोत्पीडितजानवः, दूरतरम्, विदुद्रुवुः ।।४३।।

भाषार्थ—जब उस महादैत्य ने इस प्रकार कह कर क्रोध से अपनी तलवार सँभाली तो मारे भय के एक दूसरे की जाँघों को छीलते हुए सारे आकाशचारी देवगण भाग चले ।। ४३ ।।

ततोऽवलेपाद्विकटं विहस्य स व्यधत्त कोशादसिमुत्तमं बहिः ।
रथं द्रुतं प्रापय वासवान्तिकं नन्वित्यवोचन्निजसारथिं रथी ।। ४४ ।।

अन्वयः—ततः, सः, विकटम्, विहस्य, उत्तमम्, असिम्, कोशात्, बहिः, व्यधत्त, (अथ च) रथी, रथम्, वासवान्तिकम्, द्रुतम्, ननु, प्रापय, इति, निजसारथिम्, अवोचत् ।। ४४ ।।

भाषार्थ—इसके पश्चात् बड़े घमंड के साथ भयंकर हास्य करते हुए तारकासुर ने म्यान से अपनी तलवार खींच ली और उस महारथी ने अपने सारथी से कहा कि रथ को शीघ्र ही इन्द्र के पास पहुँचा दो ।। ४४ ।।

मनोतिवेगेन रथेन सारथिप्रणोदितेन प्रचलन्महासुरः ।
ततः प्रपेदे सुरसैन्यसागरं भयङ्कराकारमपारमग्रतः ।। ४५ ।।

अन्वयः—ततः, मनोतिवेगेन, सारथिप्रणोदितेन, रथेन, प्रचलन्, महासुरः अग्रतः, अपारम्, भयङ्कराकारम्, सुरसैन्यसागरम्, प्रपेदे ।। ४५ ।।

भाषार्थः—सारथी ने मन से भी अधिक तीव्र गति से रथ को हांकते हुए

उसे देवताओं की महासेना के सामने पहुँचा दिया जो समुद्र के समान अत्यंत भीषण और विशाल थी ॥ ४५ ॥

पुरः सुराणां पृतनां प्रथीयसीं विलोक्य वीरः पुलकं प्रमोदजम् ।
बभार भूम्नाथ स बाहुदण्डयोः प्रचण्डयोः सङ्गरकेलिकौतुकी ॥ ४६ ॥

अन्वयः—अथ, वीरः, सः, प्रथीयसीम्, सुराणाम्, पृतनाम्, पुरः, विलोक्य, प्रचण्डयोः, बाहुदण्डयोः, प्रमोदजम्, पुलकम् भूम्ना, बभार, (यतः) सङ्गरकेलिकौतुकी ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—देवताओं की उस विशाल सेना को सामने देख कर तारकासुर की प्रचण्ड भुजाएँ अत्यंत आनन्द के कारण रोमाञ्च से लद गईं और उसके हृदय में युद्धक्रीड़ा की लालसा उमड़ उठी ॥ ४६ ॥

ततो महेन्द्रस्य चराश्चमूचरा रणान्तलीलारभसेन भूयसा ।
पुरः प्रचेलुर्मनसोऽतिवेगिनो युयुत्सुभिः किं समरे विलम्ब्यते ॥ ४७ ॥

अन्वयः—ततः मनसः; (अपि) अतिवेगिनः, (तथा) भूयसा, रणान्तलीलारभसेन, चमूचराः, महेन्द्रस्य, चराः समरे, युयुत्सुभिः, किम्, विलम्ब्यते, (इति वक्तुम्) पुरः, प्रचेलुः ॥ ४७ ॥

भाषार्थ— उसी समय युद्ध क्रीड़ा के लिए अत्यंत उतावले, इन्द्र के बड़े-बड़े लड़ाकू सैनिकों ने मन से भी अधिक वेग से सामने खड़ी दैत्यों की सेना पर धावा बोल दिया। क्योंकि युद्ध के उतावले वीर लड़ाई में थोड़ी भी देर नहीं करते ॥ ४७ ॥

पुरःस्थितं देवरिपोश्चमूचरा बलद्विषः सैन्यसमुद्रमभ्ययुः ।
भुजं समुत्क्षिप्य परेभ्य आत्मनोऽभिधानमुच्चैरभितो न्यवेदयन् ॥ ४८ ॥

अन्वयः—देवरिपोः, चमूचराः, पुरःस्थितम्, बलद्विषः, सैन्यसमुद्रम्, अभ्ययुः, (अथ च) अभितः, भुजम्, समुत्क्षिप्य, आत्मनः, अभिधानम्, उच्चैः, परेभ्यः, न्यवेदयन् ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—दैत्यों की सेना के सैनिक भी अपनी-अपनी भुजाएँ उठा कर शत्रुओं के सामने उच्च स्वर से अपना-अपना नाम सुनाते हुए सामने ही खड़ी इन्द्र की समुद्र जैसी विशाल सेना पर टूट पड़े ॥ ४८ ॥

पुरोगतं दैत्यचमूमहार्णवं दृष्ट्वा परं चुक्षुभिरे महासुराः ।
पुरारिसूनोर्नयनैककोणके ममुर्भटास्तस्य रणेऽवहेलया ॥ ४९ ॥

अन्वयः—महासुराः, पुरोगतम्, दैत्यचमूमहार्णवम्, दृष्ट्वा, परम्, चुक्षुभिरे, रणे, अवहेलया, तस्य, पुरारिसूनोः, नयनैककोणके, भटाः ममुः ॥ ४९ ॥

भाषार्थ—बड़े बड़े देवता भी समुद्र के समान सामने से उमड़ती हुई आने वाली दैत्यों की उस सेना को देखकर दंग रह गए। किन्तु कुमार कार्तिकेय ने अपनी कनखियों से ही उसे देख कर अत्यंत निर्भयता के साथ यह जान लिया कि इनमें कुछ भी शक्ति नहीं है ॥ ४९ ॥

द्विषद्वलत्रासविभीषिताश्चमूर्दिवौकसामन्धकशत्रुनन्दनः ।
अपश्यदुद्दिश्य महारणोत्सवं प्रसादपीयूषधरेण चक्षुषा ॥ ५० ॥

अन्वयः—महारणोत्सवम्, उद्दिश्य, अन्धकशत्रुनन्दनः, द्विषद्बलत्रासविभीषिताः दिवौकसाम्, चमूः, प्रसादपीयूषधरेण, चक्षुषा, अपश्यत् ॥ ५० ॥

भाषार्थ—राक्षसों की सेना के भय से व्याकुल देवसेना की ओर अपनी आनन्द रूपी अमृत से भरी निगाहों से देखते हुए कुमार कार्तिकेय ने उस महान युद्ध-रूपी उत्सव में निडर होकर आगे चलने का संकेत किया ॥ ५० ॥

उत्साहिताः शक्तिधरस्य दर्शनान्मृधे महेन्द्रप्रमुखा मखाशनाः ।
अहं मृधे जेतुमरीनरीरमन्न कस्य वीर्याय परस्य सङ्गतिः ॥ ५१ ॥

अन्यवः—शक्तिधरस्य, मृधे, दर्शनात्, उत्साहिताः, महेन्द्रप्रमुखाः, मखाशनाः, मृधे, अहम् (एव) अरीन्, जेतुम् (समर्थः, अस्मि, नान्य इति वदन्तः सन्तः), अरीरमन्, परस्य, सङ्गतिः, कस्य, वीर्याय, न ॥ ५१ ॥

भाषार्थ—कुमार कार्तिकेय का दर्शन पाते ही इन्द्र आदि सभी विशिष्ट देवता अत्यन्त उत्साहित हो उठे और प्रसन्नता से उछलते हुए कहने लगे कि हम लोग शत्रुओं को युद्ध में अवश्य ही जीत लेंगे। भला बड़े लोगों का साथ करने से किसका बल नहीं बढ़ता ॥ ५१ ॥

परस्परं वज्रधरस्य सैनिका द्विषोऽपि योद्धुं स्वकरोद्धृतायुधाः ।
वैतालिकश्राविततारविक्रमाभिधानमीयुर्विजयैषिणो रणे ॥ ५२ ॥

अन्वयः—रणे, विजयैषिणः, योद्धुम्, स्वकरोद्धृतायुधाः वज्रधरस्य, द्विषः, अपि, सैनिकाः, वैतालिकश्राविततारविक्रमाभिधानम्, (यथा तथा) परस्परम्, ईयुः ॥ ५२ ॥

भाषार्थ—देवताओं तथा दैत्यों के सैनिक अपने-अपने हथियार लेकर चारणों द्वारा गाये हुए अपने पराक्रम का गीत सुन-सुनकर उत्साह में विजय की अभिलाषा से युद्ध-भूमि में परस्पर युद्ध करने के लिए उठ कर खड़े हो गए ॥ ५२ ॥

सङ्ग्रामं प्रलयाय सन्निपततो वेलामतिक्रामतो
वृन्दारासुरसैन्यसागरयुगस्याशेषदिग्व्यापिनः ।
कालातिथ्यभुजो बभूव बहलः कोलाहलः क्रोषणः
शैलोत्तालतटीविघट्टनपटुर्ब्रह्माण्डकुक्षिम्भरिः ॥ ५३ ॥

इति महाकवि-कालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
सुरासुरसैन्यसङ्घट्टो नाम पञ्चदशः सर्गः ॥ १५ ॥

भावार्थ— प्रलयाय, सङ्ग्रामम्, सन्निपततः, वेलाम्, अतिक्रामतः, अशेषदिग्व्यापिनः, कालातिथ्यभुजः, वृन्दारासुरसैन्यसागरयुगस्य, क्रोषणः, कोलाहलः, बहलः, शैलोत्तालतटीविघट्टनपटुः, ब्रह्माण्डकुक्षिम्भरिः, बभूव ॥ ५३ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार प्रलय करने के लिए अपने तटों की मर्यादा भंग करके चारों ओर फैलते तथा सारी दुनियाँ को डुबाते हुए काल का स्वागत करने वाले दो समुद्र एक दूसरे से टकराते हुए भीषण कोलाहल के साथ चढ़ते चले आते हैं उसी प्रकार ताड़ वृक्षों से भरी पहाड़ों की तलहटी को फाड़ने में समर्थ देवताओं तथा असुरों की मयानक सेना अत्यन्त भीषण ध्वनि करती हुई तथा कालरूपी अतिथि को मोजन का निमंत्रण देती हुई सारे ब्रह्मांड में फैल गई ॥५३॥

महाकवि कालिदासरचित कुमारसम्भव महाकाव्य में देवताओं और दैत्यों
की सेना का मिलाप नाम का पन्द्रहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

षोडशः सर्गः

अथान्योन्यं विमुक्तास्त्रशस्त्रजालैर्भयङ्करैः ।
युद्धमासीत्सुनासीरसुरारिबलयोर्महत् ॥ १ ॥

अन्वयः—अथ, भयङ्करैः, अन्योन्यम्, विमुक्तास्त्रशस्त्रजालैः, सुनासीरसुरारिबलयोः, महत्, युद्धम्, आसीत् ॥ १ ॥

भाषार्थ—इसके पश्चात् एक दूसरे पर अस्त्र-शस्त्रों की वर्षा करने वाली देवताओं तथा राक्षसों की सेना में महान युद्ध होने लगा ॥ १ ॥

पत्तिः पत्तिमभीयाय रणाय रथिनं रथी ।
तुरङ्गस्थं तुरङ्गस्थो दन्तिस्थं दन्तिनि स्थितः ॥ २ ॥

अन्वयः—पत्तिः, पत्तिम्, रथी, रथिनम्, तुरङ्गस्थः, तुरङ्गस्थम्, दन्तिनि, स्थितः, दन्तिस्थम्, रणाय, अभीयाय ॥ २ ॥

भाषार्थ—पैदल सिपाही पैदलों से, रथवाले रथवालों से, घुड़सवार घुड़सवारों से तथा हाथीसवार हाथीसवारों से युद्ध करने के लिए गुथ गए ॥ २ ॥

युद्धाय धावतां धीरं वीराणामितरेतरम् ।
वैतालिकाः कुलाधीशा नामान्यलमुदाहरन् ॥ ३ ॥

अन्वयः—इतरेतरम्, युद्धाय, धीरम्, धावताम् वीराणाम् नामानि, कुलाधीशाः, वैतालिकाः, अलम् उदाहरन् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—चारण लोग निर्भय होकर युद्ध के लिए एक दूसरे पर झपटने वाले वीर सैनिकों का नाम ले लेकर प्रशंसा करने लगे ॥ ३ ॥

पठतां वन्दिवृन्दानां प्रवीरा विक्रमावलीम् ।
क्षणं विलम्ब्य चित्तानि ददुर्युद्धोत्सुकाः पुरः ॥ ४ ॥

अन्वयः—प्रवीराः विक्रमावलीम्, पठताम्, वन्दिवृन्दानाम्, पुरः, चित्तानि, क्षणम्, विलम्ब्य, ददुः (यतः) युद्धोत्सुकाः ॥ ४ ॥

भाषार्थ—युद्ध में अत्यन्त उत्सुक वीर पराक्रम गीत गाने वाले वन्दियो के सामने थोड़ी देर ठहर कर उसे सुनते और फिर युद्ध करने में मग्न हो जाते थे ॥ ४ ॥

सङ्ग्रामानन्दवर्धिष्णौ विग्रहे पुलकाञ्चिते ।
आसीत्कवचविच्छेदो वीराणां मिलतां मिथः ॥ ५ ॥

अन्वयः—सङ्ग्रामानन्दवर्धिष्णौ, पुलकाञ्चिते, मिथः, मिलतां, वीराणाम्, विग्रहे, कवचविच्छेदः आसीत् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—उन वीरों का शरीर युद्ध के आनन्द में रोमाञ्चों से भर उठा था और जब वे आपस में गुथ जाते थे तो उनके कवचों के टाँके खुल जाया करते थे ॥ ५ ॥

निर्दयं खड्गभिन्नेभ्यः कवचेभ्यः समुत्थितैः ।
आसन्व्योमदिशस्तूलैः पलितैरिव पाण्डुराः ॥ ६ ॥

अन्वयः—निर्दयम्, खड्गभिन्नेभ्यः, कवचेभ्यः, समुत्थितैः, तूलैः, पलितैः, इव, व्योमदिशः, पाण्डुराः आसन् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—वहाँ सैनिकों की तलवारों की करारी चोटों से कटे हुए कवचों के भीतर से निकली हुई रूई आकाश तथा दिशाओं में इस प्रकार फैल गई कि सारी दिशाएँ पके बालों सरीखी उजली-उजली दिखाई पड़ने लगीं ॥ ६ ॥

खड्गा रुधिरसंलिप्ताश्चण्डांशुकरभासुराः ।
इतस्ततोऽपि वीराणां विद्युतां वैभवं दधुः ॥ ७ ॥

अन्वयः—रुधिरसंलिप्ताः अपि इतस्ततः, चण्डांशुकरभासुराः वीराणाम्, खड्गाः, विद्युताम्, वैभवम्, दधुः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—खून से सनी हुई वीरों की तलवारें सूर्य की किरणों के पड़ने पर इधर उधर बिजली के समान चमकती हुई प्रतीत होने लगीं ॥ ७ ॥

विसृजन्तो मुखैर्ज्वाला भीमा इव भुजङ्गमाः ।
विसृष्टाः सुभटै रुष्टैर्व्योम व्यानशिरे शराः ॥ ८ ॥

अन्वयः—रुष्टैः सुभटैः, विसृष्टाः, शराः, मुखैः, ज्वालाः, विसृजन्तः, भीमाः, भुजङ्गमाः, इव व्योम, व्यानशिरे ॥ ८ ॥

भाषार्थ—उन वीरों ने क्रुद्ध होकर मुख से लपटें उगलने वाले भयंकर सापों के समान जिन विषभरे बाणों को चलाया उनसे सारा आकाश ही भर गया ॥ ८ ॥

बाढं वपूंषि निर्भिद्य धन्विनां निघ्नतां मिथः ।
अशोणितमुखा भूमिं प्राविशन्दूरमाशुगाः ॥ ९ ॥

अन्वयः—मिथः, दूरम्, निघ्नताम्, धन्विनाम्, वपूंषि, बाढम्, निर्भिद्य (अपि), अशोणितमुखाः, आशुगाः भूमिम्, प्राविशन् ॥ ९ ॥

भावार्थ—एक दूसरे पर चलाए गए धनुर्धारियों के बाण उन वीरों के कठोर शरीर को छेद कर इतनी शीघ्रता के साथ पार होते हुए पृथ्वी में प्रवेश कर जाते थे कि उनमें रक्त तक नहीं लगने पाता था । ९ ॥

निर्भिद्य दन्तिनः पूर्वं पाययामासुराशुगाः ।
पेतुः प्रवरयोधानां प्रीतानामाहवोत्सवे ॥ १० ॥

अन्वयः—आहवोत्सवे, प्रीतानाम्, प्रवरयोधानाम्, दन्तिनः, आशुगाः, निर्भिद्य, पूर्वम्, पातयामासुः (पश्चात्), पेतुः ॥ १० ॥

भावार्थ—उस युद्धरूपी उत्सव में अत्यंत प्रेम के साथ लगे हुए श्रेष्ठ वीरों द्वारा चलाए गए बाण हाथियों को काट कर पहिले गिरा देते थे तब स्वयं पृथ्वी पर गिरते थे ॥ १० ॥

ज्वलदग्निमुखैर्बाणैर्नीरन्ध्रैरितरेतरम् ।
उच्चैर्वैमानिका व्योम्नि कीर्णे दूरमपासरन् ॥ ११ ॥

अन्वयः—ज्वलदग्निमुखैः, इतरेतरम्, नीरन्ध्रैः बाणैः, उच्चैः, कीर्णे, व्योम्नि, वैमानिकाः, दूरम्, अपासरम् ॥ ११ ॥

भावार्थ—जलती हुई लपटों वाले बाणों की पंक्तियाँ जब आपस में घनीभूत होती हुई आकाश में भर उठीं तो विमानों पर बैठने वाले देवता लोग वहाँ से दूर हटने लगे ॥ ११ ॥

विभिन्नं धन्विनां बाणैर्व्यथार्तमिव विह्वलम् ।
ररास विरसं व्योम श्येनप्रतिरवच्छलात् ॥ १२ ॥

अन्वयः—धन्विनाम्, बाणैः, विभिन्नम्, व्यथार्तम्, विह्वलम्, व्योम, श्येनप्रतिरवच्छलात्, विरसम्, ररास, इव ॥ १२ ॥

भावार्थ—धनुर्धारियों के बाण से छलनी बना हुआ आकाश भी उसकी पीड़ा से विह्वल होकर बाज पक्षी के डरावने शब्दों के बहाने मानो रुदन करने लगा हो ॥ १२ ॥

चापैराकर्णमाकृष्टैर्विमुक्ता दूरमाशुगाः ।
अधावन्रुधिरास्वादलुब्धा इव रणैषिणाम् ॥ १३ ॥

अन्वयः—आकर्णम्, आकृष्टैः, रणैषिणाम्, चापैः, विमुक्ताः, आशुगाः, रुधिरास्वादलुब्धाः, इव, दूरम्, अधावन् ॥ १३ ॥

भावार्थ—कानों तक खींच कर छोड़े गये वीरों के बाण मानो खून का स्वाद पाने की लालच में ही दूर तक दौड़ लगा रहे थे ।। १३ ।।

गृहीताः पाणिभिर्वीरैर्विकोशाः खड्गराजयः ।
कान्तिजालच्छलादाजौ व्यहसन्सम्मदादिव ।। १४ ।।

अन्वयः—आजौ, वीरैः, पाणिभिः, गृहीताः, विकोशाः, खड्गराजयः, कान्तिजालच्छलात्, सम्मदाद्, व्यहसन्, इव ।। १४ ।।

भावार्थ—युद्ध में योद्धाओं के हाथों की नंगी तलवारें अपनी चमक को फैलाती हुई ऐसी लग रही थीं मानों वे चमक के बहाने मतवाली होकर हँस रही हों ।। १४ ।।

खड्गाः शोणितसंदिग्धा नृत्यन्तो वीरपाणिषु ।
रजोघने रणेऽनन्ते विद्युतां वैभवं दधुः ।। १५ ।।

अन्वयः—शोणितसंदिग्धाः, वीरपाणिषु, नृत्यन्तः, खड्गाः, रजोघने, अनन्ते, रणे, विद्युताम्, वैभवम्, दधुः ।। १५ ।।

भावार्थ—वीरों के हाथों में नाचती हुई खून से भरी तलवारें धूल से भरे तथा लम्बे चौड़े युद्धक्षेत्र में बिजली जैसी चमक रही थीं ।। १५ ।।

कुन्ताश्चकाशिरे चण्डमुल्लसन्तो रणार्थिनाम् ।
जिह्वाभोगा यमस्येव लेलिहाना रणाङ्गणे ।। १६ ।।

अन्वयः—रणाङ्गणे, चण्डम् (यथा तथा), उल्लसन्तः, कुन्ताः, लेलिहानाः, यमस्य, जिह्वाभोगाः, इव, चकाशिरे ।। १६ ।।

भावार्थ—युद्धक्षेत्र में लड़ने वाले योद्धाओं के चमचमाते हुए भयंकर भाले यमराज की लपलपाती हुई जीभ के समान प्रतीत हो रहे थे ।। १६ ।।

प्रज्वलत्कान्तिचक्राणि चक्राणि वरचक्रिणाम् ।
चण्डांशुमण्डलश्रीणि रणव्योमनि बभ्रमुः ।। १७ ।।

अन्वयः—प्रज्वलत्कान्तिचक्राणि, चण्डांशुमण्डलश्रीणि, वरचक्रिणाम्, चक्राणि, रणव्योमनि, बभ्रमुः ।। १७ ।।

भावार्थ—अत्यन्त प्रदीप्त कान्ति मंडल से घिरे अतः प्रचण्ड सूर्य-मंडल के समान चमचमाते हुए चक्रधारण करने वाले वीरों के चक्र युद्ध रूपी आकाश में चारों ओर चक्कर मार रहे थे ।। १७ ।।

केचिद्वीरैः प्रणादैश्च वीराणामभ्युपेयुषाम् ।
निपेतुः क्षोभतो वाहादपरे मुमुहुर्मदात् ।। १८ ।।

अन्वयः—अभ्युपेयुषाम्, वीराणाम्, धीरैः, प्रणादैः (निपेतुः), केचिद्, क्षोभतः, वाहाद्, निपेतुः, अपरे, मदात्, मुमुहुः ॥ १८ ॥

भावार्थ—बहुत से वीर सामने आकर गंभीर स्वर से गरजने वाले वीरों की ललकार से ही घोड़ों के नीचे गिर पड़ते थे और बहुत से मारे भय के मूर्च्छित हो जाते थे ॥ १८ ॥

कश्चिदभ्यागते वीरे जिघांसौ मुदमादधौ ।
परावृत्य गते क्षुब्धे विषसादाहवप्रियः ॥ १९ ॥

अन्वयः—कश्चित् (वीरः) जिघांसौ, वीरे, अभ्यागते (सति). मुदम्, आदधौ (अथ च), क्षुब्धे, परावृत्य, गते, (तु) विषसाद (यतः), आहवप्रियः ॥ १९ ॥

भावार्थ—मार डालने की अभिलाषा से सामने आए हुए किसी वीर को देखकर कोई युद्ध-प्रिय वीर अत्यन्त प्रसन्न हो उठता था किन्तु जब वह चोटों से घबरा कर लौट जाता था तो वह वीर अत्यन्त दुखी हो उठता था ॥ १९ ॥

बहुभिः सह युद्ध्वा वा परिभ्रम्य रणोल्बणाः ।
उद्दिश्य तानुपेयुः केऽपि ये पूर्ववृता रणे ॥ २० ॥

अन्वयः—रणोल्बणाः, केऽपि (योधाः), रणे, बहुभिः, सह, युद्ध्वा, परिभ्रम्य, वा तान्, उद्दिश्य, उपेयुः, ये, पूर्ववृताः ॥ २० ॥

भावार्थ—युद्ध करने में कुछ ऐसे भी उद्भट वीर थे जो बहुतों के साथ लड़कर अथवा इधर-उधर घूम-घाम कर योद्धाओं के सामने डट जाते थे जिनसे लड़ने के लिए उन्होंने पहले से ही प्रतिज्ञा कर ली थी ॥ २० ॥

अभितोऽभ्यागतान्योद्धुं वीरान्रणमदोद्धतान् ।
प्रत्यनन्दन्भुजादण्डरोमोद्गमभृतो भटाः ॥ २१ ॥

अन्वयः—भुजादण्डरोमोद्गमभृतः, भटाः, रणमदोद्धतान् योद्धुम्, अभितः, अभ्यागतान्, वीरान्, प्रत्यनन्दन् ॥ २१ ॥

भावार्थ—युद्ध करने के लिए चारों ओर से आकर डटे हुए युद्ध के मतवाले वीरों को देखकर बहुत से वीर आनन्द से फूल उठते थे और उनकी प्रचंड भुजाएँ रोमाञ्च से लदबदा उठती थीं ॥ २१ ॥

शस्त्रभिन्नेभकुम्भेभ्यो मौक्तिकानि च्युतान्यधः ।
अध्याहवक्षेत्रमुप्तकीर्तिबीजाङ्कुरश्रियम् ॥ २२ ॥

अन्वयः——शस्त्रभिन्नेभकुम्भेभ्यः, मौक्तिकानि, अधः, च्युतानि, अध्याहवक्षेत्रम्, उप्तकीर्तिबीजाङ्कुरश्रियम्, (दधुः) ।। २२ ।।

भावार्थ——हथियारों से फटे हुए हाथियों के मस्तकों से नीचे गिरे हुए मोती ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानों युद्ध क्षेत्र में बोए गए यश रूपी बीजों में अंकुर निकल आए हों ।। २२ ।।

वीराणां विषमैर्घोषैर्विद्रुता वारणा रणे ।
शास्यमाना अपि त्रासाद्भेजुर्धूताङ्कुशा दिशः ।। २३ ।।

अन्वयः——रणे, विषमैः, वीराणाम्, घोषैः विद्रुताः, वारणाः, शास्यमानाः, अपि, धूताङ्कुशाः, त्रासात्, दिशः, भेजुः ।। २३ ।।

भावार्थ——युद्ध में वीरों की भयंकर ललकार से भागते हुए हाथी पिलवानों के रोकने पर भी अंकुशों की चोट की परवाह न करते हुए मारे भय के इधर-उधर भाग चले ।। २३ ।।

रणे बाणगणैर्भिन्ना भ्रमन्तो भिन्नयोधिनः ।
निममज्जुर्मिलद्रक्तनिम्नगासु महागजाः ।। २४ ।।

अन्वयः——रणे, बाणगणैः, भिन्नयोधिनः, (अत एव स्वयम्) भिन्नाः, भ्रमन्तः, महागजाः, मिलद्रक्तनिम्नगासु, निममज्जुः ।। २४ ।।

भावार्थ—युद्ध में वीरों के बाणों से मरे हुए महावतों वाले तथा स्वयं घायल होकर इधर-उधर घूमते हुए हाथी लोहू की बहती हुई नदी में डूब गए ।

अपारेऽसृक्सरित्पूरे रथेषूच्चैस्तरेष्वपि ।
रथिनोऽभिरिपुं क्रुद्धा हुंकृतैर्व्यसृजञ्शरान् ।। २५ ।।

अन्वयः—उच्चैस्तरेषु, अपि, रथेषु अपारे, असृक्सरित्पूरे, रथिनः, क्रुद्धाः, हुंकृतैः, अभिरिपुम्, शरान्, व्यसृजन्, ।। २५ ।।

भावार्थ—रक्त की अगाध नदी की धारा में डूबते हुए भी ऊँचे-ऊँचे रथों पर चढ़े महारथी क्रोध से हुंकार करते हुए शत्रुओं पर बाण छोड़ते जा रहे थे ।।२५।।

खड्गनिर्लूनमूर्धानो व्यापतन्तोऽपि वाजिनः ।
प्रथमं पातयामासुरसिना दारितानरीन् ।। २६ ।।

अन्वयः—खड्गनिर्लूनमूर्धानः, वाजिनः, व्यापतन्तः, अपि, असिना, दारितान्, अरीन्, प्रथमम्, पातयामासुः ।। २६ ।।

भावार्थ—बहुत से वीर तलवार से सिर कट जाने पर घोड़े से नीचे गिरते हुए भी पहले अपनी तलवार से शत्रुओं को काट करके ही तब नीचे गिरते थे ।।२६।।

वीराणां शस्त्रभिन्नानि शिरांसि निपतन्त्यपि ।
अधावन्दन्तदष्टोष्ठभीमान्यभिरिपुं क्रुधा ॥ २७ ॥

अन्वयः—शस्त्रभिन्नानि, निपतन्ति, अपि, दन्तदष्टोष्ठभीमानि, वीराणां, शिरांसि, क्रुधा, अभिरिपुम्, अधावन् ॥ २७ ॥

भाषार्थ—हथियारों से कट कर गिरते हुए वीरो के मुंड भी क्रोध में दाँतों से ओठ चबाते हुए अत्यन्त भयंकरता के साथ शत्रुओं की ओर दौड़ पड़ते थे ॥२७॥

शिरांसि वरयोधानामर्धचन्द्रहृतान्यलम् ।
आदधाना भृशं पादैः श्येना व्यानशिरे नभः ॥ २८ ॥

अन्वयः—अर्धचन्द्रहृतानि, वरयोधानाम्, शिरांसि, पादैः, आदधानाः, श्येनाः, भृशम्, नभः, व्यानशिरे ॥ २८ ॥

भाषार्थ—अर्द्धचन्द्राकार बाणों से कटे हुए वीरों के बहुत से मुण्डों को बाज अपने चंगुलों में दबा-दबा कर आकाश में उड़ने लगे जिससे सारा आकाश मुंडों से भर सा गया ॥ २८ ॥

क्रोधादभ्यापतद्दन्तिदन्तारूढाः पदातयः ।
अश्वारोहा गजारोहप्राणान्प्रासैरपाहरन् ॥ २९ ॥

अन्वयः—पदातयः, अश्वारोहाः, क्रोधात्, अभ्यापतद्दन्तिदन्तारूढाः, प्रासैः, गजारोहप्राणान्, अपाहरन् ॥ २९ ॥

भाषार्थ—पैदल तथा घुड़सवार योद्धा क्रोध में आकर सामने पड़ने वाले हाथियों के दाँतों पर चढ़-चढ़ कर उन पर बैठे हुए वीरों को अपने भालों से मौत के घाट उतार देते थे ॥ २९ ॥

शस्त्रच्छिन्नगजारोहा विभ्रमन्त इतस्ततः ।
युगान्तवातचलिताः शैला इव गजा बभुः ॥ ३० ॥

अन्वयः—शस्त्रच्छिन्नगजारोहाः, इतस्ततः, विभ्रमन्तः, गजाः, युगान्तवातचलिताः, शैलाः, इव, बभुः ॥ ३० ॥

भाषार्थ—हथियारों से कटे हुए सवारों वाले हाथी इधर-उधर घूमते हुए ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो प्रलयकाल में वायु से उड़ते हुए पहाड़ दिखाई दे रहे हों ॥ ३० ॥

मिलितेषु मिथो योद्धुं दन्तिषु प्रसभं भटाः ।
अगृह्णन्युध्यमानाश्च शस्त्रैः प्राणान्परस्परम् ॥ ३१ ॥

अन्वयः—योद्धुम्, मिलितेषु, दन्तिषु, भटाः, मिथः, युध्यमानाः, च, प्रसभम्, शस्त्रैः, परस्परम्, प्राणान्, अगृह्णन् ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—जब लड़ने के लिए दो हाथी आपस में गुंथ जाते थे तो उन पर बैठे हुए योद्धा भी परस्पर लड़ते हुए हठात् एक दूसरे को हथियारों से मार डालते थे ॥ ३१ ॥

रुषा मिथो मिलद्दन्तिदन्तसङ्घर्षजोऽनलः ।
योधाञ्शस्त्रहृतप्राणानदहत्सहसारिभिः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—रुषा, मिथः, मिलद्दन्तिदन्तसङ्घर्षजः, अनलः, अरिभिः, शस्त्रहृतप्राणान्, योधान्, सहसा, अदहत् ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—अत्यन्त क्रोध के साथ आपस में लड़ते हुए हाथियों के दाँतों की टक्कर से उत्पन्न होने वाली आग शत्रुओं के हथियारों से मरे हुए योद्धाओं को अकस्मात् जला कर भस्म कर देती थी ॥ ३२ ॥

आक्षिप्ता अपि दन्तीन्द्रैः कोपनैः पत्तयः परम् ।
तदसूनहरन्खड्गघातैः स्वस्य पुरः प्रभोः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—परम्, कोपनैः, दन्तीन्द्रैः, आक्षिप्ताः, अपि, पत्तयः, स्वस्य, प्रभोः, पुरः, खड्गघातैः, तदसून्, अहरन् ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—अत्यन्त क्रुद्ध हाथियों द्वारा उठा कर फेंक दिए जाने पर भी पैदल सैनिक अपनी तलवारों के प्रहार से उन्हें उनके मालिकों के सामने ही काट डालते थे ॥ ३३ ॥

उत्क्षिप्य करिभिर्दूरान्मुक्तानां योधिनां दिवि ।
प्रापि जीवात्मभिर्दिव्या गतिर्वा विग्रहैर्मही ॥ ३४ ॥

अन्वयः—करिभिः, उत्क्षिप्य, दिवि, दूरात्, मुक्तानाम्, योधिनाम्, जीवात्मभिः, दिव्या, गतिः, प्रापि विग्रहैः, मही, वा (प्रापि) ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—हाथियों द्वारा उठा कर आकाश में बहुत ऊँचाई तक फेंके गये वीरों के प्राण तो स्वर्ग में जाकर दिव्यगति प्राप्त कर लिए किन्तु उनके शरीर पृथ्वी पर आ गिरे ॥ ३४ ॥

खड्गैर्धवलधारालैर्निहत्य करिणां करान् ।
तैर्भुवापि समं विद्वान्सन्तोषं न भटा ययुः ॥ ३५ ॥

अन्वयः—भटः, धवलधारालैः, खड्गैः, भुवा, अपि, समम्, तैः, विद्वान्, करिणाम्, करान्, निहत्य, (अपि) संतोषम्, न, ययुः ॥ ३५ ॥

भावार्थ—यद्यपि योद्धागण अपनी उजली धारीवाली तलवारों से हाथियों के सूँड़ों के काटने के साथ ही पृथ्वी को भी विदीर्ण कर देते थे किन्तु इतने पर भी उन्हें सन्तोष नहीं हो रहा था ॥ ३५ ॥

आक्षिप्याभिदिवं नीताः पत्तयः करिभिः करैः ।
दिव्याङ्गनाभिरादातुं रक्ताभिर्द्रुतमीषिरे ॥ ३६ ॥

अन्वयः—करिभिः करैः, आक्षिप्य, अभिदिवम्, नीताः’ पत्तयः, रक्ताभिः, दिव्याङ्गनाभिः, द्रुतम्, आदातुम्, ईषिरे ॥ ३६ ॥

भावार्थ—हाथियों की सूड़ों से उठा कर फेंक दिए जाने वाले वीर जब स्वर्ग में पहुँच जाते थे तो अनुराग में मतवाली देवङ्गनाएँ उन्हें ग्रहण करने के लिए अत्यन्त उतावली हो उठती थीं ॥ ३६ ॥

धन्विनस्तुरगारूढा गजारोहाञ्शरैः क्षताम् ।
प्रत्यैच्छन्मूर्छितान्भूयो योद्धुमाश्वसतश्चिरम् ॥ ३७ ॥

क्षन्वयः—तुरगारूढाः, धन्विनः, शरैः, क्षतान्, मूर्च्छितान्, गजारोहान्, भूयः योद्धुम्, आश्वसतः (एतादृशान्), चिरम्, प्रत्यैच्छन् ॥ ३७ ॥

भावार्थ—जब कोई घुड़सवार अपने बाणों से किसी हाथी सवार को घायल करके मूर्च्छित कर देता था तो वह होश में आने पर फिर उससे लड़ने के लिए देर तक प्रतीक्षा करता रहता था ॥ ३७ ॥

क्रुद्धस्य दन्तिनः पत्तिर्जिघृक्षोरशिना करम् ।
निर्भिद्य दन्तमुसलावारुरोह जिघृक्षया ॥ ३८ ॥

अन्वयः—पत्तिः, क्रुद्धस्य, जिघृक्षोः, दन्तिनः, करम्, असिना, निर्भिद्य, जिघृक्षया, दन्तमुसलौ, आरुरोह ॥ ३८ ॥

भावार्थ—जब कोई क्रुद्ध हाथी पकड़ने की इच्छा से किसी पैदल सैनिक की ओर अपनी सूड़ बढ़ाता था तो वह सैनिक अपनी तलवार से उसे काट कर उसके दाँत उखाड़ने की इच्छा से उसके लम्बे-लम्बे दाँतों पर चढ़ जाता था ॥ ३८ ॥

खड्गेन मूलतो हत्वा दन्तिनो रदनद्वयम् ।
प्रातिपक्ष्ये प्रविष्टोऽपि पदातिर्निरगाद् द्रुतम् ॥ ३९ ॥

अन्वयः—प्रातिपक्ष्ये, प्रविष्टः अपि, पदातिः, दन्तिनः, रदनद्वयम्, खड्गेन, मूलतः, हत्वा, द्रुतम्, निरगात् ॥ ३९ ॥

भावार्थ—कोई पैदल सैनिक शत्रु-सेना में घुस कर भी अपनी तलवार से

दोनों दाँतों को काटकर कुशलपूर्वक वहाँ से निकल कर अपनी सेना में आ जाता था ॥ ३९ ॥

करेण करिणा वीरः सुगृहीतोऽपि कोपिना ।
असिनाऽसूञ्जहाराशु तस्यैव स्वयमक्षतः ॥ ४० ॥

अन्वयः—कोपिना, करिणा, करेण, सुगृहीतः, अपि, वीरः, असिना, तस्य, एव, असून्, आशु, जहार, स्वयम्, अक्षतः (अभूत्) ॥ ४० ॥

भावार्थ—क्रुद्ध हाथी की सूँड़ की लपेट में आया हुआ कोई वीर सैनिक तलवार से शीघ्र ही उसे मार डालता था और स्वयम् बच निकलता था ॥ ४० ॥

तुरङ्गी तुरगारूढं प्रासेनाहत्य वक्षसि ।
पततस्तस्य नाज्ञासीत्प्रासघातं स्वके हृदि ॥ ४१ ॥

अन्वयः—तुरङ्गी, तुरगारूढम्, प्रासेन, वक्षसि, आहत्य, पततः, तस्य, स्वके, हृदि, प्रासघातम्, न, अज्ञासीत् ॥ ४१ ॥

भावार्थ—कोई घुड़सवार किसी घुड़सवार को छाती में भाला भोंक कर इतना प्रसन्न हो उठता था कि उसे घोड़े से गिरते हुए घायल सवार द्वारा अपनी छाती में भोंके गए भाले का पता ही नहीं चलता था ॥ ४१ ॥

द्विषा प्रासहृतप्राणो वाजिपृष्ठदृढासनः ।
हस्तोद्धृतमहाप्रासो भुवि जीवन्निवाभ्रमत् ॥ ४२ ॥

अन्वयः—द्विषा, प्रासहृतप्राणः, वाजिपृष्ठदृढासनः, हस्तोद्धृतमहाप्रासः, जीवन्, इव, भुवि, अभ्रमत् ॥ ४२ ॥

भावार्थ— कोई घुड़सवार यद्यपि शत्रु के भाले से प्राणहीन हो चुका था किन्तु हाथ में भाला लिए घोड़े के पीठ पर जमकर बैठा हुआ वह सैनिक पृथ्वी पर जीवित के समान घूमता हुआ प्रतीत होता था ॥ ४२ ॥

तुरङ्गसादिनं शस्त्रहृतप्राणं गतं भुवि ।
अबद्धोऽपि महावाजी न साश्रुनयनोऽत्यजत् ॥ ४३ ॥

अन्वयः—अबद्धः, अपि, महावाजी, साश्रुनयनः, शस्त्रहृतप्राणम्, भुवि, गतम्, तुरङ्गसादिनम्, न, अत्यजत् ॥ ४३ ॥

भावार्थ—हथियार द्वारा मरे हुए अपने सवार को पृथ्वी पर पड़ा देखकर बड़ा घोड़ा आँखों में आँसू भरे हुए वहीं अविचल भाव से खड़ा रह गया यद्यपि वह वहाँ बँधा हुआ नहीं था ॥ ४३ ॥

भल्लेन शितधारेण भिन्नोपि रिपुणाश्वगः ।
नामूर्च्छत्कोपतो हन्तुमियेष प्रपतन्नपि ।। ४४ ।।

अन्वयः— रिपुणा, शितधारेण, भल्लेन, भिन्नः, अपि, अश्वगः, कोपतः, न, अमूर्च्छत् (किन्तु), प्रपतन्, अपि, (रिपुम्), हन्तुम्, इयेष ।। ४४ ।।

भाषार्थ—कोई घुड़सवार शत्रु के तेज धार वाले भाले से घायल होकर लड़खड़ाते हुए भी मूर्च्छित नहीं हो रहा था बल्कि वह क्रोध में उसे मार डालने की ही अभिलाषा कर रहा था ।। ४४ ।।

मिथः प्रासाहतौ वाजिच्युतौ भूमिगतौ रुषा ।
शस्त्र्या युयुधतुः कौचित्केशाकेशि भुजाभुजि ।। ४५ ।।

अन्वय—मिथः, प्रासाहतौ, वाजिच्युतौ, भूमिगतौ, कौचित्, रुषा, (युतौ), शस्त्र्या, युयुधतुः, (अथ च), केशाकेशि, भुजाभुजि, युद्धम्, अभूत्) ।। ४५ ।।

भाषार्थ—दो घुड़सवार एक दूसरे के भाले से घायल होकर भूमि पर गिर करके भी अत्यन्त क्रोध के साथ एक दूसर से गुथ कर परस्पर बालों को खींचते हुए छुरे से लड़ रहे थे ।। ४५ ।।

रथिनो रथिभिर्बाणैर्हृतप्राणा दृढासनाः ।
क्षतकार्मुकसन्धानाः सप्राणा इव मेनिरे ।।४७।।

अन्वयः—रथिभिः, बाणैः, हृतप्राणाः (तथा) दृढासनाः, क्षतकार्मुकसन्धानाः, रथिनः, सप्राणाः, इव, मेनिरे ।। ४६ ।।

भाषार्थ—बहुत से रथी योद्धा शत्रु पक्ष के रथी योद्धाओं के बाणों से यद्यपि मर चुके थे तथापि अपनी टूटी हुई धनुष को तानकर दृढ़ता के साथ रथ पर बैठे हुए जीवित जैसे प्रतीत हो रहे थे ।। ४६ ।।

न रथी रथिनं भूयः प्राहरच्छस्त्रमूर्च्छितम् ।
प्रत्याश्वसन्तमन्विच्छन्नातिष्ठद्युधि लोभतः ।। ४७ ।।

अन्वयः—रथी, शस्त्रमूर्च्छितम्, रथिनम्, भूयः, न, प्राहरत्, युधि, लोभतः, प्रत्याश्वसन्तम्, अन्विच्छन्, अतिष्ठत् ।। ४७ ।।

भाषार्थ—कोई रथी योद्धा किसी रथी योद्धा को हथियारों से मूर्छित कर देने पर फिर प्रहार नहीं कर रहा था बल्कि उससे पुनः लड़ने की लालच में उसके होश में आने की कामना से वहीं खड़ा था ।। ४७ ।।

अन्योन्यं रथिनौ कौचिद् गतप्राणौ दिवङ्गतौ ।
एकामप्सरसं प्राप्य युयुधाते वरायुधौ ॥ ४८ ॥

अन्वयः—वरायुधौ, कौचित्, रथिनौ, अन्योन्यम्, गतप्राणौ, दिवङ्गतौ, एकाम्, अप्सरसम्, प्राप्य, युयुधाते ॥ ४८ ॥

भावार्थ—श्रेष्ठ हथियार धारण करने वाले दो रथी योद्धा एक दूसरे को मार कर जब स्वर्ग पहुँचे तो वहाँ भी दोनों एक अप्सरा के पीछे लड़ाई करने लगे ॥ ४८ ॥

मिथोऽर्धचन्द्रनिर्लूनमूर्धानौ रथिनौ रुचा ।
खेचरौ भुवि नृत्यन्तौ स्वकबन्धावपश्यताम् ॥ ४९ ॥

अन्वथः—मिथः, अर्धचन्द्रनिर्लूनमूर्धानौ, खेचरौ, रुचा, रथिनौ, भुवि, नृत्यन्तौ, स्वकबन्धौ, अपश्यताम् ॥ ४९ ॥

भावार्थ—दो रथियों ने परस्पर एक दूसरे के सिर को अर्द्धचन्द्राकार वाण से काट दिया और जब उनके सिर आकाश में पहुँचे तो वे वहीं से पृथ्वी पर नाचते हुए अपने धड़ों को देखने लगे ॥ ४९ ॥

रणाङ्गणे शोणितपङ्कपिच्छिले कथङ्कथञ्चिन्ननृतुर्धृतायुधाः ।
नदत्सु तूर्येषु परेतयोषितां गणेषु गायत्सु कबन्धराजयः ॥ ५० ॥

अन्वयः—तूर्येषु, नदत्सु, परेतयोषिताम्, गणेषु, गायत्सु (सत्सु), धृतायुधाः, कवन्धराजयः शोणितपङ्कपिच्छिले, रणाङ्गणे, कथङ्कथञ्चित्, ननृतुः ॥ ५० ॥

भावार्थ—खून की कीचड़ के कारण फिसलन से मरे हुए उस युद्धक्षेत्र में हथियार धारण करने वाले वीरों के धड़ बड़ी कठिनाई से नाच रहे थे, जहाँ एक ओर युद्ध के वाजे बज रहे थे और प्रेतों की स्त्रियाँ इकठ्ठी होकर गा रही थीं ॥ ५० ॥

इति सुररिपुर्वृत्ते युद्धे सुरासुरसैन्ययो
रुधिरसरितां मज्जद्दन्तिव्रजेषु तटेष्वलम् ।
अरुणनयनः क्रोधाद्भीमभ्रमद्भ्रूकुटीमुखः
सपदि ककुभामीशानभ्यामगत्स युयुत्सया ॥ ५१ ॥

इति श्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये सुरासुरसैन्यसङ्ग्रामवर्णनं नाम षोडशः सर्गः ॥ १६ ॥

अन्वयः—इति, सुरासुरसैन्ययोः युद्धे, वृत्ते (तथा), रुधिरसरिताम्, तटेषु, मज्जद्दन्तिव्रजेषु (सत्सु), अलम्, क्रोधात्, अरुणनयनः, भीमभ्रमद्भृकुटीमुखः, सः, सुररिपुः, युयुत्सया सपदि ककुभाम्, ईशान्, अभ्यागमत् ॥ ५१ ॥

भावार्थ—इस प्रकार देवताओं तथा दैत्यों की सेनाओं के परस्पर युद्ध में लग जाने पर जब खून की नदी के किनारों पर बड़े-बड़े हाथी भी डूबने लगे तब देवताओं का शत्रु तारकासुर मारे क्रोध के भौंहें टेढ़ी किए हुए लाल-लाल आँखें करके युद्ध करने की अभिलाषा से शीघ्र ही इन्द्र आदि दिक्पालों के सामने आकर डट गया ॥ ५१ ॥

महाकवि कालिदासरचित कुमारसंभव नामक महाकाव्य में
'देवताओं तथा दैत्यों की सेनाओं का युद्ध वर्णन' नाम
वाला सोलहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

* * *

सप्तदशः सर्गः

दृष्ट्वाभ्युपेतमथ दैत्यपतिं पुरस्तात्
सङ्ग्रामकेलिकुतुकेन घनप्रमोदम् ।
योद्धुं मदेन मिमिलुः ककुभामधीशा
वाणान्धकारितदिगम्बरगर्भमेत्य ॥ १ ॥

अन्वयः—अथ (एते), ककुभाम्, अधीशाः, सङ्ग्रामकेलिकुतुकेन, घनप्रमोदम्, बाणान्धकारितदिगम्बरगर्भम्, (तथा) अभ्युपेतम्, दैत्यपतिम्, पुरस्तात्, दृष्ट्वा, योद्धुम्, एत्य, मदेन, मिमिलुः ॥ १ ॥

भावार्थ—युद्धक्रीड़ा करने के उत्साह में अत्यन्त प्रसन्न तथा अपने बाणों की निरन्तर झड़ी से दिशाओं तथा आकाश को अन्धकारमय कर डालने वाले तारकासुर को सम्मुख आते हुए देख कर इन्द्र आदि सभी दिक्पाल उससे लड़ने के लिए अभिमानपूर्वक इकट्ठे होकर युद्धक्षेत्र में डट गए ॥ १ ॥

देवद्विषां परिवृढो विकटं विहस्य
बाणावलीभिरमरान्विकटान्ववर्ष ।
शैलानिव प्रवरवारिधरो गरिष्ठा-
नद्भिः पराभिरथ गाढमनारताभिः ॥ २ ॥

अन्वयः—अथ, देवद्विषाम्, परिवृढः, विकटम्, विहस्य, प्रवरवारिधर,ः गरिष्ठान्, शैलान्, पराभिः, अनारताभिः, अद्भिः, इव, विकटान्, अमरान्, बाणावलीभिः, गाढम्, ववर्ष ॥ २ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार वर्षाकालीन घने बादल अपनी निरन्तर तथा गहरी एवं अत्यंत भीषण वर्षा से बड़े-बड़े पहाड़ों को ढक देते हैं उसी प्रकार देवताओं के शत्रु तारकासुर ने भी भयंकर हँसी हँसते हुए अपने बाणों की निरन्तर वर्षा से देवताओं को ढँक दिया ॥ २ ॥

जम्भद्विषत्प्रभृतिदिक्पतिचापमुक्ता
बाणाः शिता दनुजनायकबाणसङ्घान् ।
अह्नाय तार्क्ष्यनिवहा इव नागपूगान्
सद्यो विचिच्छिदुरलङ्क्षणशो रणान्ते ॥ ३ ॥

अन्वयः—दनुजनायकबाणसङ्घान्, जम्भद्विषत्प्रभृतिदिक्पतिचापमुक्ताः, शिताः, बाणाः, नागपूगान्, अह्नाय, तार्क्ष्यनिवहाः, इव, रणान्ते, सद्यः, अलम्, कणशः, विचिच्छिदुः ॥ ३ ॥

भावार्थ—जैसे अनेक गरुड़ एक साथ मिलकर झुंड के झुंड साँपों को काटकर टुकड़े-टुकड़े करते चले जाते हैं उसी प्रकार इन्द्रादिदिक्पालों के धनुषों से छूटे हुए तीखे बाण युद्धक्षेत्र में तारकासुर के बाणों को शीघ्रता के साथ काटते हुए चलने लगे ॥ ३ ॥

तान्प्रज्वलत्फलमुखैर्विषमैः सुरारि-
नामाङ्कितैः पिहितदिग्गगनान्तरालैः ।
आच्छादितस्तृणचयानिव हव्यवाह-
श्चिच्छेद सोऽपि सुरसैन्यशरान्शरौघैः ॥ ४ ॥

अन्वयः—सः, अपि, प्रज्वलत्फलमुखैः, विषमैः, सुरारिनामाङ्कितैः, पिहितदिग्गगनान्तरालैः, शरौघैः, तान्, सुरसैन्यशरान्, आच्छादितः, हव्यवाहः, तृणचयान्, इव, चिच्छेद ॥ ४ ॥

भावार्थ—तारकासुर ने भी अपना नाम खुदे हुए, लपटों के समान लपलपाते फलों वाले तथा सब दिशाओं और आकाश को परिपूर्ण कर देने वाले भयंकर बाणों से देवताओं के बाणों को उसी प्रकार काट कर नष्ट कर दिया जैसे अग्नि अपने ऊपर पड़े हुए घास-फूस को जला कर नष्ट कर देती है ॥ ४ ॥

दैत्येश्वरो ज्वलितरोषविशेषभीमः
सद्यो मुमोच युधि यान्विशिखान्सहेलः ।
ते प्रापुरुद्भटभुजङ्गमभीमभावं
गाढं बबन्धुरपि तांस्त्रिदशेन्द्रमुख्यान् ॥ ५ ॥

अन्वयः—ज्वलितरोषविशेषभीमः, दैत्येश्वरः, युधि, सहेलः यान्, त्रिशिखान्, मुमोच, ते, सद्यः, उद्भटभुजङ्गमभीमभावम्, प्रापुः (अथ च), त्रिदशेन्द्रमुख्यान्, तान्, गाढम्, (यथा तथा) बबन्धुः, अपि ॥ ५ ॥

भावार्थ—क्रोध से जलते हुए अत्यन्त भयङ्कर तारकासुर ने उस युद्ध को कुछ न समझते हुए फुर्ती में जिन बाणों को चलाया वे बड़े-बड़े सापों के समान अत्यन्त भीषणता के साथ इन्द्रादि प्रमुख देवताओं के गले में दृढ़ता से लिपट गये ॥ ५ ॥

ते नागपाशविशिखैरसुरेण बद्धाः
श्वासानिलाकुलमुखा विमुखा रणस्य ।
दिङ्नायका बलरिपुप्रमुखाः स्मरारि-
सूनोः समीपमगमन्विपदन्तहेतोः ॥ ६ ॥

अन्वयः—असुरेण, नागपाशविशिखैः, बद्धाः, श्वासानिलाकुलमुखाः, रणस्य, विमुखाः, बलरिपुप्रमुखाः, दिङ्नायकाः, विपदन्तहेतोः, स्मरारिसूनोः, समीपम्, अगमत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—उस दैत्य के नागपाश जैसे बाणों में बँधने के कारण इन्द्रादि दिक्पालों की साँस घुटने लगी और वे उस विपत्ति से छुटकारा पाने के लिए युद्ध से विमुख होकर भगवान शंकर के पुत्र स्वामिकार्तिकेय के पास पहुँचे ॥ ६ ॥

दृष्टिप्रपातवशतोऽपि पुरारिसूनो-
स्ते नागपाशघनबन्धविपत्तिदुःखात् ।
इन्द्रादयो मुमुचिरे स्वयमस्य देवाः
सेवां व्यधुर्निकटमेत्य महाजिगीषोः ॥ ७ ॥

